www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार ...
छत्तीसगढ़ का पहला राष्ट्रीय दैनिक
संपर्क करें : deshbandhuraipur@gmail.com

पत्र नहीं मित्र

# देशबन्धु

रायपुर, बुधवार, 9 जुलाई 2025 । वर्ष – 67 । अंक –84 । पृष्ठ –12 । मूल्य – 4.00 रु. प्रेस पंजीयन- 06072/59




**मैनपाट प्रशिक्षण शिविर**

# केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान उल्टा पानी देख हुए चकित

## कहा-यहां दिख रहा है प्रकृति का चमत्कार



**अंबिकापुर**, 8 जुलाई (देशबन्धु)। मैनपाट में आयोजित भाजपा के प्रशिक्षण शिविर के दूसरे दिन आज दिग्गज भाजपा नेताओं ने अपने विचार रखे। सभी नेताओं ने अलग-अलग विषयों पर चर्चा की।

प्रशिक्षण शिविर में सांसदों-विधायकों को प्रशिक्षण देने मैनपाट पहुंचे केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह ने उल्टा पानी स्थल का भ्रमण किया उल्टा पानी में नाव बहाने के साथ उन्होंने पुलिस अधीक्षक की गाड़ी में बैठकर इस स्थल के अजूबे को स्वयं अनुभव किया उन्होंने कहा कि मैंने जीवन में पहली बार देखा पानी नीचे से ऊपर बह रहा है।

उल्टा पानी का अनुभव महसूस करने के बाद केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मीडिया से चर्चा में कहा कि अद्भुत है अपना छत्तीसगढ़ छत्तीसगढ़ प्राकृतिक सौंदर्य से भरा हुआ है लेकिन प्रकृति का चमत्कार भी यहां दिख रहा है पानी नीचे से ऊपर बह रहा है इसके साइंटिफिक्र रीजन क्या है यह देखना पड़ेगा लेकिन यह अद्भुत है पर्यटक यहां आने लगे हैं विशेष रूप से इसे विकसित और प्रचार करना चाहिए ताकि चमत्कार लोग अपनी आंखों से देखें उन्होंने कहा कि हमने कागज की नाव छोड़कर भी देखा यहां का पानी चमत्कारिक है छत्तीसगढ़ ➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤

### अमित शाह का दौरा रद्द



केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह का छत्तीसगढ़ दौरा आखिरी समय में रद्द कर दिया गया है। वे बुधवार को मैनपाट में आयोजित भाजपा के तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर के समापन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होने वाले थे। लेकिन अब वे इस कार्यक्रम में वर्चुअल माध्यम से जुड़ सकते हैं।

शाह के आगमन को लेकर कार्यक्रम स्थल पर सुरक्षा से लेकर मंच ➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤

### सांसद-विधायकों को मिलेगा शिविर का लाभ : शिवराज

भाजपा के प्रशिक्षण शिविर की चर्चा करते हुए शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि भाजपा प्रशिक्षण का काम करती है कार्यकर्ता का आचरण व्यवहार अपने क्षेत्र में कैसे बेहतर काम करें इसकी ट्रेनिंग भी उन्हें दी जा रही है सरकार की योजनाओं का प्रचार.प्रसार कैसे करें इस पर काम हो रहा है व्यापारिक और सैद्धांतिक दोनों पहलुओं पर यहां वैचारिक विषय और व्यापारिक विषय रखे गए हैं जिसका लाभ सांसद और विधायकों को मिलेगा और दक्षता के साथ में काम कर सकेंगे केवल सांसद और विधायकों का नहीं अलग-अलग कार्यकर्ताओं कभी प्रशिक्षण हम करते हैं।

### बेहतर करने निरंतर अभ्यास करते हैं हमारे कार्यकर्ता, कांग्रेस का समर्पण और संकल्प सिर्फ भ्रष्टाचार : नितिन नबीन



मैनपाट में भाजपा प्रशिक्षण शिविर का दूसरा दिन है। इस दौरान बीजेपी प्रदेश प्रभारी नितिन नबीन ने कहा, भाजपा के कार्यकर्ता निरंतर अभ्यासरत रहते हैं। हमारे कार्यकर्ता, नेता बेहतर करते रहे, इसलिए इस तरह का आयोजन पार्टी करती रहती है।

उन्होंने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा, कांग्रेस का समर्पण और संकल्प सिर्फ भ्रष्टाचार है। कांग्रेस को आड़े हाथों लेते हुए भाजपा प्रदेश प्रभारी नबीन ने कहा, कांग्रेस में किसी चीज के प्रति समर्पण नहीं है। किसी चीज का संकल्प नहीं है। कांग्रेस का संकल्प और समर्पण केवल भ्रष्टाचार है। इसमें वे अच्छा अभ्यास करते हैं। कोरोना काल में कांग्रेस ने कोई जनसेवा कार्य नहीं किया है। आरएसएस और भाजपा के लोग जनसेवा कार्य में लगे रहे। कांग्रेस के नेता कहीं नजर नहीं आए। कांग्रेस का काम केवल भ्रष्टाचार करना है।

**मतदाता सूची पुनरीक्षण के खिलाफ बिहार बंद आज**

# राहुल के नेतृत्व में सड़कों पर उतरेगा महागठबंधन

**पटना**, 8 जुलाई (देशबन्धु)। मतदाता सूची पुनरीक्षण को लेकर मचा बवाल अब एक संगठित जन आंदोलन का रूप ले चुका है। विपक्षी दलों ने इस प्रक्रिया को गरीबों, दलितों, पिछड़ों और अल्पसंख्यकों के मताधिकार पर हमला करार देते हुए 9 जुलाई को राज्यव्यापी बिहार बंद का आह्वान किया है। इस आंदोलन की अगुवाई खुद राहुल गांधी और तेजस्वी यादव करेंगे, जो पटना की सड़कों पर विरोध मार्च निकालकर सरकार के खिलाफ आवाज बुलंद करेंगे। पिछले 5 महीने में राहुल गांधी का यह सातवां बिहार दौरा होगा। यह बंद सिर्फ एक विरोध नहीं, बल्कि 2025 विधानसभा चुनाव से पहले सत्ता और विपक्ष के बीच सीधा टकराव बन चुका है। वहीं प्रशासन के लिए यह दिन सुरक्षा और नियंत्रण की सबसे बड़ी परीक्षा होने जा रहा है।

**खेमका के परिवार से भी मिल सकते हैं राहुल**–बिहार में मतदाता सूची पुनरीक्षण को लेकर मचा सियासी घमासान अब अपने चरम पर है। इसी मुद्दे को लेकर अब कांग्रेस नेता राहुल गांधी बुधवार को पटना पहुंच रहे हैं और बिहार बंद मार्च का नेतृत्व करेंगे। राहुल गांधी सुबह करीब 10 बजे पटना एयरपोर्ट पहुंचेंगे, और सीधे इनकम टैक्स गोलंबर से शहीद स्मारक तक निकलने वाले विरोध मार्च में शामिल होंगे। इस दौरान उनके साथ तेजस्वी यादव सहित महागठबंधन के सभी बड़े नेता मौजूद रहेंगे। वहीं राहुल गांधी गोपाल खेमका हत्याकांड के पीड़ित परिवार से भी मुलाकात कर सकते हैं। बिहार में 2025 विधानसभा चुनाव से पहले यह दौरा राजनीतिक रूप से बेहद अहम माना जा रहा है।



■ राहुल व तेजस्वी पटना में करेंगे शक्ति प्रदर्शन

**चुनाव से पहले एक बड़ा राजनीतिक संदेश**–राहुल गांधी का यह दौरा महज प्रतीकात्मक नहीं, बल्कि 2025 के विधानसभा चुनाव से पहले एक बड़ा राजनीतिक संदेश माना जा रहा है। मतदाता सूची पुनरीक्षण को लेकर उठे सवालों ने सत्ता और विपक्ष के बीच टकराव की नई लकीर खींच दी है। वहीं दूसरी ओर, सत्ताधारी जनता दल यूनाइटेड ने इस विरोध के जवाब में सोमवार को साइकिल रैली निकाली और मतदाताओं को पुनरीक्षण प्रक्रिया को लेकर जागरूक करने का अभियान चलाया।

**चुनाव आयोग की मनमानी नहीं चलेगी: राजद**

वहीं बिहार बंद की जानकारी देते हुए राजद ने अपने सोशल मीडिया पोस्ट में ➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤

## सार संक्षेप

### छत्तीसगढ़ के 2 शराब कारोबारियों को झारखंड एसीबी ने किया गिरफ्तार

**रायपुर।** झारखंड शराब घोटाले मामले में एसीबी की कार्रवाई अब तेज हो गई है। सोमवार को भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने छत्तीसगढ़ के श्री ओम साईं बेवरेजेस प्राइवेट लिमिटेड के डायरेक्टर अतुल कुमार सिंह और मुकेश मनचंदा को गिरफ्तार किया है। टीम आगे की कार्रवाई की तहत अब मामले में पूछताछ करेगी।

### ब्राजील की राजधानी ब्रासीलिया पहुंचे मोदी

**ब्रासीलिया।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ब्रिक्स सम्मेलन में शामिल होने के बाद मंगलवार को ब्राजील की राजधानी ब्रासीलिया पहुंचे। यहां पीएम मोदी का स्वागत पारंपरिक सांबा रेगे की संगीतमय प्रस्तुति से किया गया। इसके बाद होटल पहुंचने पर शिव तांडव स्तोत्र पाठ और भारतीय शास्त्रीय नृत्य का भावपूर्ण प्रदर्शन किया गया।

### हज के लिए आवेदन शुरू,

नई दिल्ली। हज 2026 के लिए आवेदन मंगलवार से शुरू किया गया और ऑनलाइन आवेदन 31 जुलाई तक स्वीकार किए जाएंगे। अल्पसंख्यक मामलों के मंत्रालय ने कहा कि हज 2026 के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू कर दी है। हज यात्रा पर जाने वाले इच्छुक यात्री हज पोर्टल एचटीटीपीएसः//हजकमेटीडॉटजी ओवीडॉटआईएन या 'हज सुविधा' मोबाइल एप्लिकेशन के माध्यम से अपना आवेदन जमा कर सकते हैं। ऑनलाइन आवेदन विंडो आज से 31 जुलाई रात 11:59 बजे तक खुली रहेगी।

### इजरायल ने नोबेल के लिए ट्रंप को किया नामित

**वाशिंगटन।** इजरायल सरकार ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को नोबेल शांति पुरस्कार के लिए नामित किया है। इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने श्री ट्रम्प को नोबेल शांति पुरस्कार के लिए योग्य उम्मीदवार बताया।

**तस्करी मामला**

# भंसाली, पांडे और तिवारी के बेटे हुए गिरफ्तार

**रायपुर**, 8 जुलाई (देशबन्धु)। थाना आमानाका पुलिस ने आज बड़ी कार्रवाई करते हुए अंग्रेजी शराब की तस्करी का भंडाफोड़ किया है। मुखबिर की सूचना पर की गई इस कार्रवाई में पुलिस ने दो कारों से कुल 20 कार्टून अंग्रेजी शराब जब्त की, जिसकी कुल कीमत 2,72,751 आंकी गई है। इस दौरान तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है, जबकि दो आरोपी मौके से फरार हो गए।

■ कार से भारी मात्रा में मिली शराब

पुलिस के अनुसार, उन्हें सूचना मिली थी कि क्रेटा (सीजी 04 एनएल 6526) और स्वीफ्ट डिजायर (सीजी 04 पीटी7888) कारों में भिलाई-कुम्हारी से भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब रायपुर लायी जा रही है। पुलिस की टीम ने आरोपियों को चंदनडीह खारून नदी ओवर ब्रिज पर घेराबंदी कर दोनों वाहनों को रोका।

जिन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया उनमें भावेश पाण्डे उर्फ लाल (36), निवासी पण्डरी, रायपुर, दिपेश भंसाली उर्फ दीपु (26), निवासी कृष्णा नगर, रायपुर, सुजीत तिवारी उर्फ लाला (23), निवासी पण्डरी, रायपुर शामिल है। क्रेटा कार से रॉयल स्टैग, ब्लेंडर प्राइड, मेकडावेल और गोवा ब्रांड की शराब कुल ➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤

**मतदाता सूची पुनरीक्षण के पक्ष में भी याचिका दायर**

# चुनौती देने वाली के साथ 10 को सुनवाई की गुहार लगाई

**नई दिल्ली,** 8 जुलाई (देशबन्धु)। चुनाव आयोग के बिहार की मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण करने के फैसले के खिलाफ कांग्रेस तथा अन्य प्रमुख विपक्षी दल के नेताओं और कुछ सामाजिक कार्यकर्ताओं की ओर से सुप्रीम कोर्ट में दायर याचिकाओं के विपरीत भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नेता एवं अधिवक्ता अश्विनी कुमार उपाध्याय ने एक याचिका दायर की है।

न्यायमूर्ति सुधांशु धूलिया और न्यायमूर्ति जॉयमाला बागची की अंशकालीन कार्य दिवस पीठ के समक्ष याचिकाकर्ता अधिवक्ता उपाध्याय ने इस मामले का मंगलवार को 'विशेष उल्लेख' के दौरान जिक्र किया और अन्य याचिकाओं (चुनौती देने वाली) के साथ 10 जुलाई को सुनवाई की गुहार लगाई। इस पर पीठ ने उनसे कहा कि वह अपनी याचिका में खामियों को दूर कर उसे (10 जुलाई को सुनवाई के लिए) सूचीबद्ध करने का अनुरोध रजिस्ट्री (शीर्ष अदालत की) कर सकते हैं।

■ भाजपा नेता ने सुप्रीम कोर्ट में दायर की है याचिका

अधिवक्ता उपाध्याय की ओर से दायर याचिका में देशभर में एक नियमित अंतराल पर मतदाता सूचियों का विशेष गहन पुनरीक्षण करने का निर्देश चुनाव आयोग को देने की गुहार लगाई है। अपनी याचिका में उन्होंने खास तौर पर संसदीय, राज्य विधानसभा और स्थानीय निकाय चुनावों से पहले विशेष गहन पुनरीक्षण कराने की मांग की है। उन्होंने (उपाध्याय) अपनी याचिका में कहा है कि स्वतंत्रता के बाद देश में बड़े पैमाने पर अवैध घुसपैठ, छलपूर्ण धर्म परिवर्तन और बेलगाम जनसंख्या वृद्धि के कारण 200 जिलों और 1500 तहसीलों की जनसांख्यिकी बदल गई है। ऐसे में केंद्र, राज्य सरकारों और भारत के चुनाव आयोग का यह संवैधानिक कर्तव्य है कि वे यह सुनिश्चित करें कि संसदीय, राज्य विधानसभा और स्थानीय निकाय चुनावों में केवल वास्तविक नागरिक ही अपना वोट डालें, न कि विदेशी। इसके लिए समय-समय पर मतदाता सूचियों की विशेष गहन जांच आवश्यक है। उन्होंने दावा करते हुए कहा कि बिहार में 243 विधानसभा क्षेत्र हैं? और हर क्षेत्र में अनुमानित 8,000-10,000 अवैध और फर्जी प्रविष्टियां हैं।

# बैंगलोर में होगी कांग्रेस पिछड़ा वर्ग काउंसिल की पहली बैठक

**रायपुर,** 8 जुलाई (देशबन्धु)। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के पिछड़ा वर्ग विभाग के लिए गठित एडवाइजरी काउंसिल की पहली बैठक 15 और 16 जुलाई को बैंगलोर में आयोजित की जाएगी। इस महत्वपूर्ण बैठक में छत्तीसगढ़ से पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और धनेन्द्र साहू शामिल होंगे।

**प्रदेश से भूपेश बघेल और धनेन्द्र साहू होंगे शामिल**

कांग्रेस पिछड़ा वर्ग विभाग की यह बैठक बंगलोर के भारत जोड़ो भवन, चींस रोड में शाम 6 बजे शुरू होगी। इस काउंसिल के अध्यक्ष कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया हैं। इस बैठक में चार राज्यों के प्रतिनिधि शामिल होंगे। बैठक में देश के पिछड़े वर्ग के प्रमुख मुद्दों पर चर्चा होगी और उन मुद्दों को जनता के बीच लाने अभियानों और कार्यक्रमों पर चर्चा हो सकती है। साथ ही आने वाले चुनावों को देखते हुए रणनीतिक तैयारी की जा सकती है।

बैठक में छत्तीसगढ़ के ओबीसी वर्ग से जुड़े हुए क्या मुद्दे हैं, इस पर भूपेश बघेल और धनेन्द्र साहू अपनी बात रखेंगे। चर्चा के बाद काउंसिल अपनी रिपोर्ट एआईसीसी के पिछड़ा वर्ग विभाग को सौंपेगी। जून में एडवाइजरी काउंसिल का गठन किया गया था। जिसके गठन के बाद यह पहली बैठक होगी।

# छत्तीसगढ़ में मराठी भाषा को भाषाई अल्पसंख्यक का दर्जा देने की मांग

**बिलासपुर,** 8 जुलाई (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ में मराठी भाषा को भाषाई अल्पसंख्यक का दर्जा देने की मांग को लेकर जनहित याचिका दायर की गई। इसपर हाईकोर्ट ने राज्य सरकार को याचिकाकर्ता के अभ्यावेदन पर विचार कर तीन माह के भीतर निर्णय लेने के निर्देश दिए हैं। इस मामले की सुनवाई चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा और जस्टिस बीडी गुरु की डिवीजन बेंच में हुई।



**हाईकोर्ट ने राज्य सरकार को 3 महीने में निर्णय लेने का दिया निर्देश**

बिलासपुर के तिलक नगर में रहने वाले डॉ। सचिन काले ने हाईकोर्ट में एक जनहित याचिका लगाई थी। उन्होंने अपने मामले की खुद पैरवी करते हुए मांग की कि अन्य राज्यों की तरह छत्तीसगढ़ में भी मराठी भाषी समुदाय को अल्पसंख्यक का दर्जा दिया जाना चाहिए। याचिका में केंद्र सरकार की अधिसूचना का हवाला देते हुए तर्क दिया कि संविधान के अनुच्छेद 29 और 30 भाषाई और धार्मिक अल्पसंख्यकों को अधिकार देते हैं। इसके अलावा सुप्रीम कोर्ट के टीएमए पाई फाउंडेशन बनाम कर्नाटक राज्य के फैसले का हवाला देते हुए बताया गया कि ➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤

# इंदौर-रायपुर इंडिगो फ्लाइट की आपातकालीन लैंडिंग



**रायपुर**, 8 जुलाई (देशबन्धु)। मंगलवार को इंदौर से रायपुर आ रही इंडिगो की फ्लाइट (6श्च-7295) को तकनीकी खराबी के कारण आपातकालीन लैंडिंग करनी पड़ी। ये फ्लाइट सुबह 6.30 बजे इंदौर के देवी अहिल्या होल्कर हवाई अड्डे से उड़ान भरी थी लेकिन लगभग 7बजे तकनीकी समस्या के कारण पायलट ने विमान को वापस इंदौर लौटाया। पायलट को वार्निंग अलार्म मिला, इसके बाद सुबह 7.15 बजे विमान ने सुरक्षित लैंडिंग की। यात्री इस दौरान घबरा गए लेकिन सभी सुरक्षित रहे। फिलहाल इंडिगो के इस विमान की तकनीकी जांच चल रही है।

# होटलों-पर क्यूआर कोड लगवा रही योगी सरकार

**मेरठ,** 8 जुलाई (देशबन्धु)। यूपी में कांवड़ यात्रा से पहले नेम प्लेट विवाद के बीच योगी सरकार होटल-ढाबों की जांच करा रही है। खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन (एफएसडीए) की टीमों ने फूड सेफ्टी क्यूआर कोड स्टिकर लगाना अनिवार्य कर दिया है।

**कांवड़ रूट पर शराब की दुकानें ढकी जाएंगी**

मंगलवार को मुजफ्फरनगर और लखनऊ में मंगलवार को अफसरों ने ढाबों और रेस्टोरेंट में स्टिकर लगाए। ये क्यूआर स्टिकर फूड सेफ्टी कनेक्ट ऐप से जुड़े हैं, जिसे स्कैन करने पर ढाबे का रजिस्ट्रेशन नंबर, मालिक का नाम, पता और मेन्यू की जानकारी मिल जाएगी। एफएसडीए स्वस्थ्य विभाग की विशेष सचिव और अपर आयुक्त रेखा एस चौहान ने कहा, सभी कांवड़ रूट्स पर विशेष अभियान शुरू किया गया है। हम सभी रेस्टोरेंट और खाने-पीने की ठेला गाड़ियों में 'सेफ्टी ऐप कनेक्ट' स्टिकर चिपका रहे हैं। रेस्टोरेंट मालिकों को अपने प्रोडक्ट्स की रेट लिस्ट लगाने का भी निर्देश दिया है। सभी रूट्स पर खाने-पीने की चीजों की चेकिंग की जा रही है। सफाई भी परखी जा रही है।

**तीर्थयात्रा** अमरनाथ यात्रा में शामिल होने वालों बढ़ रही संख्या

# अब तक एक लाख ने किए हिमलिंग के दर्शन

■ यात्रा के लिए प्रशासन ने सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए

सुरेश एस डुग्गर

**जम्मू, 8 जुलाई(देशबन्धु)। पहलगाम नरसंहार के डर को दरकिनार कर अमरनाथ यात्रा में शामिल होने वालों की बढ़ती संख्या का आलम यह है कि यात्रा के छठे दिन ही हिमलिंग के दर्शन करने वालों ने एक लाख के आंकड़े को छू लिया था।**

*अमरनाथ यात्रा 2025 के दौरान श्रद्धालुओं की भक्ति और उत्साह लगातार चरम पर पहुंच रहा है। यात्रा के पांचवें दिन श्रद्धालुओं की कुल संख्या 92,000 के पार पहुंच गई थी, जो इस पवित्र यात्रा के प्रति गहरी आस्था और निष्ठा को दर्शाता था।*

*जबकि मंगलवार सुबह करीब 5 बजे, बालटाल और चंदनवाड़ी से हजारों श्रद्धालुओं का जत्था बम बम भोले और जय शिव शंकर के जयकारों के साथ पवित्र अमरनाथ गुफा की ओर रवाना हुआ। इस दौरान भक्तों के चेहरों पर उमंग और आस्था साफ झलक रही थी। तीन जुलाई को शुरू हुई इस यात्रा के बाद से अब तक सवा लाख अधिक श्रद्धालु इस पवित्र यात्रा में शामिल हो चुके हैं। जबकि दर्शन करने वाले एक लाख का आंकड़ा पार कर चुके हैं। 7,541 यात्रियों का एक और जत्था मंगलवार को दो सुरक्षा काफिलों में जम्मू के भगवती नगर यात्री निवास से कश्मीर के लिए रवाना हुआ। जबकि 3321 यात्रियों को लेकर 148 वाहनों का पहला सुरक्षा काफिला तड़के 2.55 बजे बालटाल आधार शिविर के लिए रवाना हुआ।*

*दावा है कि संख्या में वृद्धि अनुकूल मौसम, कुशल व्यवस्था और यूटी प्रशासन और सुरक्षा एजेंसियों से बेहतर रसद सहायता के कारण हुई. तीर्थयात्रा की शुरुआत पहले दिन (गुरुवार) 12,348 यात्रियों ने की, उसके बाद शुक्रवार को 14,515, शनिवार को 21,109, रविवार को 21,512 और सोमवार को 23,857 तीर्थयात्रियों ने दर्शन किए। अधिकारियों ने बताया कि बालटाल और पहलगाम दोनों मार्गों पर यात्रा सुचारू रूप से जारी है, जिसमें चिकित्सा सहायता सहित सभी आवश्यक सेवाओं के साथ बहु-स्तरीय सुरक्षा कवर शामिल है। बालटाल से यात्रा कर लौटे शुभम कपूर नामक श्रद्धालु ने बताया कि हमें लगा था कि पहलगाम आतंकी हमले के बाद शायद श्रद्धालुओं की संख्या कम हो जाएगी, लेकिन ऐसा कुछ नहीं हुआ। बाबा बर्फानी के दर्शन के लिए गुफा के बाहर लंबी कतारें लगी थीं। उन्होंने कहा कि भीषण गर्मी के बावजूद श्रद्धालुओं की आस्था में कोई कमी नहीं आई।*

# देश

**उवाच**

"हमें बिहार में मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण से कोई समस्या नहीं है, लेकिन इसकी टाइमिंग गलत है। इतने कम समय में चुनाव आयोग की इस प्रक्रिया में बहुत वोटर छूट जाएंगे, जो बिहार के बाहर रहते हैं, वे वोट नहीं दे पाएंगे।

–असदुद्दीन ओवैसी,एआईएमआईएम प्रमुख



| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 36.0 | 28.0 |
| मुंबई | 30.0 | 26.0 |
| कोलकाता | 27.0 | 26.0 |
| चेन्नई | 30.0 | 28.0 |

# चंद्रशेखर की स्मृति में व्याख्यान श्रंखला व फेलोशिप होगी शुरू : जगदीप धनखड़

- उपराष्ट्रपति ने पूर्व प्रधानमंत्री चंद्रशेखर की पुण्यतिथि पर की श्रद्धांजलि अर्पित
- चंद्रशेखर को बताया भारत माता के महानतम सपूतों में से एक



लोकतांत्रिक मूल्यों के पक्षधर थे पूर्व प्रधानमंत्री चंद्रशेखर : जगदीप धनखड़

**नई दिल्ली,** 8 जुलाई (एजेंसियां)। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा है कि पूर्व प्रधानमंत्री चंद्रशेखर के संसद में 40 वर्ष से अधिक लंबे और अनुपम कार्यकाल की जानकारी अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाने के लिए राज्यसभा सचिवालय उनकी स्मृति में व्याख्यान श्रंखला और फेलोशिप शुरू करेगा। धनखड़ ने मंगलवार को यहां पूर्व प्रधानमंत्री चंद्रशेखर की समाधि पर जाकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने चंद्रशेखर को 'भारत माता के महानतम सपूतों में से एक' बताते हुए कहा कि उन्होंने लोकतांत्रिक मूल्यों के लिए कार्य किया और 'युवा तुर्क' के रूप में अंतर दलिय लोकतंत्र सुनिश्चित करने के लिए अपनी अलग पहचान बनाई। उप राष्ट्रपति ने कहा कि वो निर्भीक राजनेता थे। एक ऐसे राजनेता जो सच्चे मायनों में राजनेता जैसे कार्य करते थे। जब बात भारत की राष्ट्रीयता की आती थी, तो उन्होंने कभी भी अपनी व्यक्तिगत स्वतंत्रता या आराम की परवाह नहीं की। उन्होंने हमें हमेशा गर्वित किया। वो भारत की एकता के प्रतीक थे। वो हमेशा विभाजनकारी ताकतों के खिलाफ खड़े रहे। वे हमारे लिए एक मज़बूत स्तंभ थे।

**चंद्रशेखर के राजनीतिक जीवन को किया याद**

उपराष्ट्रपति ने चंद्रशेखर के राजनीतिक जीवन को याद करते हुए कहा कि उनका राजनीतिक जीवन अद्वितीय और अनुपम रहा है। वह 1962 से 1977 तक 15 वर्ष राज्यसभा के सदस्य रहे और इसके बाद 2007 में निधन तक, एक बार को छोड़कर, लगातार लोकसभा के सदस्य रहे। उन्होंने कहा कि भारत की एकता के लिए 'पदयात्रा' का समय चंद्रशेखर के जीवन का सबसे महत्वपूर्ण काल रहा। उप राष्ट्रपति ने चंद्रशेखर की स्मृति में व्याख्यान श्रंखला शुरू करने की घोषणा करते हुए कहा, मुझे लोकसभा में उनके साथ सदस्य रहने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। ऐसे महान भारत पुत्र जो हमारी सभ्यतागत परंपराओं से निकली मूल्यों के प्रतीक थे उनकी स्मृति में व्याख्यान श्रंखला प्रारंभ करना सबसे उपयुक्त और सार्थक कार्य होगा। उन्होंने कहा कि राज्यसभा सचिवालय इस दिशा में कदम उठाएगा।

राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश ने चंद्रशेखर के साथ कार्य किया है और उन्हें निकटता से जाना है। ऐसे में उनके नेतृत्व में इस व्याख्यान श्रंखला के लिए समिति का गठन सबसे उचित होगा। उन्होंने कहा कि मैंने यह निर्णय बहुत सोच-समझकर लिया है और उन सभी सदस्यों से परामर्श किया है, जो चंद्रशेखर जी को निकट से जानते थे। सभी इस पर सहमत थे। हरिवंश जी इस दिशा में सभी आवश्यक कदम उठाएंगे। उप राष्ट्रपति ने कहा कि हरिवंश उचित सुझाव देंगे ताकि हम उनकी स्मृति में एक फेलोशिप भी आरंभ करें। यह एकमुश्त फेलोशिप होगी,ताकि उनकी गतिविधियों और कार्यों का संकलन किया जा सके, और उसे पुस्तक के रूप में प्रकाशित किया जा सके। यह भी उसी समिति द्वारा समन्वित किया जाएगा जो व्याख्यान श्रंखला का संचालन करेगी।

## उपराष्ट्रपति ने पुराने दिनों को किया याद

लोकसभा में चंद्रशेखर के साथ कार्य करने के अनुभव को साझा करते हुए उपराष्ट्रपति ने कहा कि यह समय है कि हमारे युवा 'यंग तुर्क' के बारे में जानें, उस नेता के बारे में जानें जो लोकतांत्रिक मूल्यों के लिए लड़ने वाले थे। आपातकाल के समय जब वे सत्तारूढ़ दल के वरिष्ठ नेता थे, उन्हें जेल में डाला गया था। चंद्रशेखर ने कभी भी राष्ट्र के लिए कोई समझौता नहीं किया। वह सबसे कठिन समय में प्रधानमंत्री बने। मैं कई अनमोल क्षण साझा करता हूं। मैं बहुत कनिष्ठ था लेकिन मैंने उनकी रीढ़ की मजबूती को देखा जब उन्हें लगा कि उनके मूल्य समझौते की ओर जा रहे हैं उन्होंने एक पल की भी देरी नहीं की। उन्होंने प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया। जो पुस्तक प्रकाशित होगी, उसमें मैं अपने व्यक्तिगत विचार भी साझा करूंगा कि कैसे उन दिनों के प्रभावशाली लोगों ने उन्हें लोकसभा में इस्तीफा देने से रोकने की गंभीर कोशिश की। मैं स्वयं उस दिन लोकसभा में बैठा था जब नेता जी ने सीधे राष्ट्रपति भवन जाकर अपना त्यागपत्र सौंप दिया। उप राष्ट्रपति ने कहा कि मौजदा परिस्थितियों में चंद्रशेखर के मूल्य और आदर्शों की देश को सबसे अधिक आवश्यकता है।

## बंगाल में एनआरसी थोप रही असम सरकार : ममता

**कोलकाता,** 8 जुलाई (एजेंसियां)। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व वाली असम सरकार पर पश्चिम बंगाल में राष्ट्रीय नागरिक रजिस्टर (एनआरसी) लागू करने की कोशिश करने का आरोप लगाया है। उन्होंने इसे एक 'सुनियोजित राजनीतिक साजिश' करार दिया है। मुख्यमंत्री ने स्थिति को चिंताजनक बताते हुए सभी विपक्षी दलों से भाजपा की अलोकतांत्रिक, विभाजनकारी एवं दमनकारी नीति के खिलाफ एकजुट होने का आह्वान किया है। यह विवाद पहली बार सोमवार को उस समय सामने आया जब तृणमूल कांग्रेस के राज्यसभा सांसद तथा प्रवासी श्रमिक कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष समीरुल इस्लाम ने सोशल मीडिया पर इस मुद्दे को उठाया। इस्लाम ने आरोप लगाया कि कूचबिहार के दिनहाटा निवासी उत्तम कुमार ब्रजबासी को असम सरकार का एनआरसी नोटिस प्राप्त हुआ। इस्लाम ने जो दस्तावेज साझा किया उससे पता चलता है कि उस व्यक्ति का नाम 1966 से ही मतदाता सूची में है। उन्होंने सवाल किया कि जिस व्यक्ति का नाम मतदाता सूची में 50 वर्ष से अधिक समय से है तो उसे एनआरसी प्रोटोकॉल के अंतर्गत अब कैसे निशाना बनाया जा सकता है। बनर्जी ने पोस्ट में कूचबिहार राजवंशी समुदाय के सदस्य उत्तम कुमार के खिलाफ हो रही प्रताड़ना पर चिंता व्यक्त की।



## मध्य प्रदेश में झूठे मुकदमों के खिलाफ कांग्रेस लड़ने को तैयार : उमंग सिंघार



- नेता प्रतिपक्ष राज्य की स्थिति को लेकर उठाए सवाल

**गुना,** 8 जुलाई (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने कहा है कि कांग्रेस राज्य में झूठ के खिलाफ लड़ाई लड़ने के लिए तैयार है। उन्होंने यह बात कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष जीतू पटवारी के खिलाफ अशोकनगर के मुंगावली थाने में दर्ज प्रकरण के बारे में कही। कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ता इस प्रकरण के खिलाफ सड़क पर उतरे है। अशोकनगर जाते वक्त नेता प्रतिपक्ष सिंघार ने कहा कि यह अन्याय के खिलाफ लड़ाई है, जब जब हमारा कार्यकर्ता अन्याय के खिलाफ आवाज उठाता है, तब भाजपा सत्ता का दुरुपयोग करती है और झूठे मामले दर्ज कर दिए जाते हैं।

कांग्रेस की यह अन्याय के खिलाफ लड़ाई है। नेता प्रतिपक्ष सिंघार ने राज्य की स्थिति को लेकर सवाल उठाए और कहा कि मुख्यमंत्री मोहन यादव प्रदेश के अंदर लोकतंत्र से जीतकर सरकार बनाएं और लोकतांत्रिक व्यवस्था के हिसाब से रहें। अगर झूठे मुकदमे दर्ज कर इस प्रकार से लड़ना है तो कांग्रेस पार्टी लड़ाई के लिए तैयार है। दरअसल अशोकनगर जिले में कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी पर एक प्रकरण दर्ज किया गया है। उन पर आरोप है कि उन्होंने एक व्यक्ति को बरगलाया और उससे झूठा बयान दिलाया। इस बयान में कहा गया था कि पीड़ित को मानव मल खिलाया गया और उसकी शिकायत पर प्रशासन की ओर से कोई कार्रवाई नहीं की गई। लेकिन, बाद में वही व्यक्ति पुलिस के पास पहुंचा और उसने शपथ पत्र देकर कहा कि पटवारी ने उससे प्रलोभन देकर यह बयान दिलाया है। पुलिस द्वारा दर्ज किए गए प्रकरण के खिलाफ कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष पटवारी अन्य नेताओं के साथ गिरफ्तारी दे रहे है। कांग्रेस के तमाम बड़े नेता अशोकनगर पहुंचे हैं और वे पटवारी के खिलाफ दर्ज किए गए मामले पर सरकार को घेर रहे है। कांग्रेस नेताओं का आरोप है कि राज्य में सरकार और प्रशासन के अधिकारी अपने अधिकारों का दुरुपयोग करने में लगे है।

**सार संक्षेप**

### खरगे व राहुल ने राजशेखर रेड्डी को दी श्रद्धांजलि

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे तथा पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने वाईएसआर कांग्रेस प्रमुख जगन मोहन रेड्डी के पिता एवं आंध्र प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री वाई एस राजशेखर रेड्डी को उनकी जयंती पर नमन करते हुए मंगलवार को श्रद्धांजलि अर्पित की। आंध्र प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री वाई.एस.राजशेखर रेड्डी की जयंती पर हम उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं। एक सच्चे दयालु नेता, जिन्होंने अपना पूरा जीवन राज्य की प्रगति और भलाई के लिए समर्पित कर दिया।

### डॉ. मोहन यादव ने की नड्डा से मुलाकात

**नई दिल्ली।** मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव एवं भारतीय जनता पार्टी प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने मंगलवार को पार्टी अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री जगत प्रकाश नड्डा समेत अन्य वरिष्ठ मंत्रियों से भेंट की। डॉ. यादव और खंडेलवाल ने नई दिल्ली में नड्डा से मुलाकात की। साथ ही डॉ. यादव एवं खंडेलवाल ने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से भेंट कर विभिन्न विषयों पर चर्चा की। दोनों नेताओं ने सूचना एवं प्रसारण और संसदीय मामलों के राज्य मंत्री डॉ. एल मुरुगन से भी शिष्टाचार भेंट की। डॉ. यादव ने केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी से सौजन्य भेंट कर मध्यप्रदेश की प्रगति से जुड़े विभिन्न विषयों पर चर्चा की।

### ट्रेन व वैन की भिड़ंत में तीन छात्रों की मौत

**चेन्नई।** तमिलनाडु के कुड्डालोर जिले में रेलवे क्रॉसिंग पर मंगलवार को एक स्कूल वैन को तेज रफ्तार पैसेंजर ट्रेन ने टक्कर मार दी जिससे तीन छात्रों की मौत हो गई और दो अन्य घायल हो गए। इस बीच इस बाबत गेटकीपर को गिरफ्तार कर लिया गया है और दक्षिणी रेलवे के अधिकारियों ने उसे सेवा से बर्खास्त करने के लिए कदम उठाए हैं। दक्षिण रेलवे ने मंगलवार सुबह बताया कि कुड्डालोर जिले के अलापक्कम गांव में दुर्घटना उस समय हुई जब चार छात्रों को ले जा रही एक स्कूल वैन ने कुड्डालोर व अलापक्कम स्टेशनों के बीच रेलवे लेवल क्रॉसिंग गेट नंबर 170 को पार करने का प्रयास किया। यह ट्रैक पर आ रही ट्रेन नंबर 56813 विल्लुपुरम-मयिलादुथुराई पैसेंजर ट्रेन) से टकरा गई।

### मनसे नेता अविनाश जादव को पुलिस ने हिरासत में लिया

**मुंबई।** महाराष्ट्र में पुलिस ने भाषा विवाद को लेकर निर्धारित विरोध रैली से कुछ ही घंटे पहले महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना नेता एवं ठाणे-पालघर के जिलाध्यक्ष अविनाश जादव को मंगलवार तड़के तीन बजे हिरासत में ले लिया। गौरतलब है कि मनसे कार्यकर्ताओं ने मराठी में बात करने से इनकार करने पर एक व्यापारी पर कथित तौर पर हमला किया था।

## केरल में एक बार फिर निपाह के प्रकोप की आशंका

**कोच्चि,** 8 जुलाई (एजेंसियां)। दक्षिण भारत के केरल में निपाह के संभावित प्रकोप की आंशका जाहिर की गई है। यह वायरस जानवरों से मनुष्यों में और दूषित भोजन या सीधे मानव-से-मानव संपर्क के माध्यम से फैलता है। वायरस के लिए ऊष्मायन अवधि पांच से 14 दिनों तक होती है जिसके बाद लक्षण दिखाई देने लगते हैं। राष्ट्रीय संचारी रोग नियंत्रण कार्यक्रम के सलाहकार डॉ. नरेश पुरोहित ने कहा कि निपाह वायरस में मृत्यु दर बहुत अधिक है जो मनुष्यों में 40 से 75 प्रतिशत तक है। हाल ही में मलप्पुरम के चेट्टियारंगडी की 18 वर्षीय लड़की की मौत की पुष्टि पुणे स्थित राष्ट्रीय विषाणु विज्ञान संस्थान (एनआईवी) ने निपाह संक्रमण के कारण हुई थी, जबकि पलक्कड़ जिले के थचनट्टुकारा की 38 वर्षीय महिला भी इस वायरस से संक्रमित पाई गई थी। केरल में वायरस के फिर से उभरने के मद्देनजर स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि राज्य में निपाह वायरस से संक्रमित दो व्यक्तियों की संपर्क सूची में 383 लोग हैं। इनमें से 12 का मलप्पुरम जिले में इलाज चल रहा है, जिनमें से पांच आईसीयू में हैं, जबकि चार अन्य का पलक्कड़ जिले में आइसोलेशन में इलाज चल रहा है।




बिहार विधानसभा चुनाव से पहले नीतीश कैबिनेट का बड़ा फैसला

# मूल निवासी महिलाओं को नौकरी में 35 फीसदी आरक्षण

- मंत्रिपरिषद की बैठक में 43 प्रस्तावों पर लगी मुहर

**पटना,** 8 जुलाई (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मंगलवार को कैबिनेट की बैठक बुलाई थी। मंत्रिपरिषद की बैठक में कुल 43 प्रस्तावों पर मुहर लगी है। मंगलवार की कैबिनेट मीटिंग में सरकारी नौकरी में राज्य के बाहर की महिलाओं को आरक्षण नहीं देने का निर्णय लिया गया है। नीतीश कैबिनेट ने बड़ा फैसला लेते हुए बिहार के सभी सरकारी सेवाओं में सभी स्तर के एवं सभी प्रकार के पदों पर सीधी नियुक्ति में राज्य की मूल निवासी महिला अभ्यर्थियों को ही 35 फीसदी आरक्षण देने का निर्णय लिया गया है। इस तरह से सरकार ने बड़ा फैसला लिया है। दरअसल, काफी दिनों से यह मांग उठ रही थी कि दूसरे राज्य के उम्मीदवारों को सरकारी नौकरी में आरक्षण का लाभ न दिया जाए। इसके बाद मंगलवार को सरकार ने निर्णय लिया है कि बिहार की महिलाओं को ही सरकारी नौकरी में 35 फीसदी आरक्षण का लाभ मिलेगा। मंगलवार की कैबिनेट बैठक में युवा आयोग के गठन की मंजूरी दी गई है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बताया है कि बिहार के युवाओं को अधिक से अधिक रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने, उन्हें प्रशिक्षित करने तथा सशक्त और सक्षम बनाने के उद्देश्य से राज्य सरकार ने बिहार युवा आयोग के गठन का निर्णय लिया है।



बिहार में युवा आयोग का किया जाएगा गठन : नीतीश कुमार

मंगलवार को कैबिनेट द्वारा बिहार युवा आयोग के गठन की मंजूरी भी दे दी गई है। समाज में युवाओं की स्थिति में सुधार और उत्थान से संबंधित सभी मामलों पर सरकार को सलाह देने में इस आयोग की महत्वपूर्ण भूमिका होगी। युवाओं को बेहतर शिक्षा और रोजगार सुनिश्चित करने के लिए सरकारी विभागों के साथ यह आयोग समन्वय भी करेगा। मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा है बिहार युवा आयोग में एक अध्यक्ष, दो उपाध्यक्ष और सात सदस्य होंगे, जिनकी अधिकतम उम्र सीमा 45 वर्ष होगी। यह आयोग इस बात की निगरानी करेगा कि राज्य के स्थानीय युवाओं को राज्य के भीतर निजी क्षेत्र के रोजगारों में प्राथमिकता मिले, साथ ही राज्य के बाहर अध्ययन करने वाले और काम करने वाले युवाओं के हितों की भी रक्षा हो।

### पथ निर्माण विभाग की 13 योजनाओं को मिली मंजूरी



बिहार में सड़क और पुलों के विकास के लिए पथ निर्माण विभाग ने बड़ा कदम उठाया है। राज्य कैबिनेट ने विभाग की 13 नई योजनाओं को मंजूरी दी है, जिन पर करीब 668 करोड़ रुपए खर्च होंगे। इसके तहत राज्य के 11 जिलों में लगभग 110 किलोमीटर लंबी सड़कों का चौड़ीकरण और मजबूतीकरण किया जाएगा। इसके साथ ही कई जगह पुल और पहुंच पथ भी बनाए जाएंगे, जिससे यातायात सुगम और सुरक्षित होगा। पथ निर्माण मंत्री नितिन नवीन ने बताया कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के विजन के मुताबिक राज्य के किसी भी हिस्से से राजधानी पटना तक अधिकतम साढ़े तीन घंटे में पहुंचने की योजना पर तेजी से काम हो रहा है। मंत्री ने मुख्यमंत्री के प्रति आभार जताते हुए कहा कि इन परियोजनाओं से किसानों, व्यापारियों और आम लोगों को सीधा लाभ होगा क्योंकि बाजार और जरूरी सेवाओं तक पहुंच पहले से आसान हो जाएगी। नई परियोजनाओं में समस्तीपुर जिले में मोहिउद्दीननगर से चकला तक करीब सात किलोमीटर सड़क का काम होगा, जिस पर 32 करोड़ रुपए से ज्यादा खर्च आएगा। मधेपुरा में चांदनी चौक से पस्तपार तक करीब 11 किलोमीटर सड़क बनेगी। बेतिया में बगहा से सेमरा तक 14 किलोमीटर लंबी सड़क और पुल का निर्माण होगा, जिससे वहां के बाजार और गांवों को जोड़ने में मदद मिलेगी।

## कई प्रमुख मुद्दों पर सार्वजनिक बहस से बच रहे केसीआर व केटीआर : बालमूर वेंकट



- केसीआर की चुप्पी व विधानसभा से अनुपस्थिति पर उठाए सवाल

**हैदराबाद,** 8 जुलाई (एजेंसियां)। तेलंगाना कांग्रेस के विधायक बालमूर वेंकट ने भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) प्रमुख के चंद्रशेखर राव (केसीआर) और उनके बेटे के टी रामा राव (केटीआर) पर तीखा हमला करते हुए उन पर बानाकाचर्ला परियोजना में कथित अनियमितताओं सहित कई प्रमुख मुद्दों पर सार्वजनिक जवाबदेही और विधानसभा बहस से बचने का आरोप लगाया है। सीएलपी मीडिया हॉल में एक कार्यक्रम में वेंकट ने केसीआर की चुप्पी और विधानसभा से अनुपस्थिति पर सवाल उठाया। उन्होंने पूछा, अस्पताल में रहते हुए भी उनके पास चर्चा करने का समय था लेकिन अब वह विधानसभा में बोलने से क्यों डर रहे हैं। उन्होंने याद दिलाया कि मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने केसीआर को बानाकाचार्ला लिफ्ट सिंचाई परियोजना में कथित धोखाधड़ी पर सदन की बहस में शामिल होने की खुली चुनौती दी थी। वेंकट ने कहा अगर केसीआर वाकई चर्चा करना चाहते हैं तो उन्हें अध्यक्ष को लिखना चाहिए। उन्होंने बताया कि सत्ता में रहने के दौरान केसीआर तक पहुंचना संभव नहीं था और अब विपक्ष के नेता के तौर पर भी वे गायब हैं।

उन्होंने कहा फार्महाउस में खामोशी की चादर ओढ़कर सोना अपराध स्वीकार करने के अलावा और कुछ नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि केसीआर ने अपने 10 साल के शासन के दौरान तेलंगाना को धोखा दिया जबकि केटीआर विपक्षी नेता के रूप में जिम्मेदारी लेने के बजाय सोशल मीडिया पर आत्म-प्रचार में लगे हुए हैं।

### राजनीतिक शून्य को भरने की कोशिश कर रहे केटीआर

वेंकट ने केटीआर पर भी निशाना साधते हुए कहा कि वह अपने पिता की अनुपस्थिति से पैदा हुए राजनीतिक शून्य को भरने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि आप तभी सामने आते हैं और बोलते हैं जब आपके पिता कुछ कहते हैं। अगर आपमें हिम्मत है तो अपने पिता से कहें कि वह विधानसभा में आएं और उन लोगों के लिए बोलें जिन्होंने उन्हें चुना है।

## बंगाल में जासूसी के आरोप में दो युवक गिरफ्तार

**कोलकाता,** 8 जुलाई (एजेंसियां)। पश्चिम बंगाल पुलिस के विशेष कार्य बल (एसटीएफ) ने पूर्वी बर्धमान जिले के मेमारी में पाकिस्तान के लिए जासूसी करने के आरोप में दो युवकों को गिरफ्तार किया है। यह जानकारी आधिकारिक सूत्रों ने मंगलवार को दी। पुलिस ने कहा कि गुप्त सूचना के आधार पर एसटीएफ ने सोमवार शाम मेमारी स्थित एक मकान पर छापेमारी की और दो व्यक्तियों राकेश तथा मुकेश को गिरफ्तार किया। दोनों दोस्त वहां किराए के मकान में रह रहे थे।ढ कोलकाता निवासी राकेश और आसनसोल निवासी मुकेश पिछले कुछ महीनों से मेमारी में रह रहे थे जिसके बारे में एसटीएफ जांच कर रही है कि वे घर से दूर अन्य जगह पर क्यों रहते थे। सूत्रों ने कहा कि एसटीएफ ने उनके मोबाइल फोन जब्त कर लिए हैं और उनके मोबाइल हैंडसेट द्वारा उनके पाकिस्तान से संबंध होने का पता चला है। राकेश के एक रिश्तेदार ने बताया कि उसने राकेश और उसके आसनसोल वाले दोस्त की गिरफ्तारी के बारे में सुना है। दोनों को स्थानीय अदालत में पेश किया जाएगा और पुलिस अदालत से उनकी हिरासत की मांग करेगी।



## पूर्णिया में पांच लोगों की हत्या करने पर हो कार्रवाई : भाकपा



- पीड़ित परिवार को की 50-50 लाख मुआवजा देने की मांग

**पटना,** 8 जुलाई (एजेंसियां)। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (भाकपा) के राज्य सचिव रामनरेश पाण्डेय ने अंधविश्वास के नाम पर पूर्णिया में एक ही परिवार के पांच लोगों की हत्या करने की तीखी निंदा करते हुए इस तरह की जघन्य अपराध करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने तथा पीड़ित परिवार को 50-50 लाख रुपए मुआवजा देने की मांग की है। पांडेय ने मंगलवार को कहा कि पूर्णिया के रानीपतरा टेटगामा गांव में एक आदिवासी परिवार के तीन महिला सहित पांच लोगों को डायन के नाम पर जिंदा जला दिया गया। उन्होंने आरोप लगाया कि इस बर्बर घटना के लिए नीतीश सरकार और पुलिस प्रशाशन जिम्मेदार है। इस तरह की घटना संपूर्ण मानवता को शर्मसार करती है। दोषियों को तुरंत गिरफ्तार किया जाए और मामले की त्वरित सुनवाई की जाए। नीतीश सरकार में अपराध बढ़ा है और अपराधियों का मनोबल चरम पर है। उन्होंने कहा कि हाल के दिनों में अपराध की घटनाओं में बढ़ोतरी हुई है। पूरे बिहार में अराजकता का माहौल है। कानून व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त हो चुकी है। हाल ही में राजधानी पटना में उद्योगपति की हत्या कर दी गई वहीं सीवान में तीन लोगों की हत्या कर दी गई। पिछले दिनों बक्सर में नरसंहार में तीन लोगों की मौत हो गई। भोजपुर में तीन लोगों की हत्या कर दी गई। भाकपा नौ जुलाई के बिहार में चक्का जाम के दौरान में भी बढ़ते अपराध का मुद्दा उठाएगी।

**कवायद** जम्मू-कश्मीर में आतंक के खिलाफ लड़ाई को मिलेगी और धार

# पचास अत्याधुनिक डीप सर्च माइन एंड मेटल डिटेक्टर खरीदेगी पुलिस

**जम्मू,** 8 जुलाई (देशबन्धु)। वर्ष 2019 को 5 अगस्त को जम्मू-कश्मीर का बंटवारा कर उसे केंद्र शासित प्रदेश बनाए जाने के बाद न जाने कितनी बार आतंकवाद का समूल नाश किए जाने के दावे किए जा चुके हैं। पर ऐसा हुआ है लगता नहीं है। यह इससे भी स्पष्ट होता था कि कश्मीर पुलिस ने आतंकवाद से निपटने के लिए 50 अत्याधुनिक डीप सर्च माइन और मेटल डिटेक्टर खरीदने का फैसला किया है।

पहले ही वह कई नए बुलेफ प्रूफ वाहनों के लिए टेंडर निकाल चुकी है। यह सच है कि आतंकवाद विरोधी अभियानों को बढ़ाने के लिए एक बड़े कदम के रूप में, जम्मू-कश्मीर पुलिस 50 अत्याधुनिक डीप सर्च माइन और मेटल डिटेक्टर खरीदने जा रही है, जिन्हें गृह मंत्रालय द्वारा निर्धारित तकनीकी विनिर्देशों को पूरा करने के लिए डिजाइन किया गया है।

आधिकारिक निविदा सूचना के अनुसार, इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस और अन्य छिपे हुए खतरों का पता लगाने में सुधार लाने के उद्देश्य से, बोली संख्या जेकेपी/2025/बी/6395277 के माध्यम से खरीद शुरू की गई है। यह उपकरण क्यू-3 के रूप में चिह्नित योग्यता आवश्यकताओं और राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड के महानिदेशालय द्वारा अंतिम रूप दिए गए विनिर्देशों के अनुरूप होंगे, जिन्हें 2018 में एमएचए द्वारा अनुमोदित किया गया था। इस प्रक्रिया की देखरेख पुलिस अधीक्षक, प्रभारी पुलिस सेंट्रल स्टोर, सशस्त्र पुलिस परिसर, जेवान, श्रीनगर द्वारा की जा रही है। वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने पुष्टि की कि ये डिटेक्टर इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (आईईडी), छिपे हुए आयुध और धातु आधारित खतरों का सुरक्षित पता लगाने के लिए महत्वपूर्ण उपकरण हैं, खासकर घाटी में संवेदनशील और उच्च जोखिम वाले क्षेत्रों में। जम्मू और कश्मीर पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि उन्नत डीप सर्च माइन और मेटल डिटेक्टरों का उपयोग महत्वपूर्ण है। यह उपकरण सड़कों को सुरक्षित करने, तलाशी अभियानों के दौरान छिपे हुए खतरों का पता लगाने और सुरक्षा कर्मियों और नागरिकों दोनों की सुरक्षा करने की हमारी पुलिस की क्षमता को महत्वपूर्ण रूप से बढ़ाएंगे।

उन्होंने बताया कि डीएसएमडी से जमीन में पैठ बढ़ाने की क्षमता बढ़ेगी, जो राजौरी और पुंछ में एलओसी के जंगलों और सीमावर्ती क्षेत्रों में माइन का पता लगाने के लिए महत्वपूर्ण है। अधिकारी ने बताया कि चयनित उत्पाद को एनएसजी द्वारा तैयार और गृह मंत्रालय द्वारा अनुमोदित तकनीकी दस्तावेज के अनुरूप होना चाहिए, ताकि क्षेत्र की स्थितियों में अंतर-संचालन और विश्वसनीयता सुनिश्चित हो सके।

उन्होंने कहा कि एक बार खरीद लिए जाने के बाद, डिटेक्टरों को उच्च-खतरे वाले जिलों में वितरित किया जाएगा और जम्मू-कश्मीर पुलिस के प्रशिक्षित बम निरोधक दस्तों (बीडीएस) और त्वरित प्रतिक्रिया टीमों के साथ तैनात किया जाएगा। पुलिस अधिकारी बताते थे कि हमारा ध्यान निवारक कार्रवाई पर है।



- पहले ही कई नए बुलेफ प्रूफ वाहनों के लिए कश्मीर पुलिस निकाल चुकी है टेंडर

## 'खाकी' ने निखारा, इंडस्ट्री मुझे नए नजरिए से देखती है : करण टैकर

**मुंबई।** टीवी, फिल्म और ओटीटी जैसे अलग-अलग माध्यमों में काम करने वाले करण का मानना है कि उनकी वेब सीरीज 'खाकी द बिहार चैप्टर' के बाद इंडस्ट्री में उनकी पहचान बदल गई है। हालांकि, इस सफलता के बाद भी वह एक अभिनेता के रूप में और बेहतर करना चाहते हैं। करण टैकर का मानना है कि खाकी द बिहार चैप्टर ने उनकी छवि को मजबूत किया है, लेकिन वह अभी और बेहतर करने के लिए उत्साहित हैं। उनका यह भी मानना है कि वह अभी तक सफलता के शिखर पर नहीं पहुंचे हैं। करण ने बताया कि मुझे अभी भी नहीं लगता कि मैंने सफलता हासिल कर ली है। एक अभिनेता का लक्ष्य हमेशा अपने पिछले काम से बेहतर करना होता है। बेहतर करने की यह यात्रा चुनौतीपूर्ण है।

# अस्थमा मरीजों के लिए जानलेवा है मानसून

## संक्रमण से बचने के लिए बरतें खास सावधानी



**नई दिल्ली,** 8 जुलाई (एजेंसियां)। मानसून का मौसम जहां एक ओर गर्मी से राहत लेकर आता है, वहीं दूसरी ओर यह कई बीमारियों की वजह भी बन सकता है। हवा में नमी बढ़ने के साथ ही संक्रमण और एलर्जी फैलाने का जोखिम बढ़ जाता है। अस्थमा के मरीजों के लिए यह मौसम कई तरह की परेशानियां पैदा करता है। यहां तक कि यह जानलेवा भी हो सकता है। सांस की तकलीफ, खांसी, सीने में जकड़न, ये सभी समस्याएं इस मौसम में अचानक बढ़ जाती हैं। ऐसे में अस्थमा के मरीजों को मानसून के मौसम में खास सावधानी बरतनी चाहिए।

अमेरिका की नेशनल लाइब्रेरी ऑफ मेडिसिन के मुताबिक, इस पर दुनिया भर से सैकड़ों अध्ययनों को मिलाकर एक रिसर्च की गई, जिसमें पाया गया कि अस्थमा से जुड़ी परेशानियां सामान्य दिनों की तुलना में मानसून में 1.18 गुना ज्यादा बढ़ जाती हैं। खासकर बच्चों और महिलाओं पर इसका सबसे ज्यादा असर होता है। बच्चों की इम्युनिटी कमजोर होती है और वह अक्सर बाहर खेलते हैं, जिससे संक्रमण का खतरा बढ़ जाता है। वहीं महिलाएं घर के कार्यों के चलते अधिक जोखिम में रहती हैं- जैसे कि कपड़े सुखाना, झाड़ू-पोंछा करना, नियमित साफ-सफाई आदि जैसे कार्यों में फफूंदी और नमी के संपर्क में आने की संभावना अधिक होती है।

**हवा में नमी बढ़ने के साथ एलर्जी फैलाने का जोखिम**

**बच्चों में यह खतरा 1.19 गुना व महिलाओं में 1.29 गुना ज्यादा**

रिसर्च में बच्चों में यह खतरा 1.19 गुना और महिलाओं में 1.29 गुना ज्यादा पाया गया। इसके अलावा, जब तेज तूफान और बारिश आती हैं, तो अस्थमा की समस्या 1.24 गुना बढ़ जाती है।

इस रिसर्च से यह भी सामने आया कि ऐसी स्थितियों में अस्थमा के मरीजों को अस्पताल तक जाना पड़ता है। आपातकालीन विभाग में भर्ती होने का खतरा 1.25 गुना और इसके कारण मौत का खतरा 2.10 गुना तक बढ़ जाता है। यानी मानसून में लापरवाही अस्थमा के मरीजों के लिए जानलेवा भी हो सकती है। बारिश में फफूंदी, धूल, परागकण और वायरल संक्रमण जैसे कारण मरीजों की हालत और बिगाड़ सकते हैं।

ऐसे में बेहद जरूरी है कि कुछ आसान उपाय अपनाकर अस्थमा के लक्षणों को काफी हद तक नियंत्रित किया जाए। इसके लिए अस्थमा के मरीजों को मानसून के मौसम में कुछ चीजों पर ध्यान देने की जरूरत है। इस मौसम में घर में सीलन और फंगस लगना आम बात है, जो अस्थमा को और बढ़ा सकता है। इसलिए कोशिश करें कि घर हमेशा साफ और सूखा रहे। साथ ही, हवा का प्रवाह बना रहे ताकि फफूंदी न जम सके। फर्नीचर और दीवारों पर नमी न बनने दें।

हर वक्त अपने साथ इन्हेलर या डॉक्टर की बताई गई दवाएं हमेशा पास रखें, खासकर जब आप बाहर जा रहे हों। जरूरी काम से ही बाहर निकले, इस दौरान मास्क लगाना न भूलें। मास्क आपको कई संक्रमणों से सुरक्षित रखेगा। इसके अलावा, बारिश के मौसम में खानपान का भी खास ध्यान रखें। तला-भुना, ठंडा या बासी खाना खाने से परहेज करें। सबसे जरूरी बात यह है कि समय-समय पर डॉक्टर से जांच करवाते रहें ताकि किसी भी खतरे से पहले ही बचाव किया जा सके।

# ज्वर का नाश करने वाली औषधि 'फीवर नट'



फूल-पत्ती और जड़ में कई लाभकारी गुण

**नई दिल्ली,** 8 जुलाई (एजेंसियां)। लताकरंज, जिसका वैज्ञानिक नाम कैसलपिनिया क्रिस्टा है, आयुर्वेद में एक महत्वपूर्ण औषधि मानी गई है। इसे सामान्यत पूतिकरंज या अंग्रेजी में फीवर नट के नाम से भी जाना जाता है। यह एक कांटेदार झाड़ी या बेल है जो भारत के उष्णकटिबंधीय और उपोष्णकटिबंधीय क्षेत्रों में पाई जाती है। आयुर्वेद में लताकरंज के विभिन्न भागों, जैसे पत्ते, जड़, छाल और विशेष रूप से इसके कड़वे बीज का औषधीय उपयोग किया जाता है। सुश्रुत संहिता में लताकरंज की जड़ का उपयोग बुखार, विशेषकर मलेरिया और अन्य प्रकार के विषम ज्वर, और पेट के कीड़ों को कम करने के लिए किया जाता है, जिस वजह से इसे 'फीवर नट' भी कहते हैं। चरक संहिता में लताकरंज का उल्लेख विरेचका फालिनी और पुष्पिका के रूप में किया गया है, इसके प्रयोग से मल त्यागने में आसानी होती है। वहीं, बवासीर में लताकरंज का उपयोग अलग-अलग तरीकों से किया गया है, इसके जड़, छाल, पत्ते आदि का उपयोग किया जाता है। इसके पत्तों को पीसकर रोगी को पिलाने से फायदा मिलता है।

छोटे बच्चों को अक्सर पेट में कीड़े हो जाते हैं। इन कीड़ों को भगाने में लताकरंज बहुत लाभकारी है। इसके तेल को पिलाने से कीड़े मर जाते हैं।

चरक संहिता में ये भी उल्लेख मिलता है कि यह त्वचा संबंधी समस्याओं जैसे खुजली, दाद, फंगल इन्फेक्शन और अन्य त्वचा विकारों में बहुत उपयोगी है। इसके पत्तों को पीसकर कनेर की जड़ के साथ मिलाकर लेप लगाने से लाभ मिलता है।

लताकरंज का उपयोग उल्टी को रोकने के लिए भी किया जाता है। बस उल्टी के दौरान इसके पाउडर को शहद में मिलाकर चाटने से आराम मिलता है। वहीं, आप इसका चूर्ण भी बना सकते हैं और इसकी गोलियां बनाकर भी रख सकते हैं; उसका भी उपयोग उल्टियों को रोकने में किया जा सकता है।लताकरंज के विभिन्न भागों का उपयोग आंखों की समस्याओं और कान बहने (कर्ण स्राव) जैसी स्थितियों में भी किया जाता है।

# फिल्म 'हरि हर वीरा मल्लू' में मुख्य भूमिका अभिनेत्री निधि अग्रवाल

**चेन्नई,** 8 जुलाई (एजेंसियां)। तेलुगू सुपरस्टार पवन कल्याण की अपकमिंग फिल्म 'हरि हर वीरा मल्लू' में मुख्य भूमिका निभा रहीं अभिनेत्री निधि अग्रवाल ने मई में रिलीज हुई तेलुगू फिल्म 'सिंगल' की तारीफ की है। उन्होंने फिल्म को 'एक मजेदार यात्रा' बताया और कहा कि निर्देशक कार्तिक राजू ने इसे शानदार तरीके से बनाया है।

अभिनेत्री ने एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा कि अभी-अभी सिंगल (तेलुगु) देखी!! कार्थिक राजू द्वारा शानदार तरीके से बनाई गई यह फिल्म एक शानदार यात्रा है। श्री विष्णु और विनेला किशोर ने हमें शुरू से लेकर आखिरी तक खूब हंसाया। इवाना और केतिका शर्मा और दोनों बहुत अच्छे थे। अल्लू अरविंद सर, गीता आर्ट्स और पूरी कास्ट और क्रू को बधाई।



यह फिल्म इस साल मई में रिलीज हुई थी, जो कि बॉक्स ऑफिस पर सुपरहिट साबित हुई थी। वहीं, फिल्म निर्माता अल्लू अरविंद इस फिल्म में अभिनेता श्री विष्णु के अभिनय से इतने प्रभावित हुए कि उन्होंने अभिनेता को फोन किया और अपने बैनर द्वारा निर्मित दो और फिल्मों में काम करने का ऑफर दिया।

फिल्म सिंगल में श्री विष्णु, इवाना और केतिका मुख्य भूमिका में थे। इसे गीता आर्ट्स, अल्लू अरविंद ने कल्याण फिल्म्स के साथ मिलकर प्रस्तुत किया था। 9 मई को सिनेमाघरों में आई इस फिल्म का निर्माण विद्या कोप्पिनीडी, भानु प्रताप और रियाज चौधरी ने किया।

अल्लू अरविंद के लिए यह फिल्म खास थी क्योंकि उनकी बेटी विद्या ने इस फिल्म का निर्माण किया था। अल्लू अरविंद ने निर्देशक कार्तिक राजू को भी बधाई देते हुए कहा था, मैं सभी दर्शकों का तहे दिल से शुक्रिया अदा करता हूं, जिन्होंने साबित कर दिया कि अगर फिल्म अच्छी है तो वे थिएटर में आएंगे। विष्णु के साथ मेरा सफर अभी भी जारी रहेगा। फिल्म की नायिकाओं केतिका और इवाना ने शानदार अभिनय किया है।

# नहीं रहे 'साहोरे बाहुबली' लिखने वाले गीतकार शिवा शक्ति दत्ता

**नई दिल्ली,** 8 जुलाई (एजेंसियां)। तेलुगू सिनेमा ने आज एक बड़े कलाकार को खो दिया है। मशहूर संगीतकार एमएम कीरवानी के पिता और प्रसिद्ध गीतकार शिव शक्ति दत्ता का निधन हो गया है। उन्होंने 92 साल की उम्र में हैदराबाद में अपने मणिकोंडा स्थित आवास पर आखिरी सांस ली। वह लंबे समय से उम्र संबंधी स्वास्थ्य समस्याओं से जूझ रहे थे।

शिव शक्ति दत्ता गीतकार के साथ तेलुगू सिनेमा में पटकथा लेखक, निर्देशक और निर्माता भी थे। उनके जाने से पूरी इंडस्ट्री में शोक की लहर दौड़ गई। उनके फैंस सोशल मीडिया पर श्रद्धांजलि दे रहे हैं।

उनके निधन पर अभिनेता, नेता और



आंध्र प्रदेश के उपमुख्यमंत्री पवन कल्याण ने सोशल मीडिया पर श्रद्धांजलि देते हुए लिखा कि श्री शिव शक्ति दत्ता के निधन की खबर से गहरा दुख हुआ। वह कला और साहित्य के सच्चे प्रेमी थे। उनके गीतों में संस्कृत और तेलुगू का अद्भुत समावेश देखने को मिलता है। मेरी संवेदना उनके परिवार के साथ है।

**पवन कल्याण और चिरंजीवी ने दी श्रद्धांजलि**

वहीं मेगास्टार चिरंजीवी ने भी अपनी संवेदना व्यक्त की और तेलुगू भाषा में शिव शक्ति को श्रद्धांजलि दी। उन्होंने लिखा कि श्री शिव शक्ति दत्ता, एक चित्रकार, संस्कृत भाषा के विद्वान, लेखक, कहानीकार और बहुमुखी प्रतिभा के धनी थे। उनके जाने की खबर से मैं बेहद हैरान हूं। ईश्वर से प्रार्थना है कि उनकी आत्मा को शांति मिले... मैं अपने मित्र और उनके परिवार के सदस्यों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करता हूं। शिव शक्ति दत्ता ने अपने करियर में 'बाहुबली', 'आरआरआर', 'मगधीरा', 'राजन्ना' और 'श्रीरामदासु' जैसी सुपरहिट फिल्मों के लिए गाने लिखे। दत्ता के लिखे गीतों में पौराणिकता की झलक और गहराई देखने को मिलती थी। 'साहोरे बाहुबली', 'रामम राघवम', 'ममता थल्ली' और 'अम्मा अवनी' जैसे गीत दर्शकों की यादों में बसे हुए हैं। दत्ता ने निर्देशन और पटकथा लेखन में भी अपनी किस्मत आजमाई थी।

# 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी' और तुलसी का किरदार सिर्फ ट्रेंड नहीं, बना परंपरा : स्मृति ईरानी

**मुंबई,** 8 जुलाई (एजेंसियां)। अभिनेत्री और राजनेता स्मृति ईरानी एक बार फिर से टीवी सीरियल 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी' में तुलसी विरानी के किरदार में वापसी कर रही हैं। इस शो ने पहले भारतीय टीवी पर लंबे समय तक राज किया था। शो के प्रभाव के बारे में बात करते हुए उन्होंने कहा कि यह शो एक पॉप-कल्चर बन गया था। लोग तुलसी जैसे किरदारों से जुड़ाव महसूस करते थे। शो और यह किरदार एक ट्रेंड नहीं, बल्कि लोगों के घरों की परंपरा बन गयी थी। स्मृति ईरानी ने कहा कि भले ही यह शो कई साल पहले आया था, लेकिन लोग आज भी इसे याद करते हैं और पसंद करते हैं। यह सीरियल और तुलसी का किरदार लाखों भारतीयों के दिलों में अपनी एक खास जगह बना चुके हैं।

उन्होंने शो के बारे में बात करते हुए कहा कि जब मैंने पहली बार तुलसी का किरदार निभाना शुरू किया, तब मैंने कभी सोचा भी नहीं था कि उसकी कहानी इतनी दूर तक जाएगी। यह कहानी सिर्फ लोगों के घरों तक नहीं, बल्कि लाखों भारतीयों के दिलों तक पहुंची। तुलसी सिर्फ एक किरदार नहीं थी। वह लोगों के लिए एक बेटी, एक मां और एक दोस्त बन गई। बहुत से लोगों ने उसमें अपनी ताकत, त्याग और विश्वास की झलक देखी। एक्ट्रेस ने कहा कि साल 2000 के आस-पास, जब सोशल मीडिया या हैशटैग जैसी चीजें नहीं थीं, तब भी 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी' इतना मशहूर हुआ कि वह सिर्फ एक ट्रेंड नहीं रहा, बल्कि लोगों के घरों की परंपरा बन गया। उन्होंने आगे कहा कि इस शो ने कामयाबी के सारे रिकॉर्ड तोड़े, सिर्फ नंबरों से नहीं, बल्कि



लोगों की भावनाओं से। परिवार के सभी सदस्य अपना सब काम छोड़कर एक साथ बैठकर यह शो देखते थे। तुलसी के नाम पर घरों में बहस होती थी, हंसी होती थी, आंसू बहते थे। जब मैं टीवी से चली भी गई, तब भी तुलसी लोगों के दिलों में जिंदा रही। लोग मुझे मेरे असली नाम 'स्मृति' से नहीं, बल्कि 'तुलसी' कहकर बुलाते रहे, क्योंकि तुलसी सिर्फ टीवी पर नहीं, बल्कि लोगों की यादों, आदतों और घरों का हिस्सा बनी। ऐसी पहचान कोई स्क्रिप्ट से नहीं मिलती, ये तो लोगों का प्यार होता है, जो हाथ जोड़कर और दिल से आभार के साथ स्वीकार करना पड़ता है। स्मृति ईरानी ने आगे कहा कि अब सालों बाद, जिंदगी फिर से उसी मोड़ पर आ गई है। लेकिन ये वापसी बीते समय को दोहराने के लिए नहीं, बल्कि उस भावना को फिर से जगाने के लिए है, जो कभी पूरी तरह से खत्म नहीं हुई थी। अब तुलसी सिर्फ एक किरदार बनकर नहीं लौट रही, बल्कि एक भावना, एक याद और एक जुड़ाव बनकर वापस आ रही है, जो वक्त की कसौटी पर खरी उतरी है।

# महाराष्ट्र में हिंदी भाषियों पर हमला निरहुआ ने कहा कि तारा-सितारा बेरोजगार

**मुंबई,** 8 जुलाई (एजेंसियां)। भोजपुरी फिल्मों के अभिनेता और पूर्व सांसद दिनेश लाल यादव 'निरहुआ' ने महाराष्ट्र में हिंदी भाषी लोगों पर हो रहे हमलों को लेकर तीखी प्रतिक्रिया दी। छपरा में फिल्म प्रमोशन के दौरान उन्होंने कहा कि यह पूरी तरह से गंदी राजनीति है, क्योंकि महाराष्ट्र में निकाय चुनाव आने वाले हैं।

उन्होंने राज ठाकरे और उद्धव ठाकरे पर निशाना साधते हुए कहा कि ये दोनों तारा-सितारा बेरोजगार हैं, इनके पास न कोई सांसद है, न विधायक, न ही राज्यसभा में कोई सीट। इनका राजनीतिक करियर पूरी तरह खत्म हो चुका है।

निरहुआ ने आरोप लगाया कि ये नेता चुनाव से पहले लोगों की भावनाएं भड़काकर माहौल बिगाड़ रहे हैं और हिंदी भाषियों पर हमले कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि अगर इनकी इस राजनीति को यहीं नहीं रोका गया तो अंजाम खतरनाक हो सकता है। कांग्रेस सरकार के समय भी ऐसा हुआ था, लेकिन अब देश में मोदी जी की सरकार है। अगर अब भी ऐसे हमले होते हैं तो देश का भरोसा उठ जाएगा।

उन्होंने आम लोगों से अपील की कि इस तरह की राजनीति का विरोध



करें। निरहुआ ने सवाल उठाया कि ये लोग सिर्फ गरीबों को ही क्यों निशाना बनाते हैं। कोई रिक्शा चला रहा है, कोई ठेला, तो कोई अपनी रोजी-रोटी कमा रहा है, और आप उन्हीं को इस तरह मार रहे हैं। अगर आपको दम दिखाना है तो बड़े लोगों में दिखाओ। गरीब लोगों को निशाना बनाना सही नहीं है।

निरहुआ ने कहा कि मैं खुद 2008 से महाराष्ट्र में रह रहा हूं, हिंदी बोलता हूं, तो मुझे भगाकर दिखाओ। 2008 में तो मैं नेता भी नहीं था, फिर भी मैंने यही कहा था और आज भी कह रहा हूं, अगर किसी को आपत्ति है, तो मुझे भगाओ। उन्होंने जोर देकर कहा कि देश में अब गुंडागर्दी नहीं चलने दी जाएगी और प्रधानमंत्री मोदी से लोगों को उम्मीद है कि वे ऐसे तत्वों पर सख्त कार्रवाई करेंगे।

### देश की सभी भाषाओं का हो सम्मान : उदित नारायण

*महाराष्ट्र में उठे हिंदी और मराठी भाषा विवाद पर उदित नारायण ने संतुलित बयान दिया है। उन्होंने सबसे 'संस्कृति का सम्मान' करने की अपील की है। गायक ने कहा कि महाराष्ट्र में रहने के कारण स्थानीय भाषा और संस्कृति का सम्मान करना चाहिए। हालांकि, उन्होंने कहा कि लोगों को भारत की अन्य भाषाओं की भी इज्जत करनी चाहिए।*

*उदित नारायण ने कहा कि अगर आप महाराष्ट्र में रहते हैं, तो आपको मराठी भाषा और वहां की संस्कृति का सम्मान करना चाहिए। लेकिन साथ ही हमें भारत की दूसरी भाषाओं का भी सम्मान करना चाहिए। उन्होंने कहा कि हम महाराष्ट्र में रहते हैं और यह मेरी कर्मभूमि है, इसलिए यहां की भाषा खास है। इसके साथ ही, हमारे देश की सभी भाषाएं भी मराठी की तरह ही बराबर सम्मान की हकदार हैं।*

# 30 की उम्र के बाद उच्च रक्तचाप में तेजी



1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## वर्ग पहेली 6968

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ | | २ | | ३ | ■ | ४ | | ५ | |
| | ■ | | ■ | ६ | | | ■ | | ■ |
| ७ | | | ■ | | ■ | ८ | | | ९ |
| | ■ | ■ | ■ | १० | | | ■ | ■ | |
| ■ | ११ | | १२ | | ■ | ■ | १३ | | |
| ■ | | ■ | | ■ | १४ | | | ■ | |
| १५ | | १६ | | ■ | | ■ | १७ | १८ | |
| | ■ | | ■ | १९ | | २० | ■ | | ■ |
| २१ | | | ■ | | ■ | २२ | | | २३ |
| | ■ | २४ | | | | ■ | ■ | ■ | |

**बायें से दायें:-**

१.दिखाई देता हुआ
४. बहुत ही मशहूर
६. पैदायशी अंधा
७. जोड़ा, जो दो की संख्या में हो
८. नीरस, फीका, बेमजा
१०. बंधन कड़ा करना, कसकर बांधना
११. कर या शुल्क का अतिरिक्त भार जो विशेष परिस्थितियों में किसी पर डाला जाए
१३. निदा, जुगुप्सा
१४. लाल कमल, चांदी, विष्णु, कपूर
१५. जिस पर असर पड़ा हो
१७. (के) स्थान पर, बदले में (उर्दू)
१९. इम्तहान, गुण-दोष योग्यता आदि जानने के लिए किया गया काम
२१. मिलाने वाला, जोड़ने वाला
२२. राहगीरों को लूटने का काम (उर्दू)
२४. अदालत

**ऊपर से नीचे:-**

१. शिव, धृतराष्ट्र का एक पुत्र, दृढ़ता पूर्वक अस्त्र चलाने वाला
२. श्रीकृष्ण
३. चंद्रमा
४. गोश या खराबी का दूर होना
५. सैनिक
९. जिसे नृत्य करना पसंद हो, मोर
११. हैरानी, अचरज
१२. विभक्त, भाग किया हुआ
१३. साहित्य सम्मान (उर्दू)
१४. दस से बारह वर्ष की कन्या कुंआरी कन्या, दुर्गा
१५. प्रतिद्वंद्वी, शत्रु, विरोधी
१६. वह विषाक्त कन्या जिसके संसर्ग करने से मृत्यु हो जाती है
१८. उचित, ठीक (उर्दू)
१९. प्रारंभ, शुरुआत
२०. जड़ी-बूटी या खनिजोंका रासायनिक विधि से बनाया गया नमक
२३. जो ऊपर न हो,अधो

### वर्ग पहेली-6967

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ ज | न | २ मा | न | ३ स | ■ | ४ प | द | ५ चि | न्ह |
| ड़ | ■ | त | ■ | ६ म | र्या | दा | ■ | ना | ■ |
| ७ म | द्धि | म | ■ | य | ■ | र्प | ■ | ८ ब | ९ हु |
| ति | ■ | ■ | ■ | १० पा | षा | ण | ■ | ■ | न |
| ■ | ११ बु | ल | १२ बु | ल | ■ | ■ | १३ इं | का | र |
| ■ | ला | ■ | लं | ■ | १४ हा | द | सा | ■ | मं |
| १५ क | वा | १६ य | द | ■ | ज | ■ | १७ न | १८ क | द |
| र्ज | ■ | म | ■ | १९ व | त | २० न | ■ | च्छ | ■ |
| २१ दा | न | व | ■ | णि | ■ | २२ व | नो | प | २३ ज |
| र | ■ | २४ रा | म | ज | न | नी | ■ | ■ | ल्द |

युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

## दुनिया को जानें

### स्विट्जरलैंड में बच्चों के लिए मलेरिया की नई दवा को दी मंजूरी

**बर्न।** स्विट्जरलैंड ने दावा निर्माता कंपनी नोवार्टिस की बच्चों के लिए मलेरिया की नयी दवा 'कॉर्टेम बेबी'को मंजूरी प्रदान कर दी है। कॉर्टेम नवजात बच्चों और शिशुओं पर इस्तेमाल के लिए उपयुक्त दुनिया की पहली मलेरिया दवा है। मलेरिया से संबंधित मौतों में से अधिकांश पांच साल से कम आयु वर्ग होती हैं। उम्मीद की जा रही है कि अफ्रीका में अगले कुछ हफ्तों में इस दवा का उत्पादन और वितरण शुरू हो जायेगा। मलेरिया से संबंधित अधिकांश मौतें अफ्रीकी महाद्वीप में दर्ज की जाती हैं। वर्ष 2023 में दुनिया भर में मलेरिया से पांच लाख से अधिक मौतें हुयीं। अब तक शिशुओं का इलाज बड़े बच्चों के लिए बनाई गई दवा की एक प्रायोगिक खुराक से किया जाता था, जिससे उन्हें अधिक खुराक और अन्य कई जोखिमों का सामना करना पड़ता था। एक रिपोर्ट के अनुसार यह दवा 4.5 किलोग्राम से कम वजन वाले शिशुओं के लिए पहली अनुमोदित मलेरिया उपचार है, जो पहले उपचार की कमी के कारण जोखिम में थे। इस दवा को स्विसमेडिक द्वारा अनुमोदित किया गया है और आठ अफ्रीकी देशों - बर्किना फासो, कोट डी आईवर, केन्या, मलावी, मोजाम्बिक, नाइजीरिया, तंजानिया और युगांडा में तेजी से इसके अनुमोदन की उम्मीद है।

# खेल जगत

## तीसरे टेस्ट में इंग्लैंड जोफ्रा आर्चर को टीम में दे मौका

**लंदन।** इंग्लैंड क्रिकेट टीम भारत के खिलाफ पांच मैचों की टेस्ट सीरीज का पहला मैच जीतने के बाद दूसरा मुकाबला 336 रनों के बड़े अंतर से हार गई है। सीरीज के तीसरे मैच से पहले इंग्लैंड के पूर्व तेज गेंदबाज जेम्स एंडरसन ने मेजबान टीम को अपने पेस अटैक में जोफ्रा आर्चर को शामिल करने की सलाह दी है। एंडरसन के अनुसार, मेजबान टीम को तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर को शामिल करके एक चांस लेना चाहिए। बेन स्टोक्स की अगुआई में इंग्लैंड की टीम भारत के खिलाफ लॉर्ड्स में यह मुकाबला खेलेगी। जोफ्रा आर्चर पिछले सप्ताह एजबेस्टन में इंग्लैंड की टीम से जुड़े थे। वह साल 2019 के बाद से कोई अंतरराष्ट्रीय मैच नहीं खेले, लेकिन हाल ही में ससेक्स के लिए प्रथम श्रेणी स्तर पर लाल गेंद से वापसी की है।



# बुमराह की तीसरे टेस्ट के लिए टीम में वापसी तय

■ सत्येन्द्र पाल सिंह

**नई दिल्ली,** 8 जुलाई (देशबन्धु)। शुभमन गिल के बल्ले से अनुकरणीय खेल और बतौर कप्तान गजब के नेतृत्व से भारत ने एजबेस्टन, बर्मिंघम में मेजबान इंग्लैंड को दूसरे टेस्ट में 336 रन से शिकस्त दे लीड्स में पहला टेस्ट पांच विकेट से हारने के बाद कमाल की वापसी कर एंडरसन तेंदुलकर ट्रॉफी के लिए खेली जा रही पांच टेस्ट की सीरीज में एक एक की बराबरी कर अपने आलोचकों का मुंह बंद कर दिया है। शुभमन गिल की यंग इंडिया का जिस तरह से इंग्लैंड के पूर्व टेस्ट क्रिकेटर नई और कमजोर बता कर जिस तरह से उसकी हंसी उड़ा रहे थे भारत की बड़ी जीत से उन सभी के मुंह पर ताला लग गया है।



■ भारत की एकादश में बस एक बदलाव मुमकिन
■ कुलदीप को लॉर्ड्स टेस्ट में भी भारतीय एकादश में जगह मुश्किल

भारत अब लॉर्डर्स में बृहस्पतिवार से शुरू हो रहे सीरीज के तीसरे टेस्ट के लिए अपनी एकादश में तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा की जगह जसप्रीत बुमराह को शामिल किया जाना तय लग रहा है। इसे छोड़ भारत की एकादश में कोई और बदलाव मुमकिन नहीं दिख रहा है। ऐसे में लॉर्डर्स टेस्ट के लिए भी कुलदीप यादव को भारत की एकादश में जगह मिलनी मुश्किल नजर आती है। 'बाज' के नाम से ख्यात अपने चीफ कोच न्यूजीलैंड के ब्रैंडन मैकुलम के नाम पर शुरू से दे दनादन करने की बाज बॉल के नाम से ख्यात नीति से खेलने की नीति से मेजबान इंग्लैंड टीम आलोचकों के निशाने पर आ गई। अपने तुरुप के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को उनके लोड मैनेजमेंट के चलते एजबेस्टन में खासतौर पर भारत के मोहम्मद सिराज और आकाश दीप की नई गेंद से कमाल की धारदार गेंदबाजी की बदौलत भारत ने जिस दमदार ढंग से टेस्ट सीरीज में एक एक की बराबरी की उससे इंग्लैंड की बाज बॉल की हवा ही निकल गई। भारत के लिए शुरू के दो टेस्ट मैचों में कप्तान शुभमन गिल और उप कप्तान ऋषभ पंत के दो दो शतकों और यशस्वी जायसवाल और केएल राहुल के एक एक शतक सहित कुल जड़े छह शतकों ने दर्शाया की उसका शीर्ष क्रम पूरे रंग में हैं। वहीं इंग्लैंड के लिए बेन डकेट, पॉप, हेरी ब्रुक और जैमी स्मिथ चार शतक जड़े गए। आकाशदीप ने जसप्रीत बुमराह को दूसरे टेस्ट में आराम दिए जाने पर मौके को भुनाने हुए भारतीय एकादश में जगह पाने पर दोनों पारियों में दस और मोहम्मद सिराज (सात विकेट) के मिलकर टस्ट में कुल 17 विकेट लेकर लॉर्डर्स टेस्ट के लिए इंग्लैंड के बल्लेबाजों की राह खासी मुश्किल कर दी है। भारत के शुरू के दो टेस्ट में नई गेंद से भारत के तेज गेंदबाज पहले टेस्ट में जसप्रीत बुमराह व दूसरे में मोहम्मद सिराज व आकाशदीप ने कहर बरपा उसकी बड़ी जीत के साथ सीरीज में वापसी कराई। भारत ने लीड्स में लगभग जीता सीरीज का पहला टेस्ट आखिरी दिन आखिरी घंटे में गंवाने के बाद भी भारतीय टीम की तारीफ करनी होगी कि उसने जीवट और खुद के भरोसे गजब का पलटवार किया। लीड्स में पहले टेस्ट भारत की हार का कारण दोनों पारियों में उसके निचले क्रम का ताश का पत्तों की तरह ढहना कहा गया था। भारत ने इससे सबक लिया। शार्दुल ठाकुर की दूसरे टेस्ट में जगह पाने वाले नीतिश रेड्डी व साई सुदर्शन की जगह वाशिंगटन सुंदर ने बल्ले और गेंद से दमदार प्रदर्शन से तीसरे टेस्ट के लिए अपना स्थान पक्का कर लिया। बेशक बाएं हाथ के लेग स्पिनर कुलदीप यादव के लिए तीसरे टेस्ट में जगह नहीं बनती है और अंतिम दो टेस्ट में उनके लिए जगह मुमकिन हो सकती है।

## कोंस्टास के बचाव में उतरे हेड कोच मैकडोनाल्ड



**सेंट जॉर्ज।** ऑस्ट्रेलियाई हेड कोच एंड्रयू मैकडोनाल्ड के अनुसार संघर्षरत सलामी बल्लेबाज सैम कोंस्टास अभी भी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के माहौल के हिसाब से खुद को ढाल रहे हैं। वेस्टइंडीज के खिलाफ दूसरे टेस्ट में उनका खेलना इस दिशा में 'एक छोटा कदम' था। एंड्रयू मैकडोनाल्ड का मानना है कि खिलाड़ियों के पास शुरुआती घरेलू क्रिकेट और ऑस्ट्रेलिया-ए मैचों के जरिए एशेज के लिए अपना दावा पेश करने का शानदार मौका होगा। कोंस्टास ने ग्रेनेडा में वेस्टइंडीज के खिलाफ पहली पारी में 25 रन बनाए। अगली पारी में कोंस्टास खाता तक नहीं खोल सके। कोंस्टास ने अब तक चार टेस्ट में 18.25 की औसत के साथ कुल 146 रन बनाए हैं। कोंस्टास सबीना पार्क में होने वाले तीसरे और अंतिम टेस्ट में खेलने के लिए तैयार हैं, जो इस वेन्यू पर पहला 'डे-नाइट टेस्ट' भी है। मैकडोनाल्ड ने कोंस्टास के शुरुआती टेस्ट करियर के बारे में कहा कि चार मैच, आठ इनिंग। शायद किसी के लिए भी जज करना जल्दबाजी होगी। मुझे लगता है कि टेस्ट क्रिकेट में हमेशा आपका स्किल लेवल या आपकी तकनीक ही चुनौतियां नहीं होती। यह उन पलों, दबाव और उन सभी बाहरी चीजों से निपटने की बात है, जो इसके साथ आती हैं। वह एक ऐसे खिलाड़ी हैं, जो अपने आपको माहौल में ढाल लेते हैं।

## इंग्लैंड की टीम में 'लॉड्स का राजा', भारत को रहना होगा सावधान!



**नई दिल्ली।** भारत-इंग्लैंड के बीच 10 जुलाई से तीसरे टेस्ट की शुरुआत होने जा रही है। यह मैच लॉर्ड्स में खेला जाना है। इस वक्त इंग्लैंड की टीम में एक ऐसा खिलाड़ी है, जिसे 'लॉर्ड्स का राजा' कहा जाता है। इस खिलाड़ी के नाम लॉर्ड्स के मैदान पर टेस्ट फॉर्मेट में सर्वाधिक रन दर्ज हैं।यहां हम बात कर रहे हैं इंग्लैंड के प्रमुख बल्लेबाज जो रूट की, जो टीम के पूर्व कप्तान भी रह चुके हैं। जो रूट लॉर्ड्स के मैदान पर टेस्ट इतिहास में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज हैं। उन्होंने यहां साल 2013 से अब तक कुल 22 टेस्ट खेले हैं, जिसकी 40 पारियों में 54.64 की औसत के साथ 2,022 रन बनाए। जो रूट इस मैदान पर नाबाद 200 रन की पारी खेल चुके हैं। यहां उन्होंने सात शतक और इतने ही अर्धशतक जड़े हैं। इस मैदान पर उनके नाम 224 चौके भी हैं। भारत के खिलाफ पांच मुकाबलों की इस टेस्ट सीरीज में जो रूट के प्रदर्शन को देखें, तो दाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने अब तक दो टेस्ट की चार पारियों में 36.33 की औसत के साथ 109 रन बनाए हैं।

# मैं जोकोविच और अल्काराज को फाइनल में देखना पसंद करूंगा : विराट कोहली



**नई दिल्ली,** 8 जुलाई (एजेंसियां)। भारतीय क्रिकेटर विराट कोहली ने कहा है कि वह नोवाक जोकोविच और कार्लोस अल्काराज को विम्बलडन के फाइनल में देखना पसंद करेंगे और उन्हें उम्मीद है कि नोवाक यह मैच जीतेंगे। विराट ने स्टार स्पोर्ट्स और जियोहॉटस्टार विंबलडन 2025 के विशेषज्ञ, दिग्गज विजय अमृतराज से विशेष बातचीत की, जो 7 जुलाई को नोवाक जोकोविच और एलेक्स डी मिनौर के बीच मुकाबला देखने के लिए अनुष्का शर्मा के साथ मौजूद थे। कोहली ने हाल के वर्षों में विंबलडन खेलों में भाग लेने के अपने अनुभव और अपने वर्तमान पसंदीदा टेनिस खिलाड़ी के बारे में बताया। विराट कोहली ने अपने पसंदीदा पुरुष एकल खिलाड़ी के बारे में कहा कि मैं पिछले कुछ समय से नोवाक जोकोविच के संपर्क में हूं। हमने संदेशों का आदान-प्रदान किया है, और वह बहुत दयालु रहे हैं। मैं नोवाक जोकोविच और कार्लोस अल्काराज को फाइनल में देखना पसंद करूंगा – और मुझे उम्मीद है कि नोवाक यह मैच जीतेंगे। पूर्व भारतीय टेस्ट कप्तान ने कहा कि यह उनके करियर के इस चरण में एक बहुत बड़ी उपलब्धि होगी। वह निश्चित रूप से सभी समय के महानतम खिलाड़ियों में से एक के रूप में चर्चा में हैं – यदि महानतम नहीं हैं – सबसे अधिक ग्रैंड स्लैम खिताब के साथ। वह वास्तव में अपनी कड़ी मेहनत के लिए इसके हकदार हैं।



मैं पिछले कुछ समय से नोवाक जोकोविच के संपर्क में हूं। हमने संदेशों का आदान-प्रदान किया है, और वह बहुत दयालु रहे हैं। मैं नोवाक जोकोविच और कार्लोस अल्काराज को फाइनल में देखना पसंद करूंगा - और मुझे उम्मीद है कि नोवाक यह मैच जीतेंगे : **विराट कोहली**



## भारत के खिलाफ वनडे सीरीज में सिवर-ब्रंट करेंगी इंग्लैंड की कप्तानी

**लंदन,** 8 जुलाई (एजेंसियां)। ग्रोइन इंजरी से जूझ रहीं नैट सिवर-ब्रंट भारत के खिलाफ वनडे सीरीज के लिए चयनित 15 सदस्यीय इंग्लैंड की टीम की अगुवाई करती दिखेंगी। नैट सिवर-ब्रंट दूसरे टी20 में बल्लेबाजी के दौरान चोटिल हो गई थीं जिसके बाद शेष सीरीज के लिए टैमी बोमॉन्ट को टीम की कमान सौंपी गई थी। हालांकि चयनकर्ताओं को उम्मीद है कि पहले वनडे से पहले सिवर-ब्रंट फिट हो जाएंगी। इंग्लैंड की वनडे टीम में सोफी एक्लस्टोन की भी वापसी हुई है जो कि सीजन की शुरुआत में चोट से रिकवरी के चलते वेस्टइंडीज के खिलाफ वनडे सीरीज का हिस्सा नहीं बन पाई थीं, एक्लस्टोन को सारा ग्लेन की जगह टीम में शामिल किया गया है। माइया बाउचर जिन्हें सिवर-ब्रंट के रिप्लेसमेंट के तौर पर टी20 सीरीज़ के लिए बुलावा आया था, उन्हें भी वनडे टीम में शामिल किया गया है। लॉरेन फाइलर जिन्होंने शुक्रवार को स्मृति मंधाना और जेमिमाह रॉड्रिग्स के अहम विकेट चटकाते हुए इंग्लैंड की जीत में अहम भूमिका अदा की उन्हें जनवरी में हुए एशेज टूर के बाद पहली बार इंग्लैंड की वनडे टीम में शामिल किया गया है।

## भारतीय अंडर-15 कुश्ती टीमों का बिश्केक में 2025 एशियाई चैम्पियनशिप में शानदार प्रदर्शन

**नई दिल्ली,** 8 जुलाई (एजेंसियां)। भारतीय अंडर-15 कुश्ती टीमों ने 4 से 7 जुलाई तक बिश्केक (किर्गिस्तान) में आयोजित 2025 अंडर-15 एशियाई कुश्ती चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन किया, जिसमें फ्री स्टाइल, ग्रीको रोमन और महिला कुश्ती श्रेणियों में प्रतिस्पर्धा की गई। भारत ने फ्री स्टाइल कुश्ती में टीम चैंपियन का खिताब जीता भारतीय अंडर-15 फ्री स्टाइल कुश्ती टीम कुल 203 अंक हासिल करके टीम चैंपियन बनी, जबकि जापान 166 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर रहा। भारतीय दल ने 6 स्वर्ण, 1 रजत और 1 कांस्य सहित 8 पदक जीते और प्रतियोगिता में अपना दबदबा बनाए रखा। फ्री स्टाइल में पदकों की होड़ की शुरुआत वंश अहलावत से हुई, जिन्होंने रोमांचक मुकाबले में अपने जापानी प्रतिद्वंद्वी को 9-8 के स्कोर से हराकर भारत के लिए पहला स्वर्ण पदक जीता। उनकी जीत से प्रेरित होकर, टीम ने अनुकरणीय भावना दिखाई। आर्यन (44 किग्रा) ने तकनीकी श्रेष्ठता (16-6) से किर्गिज पहलवान को हराया प्रथमेश सूर्यकांत पाटिल ने अपने उज्बेक प्रतिद्वंद्वी को 7-4 से हराया रोहित मान ने ताजिकिस्तान पर 10-0 की तकनीकी श्रेष्ठता से जीत हासिल की सचिन (68 किग्रा) ने अपने उज्बेक प्रतिद्वंद्वी को हराकर जीत हासिल की कार्तिक (85 किग्रा) ने कजाकिस्तान को 3-1 से हराकर जीत हासिल की भारतीय महिला पहलवानों ने टीम उपविजेता का खिताब जीता महिला कुश्ती टीम शानदार प्रदर्शन करते हुए 202 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर रही, जो जापान से थोड़ा पीछे है, जिसने 217 अंक बनाए। एक गहन चैंपियनशिप में जहां भारत और जापान के बीच 7 स्वर्ण पदक मुकाबले हुए, भारत 2 स्वर्ण और एक महत्वपूर्ण कांस्य जीतने में सफल रहा, अंततः कुल 3 स्वर्ण, 5 रजत और 1 कांस्य पदक जीता। जिया (33 किग्रा) ने अपनी जापानी प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ 4-2 से जीत दर्ज कर स्वर्ण पदक जीता। पूर्वी शर्मा (66 किग्रा) ने अपनी जापानी प्रतिद्वंद्वी को 8-0 से हराया। दीक्षा (39 किग्रा) ने अपनी किर्गिज प्रतिद्वंद्वी को हराकर शानदार प्रदर्शन किया।



# भारत अंडर-19 टीम आखिरी यूथ वन डे हारी

### भारत अंडर- 19 ने आखिरी मैच हारने के बावजूद इंग्लैंड अंडर-19 से यूथ वन डे की सीरीज 3-2 से जीती

**नई दिल्ली,** 8 जुलाई (देशबन्धु)। विस्फोटक सलामी बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी के शीर्ष क्रम मे 33 रन की तेज पारी और आर एस अंबरीश के अर्धशतक के बावजूद भारत अंडर 19 टीम ने मेजबान इंग्लैंड अंडर 19 से पांचवां और आखिरी यूथ वन डे अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच वूस्टर में सात विकेट से हारने के बावजूद सीरीज 3-2 से जीत ली। भारत अंडर 19 टीम ने वैभव सूर्यवंशी और विहान मल्होत्रा के तूफानी शतकों से चौथा वन डे अंतरराष्ट्रीय मैच इंग्लैंड अंडर 19 से जीतने के साथ अंतिम मैच से पहले ही 3-1 की बढ़त के साथ सीरीज अपने नाम कर ली थी। नवोदित ऑफ स्पिनर अनमोल जीत अंतिम वन डे में भारत अंडर 19 टीम के लिए अपने वन डे करियर का आगाज किया और अपने दो ओवर में 17 रन ही दिए।



■ नमन पुष्पक, डॉकिस व रॉकी पिलंटॉफ भारत अंडर 19 के सबसे कामयाब गेंदबाज रहे

कप्तान आयुष म्हात्रे के सीरीज में पहली बार टॉस जीता और भारत अंडर 19 पहले बल्लेबाजी करते हुए वैभव सूर्यवंशी के 42 गेंद खेल दो छक्कों और तीन चौकों की मदद से 33 और निचले क्रम में तेज गेंदबाजी ऑलराउंडर आर एस अंबरीश के 81 गेंदों पर छह चौकों की मदद से अविजित 66 रन की अच्छी पारियों के बावजूद भारत अंडर 19 टीम निर्धारित 50 ओवर में 9 विकेट पर 210 रन ही बना सकी। भारत अंडर 19 के लिए मध्यक्रम में राहुल कुमार (21 रन, 48 गेंद), विकेटकीपर बल्लेबाज हरवंश पंगालिया (24 रन, 37 रन, तीन चौके) और कनिष्क चौहान (24 रन, 45 गेंद, 2 चौके) ने बढ़िया आगाज जरूर किया लेकिन इसे बड़ी पारी में तब्दील नहीं खेल पाए। अंबरीश ने युद्धजीत गुहा(10 रन) के साथ आठवें विकेट के लिए 68 रन की सबसे बड़ी भागीदारी की। तेज गेंदबाज एलेक्स फ्रेंच और तेज गेंदबाज राल्फ अल्बर्ट ने इंग्लैंड अंडर 19 के लिए दो दो विकेट चटकाए। वैभव सूर्यवंशी का बेशकीमती विकेट मॉर्गन के हिस्से आया। जवाब में बेन मेज (अविजित 82 रन, 76 गेंद, एक छक्का, 11 चौके) की सलामी बल्लेबाज बेन डॉकिंस (66 रन, 53 गेंद, तीन छक्के,9 चौके) के साथ दूसरे विकेट की 107 और कप्तान थॉमस रेव (अविजित 49 रन, 37 गेंद, एक छक्का,सात चौके) के साथ चौथे विकेट की 90 रन की अटूट भागीदारी की बदौलत इंग्लैंड अंडर 19 ने 31.1ओवर में तीन विकेट पर 211 रन बना मैच जीत लिया।

## सार संक्षेप

### विंबलडन के दौरान सिनर चोटिल, करवाना होगा 'एमआरआई स्कैन'

**लंदन।** विंबलडन के चौथे दौर में ग्रिगोर दिमित्रोव के खिलाफ मुकाबले के शुरुआती चरण में यानिक सिनर गिरकर चोटिल हो गए, जिसके बाद वर्ल्ड नंबर-1 सिनर चोट की जांच के लिए 'एमआरआई स्कैन' कराने की योजना बना रहे हैं। हालांकि, सिनर विंबलडन के चौथे दौर में पहुंच गए हैं, क्योंकि ग्रिगोर दिमित्रोव को चोट के कारण मैच छोड़ना पड़ा। चौथे दौर के मैचअप के पहले ही गेम में सिनर हार की ओर बढ़ते हुए दिखाई दे रहे थे। इसी बीच जमीन पर एक सहज दिखने वाली स्लाइड के दौरान उनकी कोहनी में चोट लग गई। इसके बाद उन्हें 'मेडिकल टाइमआउट' मिला।हाल ही में अपने फिजियोथेरेपिस्ट और ट्रेनर से अलग होने के बाद, सिनर अब अपनी कोहनी के इलाज के लिए एटीपी टूर के फिजियो की मदद लेंगे। सिनर ने मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि उस तरह गिरना काफी दुर्भाग्यपूर्ण था। मैंने वीडियो देखी, तो लगा कि यह गंभीर नहीं था, लेकिन फिर भी मुझे काफी दर्द महसूस हुआ, खासकर सर्व और फोरहैंड पर। मैं दर्द को महसूस कर सकता था। अब देखते हैं, कल चोट की जांच करेंगे, फिर तय करेंगे आगे क्या करना है।

### कुंदाई माटिगिमु पर आईसीसी की कार्रवाई

**बुलावायो।** जिम्बाब्वे के तेज गेंदबाज कुंदाई माटिगिमु को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ जारी दूसरे टेस्ट के दौरान आईसीसी आचार संहिता के लेवल-1 के उल्लंघन का दोषी पाया गया है। इसके चलते माटिगिमु पर मैच फीस का 15 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है। दोनों टीमों के बीच क्वींस स्पोर्ट्स क्लब में यह मुकाबला खेला जा रहा है। यह घटना दक्षिण अफ्रीकी पारी के 72वें ओवर की है। मुकाबले के पहले दिन माटिगिमु ने अपने फॉलो-थ्रू में गेंद को फील्ड किया और बल्लेबाज लुआन-डी प्रीटोरियस की ओर फेंका, जो करीब से उनकी कलाई पर लगी। इस घटना के बाद, माटिगिमु को आईसीसी आचार संहिता के अनुच्छेद 2.9 का उल्लंघन करते हुए पाया गया, जो 'अंतरराष्ट्रीय मैच के दौरान अनुचित/खतरनाक तरीके से किसी खिलाड़ी पर या उसके पास गेंद (या क्रिकेट उपकरण का कोई अन्य सामान) फेंकने' से संबंधित है। यह आरोप मैदानी अंपायर्स के साथ थर्ड और फोर्थ अंपायर ने लगाया। माटिगिमु ने मैच रेफरी रंजन मदुगले के प्रस्तावित दंड को स्वीकार कर लिया है।

# टी-20 गेंदबाजों की सूची में शीर्ष स्थान के करीब पहुंची दीप्ति

**दुबई,** 8 जुलाई (एजेंसियां)। भारतीय स्पिनर दीप्ति शर्मा टी20 क्रिकेट में नंबर 1 गेंदबाज बनने के करीब पहुंच गई हैं। वह आईसीसी महिला टी20 खिलाड़ी रैंकिंग में शीर्ष स्थान से आठ रेटिंग अंक दूर हैं।

दीप्ति पिछले छह वर्षों में अधिकांश समय टी20 गेंदबाजों की रैंकिंग में शीर्ष 10 में रही हैं, लेकिन 27 वर्षीय दीप्ति कभी भी शीर्ष स्थान पर नहीं रही हैं, जबकि हाल के दिनों में उन्होंने शानदार प्रदर्शन किया है। टी20 रैंकिंग में नवीनतम अपडेट में दीप्ति ने एक स्थान की छलांग लगाई है और ऑस्ट्रेलिया की तेज गेंदबाज एनाबेल सदरलैंड को पछाड़कर रैंकिंग में दूसरा स्थान हासिल किया है। दाएं हाथ की यह गेंदबाज अब रैंकिंग में शीर्ष पर मौजूद पाकिस्तान की सादिया इकबाल से केवल आठ रेटिंग अंक पीछे है।



■ दीप्ति पिछले छह वर्षों में अधिकांश समय टी20 गेंदबाजों की रैंकिंग में शीर्ष 10 में रही हैं

दीप्ति ने इंग्लैंड के खिलाफ भारत की पांच मैचों की टी20 सीरीज के तीसरे मैच में तीन विकेट लेने के बाद अपनी रैंकिंग में सुधार किया है। सीरीज के अंतिम दो मुकाबलों में कुछ बेहतरीन प्रदर्शन के साथ यह ऑफ स्पिनर अपनी पाकिस्तानी प्रतिद्वंद्वी से शीर्ष स्थान हासिल कर सकती है।टीम की साथी अरुंधति रेड्डी भी रैंकिंग में सुधार कर रही हैं।

इंग्लैंड के खिलाफ ओवल में सीरीज के सबसे हालिया मैच में तीन विकेट लेने के बाद इस तेज गेंदबाज ने 11 पायदान की छलांग लगाई है और टी20 गेंदबाजों की सूची में 43वें स्थान पर पहुंच गई हैं।इंग्लैंड की कई गेंदबाजों ने भी लंदन के प्रतिष्ठित मैदान पर पांच रन से मिली जीत के बाद रैंकिंग में सुधार किया है। तेज गेंदबाज इस्सी वोंग (तीन पायदान ऊपर चढ़कर 57वें स्थान पर) और लॉरेन फाइलर (21 पायदान ऊपर चढ़कर 68वें स्थान पर) दो सबसे बड़ी छलांग लगाने वाली गेंदबाज हैं। वहीं तेज गेंदबाज लॉरेन बेल ने रैंकिंग में चौथा स्थान बरकरार रखा है। आईसीसी की रिपोर्ट के अनुसार, ऑस्ट्रेलिया की बेथ मूनी टी20 बल्लेबाजों की रैंकिंग में शीर्ष पर अपनी मामूली बढ़त बनाए हुए हैं, हालांकि इंग्लैंड और भारत के खिलाड़ियों द्वारा अपनी मौजूदा श्रृंखला में कुछ बेहतरीन प्रदर्शन के बाद शीर्ष 10 के बाहर कुछ बदलाव हुए हैं।भारत की डायनेमो जेमिमा रोड्रिग्स ब्रिस्टल में श्रृंखला के दूसरे मैच में अर्धशतक बनाने के बाद दो स्थान की बढ़त हासिल कर 12वें स्थान पर पहुंच गई हैं, जबकि सलामी बल्लेबाज डैनी वायट-हॉज और सोफिया डंकले ओवल में अपनी शानदार साझेदारी के बाद इंग्लैंड के दृष्टिकोण से बड़ी विजेता हैं।

## सलमान अली आगा बांग्लादेश के खिलाफ टी-20 सीरीज में पाकिस्तान की अगुवाई करेंगे



**इस्लामाबाद,** 8 जुलाई (एजेंसियां)। पाकिस्तान ने बांग्लादेश के खिलाफ आगामी तीन मैचों की टी20 सीरीज के लिए अपनी 15 सदस्यीय टीम की घोषणा कर दी है। यह सीरीज इस महीने के आखिर में मीरपुर में खेली जाएगी। पूर्व मुख्य खिलाड़ी बाबर आजम, मोहम्मद रिजवान और शाहीन शाह अफरीदी टीम से बाहर रहने वाले उल्लेखनीय खिलाड़ियों में शामिल हैं। फहीम अशरफ और फखर जमान टी20 टीम में वापस आ गए हैं। अशरफ ने आखिरी बार 2023 में न्यूजीलैंड के खिलाफ टी20 मैच खेला था, जबकि जमान ने इस प्रारूप में पिछली बार 2024 में हिस्सा लिया था। इस बीच, अहमद दानियाल ने पीएसएल 2025 में शानदार प्रदर्शन के दम पर राष्ट्रीय टीम में पहली बार जगह बनाई है।

तेज गेंदबाजों में, नसीम शाह और मोहम्मद वसीम जूनियर अभी भी अपनी-अपनी चोटों से उबर रहे हैं, जबकि हारिस रऊफ यूएसए में मेजर लीग क्रिकेट (एमएलसी) 2025 में खेलते समय चोटिल हो गए हैं।

पाकिस्तानी टीम: सलमान अली आगा (कप्तान), अबरार अहमद, अहमद दानियाल, फहीम अशरफ, फखर जमान, हसन नवाज, हुसैन तलत, खुशदिल शाह, मोहम्मद अब्बास अफरीदी, मोहम्मद हारिस, मोहम्मद नवाज, साहिबजादा फरहान, सैम अयूब, सलमान मिर्जा, सुफियान मोकिम।

## सुडोकू 6968 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 7 | 8 | 1 | 2 | 5 | 6 | 3 | 9 |
| 6 | 3 | 1 | 9 | 8 | 7 | 2 | 4 | 5 |
| 5 | 2 | 9 | 4 | 3 | 6 | 8 | 1 | 7 |
| 8 | 5 | 2 | 3 | 4 | 9 | 1 | 7 | 6 |
| 9 | 6 | 7 | 5 | 1 | 8 | 3 | 2 | 4 |
| 3 | 1 | 4 | 7 | 6 | 2 | 5 | 9 | 8 |
| 2 | 9 | 5 | 6 | 7 | 1 | 4 | 8 | 3 |
| 1 | 4 | 6 | 8 | 9 | 3 | 7 | 5 | 2 |
| 7 | 8 | 3 | 2 | 5 | 4 | 9 | 6 | 1 |

# [ अर्थ जगत ]

**सर्वाधिक बढ़ने वाले शेयर**

| | |
|---|---|
| एशियन पेंट्स | 1.71 प्रतिशत |
| अडाणी पोर्ट | 0.90 प्रतिशत |
| अडाणी एंटरप्राइज | 0.59 प्रतिशत |
| बजाज फिनसर्व | 0.32 प्रतिशत |
| बजाज फाइनेंस | 0.87 प्रतिशत |

**सर्वाधिक घटने वाले शेयर**

| | |
|---|---|
| बजाज ऑटो | 1.47 प्रतिशत |
| सिपला | 1.47 प्रतिशत |
| एक्सिस बैंक | 0.83 प्रतिशत |
| अपोलो हास्पिटल | 0.67 प्रतिशत |
| भारती एयरटेल | 0.19 प्रतिशत |

**सर्राफा**

| दिल्ली | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम) स्टैंडर्ड | 96,596 |
| बिटूर | 88,730 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 39,795 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 1,06,531 |
| वायदा | 70,857 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 900 |
| बिकवाली | 880 |

**मुद्रा विनिमय**

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 77.85 | 90.26 |
| पौंड स्टर्लिंग | 105.22 | 122.04 |
| यूरो | 88.88 | 103.09 |
| चीन युआन | 8.4 | 13.63 |

**अनाज**

| | |
|---|---|
| देसी गेहूं एमपी | 2400-3000 |
| गेहूं दड़ा | 3100-3200 |
| आटा | 2800-2900 |
| मैदा | 2900-2950 |
| चोकर | 2000-2100 |

**मोटा आनाज**

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |

## पेट्रोल और डीजल की कीमतें अपरिवर्तित

नई दिल्ली। अंतराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में तेजी जारी रहने के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम अपरिवर्तित रहे, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपए प्रति लीटर तथा डीजल 87.62 रुपए प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 104.21 रुपए प्रति लीटर पर और डीजल 92.15 रुपए प्रति लीटर पर रहा।



# 2025 की पहली छमाही में पूरे भारत में 76 सौदों में 2,898 एकड़ से अधिक भूमि का हुआ लेन-देन

**मुंबई**, 8 जुलाई (एजेंसियां)। रियल एस्टेट डेवलपर्स द्वारा 2025 की पहली छमाही में भूमि खरीद का सिलसिला जारी रहा, जिसमें इस अवधि के दौरान पूरे भारत में 76 सौदों में 2,898 एकड़ से अधिक भूमि का लेन-देन हुआ। यह जानकारी मंगलवार को जारी एनारॉक की रिपोर्ट में दी गई। रिपोर्ट में कहा गया है कि 2025 में अब तक लेन-देन की गई भूमि की कुल मात्रा पहले से ही पूरे 2024 में देखी गई डील की मात्रा का 1.15 गुना है, जिसमें 2,515 एकड़ के लिए लगभग 133 सौदे पूरे हुए। रिपोर्ट के अनुसार, 2025 की पहली छमाही में लेन-देन की गई भूमि का कुल मूल्य 30,885 करोड़ रुपए था, जिसमें लगभग 1.47 लाख करोड़ रुपए की राजस्व क्षमता और 233 मिलियन वर्ग फुट से अधिक की कुल विकास क्षमता थी। रिपोर्ट में आगे बताया गया है कि 2025 की पहली छमाही में कुल भूमि सौदों में से, लगभग 991 एकड़ के लिए 67 से अधिक सौदे अकेले शीर्ष 7 शहरों में हुए। 1,907 एकड़ से अधिक के लिए शेष 9 सौदे अहमदाबाद, अमृतसर, कोयंबटूर, इंदौर, मैसूर और पानीपत जैसे टियर 2 और 3 शहरों में हुए।



- **2024 में देखी गई डील की मात्रा का 1.15 गुना है, जिसमें 2,515 एकड़ के लिए लगभग 133 सौदे पूरे हुए**
- **2025 की पहली छमाही में पूरे भारत में 76 सौदों में 2,898 एकड़ से अधिक भूमि का लेन-देन हुआ**

शीर्ष 7 शहरों में, भूमि की कमी वाले मुंबई महानगर क्षेत्र में सबसे अधिक 433 से अधिक एकड़ के लिए 24 भूमि सौदों के साथ कार्रवाई हुई, इसके बाद बेंगलुरु में लगभग 182 एकड़ के लिए 15 भूमि सौदे और पुणे में 214 एकड़ से अधिक के लिए 13 सौदे हुए। आवासीय रियल एस्टेट के अलावा, कमर्शियल, रिटेल, इंडस्ट्रियल लॉजिस्टिक्स, और वेयरहाउसिंग भी भारत भर में प्रमुख स्थानों पर प्रमुख भूमि सौदों को बढ़ावा दे रहे हैं।

2025 की पहली छमाही में कुल भूमि सौदों में से, 1,200 एकड़ से अधिक के लिए कम से कम 54 अलग-अलग सौदे अपार्टमेंट, विला, प्लॉटेड डेवलपमेंट और टाउनशिप परियोजनाओं जैसे आवासीय विकास के लिए प्रस्तावित हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि कमर्शियल प्रोजेक्ट्स के लिए लगभग 48.41 एकड़ के लिए 8 अन्य सौदे प्रस्तावित हैं और मिश्रित उपयोग विकास के लिए लगभग 1,034 एकड़ के लिए 6 सौदे प्रस्तावित हैं। एनारॉक ग्रुप के लैंड सर्विसेज एमडी और सीईओ मयंक सक्सेना ने कहा, '2021 से कोरोना महामारी के बाद के वर्षों में भूमि सौदों की लगातार बाढ़ देखी गई है।

# सोने की कीमत में उछाल, चांदी के दाम भी 900 रुपए से ज्यादा बढ़े

**नई दिल्ली**, 8 जुलाई (एजेंसियां)। सोने और चांदी की कीमतों में मंगलवार को तेजी देखने को मिली। 24 कैरेट के सोने की कीमत बढ़कर फिर से 97,000 रुपए प्रति 10 ग्राम के करीब आ गई है और चांदी की कीमत में भी 900 रुपए से ज्यादा का उछाल दर्ज किया गया। इंडिया बुलियन ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) द्वारा शाम को जारी की गई कीमतों के अनुसार, 24 कैरेट के सोने की कीमत 96,972 रुपए प्रति 10 ग्राम हो गई है, जो कि सोमवार शाम को जारी कीमत, 96,596 रुपए प्रति 10 ग्राम से 376 रुपए अधिक है। 22 कैरेट के 10 ग्राम सोने की कीमत बढ़कर 88,871 रुपए हो गई है, जो कि पहले 88,482 रुपए प्रति 10 ग्राम थी। वहीं, 18 कैरेट के 10 ग्राम सोने का दाम बढ़कर 72,766 रुपए हो गया है, जो कि पहले 72,447 रुपए प्रति 10 ग्राम था।



- **सोने की कीमत बढ़कर फिर से 97,000 रुपए प्रति 10 ग्राम के करीब आ गई**

आईबीजेए की ऑफिशियल वेबसाइट पर सोने और चांदी की कीमतों को दिन में सुबह और शाम दो बार अपडेट किया जाता है। सोने के साथ चांदी की कीमत में भी बढ़ोतरी देखने को मिली है। चांदी की कीमत 969 रुपए बढ़कर 1,07,500 रुपए प्रति किलो हो गई है, जो कि इससे पहले के कारोबारी दिन शाम को 1,06,531 रुपए प्रति किलोग्राम थी।


**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I, HARJEET SINGH GUMBER S/O SOHAN SINGH GUMBER resident of HOUSE NO 6/2, GOVIND NAGAR, BEHIND AMAR COMPLEX, PANDRI, RAIPUR (C.G.) have changed my old name HARIJEET SINGH GUMBER S/O SOHAN SINGH GUMBER so in future I should be recognized by my new name that is HARJEET SINGH GUMBER S/O SOHAN SINGH GUMBER in all Government and other documents.

**HARJEET SINGH GUMBER**
HOUSE NO 6/2, GOVIND NAGAR, BEHIND AMAR COMPLEX, PANDRI, RAIPUR (C.G.)

**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I, PURVI DHABALIA D/O VIKAS DHABALIA, ALIAS PURVI GUMBER W/O HARJINDER SINGH GUMBER resident of HOUSE NO 6/2, GOVIND NAGAR, BEHIND AMAR COMPLEX, PANDRI, RAIPUR (C.G.) have changed my old name PURVI DHABALIA D/O VIKAS DHABALIA, ALIAS PURVI GUMBER W/O HARJINDER SINGH GUMBER so in future I should be recognized by my new name that is PURVI KAUR GUMBER W/O HARJINDER SINGH GUMBER in all Government and other documents.

**PURVI KAUR GUMBER**
HOUSE NO 6/2, GOVIND NAGAR, BEHIND AMAR COMPLEX, PANDRI, RAIPUR (C.G.)

**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I, GURUCHARAN KAUR W/O HARIJEET SINGH GUMBER resident of HOUSE NO 6/2, GOVIND NAGAR, BEHIND AMAR COMPLEX, PANDRI, RAIPUR (C.G.) have changed my old name GURUCHARAN KAUR W/O HARIJEET SINGH GUMBER so in future I should be recognized by my new name that is GURUCHARAN KAUR GUMBER W/O HARJEET SINGH GUMBER in all Government and other documents.

**GURUCHARAN KAUR GUMBER**
HOUSE NO 6/2, GOVIND NAGAR, BEHIND AMAR COMPLEX, PANDRI, RAIPUR (C.G.)

**NAME CHANGE**

I hitherto known as MD SALIM KHAN F/O SHEKH HAMID R/O: H.No.460, Ward No.03, Near By Mukhti Dham, Dharsiwa, VTC: Dharsiva,PO: Dharsiwa Sub District: Raipur, District: Raipur, State: Chhattisgarh,PIN Code: 493221 have changed my name and shall hereafter be known as SHEK TANSIM.

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर 02**
**मामले की श्रेणी: राजस्व**
**ईश्तहार**

संदर्भ-जिला रायपुर तहसील-रायपुर प.ह.नं. 00053 डूमरतालाब ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक आरडी-202425440722000077

तहसील रायपुर के प.ह.नं. 00053 के अंतर्गत ग्राम डूमरतालाब के वर्तमान भूमिस्वामी सुरेन्द्र अल्लुवालिया वल्द धर्मपाल अल्लुवालिया पिता/पति पता सा. देह के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 203/7 0.0220 में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता भावेश दुबे पिता/पति मणीलाल दुबे पता म.नं. 8/882 फाफाडीह रायपुर के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण / अभिलेख दुरुस्ती / खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 11.07.2025 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर 02 पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपति स्वयं / अधिवक्ता आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते हैं। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 04.07.2025 को जारी किया जाता है।

मुहर **अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर**

**न्यायालय तहसीलदार रायपुर**
**मामले की श्रेणी: राजस्व**
**ईश्तहार**

संदर्भ-जिला रायपुर तहसील-रायपुर प.ह.नं. 00081 बोरियाकला ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक आरडी-202425440726400221

तहसील रायपुर के प.ह.नं. 00081 के अंतर्गत ग्राम बोरियाकला के वर्तमान भूमिस्वामी कृष्ण कुमार पिता/पति व खेमूराम पता के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 986/1 0.4330, 987/1 0.2430, 1006/1 0.1170 में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता श्रीमती कस्तूरी साहू पिता/पति स्व. गौरी शंकर साहू पता पुरैना रायपुर छ.ग., मोहिनी साहू पिता/पति स्व. कृष्ण कुमार साहू पता पुरैना रायपुर छ.ग., सिलोचना साहू पिता/पति स्व. कृष्ण कुमार साहू पता पुरैना रायपुर छ.ग., सिलोचना साहू पिता/पति स्व. कृष्ण कुमार साहू पता पुरैना रायपुर छ.ग., श्रीमती दमयन्ती बाई साहू पिता/पति स्व. कृष्ण कुमार साहू पता पुरैना रायपुर छ.ग., ना.बा. विवांश साहू पिता/पति स्व. गौरी शंकर साहू वली मां श्रीमती कस्तूरी साहू पति स्व. गौरी शंकर साहू पता पुरैना रायपुर छ.ग. के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण / अभिलेख दुरुस्ती / खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 23.07.2025 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय तहसीलदार रायपुर पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपति स्वयं / अधिवक्ता आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते हैं। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 07.07.2025 को जारी किया जाता है।

मुहर **तहसीलदार रायपुर**

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मण्डल रायपुर 13 भाठागांव, तह./जिला रायपुर (छ.ग.)**
**आम सूचना**

जारी दिनांक 08.07.2025

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक अणिमा अवधिया पिता रितेश अवधिया निवासी रायपुर द्वारा आवेदित ग्राम चंगोराभाठा प.ह.नं. 59 राजस्व निरीक्षक मण्डल रायपुर-13 स्थित भूमि खसरा नंबर 150/217 रकबा 1250 वर्गफुट हे. कुल खसरा क्रमांक 1 रकबा 1250 वर्गफुट हे. भूमि के सीमांकन न्यायालय तहसीलदार रायपुर के आदेश दिनांक 03.06.2025 के परिपालन में दिनांक 11.07.2025 को समय अपरान्ह 12 बजे मेरे द्वारा किया जाना नियत किया गया है।

अत: उक्त सीमांकन से जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा/आपत्ति हो वे उक्त सीमांकन हेतु नियत तिथि में हल्का पटवारी हल्का नंबर 59 के चंगोराभाठा स्थित पटवारी/राजस्व निरीक्षक कार्यालय में अपने दस्तावेजों सहित स्वयं अथवा अपने वैध अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। इसके उपरान्त किसी दावा/आपत्ति पर मेरे द्वारा विचार किया जाना संभव नहीं होगा।

**राजस्व निरीक्षक**
**रायपुर 13**

**न्यायालय नजूल अधिकारी रायपुर के न्यायालय में मामला**
**मामले की श्रेणी-राजस्व**
**आम सूचना**

क्रमांक: 202506112800044/203
विषय-अ-20 (3) सन् 2024-2025
रायपुर प.ह.नं. 00062 हे.
पक्षकारों का विवरण-आवेदक पक्षकार-श्रीमती कमला कौशिक पिता स्व. चैन सिंह पति श्री राम शरण कौशिक वगै., अनावेदक पक्षकार-

एतद् द्वारा सर्वसाधारण एवं मौजा सिविल स्टेशन रायपुर के आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदिकागण श्रीमती कमला कौशिक पिता स्व. चैन सिंह पति श्री रामशरण कौशिक वगै. निवासी एकता कॉलोनी श्रीराम नगर फेस 02 शंकर नगर रायपुर छ.ग. के द्वारा फौती नामांतरण बाबत् आवेदन पेश किया है कि मौजा सिविल स्टेशन स्थित ब्लॉक नंबर-12, प्लॉट नंबर 8/38 रकबा 600 वर्गफुट भूमि चैन सिंह एवं अन्य के नाम पर संयुक्त रूप से दर्ज है। चैन सिंह पिता प्रभुदास का मृत्यु दिनांक 06.05.1994 को गया है तथा उनकी पत्नि इन्द्रा बाई की मृत्यु दिनांक 20.10.1996 को गया है। चैन सिंह की पांच पुत्र पुत्रियां थीं, जिनमें से श्रीमती कमला कौशिक, आवेदिका है एवं अन्य चार पुत्र कम्म राम की मृत्यु दिनांक 01.11.2014 लक्ष्मण राम श्रीवास की मृत्यु दिनांक 21.10.2013, अशोक श्रीवास की मृत्यु दिनांक 26.08.2012 परदेशी राम की मृत्यु दिनांक 22.07.2002 को गया है। अतएव आवेदकगणों के द्वारा वारिसान हक के आधार पर अपना नाम दर्ज कराने हेतु आवेदन पत्र के साथ मृत्यु प्रमाण पत्र की छायाप्रति संलग्न कर प्रस्तुत किया है।

अतएव उक्त संबंध में जिस किसी को कोई आपत्ति दावा हो तो अपना आपत्ति दावा पेशी दिनांक 18.07.2025 तक न्यायालयीन अवधि में कार्यालय कलेक्टर नजूल अधिकारी रायपुर कक्ष क्रमांक-07 में स्वयं या वैध प्रतिनिधि के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते है। नियत अवधि के पश्चात् प्राप्त आपत्ति दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 26.06.2025 को जारी किया जाता है।

मुहर **नजूल अधिकारी रायपुर**

**आम सूचना**

जारी दिनांक 28.06.2025

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक ओम डेव्लपर्स भागीदार संतोष लोहाना पिता स्व. अशोक लोहाना निवासी रायपुर छ.ग. द्वारा आवेदित ग्राम सलोनी प.ह.नं. 12 राजस्व निरीक्षक मंडल केन्द्री स्थित भूमि खसरा नंबर 252/1, 252/5, 252/8, 252/20, 252/27, 252/30, 252/31, 252/37, 253/4, 253/5, 253/21, 253/22, 255/2, 255/41, 255/42, 305/3, 252/36, 256/1, रकबा क्रमश: 0.279, 0.280, 0.1170, 0.304, 0.0430, 0.3890, 0.1460, 0.1090, 0.1384, 0.6925, 0.0276, 0.1395, 0.1450, 0.2700, 0.0290, 0.0540, 0.3120 हे. भूमि का न्यायालय नायब तहसीलदार अभनपुर आदेश दिनांक 30.05.2025 के परिपालन में दिनांक 11.07.2025 को समय अपरान्ह 12 बजे मेरे द्वारा किया जाना नियत किया गया है। अत: उक्त सीमांकन में त्रुटि सुधार हेतु जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा आपत्ति हो वे उक्त सीमांकन बटांकन में त्रुटि सुधार बटांकन हेतु नियत तिथि में हल्का पटवारी हल्का नंबर 12 के सलौनी स्थित पटवारी कार्यालय में अपने दस्तावेजों सहित स्वयं या अपने वैध अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। इसके उपरांत किसी दावा/आपत्ति पर मेरे द्वारा विचार किया जाना संभव नहीं होगा।

**राजस्व निरीक्षक**
**केन्द्री-अभनपुर**

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार विनय कुमार शर्मा पिता स्व. श्री पवन कुमार शर्मा निवासी सुंदर नगर, रायपुर तहसील व जिला रायपुर छ.ग. के द्वारा विक्रेता अजय पाण्डेय पिता ज्ञानदीप पाण्डेय पता- डंगनिया, रायपुर जिला रायपुर छ.ग. से उनके स्वामित्व की परिवर्तित भूमि मौजा ग्राम मुजगहन प्लानेट सिटी, फेस-1 प्लाट नं. 163 प.ह.नं. 00082 रा.नि.मं. रायपुर-18-कांदुल खसरा नं. 15005/14 रकबा 0.0372 हे. कुल रकबा 4000 वर्गफुट को क्रय करने का पक्का सौदा तय कर बयाना अदा कर दिया गया है मात्र बैनामा पंजीयन की कार्यवाही शेष है।

अत: एतद् द्वारा सर्व साधारण जनता, व्यक्ति, संस्था निकाय सरकारी गैर सरकारी संस्था, वित्तीय संस्थाएं इत्यादि को सूचित किया जाता है कि यथावर्णित संपत्ति के संबंध में किसी प्रकार का कोई आपत्ति हो तो इस प्रकाशन के 15 दिवस के अंदर मेरे समक्ष उपस्थित होकर आपत्ति दर्ज की जावे। बाद समय अवधि बीत जाने के पश्चात् मेरा पक्षकार उपरोक्त विक्रयशुदा जमीन का रजिस्ट्री पंजीयन का कार्य पूर्ण करा लेवेगा। इसके बाद आपत्ति मान्य नही होगी।

सो सूचना जाने
रायपुर छ.ग.
दिनांक-08.07.2025

**नीतू गुप्ता (अधिवक्ता)**
**पता-सिविल कोर्ट रायपुर (छ.ग.)**

**आम सूचना**

(आवासीय परिसर रायपुर कॉआपरेटिव हाउसिंग सोसायटी लिमिटेड चौबे कालोनी (आत्मानंदवार्ड नगर निगम रायपुर), जो कि भूखण्ड क्रमांक 28-ए, कालेज वार्ड, रकबा 4800 वर्गफुट है, जिसके के संबंध में)

सर्व साधारण को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार उमेश अवधिया पिता स्व. भोलानाथ अवधिया निवासी फ्लैट 5-डी, ब्लॉक 01, कुबेर इन्क्लेव, जुनवानी रोड, कोहका, भिलाई, जिला दुर्ग छ.ग. के स्वामित्व एवं आधिपत्य की आवासीय परिसर रायपुर कॉआपरेटिव हाउसिंग सोसायटी लिमिटेड चौबे कालोनी (आत्मानंद वार्ड नगर निगम रायपुर), जो कि भूखण्ड क्रमांक 28-ए, कालेज वार्ड, रकबा 4800 वर्गफुट है, जिसमें मकान निर्मित है, जो मेरे पक्षकार के नाम पर स्वत्व व हक अधिकार में धारित की जाती है। उक्त भूखण्ड रायपुर कॉआपरेटिव हाउसिंग सोसायटी लिमिटेड चौबे कालोनी रायपुर द्वारा पंजीयन की कार्यवाही शेष है।

अत: उपरोक्त वर्णित समव्यवहार पर जिस किसी भी व्यक्ति, संस्था, साहूकार, बैंक बीमा नगर निगम, आर.डी.ए. आदि को किसी प्रकार की उजर आपत्ति हो तो इस आम सुचना प्रकाशन के 03 दिन के अंदर मेरे निचे लिखे पते पर लिखित में मय दस्तावेज के अपने आपत्ति प्रस्तुत करे। अन्यथा बाद म्याद के गुजरने के रजिस्ट्री करा ली जावेगी। एवं बाद में की गई उजर आपत्ति झुठी व नाजायज मानी जावेगी।

सो सूचना जाने
रायपुर छ.ग.
दिनांक- 07.07.2025

**भवदीय**
**आशुतोष मिश्रा (अधिवक्ता)**
**रायपुर (छ.ग.)**
**मो.नं. 7000429036**

**रायपुर विकास प्राधिकरण रायपुर**
**उद्घोषणा**

**क्रमांक 7665/आर.सी./रा.वि.प्रा./2025**
**रायपुर दिनांक 08/07/25**

नगर कुरूद प.ह.नं. 48 तहसील कुरूद, जिला धमतरी (छ.ग.) एतद् द्वारा सूचित किया जाता है, कि आवेदक श्री उमेश सिन्हा पिता अरूण सिन्हा निवासी वार्ड के 04 गांधी चौक कुरूद द्वारा इस निकाय में नामान्तरण बाबत् आवेदन पत्र पेश कर उल्लेख किया है कि आवेदक द्वारा स्थान वार्ड के 04 कलारपारा, कुरूद, प.ह.नं. 48, तहसील कुरूद व जिला धमतरी में स्थित भूमि खसरा नं. 973 का टुकड़ा, रकबा 1103.37 वर्गफुट आबादी भूमि कच्चा मकान स्थित है, जिसे अरूण सिन्हा पिता स्व. केजूराम सिन्हा निवासी वार्ड के 04 कुरूद से बंटवारानामा एवं सहमति पत्र दिनांक 23.06.2025 के आधार पर स्वामित्व एवं आधिपत्य प्राप्त किया है। अत: उक्त भूमि को बंटवारानामा एवं सहमति पत्र के आधार पर आवेदक के नाम को नगर पंचायत कुरूद के मांग पंजी में दर्ज किये जाने हेतु निवेदन किया गया है।

अत: आवेदक द्वारा प्रस्तुत नामान्तरण आवेदन के संबंध में किसी व्यक्ति / संस्था को दावा-आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वे नामान्तरण ईश्तहार प्रकाशन दिनांक से 30 दिनों के भीतर स्वत: अथवा वैध प्रतिनिधि के माध्यम से इस कार्यालय में उपस्थित होकर दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियम समयावधि बीत जाने के बाद प्राप्त दावा-आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

**राजस्व अधिकारी (तहसीलदार)**
**रायपुर विकास प्राधिकरण**
**रायपुर (छ.ग.)**

**रायपुर विकास प्राधिकरण रायपुर**
**उद्घोषणा**

**क्रमांक 7664/आर.सी./रा.वि.प्रा./2025**
**रायपुर दिनांक 08/07/25**

प्राधिकरण की डॉ. खूबचंद बघेल, रावांभाठा ट्रांसपोर्ट नगर योजना के अंतर्गत श्री अजय अग्रवाल आत्मज श्री रामस्वरूप अग्रवाल को ब्लॉक 17 में भूखण्ड क्रमांक डब्ल्यूएस 7-02 क्षेत्रफल 4035 वर्गफुट 30 (तीस) वर्षीय पट्टे पर धारित है, आबंटिती के द्वारा उक्त भूखण्ड को फ्री-होल्ड किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

उक्त भूखण्ड को फ्री-होल्ड किये जाने पर यदि किसी को कोई आपत्ति दावा होवें तो इस उद्घोषणा प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के भीतर अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष उपस्थित होकर आपत्ति/दावा प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित अवधि तक कोई आपत्ति/दावा प्रस्तुत नहीं होने पर शासन के प्रचलित नियमों के अनुसार फ्री-होल्ड की कार्यवाही संपादित करा दी जावेगी। जिसके बाद कोई आपत्ति/दावा ग्राह्य नहीं होगा। दिनांक 08.07.2025 को जारी।

**राजस्व अधिकारी (तहसीलदार)**
**रायपुर विकास प्राधिकरण**
**रायपुर (छ.ग.)**

**आम सुचना**

सर्वसाधारण को सूचित हो कि मेरे पक्षकार रमेश शिवमणि, पिता शिवमणि निवासी -10, Sembium High Road, First Floor, Puzhal, Kadirvedu, Tamil Nadu 600066 के द्वारा विक्रेता रामचरण सोनकर पिता आत्माराम सोनकर निवासी Tiranga Chowk, Kushalpur, Raipur के स्वामित व् आधिपत्य कि व्यपर्तित भूमि, स्थित भाटागांव रायपुर में प.ह.नं. 60 रा.नि.मं. भाटागांव तहसील रायपुर व जिला रायपुर छ. ग. में स्थित जिसका खसरा नंबर 233/19, 232/15 और 232/21 रकबा 0.1636 हेक्टेयर में से 1721 वर्गफुट को क्रय करने का पक्का सौदा तय किया गया है।

यह कि, उक्त वर्णित संपत्ति के संव्यवहार के सम्बन्ध में किसी भी व्यक्ति बैंक, वित्तीय संस्था, बोर्ड, निकाय, शासकीय, अर्धशासकीय संस्था इत्यादि को किसी भी प्रकार का कोई आपत्ति या उजर दावा हो तो इस आम सुचना के प्रकाशन के 7 दिवस के अंदर अपनी आपत्ति मय सुसंगत दस्तावेज मेरे समक्ष उपस्थित होकर दर्ज कराये, तथा म्याद पश्चात् उपरोक्त भूमि में मेरे पक्षकार का नाम दर्ज करना पाया जायेगा, म्याद पश्चात् कि गई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

**भवदीय**
**सागर चंदानी, अधिवक्ता**
**मो.नं. 9617893789**

**न्यायालय श्री विकास खाण्डे प्रथम व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ श्रेणी, रायपुर-जिला-रायपुर (छ.ग.)**

क्रमांक/न्या./क्यू./2025, रायपुर, दिनांक 04.07.2025
प्रोसेस क्रमांक 50/25, व्य.वाद क्रमांक-अ/25/2016
पेशी तारीख 25.07.2025
नेक्शसन बिल्डकॉन प्राईवेट लिमिटेड ...... वादी
विरूद्ध
कमलेश तिवारी व अन्य ....... प्रतिवादीगण

बनाम-01. श्रीमती पुष्पा देवी झंवर पति स्व. जुगल किशोर झंवर 02. संजय झंवर पिता स्व. जुगल किशोर झंवर दोनों निवासी बी-3 मॉडल टावन प्रथम तल दिल्ली पिन-110009 03. श्रीमती हेमा बहेती पिता स्व. जुगल किशोर निवासी मर्लिन वार्डन लेक्यु अपार्टमेंट, ब्लॉक 04 फ्लैट नं.-07 उल्टा डोगा मेन रोड, विधान नगर रेल्वे स्टेशन, कोलकाता पश्चिम बंगाल पिन-700067

वादी ने आप प्रतिवादीगण के विरूद्ध वाद संस्थित किया है। अत: आपको इस न्यायालय में तारीख 25.07.2025 को प्रात: 11 बजे उत्तर देने के लिये उपसंजात या उपस्थित होने के लिए समंस किया जाता है। आप स्वयं न्यायालय में या ऐसे किसी व्यक्ति द्वारा उपसंजात हो सकते हैं, जिस सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो प्रकरण से संबंधित सभी सारवान प्रश्नों का उत्तर दे सकें। आपको यह निर्देश दिया जा रहा है कि आप उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन दाखिल करें और उस दिन ऐसी सब दस्तावेजों को जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपको प्रतिरक्षा या मुजराई दावा या दावा आधारित है और यदि आप किसी अन्य दस्तावेज पर चाहे व आपके कब्जे मे हो या अपना प्रतिरक्षा या मुजराई को दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भरता करते हैं तो आप ऐसे दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें। आपको यह सूचित किया जाता है कि यदि आप दिनांक 25.07.2025 को न्यायालय में उपसंजात नहीं होंगे तो प्रकरण की सुनवाई आपकी अनुपस्थिति में किया जावेगा।

नोट-यदि किसी कारणवश दिनांक 25.07.2025 को अवकाश हो जाता है, कार्य स्थगित हो जाता है या पीठासीन अधिकारी अवकाश पर हो तो प्रकरण की सुनवाई ठीक अगले कार्य दिवस पर किया जावेगा।

यह आज तारीख 04.07.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा लगाकर किया गया है।

**विकास खाण्डे**
**प्रथम व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ श्रेणी**
मुहर **रायपुर (छ.ग.)**

**न्यायालय श्री विकास खाण्डे प्रथम व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ श्रेणी, रायपुर-जिला-रायपुर (छ.ग.)**

क्रमांक/न्या./क्यू./2025, रायपुर, दिनांक 04.07.2025
प्रोसेस क्रमांक 51/25, व्य.वाद क्रमांक-अ/249/2016
पेशी तारीख 25.07.2025
नेक्शसन बिल्डकॉन प्राईवेट लिमिटेड ...... वादी
विरूद्ध
कमलेश तिवारी व अन्य ....... प्रतिवादीगण

बनाम-01. श्रीमती पुष्पा देवी झंवर पति स्व. जुगल किशोर झंवर 02. संजय झंवर पिता स्व. जुगल किशोर झंवर दोनों निवासी बी-3 मॉडल टावन प्रथम तल दिल्ली पिन-110009 03. श्रीमती हेमा बहेती पिता स्व. जुगल किशोर निवासी मर्लिन वार्डन लेक्यु अपार्टमेंट, ब्लॉक 04 फ्लैट नं.-07 उल्टा डोगा मेन रोड, विधान नगर रेल्वे स्टेशन, कोलकाता पश्चिम बंगाल पिन-700067

वादी ने आप प्रतिवादीगण के विरूद्ध वाद संस्थित किया है। अत: आपको इस न्यायालय में तारीख 25.07.2025 को प्रात: 11 बजे उत्तर देने के लिये उपसंजात या उपस्थित होने के लिए समंस किया जाता है। आप स्वयं न्यायालय में या ऐसे किसी व्यक्ति द्वारा उपसंजात हो सकते हैं, जिस सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो प्रकरण से संबंधित सभी सारवान प्रश्नों का उत्तर दे सकें। आपको यह निर्देश दिया जा रहा है कि आप उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन दाखिल करें और उस दिन ऐसी सब दस्तावेजों को जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपको प्रतिरक्षा या मुजराई दावा या दावा आधारित है और यदि आप किसी अन्य दस्तावेज पर चाहे व आपके कब्जे मे हो या अपना प्रतिरक्षा या मुजराई को दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भरता करते हैं तो आप ऐसे दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें। आपको यह सूचित किया जाता है कि यदि आप दिनांक 25.07.2025 को न्यायालय में उपसंजात नहीं होंगे तो प्रकरण की सुनवाई आपकी अनुपस्थिति में किया जावेगा।

नोट-यदि किसी कारणवश दिनांक 25.07.2025 को अवकाश हो जाता है, कार्य स्थगित हो जाता है या पीठासीन अधिकारी अवकाश पर हो तो प्रकरण की सुनवाई ठीक अगले कार्य दिवस पर किया जावेगा।

यह आज तारीख 04.07.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा लगाकर किया गया है।

**विकास खाण्डे**
**प्रथम व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ श्रेणी**
मुहर **रायपुर (छ.ग.)**

**न्यायालय प्रवीण कुजूर, पंचम व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ श्रेणी रायपुर, जिला-रायपुर (छ.ग.)**

क्रमांक/न्या./81/2025
रायपुर, दिनांक 04.07.2025

वादी नैक्सान बिल्डकॉन प्राईवेट लिमिटेड द्वारा डायरेक्टर राजेन्द्र तिवारी पिता स्व. वासुदेव प्रसाद तिवारी उम्र 65 वर्ष गांधी चौक स्टेशन रोड रायपुर छ.ग. ने आप प्रतिवादी क्रमांक 02 श्रीमती पुष्पा देवी झंवर पिता स्वर्गीय जुगल किशोर 02. संजय झंवर पिता स्वर्गीय जुगल झंवर दोनों पिता बी-03/मॉडल टावन प्रथम तल दिल्ली 110009 के विरूद्ध वाद संस्थित किया है। आपको न्यायालय में तारीख 21.07.2025 को दिन में 11 बजे उत्तर देने के लिये उपसंजात (हाजिर) होने के लिये समंस किया जाता है। आप स्वयं न्यायालय में या ऐसे किसी प्लीडर द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिस सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद से संबंधित सारवान प्रश्नों का उत्तर दे सकें। आपको यह निर्देश दिया जा रहा है कि आप उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन दाखिल करें और उस दिन ऐसी सब दस्तावेजों को जो आपके कब्जे या शक्ति में हे पेश करें जिन पर आपको प्रतिरक्षा या मुजराई दावा या दावा आधारित है और यदि आप किसी अन्य दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे में हो या अपना प्रतिरक्षा या मुजराई को दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भरता करते हैं, तो आप ऐसे दस्तावेजों की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें। आपको सूचित किया जाता है कि आप उपर बताई गई तारीख को इस न्यायालय में उपसंजात नहीं होंगे तो प्रकरण की सुनवाई और उसका निपटारा आपके अनुपस्थिति में किया जावेगा।

आज तारीख 04.07.2025 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दी गई है।

नोट-यदि किसी कारणवश दिनांक 25.07.2025 को अवकाश हो जाता है, कार्य स्थगित हो जाता है या पीठासीन अधिकारी अवकाश पर हो तो प्रकरण की सुनवाई ठीक अगले कार्य दिवस पर किया जावेगा।

**प्रवीण कुजूर**
**पंचम व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ**
मुहर **श्रेणी, रायपुर (छ.ग.)**

**न्यायालय प्रवीण कुजूर, पंचम व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ श्रेणी रायपुर, जिला-रायपुर (छ.ग.)**

क्रमांक/न्या./82/2025
रायपुर, दिनांक 04.07.2025

वादी नैक्सान बिल्डकॉन प्राईवेट लिमिटेड द्वारा डायरेक्टर राजेन्द्र तिवारी पिता स्व. वासुदेव प्रसाद तिवारी उम्र 65 वर्ष गांधी चौक स्टेशन रोड रायपुर छ.ग. ने आप प्रतिवादी क्रमांक 02 श्रीमती पुष्पा देवी झंवर पिता स्वर्गीय जुगल किशोर 02. संजय झंवर पिता स्वर्गीय जुगल झंवर दोनों पिता बी-03/मॉडल टावन प्रथम तल दिल्ली 110009 के विरूद्ध वाद संस्थित किया है। आपको न्यायालय में तारीख 21.07.2025 को दिन में 11 बजे उत्तर देने के लिये उपसंजात (हाजिर) होने के लिये समंस किया जाता है। आप स्वयं न्यायालय में या ऐसे किसी प्लीडर द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिस सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद से संबंधित सारवान प्रश्नों का उत्तर दे सकें। आपको यह निर्देश दिया जा रहा है कि आप उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन दाखिल करें और उस दिन ऐसी सब दस्तावेजों को जो आपके कब्जे या शक्ति में हे पेश करें जिन पर आपको प्रतिरक्षा या मुजराई दावा या दावा आधारित है और यदि आप किसी अन्य दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे में हो या अपना प्रतिरक्षा या मुजराई को दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भरता करते हैं, तो आप ऐसे दस्तावेजों की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें। आपको सूचित किया जाता है कि आप उपर बताई गई तारीख को इस न्यायालय में उपसंजात नहीं होंगे तो प्रकरण की सुनवाई और उसका निपटारा आपके अनुपस्थिति में किया जावेगा।

आज तारीख 04.07.2025 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दी गई है।

नोट-यदि किसी कारणवश दिनांक 25.07.2025 को अवकाश हो जाता है, कार्य स्थगित हो जाता है या पीठासीन अधिकारी अवकाश पर हो तो प्रकरण की सुनवाई ठीक अगले कार्य दिवस पर किया जावेगा।

**प्रवीण कुजूर**
**पंचम व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ**
मुहर **श्रेणी, रायपुर (छ.ग.)**

**न्यायालय प्रवीण कुजूर, पंचम व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ श्रेणी रायपुर, जिला-रायपुर (छ.ग.)**

क्रमांक/न्या./83/2025
रायपुर, दिनांक 04.07.2025

**रायपुर,** 8 जुलाई (देशबन्धु)। राष्ट्रीय पर्व स्वतंत्रता दिवस को प्रदेशभर में गरिमापूर्ण एवं भव्य रूप से मनाने के उद्देश्य से शासन स्तर पर आवश्यक तैयारियाँ प्रारंभ कर दी गई हैं। इस संबंध में अपर मुख्य सचिव, छत्तीसगढ़ शासन की अध्यक्षता में बीते दिनों राज्य स्तरीय समन्वय बैठक आयोजित की गई। बैठक में अपर मुख्य सचिव ने सभी संबंधित विभागों को निर्देशित किया कि स्वतंत्रता दिवस का आयोजन प्रतिवर्ष की भांति गरिमापूर्ण, सुव्यवस्थित और राष्ट्रीय भावना से ओतप्रोत वातावरण में किया जाए।

राजधानी रायपुर में स्वतंत्रता दिवस का मुख्य समारोह प्रातः 9 बजे से पुलिस परेड ग्राउंड में आयोजित होगा। इस अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय राष्ट्रीय ध्वज फहराएंगे तथा जनता के नाम संदेश देंगे। समारोह में संयुक्त परेड द्वारा मुख्यमंत्री को गार्ड ऑफ ऑनर भी प्रदान किया जाएगा।

रायपुर में आयोजित मुख्य समारोह की परेड का दायित्व पुलिस महानिरीक्षक, छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल के अधीन रहेगा। परेड में बी.एस.एफ., सी.आर.पी.एफ., सी.आई.एस.एफ., आई.टी.बी.पी., एस.एस.बी., छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल (महिला एवं पुरुष), नगर सेना, एन.सी.सी. कैडेट्स आदि की टुकड़ियाँ सम्मिलित होंगी। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर विभिन्न विभागों द्वारा पदक एवं पुरस्कार वितरित किए जाएंगे। इसके लिए विभागों को जूरी गठित कर 29 जुलाई 2025 तक चयनित नामों की सूची सामान्य प्रशासन विभाग को भिजवाना होगा। निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त प्रस्तावों पर विचार नहीं किया जाएगा।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय मुख्य समारोह में 'जनता के नाम संदेश' देंगे। यह संदेश दूरदर्शन एवं आकाशवाणी के माध्यम से पूरे प्रदेश में प्रसारित किया जाएगा। मुख्य समारोह पश्चात छात्र-छात्राओं द्वारा देशभक्ति आधारित समूह-नृत्य एवं गायन प्रस्तुत किए जाएंगे। स्कूली बच्चों के कार्यक्रमों हेतु स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा जूरी का गठन किया जाएगा तथा कार्यक्रम स्थल पर ही पुरस्कार वितरण होगा। कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक एवं नगर निगम आयुक्त रायपुर को स्वतंत्रता दिवस मुख्य समारोह व्यवस्था के संबंध में कई महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां सौंपी गई है।

प्रदेश के सभी सार्वजनिक भवनों एवं राष्ट्रीय स्मारकों पर 15 अगस्त की रात प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। निजी संस्थानों से भी ध्वजारोहण एवं रोशनी करने की अपील की गयी है। जिला, विकासखंड एवं पंचायत स्तर पर कार्यक्रमों और प्रदर्शनी के आयोजन हेतु कलेक्टरों को निर्देश जारी किए गए हैं। समारोह में स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों एवं नक्सली हिंसा में शहीद हुए जवानों के परिजनों को सम्मानपूर्वक आमंत्रित किया जाएगा।



रायपुर, 8 जुलाई । राज्यपाल रमेन डेका ने नई दिल्ली राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु से सौजन्य भेंट की।

# राजिम का बहुप्रतीक्षित इंतजार खत्म, 15 अगस्त से दौड़ेगी ट्रेन

**राजिम,** 8 जुलाई (देशबंधु)। राजिम और आसपास के क्षेत्र के लोगों के लिए एक बड़ी खुशखबरी है! दशकों का इंतजार अब खत्म होने वाला है। बहुप्रतीक्षित नवा रायपुर-धमतरी-राजिम रेललाइन परियोजना का काम लगभग पूरा हो चुका है और रेलवे ने 15 अगस्त, 2025 से राजिम- नवा रायपुर तक सीधी ट्रेन सेवा शुरू करने की तैयारी कर ली है। यह कदम न केवल तीर्थयात्रियों के लिए एक बड़ी सौगात होगा, बल्कि स्थानीय लोगों के लिए भी आवागमन का एक सुगम और सस्ता माध्यम बनेगा।




### अंतिम चरण में परियोजना, बस हरी झंडी का इंतजार

रेलवे अधिकारियों के अनुसार, अभनपुर से राजिम के बीच मीटर गेज लाइन को ब्रॉड गेज में बदलने का काम लगभग पूरा हो चुका है। हाल ही में 30 जून को दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे (ैम्ब्) के महाप्रबंधक तरुण सिन्हा ने इस नवनिर्मित ट्रैक का निरीक्षण भी किया था। अब केवल रेल संरक्षा आयुक्त (बै) की अंतिम जांच और अनुमति का इंतजार है।

रेलवे का लक्ष्य है कि अगर बारिश ने कोई बाधा नहीं डाली, तो स्वतंत्रता दिवस (15 अगस्त) के शुभ अवसर पर राजिम के लिए पहली मेमू ट्रेन को हरी झंडी दिखा दी जाएगी।

### बढ़ेगा सफर का रोमांच, यात्रियों की संख्या में होगी बढ़ोतरी

वर्तमान में, रायपुर से अभनपुर के बीच मेमू ट्रेन का संचालन हो रहा है, जिसमें हर महीने लगभग एक हजार यात्री सफर कर रहे हैं। अब इसी ट्रेन सेवा को राजिम तक बढ़ाया जाएगा।

### तीर्थनगरी से सीधा जुड़ावरू

राजिम, जिसे 'छत्तीसगढ़ का प्रयाग' कहा जाता है, तक सीधी ट्रेन सेवा शुरू होने से तीर्थयात्रियों और पर्यटकों की संख्या में भारी उछाल आने की उम्मीद है।

स्थानीय लोगों को राहत यह रेल सेवा स्थानीय व्यापारियों, छात्रों और नौकरीपेशा लोगों के लिए एक बड़ी राहत साबित होगी, जिससे समय और पैसे दोनों की बचत होगी।

# रावतपुरा सरकार मेडिकल कॉलेज को जब तक सीबीआई से क्लीन चिट नहीं मिलती है बंद रखा जाए

- सिविल सोसाइटी की ओर से पत्र लिखकर राज्यपाल-मुख्यमंत्री से की गई मांग
- छात्रों के हित में अन्य पाठ्यक्रमों की भी जांच हो,ईओडब्ल्यू करे जांच

**रायपुर,** 8 जुलाई (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ सिविल सोसाइटी ने रावतपुरा सरकार मेडिकल कॉलेज में व्याप्त भ्रष्टाचार को लेकर गंभीर चिंता जाहिर की है। इस संबंध में सिविल सोसाइटी के संयोजक डॉ. कुलदीप सोलंकी (एमडी, डीएम) ने मुख्यमंत्री और राज्यपाल को पत्र लिखकर तत्काल कार्रवाई की मांग की है। डॉ. सोलंकी ने कहा कि रावतपुरा मेडिकल कॉलेज में हुए गंभीर अनियमितताओं से न केवल प्रदेश के चिकित्सा क्षेत्र की गरिमा को ठेस पहुंची है, बल्कि पूरे छत्तीसगढ़ की प्रतिष्ठा को नुकसान हुआ है। उन्होंने आरोप लगाया कि कॉलेज में भारी भ्रष्टाचार हुआ है और इसकी सच्चाई सामने लाने की आवश्यकता है। सिविल सोसाइटी की ओर से पत्र में तीन प्रमुख मांगें रखी गई हैं- 1. कॉलेज को तुरंत बंद किया जाए - जब तक कॉलेज को सीबीआई से क्लीन चिट नहीं मिलती, तब तक इसे बंद रखा जाए। 2. छात्रों का भविष्य सुरक्षित किया जाए - एमबीबीएस के 150 छात्रों को पारदर्शी काउंसलिंग प्रक्रिया के माध्यम से अन्य निजी मेडिकल कॉलेजों में ट्रांसफर किया जाए। इसके लिए एनएमसी (नेशनल मेडिकल काउंसिल) के दिशा-निर्देशों का पालन किया जा सकता है। 3. अन्य पाठ्यक्रमों की भी जांच हो - रावतपुरा सरकार ट्रस्ट द्वारा संचालित नर्सिंग, फार्मेसी और अन्य कोर्सेज की भी ईओडब्ल्यू (आर्थिक अपराध अन्वेषण शाखा) से जांच कराई जाए। यदि अनियमितताएं पाई जाएं तो संबंधित संस्थानों को भी बंद कर छात्रों को अन्य संस्थानों में समाहित किया जाए। सिविल सोसाइटी ने चेताया है कि यदि इन मांगों पर शीघ्र कार्रवाई नहीं की गई तो छात्र और उनके अभिभावक आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। राज्य सरकार से मांग की गई है कि वह छात्रों के भविष्य और चिकित्सा शिक्षा की साख को ध्यान में रखते हुए त्वरित और निष्पक्ष निर्णय ले।



# करोड़ों रूपयों की ठगी मामले में 6 और आरोपी गिरफ्तार

**बलौदाबाजार,** 8 जुलाई (देशबन्धु)। करोड़ों रूपयों की ठगी करने वाले प्रकरण में पुलिस द्वारा आरोपियों की लगातार गिरफ्तारी की जा रही है। पुलिस द्वारा प्रकरण में आज 6 और आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस टीम द्वारा आरोपियों को कांकेर से हिरासत में लिया गया। आरोपियों द्वारा शेयर मार्केट में निवेश कर दोगुना रकम वापस करने का झांसा देकर ठगी की गई। आरोपियों द्वारा करोड़ों रुपए की रकम शेयर मार्केट में खर्च किया गया। ठगी की गई रकम में से आरोपियों द्वारा कुल 1,75,00,000 कीमत मूल्य का 70 नग हेली मशीन खरीदा गया। साथ ही सोनाखान, चंदखुरी, सांकरा, शिवरीनारायण आदि में कई एकड़ जमीन भी है आरोपियों द्वारा खरीदा गया। पुलिस द्वारा आरोपियों से विभिन्न बैंक खाता, एटीएम एवं नगदी रकम 81000 बरामद किया गया। साथ ही आरोपियों से प्रकरण में 1 मोटरसाइकिल एवं 1 कार ब्रेजा जप्त किया गया। अभी तक की जांच कार्यवाही में आरोपियों के विरुद्ध थाना कसडोल में 4 अपराधिक प्रकरण दर्ज किया गया है। अब तक शासकीय शिक्षक आरोपी रामनारायण साहू सहित 10 आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है। प्रकरण में शामिल अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु, उनकी सरगर्मी से पता तलाश की जा रही है। किसी भी व्यक्ति के साथ शेयर मार्केट में निवेश करने के नाम पर आरोपियों द्वारा ठगी की गई है, तो वह तत्काल पुलिस को सूचित करने की बात पुलिस ने कही है।

जानकारी के अनुसार शेयर ट्रेडिंग में निवेश कर 02 वर्ष में रकम का दुगना कर वापस करने का झांसा देते हुए आरोपी रामनारायण साहू एवं अन्य द्वारा विभिन्न लोगों से करोड़ रूपयों की धोखाधड़ी की घटना को अंजाम दिया गया है, जिस पर थाना कसडोल में आरोपियों के विरुद्ध अब तक 04 अपराधिक प्रकरण दर्ज किया गया है। आरोपियों द्वारा कसडोल, लवन, गिधौरी, शिवरीनारायण, महासमुंद, रायगढ़ आदि के भी कई लोगो के साथ भी शेयर ट्रेडिंग में पैसे लगाकर कम समय मे पैसा दुगुना करने का झांसा देकर करोड़ों रुपये की ठगी करने के संबंध में जानकारी मिल रही है, जिसके संबंध में जांच तस्दीक कार्यवाही की जा रही है। प्रकरणों में पुलिस अधीक्षक श्रीमती भावना गुप्ता द्वारा गहन जांच तस्दीक एवं विवेचना करते हुए ठगी करने वाले सभी आरोपियों को तत्काल गिरफ्तार करने हेतु निर्देशित करते हुए प्रकरण में संपूर्ण जांच, पीड़ितों से आवेदन लेने, आरोपियों की पता तलाश करने, संबंधित आरोपियों की संपत्ति जप्ती कुर्की की कार्यवाही करने एवं उच्चतम विवेचना हेतु एक विशेष अनुसंधान टीम का गठन किया गया है। प्रकरण में पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए आरोपी जानकी साहू एवं देवनारायण साहू तथा कांकेर से अनीता साहू, कुसुम रानी साहू, अनिल शंकर साहू एवं ग्राम बिलारी जिला जांजगीर चांपा निवासी रामनारायण साहू निवास को हिरासत में लिया गया। उक्त सभी आरोपियों से विस्तृत पूछताछ किया गया, जिसमें आरोपियों द्वारा पूर्व में गिरफ्तार आरोपी रामनारायण साहू एवं अन्य के साथ मिलकर शेयर ट्रेडिंग के नाम पर कई लोगों से करोड़ों रुपए की धोखाधड़ी करना स्वीकार किया गया। आरोपियों के बैंक अकाउंट, संपत्ति की जानकारी एकत्र की जा रही है तथा साइबर सेल की टीम द्वारा प्रकरण के समस्त बिंदुओं का अवलोकन कर तकनीकी विश्लेषण भी किया जा रहा है। कि प्रकरण में आज दिनांक 08.07.2025 को सभी आरोपियों को विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की प्रक्रिया की जा रही है। प्रकरण में पुलिस द्वारा अब तक थाना कसडोल में 04 अपराधिक प्रकरण दर्ज करने के साथ ही कुल 10 आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है। गिरफ्तार आरोपियों में-अनीता साहू उम्र 43 वर्ष निवासी ग्राम महकम चौकी सोनाखान, कुसुम रानी साहू उम्र 23 वर्ष निवासी ग्राम महकम चौकी सोनाखान, अनिल शंकर साहू उम्र 34 वर्ष निवासी ग्राम लक्ष्मणपुर जिला जांजगीर-चांपा, राम नारायण साहू उम्र 48 वर्षग्राम बिलारी थाना शिवरीनारायण जिला जांजगीर-चांपा, जानकी साहू उम्र 40 वर्ष निवासी ग्राम महकम थाना कसडोल, देवनारायण साहू उम्र 45 वर्ष निवासी ग्राम महकम थाना कसडोल शामिल है। प्रकरण विवेचना में है।



# बागेश्वर धाम में 4 दिन के भीतर दूसरी मौत, दीवार की चपेट में आकर महिला की थम गई सांसें

**छतरपुर,** 8 जुलाई (देशबन्धु)। मध्यप्रदेश के छतरपुर स्थित बागेश्वर धाम में मंगलवार तड़के एक और हादसा हो गया। यहां धर्मशाला की दीवार गिरने से मिर्जापुर निवासी एक महिला श्रद्धालु की मौत हो गई। हादसे में 10 से ज्यादा लोग घायल है, जिनका जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है।बता दें कि बागेश्वर धाम में 3 जुलाई को भी हादसा हुआ था, जिसमें एक युवक की मौत हो गई थी।टेंट में लगा लोहे का एंगल श्यामलाल कौशल (50) के सिर पर गिर गया था, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई थी। बता दे, 10 जुलाई को गुरु पूर्णिमा पर्व मनाया जाना है और इसके लिए देशभर से श्रद्धालु बागेश्वर धाम में जुट रहे हैं। भारी भीड़ के बीच धीरेंद्र शास्त्री ने अपील की है कि भक्त बागेश्वर धाम न आएं और अपने घरों से ही गुरु पूर्णिमा पर्व मनाएं। जानकारी के मुताबिक, घायलों में मिर्जापुर क्षेत्र के लोग शामिल हैं। ये सभी छतरपुर जिले के गढ़ा गांव स्थित बागेश्वर धाम के एक होम स्टे में ठहरे थे। घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सभी श्रद्धालुओं को इलाज के लिए जिला अस्पताल लाया गया है। घटना को लेकर राजनगर एसडीएम प्रशांत अग्रवाल ने बताया की दीवार गिरने के हादसे में एक महिला की मौत हो गई है कुछ लोग घायल भी हुए हैं।



- भक्त बागेश्वरधाम न आएं और अपने घरों से ही गुरु पूर्णिमा पर्व मनाएंः पंडित धीरेन्द्र शास्त्री

बारिश का कहर

# राजिम का चौक तालाब में तब्दील

- क्षेत्र के कई घरों में घुसा पानी, नदी-नाले उफान पर, कई गांवों का संपर्क टूटा

**राजिम,** 8 जुलाई (देशबंधु)। छत्तीसगढ़ में मानसून की दस्तक के बाद पूरे प्रदेश में बारिश शुरू हो गई है। अंचल में पिछले चौबीस घंटे से रुक रुक कर हो रही मूसलाधार बारिश से नदी-नाले उफान पर हैं। कई इलाकों में बाढ़ के हालात बन गए हैं, वहीं कई गांवों में बारिश का पानी घरों में घुस गया है। बारिश के कहर से कई गांवों से संपर्क भी टूट गया है। जनजीवन भी बुरी तरह प्रभावित है।

### घरों में घुसा बारिश का पानी

अंचल में बारिश के कारण हर तरफ पानी ही पानी नजर आ रहा है। मिली जानकारी के अनुसार राजिम क्षेत्र के ग्राम रावड़ में 7 घरों में बारिश का पानी घुस गया है। इसी तरह लोहरसी गांव के 2 घरों में पानी भर गया है। मामला सामने आते ही एसडीएम, तहसीलदार और पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। प्रशासनिक अमले ने राहत कार्य शुरू कर दिया है। बारिश के चलते प्रशासन की टीम सतर्क हो गई है। एसडीआरएफ की टीमों को भी अलर्ट कर दिया गया है।

### सड़क पर वाहनों की कतार लग गई

सड़कों पर जलभराव के कारण लोग दुर्घटना की आशंका बन रही है वहीं वाहनों की कतार लगनी भी प्रारंभ हो गई है । राजिम केशिवजी चौक के पास करीब डेढ़ फीट पानी भरा हुआ है ।

# अचानक जलस्तर बढ़ने से फंसे 5 लोग



**कोरबा,** 8 जुलाई (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ में आफत की बारिश देखने को मिल रही है वही कोरबा जिले के तमाम वाटरफॉल इन दिनों शबाब पर नजर आ रहे हैं. इस बीच प्रसिद्ध पर्यटनस्थल देवपहरी घूमने पहुंचे 5 लोग अचानक जलस्तर बढ़ने से फंस गए. राहत की बात रही कि इसकी सूचना मिलते ही संयुक्त रेस्क्यू टीम ने मोर्चा संभाला और कड़ी मशक्कत के बाद सभी 5 लोगों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया.

बता दे कि 2 युवक और 3 युवतियां देवपहरी घूमने आए थे. इस दौरान अचानक जलस्तर बढ़ गया और सभी की जान खतरे में पड़ गई. पुलिस और प्रशासन ने सूचना मिलने के बाद रेस्क्यू अभियान चलाया.

9 सालों से नदारद है गणित की टीचर

# आक्रोशित ग्रामीण और छात्रों ने स्कूल में जड़ा ताला

**जांजगीर चांपा,** 8 जुलाई (देशबन्धु)। जिले के पामगढ़ ब्लॉक के मेउ शासकीय पूर्व प्राथमिक शाला मेऊं में गणित की टीचर 9 सालों से नहीं आ रही हैं, जिस कारण ग्रामीण और छात्र पलकों ने अब मोर्चा खोल दिया है। आपको बता दें कि, रामसिला कश्यप 9 सालों से स्कूल नहीं आ रही हैं। इस कारण गणित मे बच्चों को गणित पड़ने में दिक्कत आ रही है। वहीं मौके पर पामगढ़ क्क्ष्व्रह्र और सीईओ पहुंच गए है।



ग्रामीणों ने बताया कि रामशीला कश्यप 21-7-2015 से गणित की टीचर है, लेकिन आज 9 साल होने जा रहा हैं, लेकिन मैडम आजतक स्कूल नहीं पहुंची हैं, जिस कारण आज ग्रामीणों, पालकों और छात्रों ने स्कूल के में गेट में ताला जड़ दिया है। ग्रामीणों का मांग हैं कि जितना जल्दी हो सके शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला मेऊं गणित का टीचर अनिवार्य रूप से चाहिए नहीं तो हमारे बच्चे गणित के पढ़ाई में बहुत दूर हो जायेंगे।

अब देखने वाली बात ये होगी की शिक्षा विभाग इस मामले में क्या एक्शन लेती है?

**NECC**

| 09.07.2025 | अंडा | मुर्गी | काकरेल |
|---|---|---|---|
| फार्म | 535 | 80 | 165 |
| चिल्हर | 7.00 | 100 | 190 |

डिलीवरी 550 सैकड़ा
दर्जन अंडा 80 रु.
मुर्गी खाद प्रति ट्राली 1000 रु.
CSPFA

SHRI SHANKARACHARYA TECHNICAL CAMPUS
(Approved by AICTE, NAAC 'A' Grade Institute & Constituent Unit of SSPU, Bhilai
(Managed by Shri Gangajali Education Society, Bhilai)
"मानदेव तु कैवल्यम्"
JUNWANI, BHILAI - 490 020 (CHHATTISGARH)
Phone : 0788 - 4088888, Fax : 0788 - 4088899, Website : www.sstc.ac.in, E-mail: sstc@sstc.ac.in
ADMISSION NOTIFICATION : 2025-26

| B TECH (MQ & Lateral Entry) | |
|---|---|
| • COMPUTER SCIENCE & ENGINEERING | • CIVIL ENGINEERING |
| • COMPUTER SCIENCE & ENGINEERING [AIML] | • ELECTRICAL ENGINEERING |
| • COMPUTER SCIENCE & ENGINEERING [ DATA SCIENCE] | • ELECTRONICS & TELECOMMUNICATION |
| • COMPUTER SCIENCE & ENGINEERING [ CYBER SECURITY] | • MECHANICAL ENGINEERING |
| **M TECH (Sponsored Category)** | |
| • ARTIFICIAL INTELLIGENCE & MACHINE LEARNING | • POWER SYSTEM ENGINEERING |
| • COMPUTER SCIENCE & ENGINEERING | • STRUCTURAL ENGINEERING |
| • GEOTECHNICAL ENGINEERING | • THERMAL ENGINEERING |
| • VLSI DESIGN | • TRANSPORTATION ENGINEERING |
| • MBA | • MCA |

Experience : For sponsored category, minimum 2 Years working experience after graduation; Application form and details can be downloaded from Institute's website (www.sstc.ac.in). Reservation is applicable as per Govt. Norms Visit : https://cgdteraipur.cgstate.gov.in. The last date of admission will be as per DTE, Raipur notification.
For further enquiry contact for admission : 0788-4088888, 9039551113
sstc@sstc.ac.in, www.sstc.ac.in
DIRECTOR

प्रकाशक, मुद्रक- राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. के लिए देशबन्धु परिसर रामसागरपारा रायपुर से प्रकाशित एवं मुद्रित। सम्पादक- राजीव रंजन श्रीवास्तव। प्रेस पंजीयन- 6072/59
फोन- (0771) 4077750, 4077760, email id: deshbandhuraipur@gmail.com, website:deshbandhu.co.in

**उल्टा पुल्टा**

भगवान ने आदमी से पूछा-तुम्हारी इच्छा क्या है?
आदमी शादी के बाद- कृपया करके मेरे बैचलर वाले दिन वापस लौटा दें।
भगवान हंसे और बोले- बेटा, मन्नत मांगने कहा था जन्नत नहीं।

## संपादकीय

# सड़कों की दशा ठीक करे सरकार

छत्तीसगढ़ के शहरी इलाके हों अथवा ग्रामीण, उनमें बनी सड़कों की पोल बारिशें खोल देती हैं। शहरों के भीतर सरकार या स्थानीय निकायों की सड़कें, बाहरी रास्ते और राजमार्ग– सभी की हालत एक सी जर्जर मिलती है। राज्य सरकार उन्हें लेकर चाहे जो दावे करे, बरसात में असलियत सामने आती है। इन दिनों कवर्धा बाईपास की हालत दर्शाते कुछ वीडियो देश भर में वायरल हो रहे हैं जो प्रदेश का सिर शर्म ६से झुकाने के लिये काफी है। उल्लेखनीय है कि कवर्धा उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा का निर्वाचन क्षेत्र है। लापरवाही, भ्रष्टाचार और गुणवत्ताहीन काम के ये वीडियो और उस सम्बन्ध में खबरें असलियत को उजागर करती हैं। सरकार सड़क निर्माण को लेकर गम्भीरतापूर्वक काम करे क्योंकि पहले भी कुछ मामले देश भर में सुर्खियां बटोर चुके हैं जिनका सम्बन्ध सड़क निर्माण में भ्रष्टाचार ही है। लोग तो यह भी कह रहे हैं कि जब एक हाई प्रोफाइल विधानसभा क्षेत्र में सड़क का यह हाल है तो कमजोर जनप्रतिनिधित्व वाले इलाकों का क्या हाल होगा– इसका सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है।

जिस कवर्धा बाईपास का जिक्र हो रहा है और जो चर्चा में है वह नेशनल हाईवे क्रमांक– 30 है। यह प्रदेश की राजधानी रायपुर को मध्यप्रदेश के एक बहुत महत्वपूर्ण शहर जबलपुर से जोड़ता है। जाहिर है कि इस पर आवागमन काफी होने से यह एक व्यस्त मार्ग है। इस पर छोटे, हल्के और बड़े वाहन सभी चलते हैं। मालवाहक ट्रकों के गुजरने से सड़कों की दुर्दशा तो स्वाभाविक है परन्तु उसकी देख–रेख और नियमित मरम्मत भी आवश्यक है। तिस पर यदि सड़क का निर्माण ही घटिया हुआ हो तो वह कितना भार सहन कर सकेगी, इसका भी अनुमान लगाना कठिन नहीं है।

बताया जाता है कि बरसातों के पहले ही इसकी स्थिति काफी खराब हो गयी थी। सुधार कार्य के नाम पर उस पर मुरुम बिछाकर खानापूरी की गयी थी। जैसे ही पानी बरसा, मुरुम बह गयी और ट्रकों, हाईवा आदि के कारण बाईपास के आसपास बड़े–बड़े गड्ढे बन गये। इन गड्ढों की विशालता और गहराई का अंदाजा इस बात से लगता है कि उसमें एकत्र पानी में घंटों खड़े होकर जब कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन किया तो जल स्तर कुछ में घुटनों तक तो कुछ में कमर की ऊंचाई तक था। ठेकेदारों को प्रदर्शनकारियों ने जमकर खरी–खोटी सुनाई जिनके पास जवाब ही नहीं था।

याद हो कि इस साल की शुरुआत में बस्तर की एक सड़क में हुए व्यापक भ्रष्टाचार को उजागर करने वाले निर्भीक पत्रकार मुकेश चंद्राकर की कथित रूप से ठेकेदार द्वारा हत्या कर दी गयी थी तब भी छग में रास्तों के निर्माण में भ्रष्टाचार के आरोप लगे थे। उस समय भी इस बात की ज़रूरत महसूस की गयी थी कि सड़कों की गुणवत्ता का ऑडिट होना चाहिये।

# शहीद पार्क में नया ड्रेनेज सिस्टम बनाकर जल भराव को कम करने का प्रयास




**जगदलपुर,** 8 जुलाई (देशबन्धु)। शहर के शहीद पार्क में नया ड्रेनेज सिस्टम बनाकर जल भराव को कम किया जाएगा। नगर निगम में एमआईसी की बैठक में तकनीकी अमला से चर्चा कर इस दिशा में कामये किया जाएगा। संबंधित कर्मचारियों से कहा गया कि चैनल नाली बनाकर पानी निकालने की दिशा में काम करें।महापौर संजय पाण्डे व उनकी टीम के अथक प्रयास से शहिद पार्क में जल भराव को कम करने में सफलता मिली है। दरअसल महापौर को जानकारी मिली कि शहर के शहीद पार्क में जल भराव हुआ है। जानकारी मिलते ही वह निगम अध्यक्ष खेमसिंह देवांगन, एमआईसी सदस्य, पार्षद व निगम अमले के शहिद पार्क पहुंचे। इसके बाद पार्क में भरे पानी को लेकर संबंधित कर्मचारियों को तलब किया। पार्क में हुए जल भराव के निराकरण को लेकर विभाग के अफसर को निर्देशित किया गया। वहीं तत्काल जेसीबी मंगवाकर खुदाई करवाया गया और जल भराव को निकालने और बड़े नालों से जोड़ने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा जल भराव न हो इसके लिए अब तक किसी प्रकार का प्रयास नहीं किया गया था। जिन नए नालों का निर्माण किया गया है वे पार्क से काफी ऊंचे हैं। सालों से पानी की निकासी के लिए उचित व्यवस्था नहीं होने से जल भराव की स्थिति बनी हुई है। तकनीकी अमले के साथ पिछले तीन दिनों से पानी के निकासी के लिए लगातार प्रयास किया जा रहा है। अब यह पार्क मूलभूत सुविधाओं से वंचित नहीं रहेगा। संजय पाण्डे ने कहा थोड़ी सी बारिश में भी पार्क में पानी भर जाना चिंता का विषय है। लोगों ने जैसे ही ध्यान आकृष्ट करवाया तत्काल यहां उचित दिशा में काम करने के लिए मजदूर लगाए गए हैं। जिससे यहां पानी का जल भराव कम हुआ है। निरीक्षण के दौरान खेमसिंह देवांगन, निर्मल पानीग्राही, लक्ष्मण झा हरीश पारेख, अविनाश श्रीवास्तव, शशिनाथ पाठक, गोपाल भारद्वाज, हेमंत श्रीवास सहित नगर निगम अमला मौजूद रहा।

# सुशील को आई.एफ.ई.ऐ. अवार्ड एवं डॉक्टरेट की उपाधि

**जगदलपुर,** 8 जुलाई (देशबन्धु)। शहर के सामाजिक कार्यकर्ता सुशील कुमार पाण्डेय को शनिवार 5 जुलाई को ग्लोबल एक्सीलेंस सम्मिट होटल ग्रैंड नई दिल्ली में डॉक्टरेट की उपाधि प्रदान की गई। साथ ही समाज कार्य के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य हेतु आई. एफ.ई.ऐ अवार्ड से सम्मानित किया गया एवं अमेरिकन मैनेजमेंट यूनिवर्सिटी के एम्बेसडर की पदवी प्रदान की गई।

कांकेर जिले के ग्राम कोयलीबेडा में जन्मे सुशील ने महज 15 वर्ष के उम्र से बच्चों को निशुल्क: शिक्षा प्रदान करते हुए अपने जीवन के अहम् समय व्यतीत किए हैं। सुशील ने अपनी शिक्षा ब्लॉक छिंदगढ़ जिला सुकमा एवं स्नातक जगदलपुर के पी.जी कॉलेज से पूर्ण की है। उन्होंने 21 से 22 वर्ष की उम्र में समाज सुधारक के कार्यों से जुड़ते चले गए। दतेवाड़ा जिले के ग्राम कटेकल्याण में उनके द्वारा 250 स्व–सहायता समूह का गठन कर महिला शक्तिकरण की ओर उन्होंने अपना पहला कर्तव्य पूर्ण किया। 30 मई 2003 को संस्था बस्तर सामाजिक जन विकास समिति की नींव रखते हुए बस्तर आदिवासी समाज के लिए बेहतर स्वास्थ्य, बेहतर शिक्षा, उनके आजीविका हेतु उन्हें कौशल विकास के क्षेत्रों से जोड़ते चले गए।




# मच्छरदानी वितरण कार्यक्रम में शामिल हुए महापौर



**जगदलपुर,** 8 जुलाई (देशबन्धु)। स्वास्थ्य विभाग द्वारा राष्ट्रीय शहरी स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत शहरी आयुष्मान आरोग्य मंदिर, भगत सिंह वार्ड में मंगलवार सुबह मच्छरदानी वितरण किया गया। शहर के भगत सिंह वार्ड से इस कार्यक्रम का शुभारंभ महापौर संजय पाण्डे ने किया। शहर के सभी 48 वार्डों में निर्धारित तिथि अनुसार जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में मच्छरदानी का वितरण किया जाना है। इस कार्यक्रम में नगर निगम के अध्यक्ष खेमसिंह देवांगन, एमआईसी सदस्य लक्ष्मण झा, निर्मल पाणिग्रही, राणा घोस, संग्राम सिंह राणा, संजय विश्वकर्मा, त्रिवेणी रंधारी, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी संजय बसाक, जिला टीकाकरण अधिकारी डॉक्टर सी मैत्री, जिला शहरी कार्यक्रम प्रबंधक पीडी बस्तैया, प्रशांत श्रीवास्तव, डॉक्टर अन्वेषणा प्रसाद, मितानिन पद्मिनी यादव, नगर निगम के ईई गोपाल भारद्वाज सहित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# बेटे की गवाही से पिता के हत्यारे को मिली आजीवन कारावास की सजा

**जगदलपुर,** 8 जुलाई (देशबन्धु)। जिला एवं सत्र न्यायालय के प्रधान सत्र न्यायाधीश गोविंद नारायण जांगड़े ने हत्या के आरोपी दशरू मुचाकी उर्फ बली को आजीवन कारावास व 100 रुपए अर्थ दंड की सजा सुनाई। शासन की ओर से पैरवी कर रहे लोक अभियोजक ने बताया कि दो वर्ष पूर्व कोड़ेनार थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम– कुमार साडरा में जमीन विवाद को लेकर दशरू मुचाकी, सोमडू मुचाकी से यह कहता था कि ग्राम कुमार साडरा के शामिल खाता की जमीन को मैं कामाऊंगा यदि तुम मुझे यह जमीन मुझे नहीं दोगे तो एक न एक दिन में तुम्हारी हत्या करूंगा। मौका पाकर दशरू ने सोमडू मुचाकी के घर जाकर जमीन को मैं कमाऊंगा कहकर लड़ाई झगड़ा करने लगा, सोमडू मुचाकी के विरोध करने पर उसे गाली गलौज करते हुए आज तुझे जान से मार दूंगा कहते हुए उसे हाथ थप्पड़ व लात घुसा से छाती पर मारपीट करने लगा जिससे सोमडू जमीन पर गिर गया इसके बाद छाती में जोर जोर से लात से मारपीट कर उसकी हत्या कर दिया। जिसकी रिपोर्ट थाना कोड़ेनार में दर्ज कराया । पुलिस ने मामले की सूक्ष्मता से जांच करने के बाद आरोपी दसरू मुचाकी के खिलाफ धारा 302, 294, 506 बी भादवि के तहत मामला पंजीबद्ध कर न्यायालय में मामला दाखिल किया। मूल साक्षी मृतक का बेटा जो घटना का प्रत्यक्षदर्शी था उसने न्यायालय में बताया कि आरोपी मेरे पिता के शरीर के ऊपर चढ़कर हाथ मुक्का ( **शेष पृष्ठ 9 पर** )

# कलेक्टर ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोंटा का किया निरीक्षण

## मरीजों और उनके परिजनों से चर्चा कर लिया स्वास्थ्य सुविधाओं का फीडबैक



**सुकमा,** 8 जुलाई (देशबन्धु)। मंगलवार को कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव ने विकासखण्ड कोंटा में स्थित चिकित्सालय का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने मरीजों, परिजनों एवं स्वास्थ्य परीक्षण कराने आये लोगों से चर्चा कर अस्पताल में मिल रही स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने उल्टी–दस्त और डेंगू–मलेरिया जैसे बीमारियों से बचाव के लिए स्वास्थ्य विभाग की आवश्यक तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि अस्पताल में गंदगी फैलाने वालों और गुटखा व तम्बाकू खाने वालों पर कोटपा एक्ट के तहत कार्रवाई कर जुर्माना वसूला जाये। कलेक्टर ने चिकित्सालय मे निरीक्षण के दौरान सभी चिकित्सकों, अधिकारी–कर्मचारियों को समय पर अस्पताल में उपस्थित रहने के स्पष्ट निर्देश दिए। उन्होंने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोंटा मे मरीजो के बढ़ते संख्या को दृष्टिगत रखते हुए पंजीयन कांउटर के विस्तार एवं ऑपरेटरो की संख्या में वृद्धि करने कहा। उन्होंने अस्पताल में मरीजो की बढ़ती संख्या को दृष्टिगत रखते हुए पर्याप्त मात्र में दवाई की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने चिकित्सालय परिसर मे वर्तमान मे प्रक्रियाधीन निर्माण कार्यों की जानकारी लेकर निर्माण एजेंसीयों को निर्माण कार्यों की गुणवत्ता के साथ समय–सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने अस्पताल की सफाई दुरुस्त कराने एवं कैम्पस को स्वच्छ बनाने पर खासा ध्यान देने के निर्देश दिए। उन्होंने कर्मचारियों के विलम्ब से आने की प्रवृत्ति पर भी लगाम कसने और नहीं मानने वालों पर कार्रवाई करने के कड़े निर्देश दिए हैं। उन्होंने सीएचसी की स्वास्थ्य सेवाओं को रोगियों के हित में और बेहतर बनाने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री ध्रुव ने एस.एन.सी.यू. एवं अति आवश्यक अन्य विभागों में विद्युत कटौती के दौरान पॉवर बेक–अप की वैकल्पिक व्यवस्था करने कहा जिससे भर्ती मरीजों के चिकित्सकीय कार्य प्रभावित ना हो। उन्होंने पैथोलैब में शासन द्वारा निर्धारित समस्त जांच सुनिश्चित करने कहा ताकि मरीजों को बाहर भटकना ना पड़े। उन्होंने डायलिसिस कक्ष का निरीक्षण करते हुए भर्ती मरीजों से चर्चा कर आवश्यक व्यवस्था सुधारने के संबंध में संबंधित चिकित्साधिकारी को निर्देश दिए। कलेक्टर ने पोषण पुनर्वास केन्द्र निरीक्षण करते हुए भर्ती बच्चो के माताओ को भी आवश्यकतानुसार प्रोटीन डाईट देने हेतु निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान बीएमओ और अन्य स्वास्थ्य कर्मचारी उपस्थित थे।



# बस्तर गोंचा पर्व के निर्विघ्न संपन्नता पर आरण्यक ब्राह्मण समाज ने आभार व्यक्त किया



**जगदलपुर,** 8 जुलाई (देशबन्धु)। बस्तर गोंचा पर्व के निर्विघ्न संपन्नता को लेकर 360 घर आरण्यक ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष वेदप्रकाश पाण्डे ने छत्तीसगढ़ शासन, जिला प्रशासन, नगर पालिक निगम एवं पुलिस विभाग सहित अन्य विभागों और समस्त श्रद्धालुओं के प्र त्य क्षा–अ प्र त्य क्षा सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया है तथा आगामी दिनों में भी श्रीश्री जगन्नाथ मंदिर में आयोजित होने वाले पर्व त्योहारों में आगे भी सहयोग की अपेक्षा की है।

उन्होने बताया कि देवशयनी एकादशी के साथ ही बस्तर गोंचा पर्व के परायण के साथ ही मांगालिक कार्य पर विराम लग गया है। देवउठनी एकादशी 01 नवम्बर से मांगलिक कार्य फिर से शुरु होंगे। उन्होंने बताया कि आषाढ़ शुक्ल पक्ष की एकादशी से कार्तिक पक्ष की एकादशी की अवधि में श्रीश्रीजगन्नाथ मंदिर में आराधना, हवन, पूजन जारी

# नगरनार स्पोर्ट्स क्लब-2 और जंगबाज फुटबॉल क्लब -2 का मैच दो-दो गोल से बराबर



**जगदलपुर,** 8 जुलाई (देशबन्धु)। स्थानीय इंदिरा प्रदर्शनी स्टेडियम में चल रहे स्वर्गीय सिद्धार्थ मिश्रा स्मृति डीएफए ट्रॉफी फुटबॉल प्रतियोगिता में मंगलवार को नगरनार स्पोर्ट्स क्लबङ्क2 और जंगबाज फुटबॉल क्लबङ्क 2 के बीच मैच खेला गया। दोनों ही टीम के खिलाड़ियों ने आकर्षक फुटबॉल का प्रदर्शन किया और एक दूसरे के गोल पोस्ट पर आक्रमण करते हुए गोल करने के प्रयास में लग रहे। खेल के चौथे मिनट में जंगबाज फुटबॉल क्लब टीम के जर्सी नंबर 12 के खिलाड़ी मोंटू सेवक ने पहले गोलकर टीम को एक शून्य की बढ़त दिलाई। नगरनार फुटबॉल क्लब के खिलाड़ी खेल को बराबरी पर लाने का प्रयास में लग रहे और खेल के 28वें मिनट में जर्सी नंबर 11 के खिलाड़ी आदित्य बघेल ने गोल दाग कर एक–एक की बराबरी पर ला खड़ा किया। इसके बाद 32 मिनट में ही जंगबाज फुटबॉल क्लब के खिलाड़ी मोंटू सेवक ने अपना तथा अपने टीम के लिए दूसरा गोल दागकर टीम की बढ़त को दो एक तक पहुंचाया। खेल के 43 मिनट में नगरनार फुटबॉल क्लब टीम के खिलाड़ी जर्सी नंबर 12 संतोष ने गोल कर फिर से टीम को दो–दो की बराबरी पर लाया और अंत तक यह स्थिति बनी रही। जंगबाज फुटबॉल क्लब टीम के खिलाड़ी अनीश, करण और गजेंद्र को खेल के दौरान पीला कार्ड दिखाया गया। मैच में मुख्य रेफरी की भूमिका विश्वजीत भट्टाचार्य ने निभाई ,सहायक रेफरी के रूप में सुमित नाग और सूरज खरे ने अपना दायित्व का निर्माण किया। फोर्थ टेबल रैफरी के रूप में राहुल लाल ने अपना दायित्व निभाया। मैच के दौरान फुटबाल प्रेमी दर्शक काफी संख्या में उपस्थित थे।

# समय–सीमा की बैठक में कलेक्टर ने दिए निर्देश




**जगदलपुर,** 8 जुलाई (देशबन्धु)। कलेक्टर हरिस एस ने कहा कि जिले में खरीफ फसल सीजन के तहत् मिलेटस फसल क्षेत्र विस्तार के लिए व्यापक स्तर पर प्रयास कर अधिक से अधिक किसानों को उच्चहन भूमि यथा टिकरा एवं मरहान भूमि में कोदो–कुटकी एवं रागी की खेती के लिए प्रोत्साहित किया जाए। किसानों को मिलेटस फसल की पैदावार के लिए बीज एवं अन्य कृषि आदान सामग्री की उपलब्धता सुनिश्चित किया जाए। किसानों को खरीफ फसल के लिए खाद–बीज की पर्याप्त सुलभता के साथ ही फसल ऋण की उपलब्धता सुनिश्चित करें। फसल ऋण के लिए सभी किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड प्रदाय किया जाए, जिसमें वनाधिकार पट्टेधारक किसानों सहित लघु–सीमांत कृषकों को प्राथमिकता दी जाए। कलेक्टर हरिस मंगलवार को कलेक्टोरेट के प्रेरणा सभाकक्ष में आयोजित समय–सीमा की बैठक के दौरान उक्त निर्देश दिए। उन्होंने उद्यानिकी विभाग के कार्यो के तहत शासन की सहायता से किसानों द्वारा किए जा रहे आयल पॉम की खेती की प्रगति के बारे में संज्ञान लिया और विभाग की अन्य कार्यो की प्रगति की भी समीक्षा किए।

कलेक्टर ने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत स्वीकृत कार्यों की समीक्षा की और सभी आवासों को शीघ्र निर्माण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। वहीं मनरेगा के तहत प्रतिदिन ज्यादा से ज्यादा मानव दिवस रोजगार के अवसर सृजन हेतु नर्सरी तैयारी, प्लांटेशन तथा जल संवर्धन के कार्यों को प्रारंभ करने के साथ ही नियमित रूप से किए जाने कहा। स्वच्छ भारत मिशन के तहत कचरा संग्रहण हेतु घरों तथा पर्यटन स्थलों पर साफ–सफाई करवाने के निर्देश दिए। वहीं दुकान के साथ निर्मित सामुदायिक शौचालयों के संचालन हेतु पानी की सुविधा वाले 33 दुकानों को नियमित संचालित करने के निर्देश दिए। उन्होंने सितम्बर के पहले इंटरप्राईजेस फाईनेस के लक्ष्य को शत–प्रतिशत करवाने कहा। उन्होंने मनरेगा के तहत निर्माणधीन आंगनबाड़ी केन्द्र एवं उचित मूल्य की दुकान के विकास कार्यो की प्रगति की समीक्षा किए। खाद्यान्न भण्डारण की स्थिति की समीक्षा करते हुए शक्कर, चना–गुड़ भण्डारण हेतु डीडी राशि जमा करवाने के निर्देश दिए। ई–केवाईसी की स्थिति, जिले में बनाए गए राशनकार्ड, प्रचलित राशनकार्डो में जोड़े गए नए सदस्य, निरस्त राशनकार्ड एवं निरस्त सदस्यों की संख्यात्मक जानकारी पर चर्चा किए और मार्च 2025 के भौतिक सत्यापन में शासकीय उचित मूल्य दुकानों में पाई गई कमी की विकासखण्ड एवं नगरीयवार प्रकरण दर्ज कर सुनवाई करते हुए एक माह में समाप्त करें। कलेक्टर ने कहा कि किसानों को केसीसी प्रदाय के लिए 15 जुलाई तक सभी केसीसी प्रकरणों को सेंक्सशन दिलवाएं। मत्स्यपालन एवं पशुपालन विभाग के किसान क्रेडिट कार्ड के प्रकरण की स्वीकृति में प्रगति लाने सहित पशुपालन विभाग द्वारा संचालित मोबाईल वेटनरी युनिट के द्वारा पशु टीकाकरण, जेई के पॉजीटिव वाले क्षेत्र कचनार एवं तोकापाल में पशुओं के उपचार हेतु आवश्यक कार्यवाही करें। कलेक्टर ने बैठक में निर्देशित किया कि मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजनांतर्गत कार्यों में अनुविभागवार विशेषज्ञ समिति के द्वारा किए गए गुणवत्ता जांच की रिपोर्ट के आधार पर भुगतान किया जाएगा। गुणवत्तायुक्त काम नहीं होने सहित कार्य अपूर्ण रखने वाले एजेंसी तथा मूल्यांकन करने के बाद भी काम सही नहीं होने पर संबंधित एजेंसी पर जिम्मेदारी तय की जाएगी। ठेकेदार द्वारा काम को विलंम्ब करने पर एजेंसी को बजट प्रावधान नहीं किया जाएगा। उन्होंने जिला खनिज न्यास संस्थान अन्तर्गत स्वीकृत देवगुड़ी निर्माण कार्य की जनपदवार समीक्षा किए। ( **शेष पृष्ठ 9 पर** )

## साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक

# जाति प्रमाण पत्र बनाने की प्रक्रिया के लिए अनुविभागीय अधिकारियों को सभी बीईओ और बीआरसी की बैठक लेकर आ रही दिक्कतों को दूर करने के दिए निर्देश

◆ नगरीय निकाय क्षेत्रों में सड़क किनारे हो रहे अतिक्रमण को रोकने के लिए प्रभावी कार्यवाही करने का निर्देश दिया सीईओ ने

◆ ई-ऑफिस प्रणाली के तहत सभी विभाग प्रमुख एवं उनके अधीनस्थ कर्मचारी का करना होगा सभी शासकीय कार्य अत: सभी अधिकारी कर्मचारी ई-ऑफिस प्रणाली में पारंगत होवें- सीईओ



दंतेवाड़ा,8 जुलाई (देशबन्धु)। जिला कार्यालय के सभा कक्ष में आज समय सीमा बैठक का आयोजन जिला पंचायत सीईओ श्री जयंत नाहटा की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। बैठक में सीईओ ने कहा कि जिले में स्कूल छात्र-छात्राओं का जाति प्रमाण पत्र बनाये जाने की प्रक्रिया राज्य शासन की प्राथमिकताओं में शामिल है। अत: शिक्षा विभाग और राजस्व विभाग आपसी समन्वय कर मिशन मोड एवं तय समयावधि में इसे पूर्ण करें। उन्होंने राजस्व अनुविभागीय अधिकारियों से कहा कि वे इसके लिए अपने अपने अनुभाग में सभी बीईओ और बीआरसी की बैठक लेकर हो रही दिक्कतों का समाधान तलाशें और आगामी समय सीमा बैठक तक इस कार्य में अपेक्षित प्रगति दर्शाएं। इसके साथ ही उन्होंने वर्षा ऋतु में नगरीय क्षेत्रों में स्वच्छता अभियान की समीक्षा करते हुए कहा कि नगरीय निकायों की स्वच्छता टीम द्वारा हर वार्डों में प्रतिदिन सुबह सड़कों एवं नालियों की सफाई संबंधी फोटो अपलोड किए जाने होगें। इसके साथ ही नगरीय क्षेत्रों में सड़क किनारे फुटपाथों में हो रहे अतिक्रमण को रोकने के लिए जुर्माने जैसे प्रावधान को लागू करने को कहा।

बरसात में मच्छरों से बचाव हेतु नगर पालिकाओं द्वारा नगरीय क्षेत्रों में ''फॉगिंग'' प्रक्रिया को शेड्यूल अनुसार संचालित करने के निर्देश में भी समस्त सीईओ को दिए। सीईओ बैठक में आगे कहा कि शिक्षा विभाग में युक्तियुक्तकरण के तहत जिन शिक्षकों का संलग्नीकरण समाप्त नही किया गया है ऐसी स्थिति में एकतरफा भारमुक्त कार्यवाही कर पालन प्रतिवेदन जिला कार्यालय को प्रस्तुत करें। इसके साथ ही बैठक में स्वास्थ्य विभाग की चिरायु टीम को आश्रम छात्रावासों में छात्रों के नियमित स्वास्थ्य परीक्षण, पंचायतों के आयुर्वेद औषधालयों में चिकित्सकों के उपस्थिति संबंधी तिथि को चस्पा करने, श्रम कार्ड पंजीयन के तहत सभी सीएससी सेंटर संचालकों की बैठक आयोजित किए जाने, नक्सल प्रभावित युवाओं के लिए लाईवलीहुड कॉलेज द्वारा आजीविका मूलक ट्रेनिंग प्रारंभ किए जाने के संबंध में भी सीईओ द्वारा दिशा निर्देश दिए गए।

बैठक में ई-ऑफिस प्रणाली की लागू करने के संबंध में जानकारी दी गई कि राज्य शासन के निर्देशानुसार शासन के डिजिटलीकरण किए जाने के दिशा में अब जिले के सभी कार्यालयों में फ़ाइलों दस्तावेजों और पत्राचार नोटशीट का प्रबंधन डिजिटल के माध्यम से किया जाएगा। जिससे शासकीय कार्य पारदर्शी प्रभावी और सुव्यवस्थित होंगे और आम नागरिक को प्रभावी सेवाएं मिलेगी। इसके तहत कार्यालयीन कार्यों में फाइलों की ट्रैक रिपोर्टिंग जैसी सभी गतिविधियां ऑनलाइन किया जाएगा। अंतर विभागीय कम्युनिकेशन बेहतर होने से टीम वर्क की दक्षता बढ़ेगी। सीईओ ने कहा कि इस संबंध में सभी विभाग प्रमुख यह सुनिश्चित करेंगे कि उनके अधीनस्थ कर्मचारी ई-ऑफिस प्रणाली प्रक्रिया में पूर्णता पारंगत हो जाएं। क्योंकि आने वाले समय में शासकीय कार्यो का संपादन पूरी तरह ई- ऑफिस प्रणाली पर निर्भर रहेगा। बैठक के दौरान अपर कलेक्टर श्री राजेश पात्रे सहित जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद थे।

# शहीद एएसपी आकाश गिरपूंजे की आईईडी ब्लास्ट घटना को अंजाम देने वाले आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार




**सुकमा,** 8 जुलाई (देशबन्धु)। सुकमा जिले के कोंटा के ग्राम ढोंड्रा में आईईडी ब्लास्ट को अंजाम देने वाले एक आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। उक्त आईईडी ब्लास्ट शहीद एएसपी आकाश गिरपूंजे शहीद हुए थे। कोंटा एसडीओपी एवं कोंटा थाना प्रभारी घायल हुए थे। पुलिस ने बताया कि 09 जून को कोंटा के ग्राम ढोंड्रा में नक्सलियों द्वारा गिट्टी खदान में हुए आईईडी विस्फोट में एएसपी आकाश राव गिरपूंजे शहीद हो गए थे। कोंटा एसडीओपी भानुप्रताप चन्द्राकर एवं टीआई सोनल ग्वाला घायल हो गए थे। 12 जून 2025 को पुलिस मुख्यालय ने उक्त प्रकरण की अग्रिम विवेचना राज्य अन्वेषण अभिकरण को सौंपी थी। प्रकरण की विवेचना में राज्य अन्वेषण अभिकरण की टीम लगातार कोंटा सुकमा में विवेचना करते रही। विवेचना के दौरान 08-07-2025 को घटना के एक आरोपी सोड़ी गंगा पिता सोढ़ी सिंगा प्रतिबंधित माओवादी संगठन का आरपीसी अध्यक्ष निवासी नीलमडगू थाना भेज्जी, जिला सुकमा को राज्य अन्वेषण अभिकरण ने गिरफ्तार किया है। आरोपी ने घटना में स्वयं की संलिप्तता स्वीकार की है तथा अन्य आरोपियों के नामों का भी खुलासा किया है। राज्य अन्वेषण अभिकरण ने आरोपी को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय में प्रस्तुत किया है।

## प्लेसमेंट केम्प के माध्यम से रिक्त पदों की पूर्ति हेतु जानकारी देने की अपील

*जगदलपुर, 8 जुलाई (देशबन्धु)। जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केंद्र जगदलपुर द्वारा निजी क्षेत्र के रिक्त पदों हेतु प्लेसमेंट केम्प का आयोजन जुलाई माह में आयोजित किया जाना प्रस्तावित है। उप संचालक रोजगार जगदलपुर से मिली जानकारी के अनुसार प्लेसमेंट केम्प के माध्यम से रिक्त पदों की पूर्ति करने के इच्छुक नियोजक अपने फर्म (संस्था), कार्यालय और दुकान की रिक्तियों की जानकारी कार्यालय जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केंद्र जगदलपुर को पत्र के माध्यम से या कार्यालय के ईमेल ddirempl@gmail.com अथवा कार्यालयीन समय में उपस्थित होकर जानकारी प्रदाय कर सकते हैं। जिसमें पदवार रिक्तियों की संख्या, वांछित योग्यता, अनुभव एवं प्रतिमाह देय वेतन की जानकारी भी दिया जाना आवश्यक है, ताकि प्लेसमेंट कैम्प हेतु पद अनुरूप युवाओं को आकर्षित किया जा सके।*

## ''छू लो आसमान'' कन्या, बालक आवासीय परिसर कारली एवं बालूद संस्था में अध्यापन सह कोचिंग कार्य हेतु निविदा आमंत्रित

**दंतेवाड़ा,**8 जुलाई (देशबन्धु)। जिला प्रशासन दंतेवाड़ा द्वारा संचालित ''छू लो आसमान'' कन्या, बालक आवासीय परिसर कारली एवं बालूद में संस्था में ''रूचि की अभिव्यक्ति'' के तहत राष्ट्रीय, राज्य स्तरीय इंजीनियरिंग और मेडिकल में प्रवेश परीक्षाओं की तैयारी के लिए परिणामोन्मुखी अध्यापन सह कोचिंग कार्य कराये जाने हेतु दर प्रस्तुत करने मोहरबंद द्वितीय निविदाएं आमंत्रित की जाती है। द्वितीय निविदा जमा करने की अंतिम तिथि 21 जुलाई समय अपरान्ह 1 बजे द्वितीय निविदा खोलने की अंतिम तिथि 21 जुलाई समय अपरान्ह 3 बजे तक नियत है। निविदा प्रपत्र एवं अन्य शर्तों की जानकारी जिले के वेवसाइट www.dantewada.nic.in में अपलोड कर दी गई है, प्रकाशित निविदा को जिले के वेबसाइट से डाउनलोड किया जा कर इच्छुक प्रतिभागी आवश्यक दस्तावेज सहित रजिस्ट्री डाक, स्पीड पोस्ट एवं कोरियर के माध्यम से तथा संस्था, फर्म के द्वारा द्वितीय निविदा जमा करने की अंतिम तिथि के पूर्व समय 3 बजे तक जमा किया जा सकता है।

## जिला पंचायत द्वारा फोर व्हीलर वाहन किराये में लेने हेतु निविदा 14 जुलाई तक आमंत्रित

**दंतेवाड़ा** 8 जुलाई (देशबन्धु)। कार्यालय जिला पंचायत दंतेवाड़ा में जिला पंचायत अध्यक्ष, के दैनिक शासकीय कार्य हेतु ग्रामीण क्षेत्रों में भ्रमण एवं विभिन्न योजनाओं के निरीक्षण हेतु 01 नग स्कार्पियो वाहन किराये पर लिये जाने हेतु दिनांक 14 जुलाई 2025 को अपरान्ह 12 बजे तक पुनर्निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा जमा करने की अंतिम तिथि समय 14 जुलाई 2025 समय अपरान्ह 12 बजे, निविदा खोलने की तिथि, समय 14 जुलाई 2025 समय अपरान्ह 1 बजे तक नियत किया गया है। निविदा जमा करने एवं निविदाओं के निष्पादन, निविदा अभिलेख तथा अन्य निविदा से संबंधित अन्य जानकारी कार्यालय जिला पंचायत दंतेवाड़ा (मो. न. 078562-52522) से ली जा सकती है। निविदा अभिलेख निर्धारित शुल्क 300 रुपये प्रदाय कर, कार्यालय और विभागीय वेबसाईट www.dantewada.nic.in से भी डाउनलोड किये जा सकते है।

## चाईल्ड हेल्प लाईन युनिट में परियोजना समन्वयक के चयन 11 जुलाई को कौशल परीक्षा एवं साक्षात्कार

कोण्डागांव 8 जुलाई (देशबन्धु)। चाईल्ड हेल्पलाईन 1098 युनिट जिला कोण्डागांव के संविदा पद परियोजना समन्वयक की पदपूर्ति हेतु जिला स्तरीय चयन समिति के निर्णय अनुसार संशोधित अनंतिम प्रावीण्य सूची के 1:10 के अनुपात (सरल क्रमांक 06 से 15) के अभ्यर्थियों का 11 जुलाई को समय 11.00 बजे स्थान जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग, कलेक्ट्रेट परिसर कोण्डागांव जिला कोण्डागांव में दस्तावेज सत्यापन, व्यक्तिगत साक्षात्कार, कौशल परीक्षा आयोजित किया गया है।

## आईटीआई एडमिशन के लिए 13 जुलाई से 18 जुलाई तक किया जा सकता है पंजीयन

दंतेवाड़ा, 08 जुलाई 2025। कार्यालय शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था गीदम से प्राप्त जानकारी अनुसार शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था गीदम, दंतेवाड़ा, कटेकल्याण, कुआकोंडा में शैक्षणिक सत्र 2025-26 हेतु कोपा, मैकेनिक डीजल, वेल्डर, आदि विषयों में ऑनलाइन प्रवेश हेतु तिथि जारी कर दिया है। द्वितीय चरण की रजिस्ट्रेशन के लिए 13 जुलाई से 18 जुलाई तक ऑनलाइन पंजीयन किया जा सकता है। इस संबंध में विद्यार्थी ऑफिसियल वेबसाइट https://cgiti.admissions-nic.in/ पर जाकर छत्तीसगढ़ आईटीआई एडमिशन 2025 के लिए रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं।

# पिरदा में विकासखण्ड स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव और साइकिल वितरण




**पिथौरा,** 8 जुलाई (देशबन्धु)। स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय पिरदा में विकास खण्ड स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव 2025-26 का आयोजन किया गया। विकासखण्ड पिथौरा के बीआरसी श्री नरेश पटेल द्वारा दिए गए जानकारी के अनुसार कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में जनपद अध्यक्ष पिथौरा श्रीमती उषा धृतलहरे, अध्यक्षता जनपद पंचायत उपाध्यक्ष ब्रम्हानंद पटेल ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में क्षेत्रीय जिला पंचायत सदस्य श्रीमती सीमा लोकेश नायक, जनपद सदस्य श्रीमती सुशीला अम्बु पटेल, विधायक प्रतिनिधि हरप्रसाद पटेल, भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य श्री स्वप्निल तिवारी, विधायक निज सचिव नरेन्द्र बोरे, जनपद सदस्य पुरूषोत्तम धृतलहरे, दिनेश अग्रवाल, भाजपा मंडल अध्यक्ष अभिमन्यु प्रधान, शाला विकास एवं प्रबंधन समिति अध्यक्ष इंदल बरिहा, सरपंच ग्राम पंचायत पिरदा रंजन भोई, उपसरपंच मनोज पटेल, मिडिया प्रभारी हरिकेश भोई, पूर्व जिला पंचायत सदस्य श्री त्रिलोचन नायक, पूर्व बीआरसी एफ.ए.नन्द, प्राचार्य सेजेस पिरदा तरूण पटेल, पथरला सरपंच भरतलाल पटेल मंचासीन रहे। सभी अतिथियों का कर्मा दल के द्वारा स्वागत किया गया। इस अवसर पर नवप्रवेशी बच्चों का तिलक लगाकर स्वागत किया गया और नवप्रवेशी छात्र-छात्राओं को पुस्तक दिया गया। वहीं कक्षा नौवीं की 62 छात्राओं निःशुल्क सरस्वती साईकिल योजना के तहत साइकिल प्रदान किया गया। अतिथियों ने मेरिट छात्र-छात्राओं को मेडल और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इसमें हिन्दी माध्यम से बारहवीं में प्रथम कु.रिनिता बरिहा, कु. सलीना प्रधान एवं कु.विशाखा बरिहा दसवीं में अंजलि निर्मलकर, रिग्मा यादव, मिनाक्षी सोम, आठवीं में कविता साहू, दामिनी बरिहा, लेलिमा पटेल, इंग्लिश माध्यम से बारहवीं में आहना ग्वाल, अस्मी कलेत, दसवीं में संगीता प्रधान, नूतन पटेल, देवेश कुमार पटेल, आठवीं में आदर्श भोई, महेश पटेल, कुणाल ठाकुर, पांचवीं में सुनैना भोई, ईशा पटेल, लक्ष्य राज साहू को सम्मानित किया गया। वहीं क्रीड़ा प्रतियोगिता में राज्य स्तरीय एवं संभागीय प्रतियोगिताओं में स्थान पाने वाले अमीश लारेंस, अनी कलेत, विशाल पटेल, अस्मी कलेत, अतुल्य नन्द, रॉबिन जॉयस, हर्ष राजचरण और अबशालोम बॉबी कुमार, कु. मनीषा राणा, कु.पल्लवी कैवर्त्य को भी सम्मानित किया गया, कार्यक्रम के सफल आयोजन में संकुल समन्वयक श्री राजाराम पटेल, बालाराम दीवान, टेकराम निषाद, राजेंद्र मारकंडे, लाभोराम ठाकुर, मनोज बरिहा, धनीराम सिदार, जेठूराम पांडे, खेमराज पटेल, विक्रम वर्मा, अशोक पटेल, साहेबलाल नायक, अंजय कश्यप, सोमनाथ चौहान, हेमसागर बगर्ती, शेषनारायण साहू, पदमन चौधरी, किशोर पटेल, शिशुपाल प्रधान, मुकेश पटेल, लम्बोदर मलिक, मनोहर साहू, प्रेमनारायण श्रीवास, मिलूराम बरिहा, खीरेश्वर प्रधान, परिमल प्रधान, तेजराम यादव की महती भूमिका रही, इस अवसर पर जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती उषा पुरूषोत्तम धृतलहरे ने विद्यालय के विकास के लिए 05 लाख एवं जिला पंचायत सदस्य श्रीमती सीमा लोकेश नायक ने रंगमंच निर्माण के लिए 02 लाख रुपए की घोषणा किये, कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ शिक्षक श्री लोरीश कुमार ने किया और आभार प्रदर्शन संस्था प्राचार्य श्री तरुण पटेल ने किया। इस अवसर पर कार्यक्रम को सफल बनाने में सेजेस पिरदा के सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं का विशेष सहयोग रहा..

# लाला जगदलपुरी केंद्रीय ग्रन्थालय के प्रबंधकारिणी समिति की बैठक

◆ ग्रंथालय में पाठकों को बेहतर सुविधाएं प्रदान करें - कलेक्टर



**जगदलपुर,** 8 जुलाई (देशबन्धु)। कलेक्टर एवं अध्यक्ष लाला जगदलपुरी केंद्रीय ग्रन्थालय हरीश एस की अध्यक्षता में मंगलवार को कलेक्टोरेट के प्रेरणा कक्ष में लाला जगदलपुरी केंद्रीय ग्रन्थालय के प्रबंधकारिणी समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर हरीश ने कहा कि केंद्रीय ग्रन्थालय में पाठकों को बेहतर सुविधाएं प्रदान करें। उन्हें ऑनलाइन स्टडी मटेरियल, आवश्यक पुस्तकें एवं समसामयिक पत्र-पत्रिकाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने सहित इंटरनेट सुविधा की भी समुचित सुलभता कराया जाए। बैठक में अधिक से अधिक पाठकों को ग्रन्थालय का लाभ प्रदान करने के सम्बन्ध में चर्चा की गई। साथ ही विद्युत के वैकल्पिक व्यवस्था के तौर पर इनवर्टर की व्यवस्था के निर्देश कलेक्टर द्वारा दिए गए। कलेक्टर ने केंद्रीय ग्रन्थालय में सुरक्षा की दृष्टिकोण से सुरक्षा कर्मियों की व्यवस्था के निर्देश भी दिए। उन्होंने संपूर्ण भवन में विद्युत व्यवस्था के ऑडिट के निर्देश दिए। बैठक में ग्रन्थालय के साफ सफाई एवं परिसर के उद्यान के रख-रखाव के संबंध में चर्चा की गई। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रतीक जैन, सहायक कलेक्टर विपिन दुबे तथा प्रबंधकारिणी समिति के सदस्य अधिकारी उपस्थित थे।

# गड़बेड़ा हाई स्कूल की जर्जर भवन में मरम्मत जल्द नहीं तो तालाबंदी की चेतावनी



**पिथौरा,** 8 जुलाई (देशबन्धु)। विकासखंड के शासकीय हायर सेकंडरी विद्यालय ग्राम गड़बेड़ा के सरकारी स्कूल जहां कक्षा नवमी से 12वीं तक अध्यनरत भवन में मरम्मत के अभाव में विद्यालय के लगभग सभी कमरे खस्ताहाल में हैं। हालत यह है कि स्कूल के लगभग सभी कमरों पर छत से पानी टपक रहा है तो किसी की दीवार और छत से प्लास्टर टूटकर नीचे गिर रहा है। दीवारों पर करंट भी आ रहा है पिछले दिनों तेज बारिश में पानी कमरों में आ जाने से बच्चों का वहां पढ़ाई करना मुश्किल हो गया है। ऐसे भवनों में बच्चे जान जोखिम में डालकर पढ़ाई करने को मजबूर हैं। इस विद्यालय के जर्जर भवनों में स्कूल संचालित करना वहां के स्टाफ के लिए अब मुश्किल भरा हो गया है। पिछले कई वर्षों से संबंधित वरिष्ठ अधिकारियों को मामले की जानकारी देने के बाद भी इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया गया। पूर्व में घटना पानी टपकने के कारण स्कूल के पंखा एक शिक्षक के ऊपर गिरने से शिक्षक और छात्र बाल बाल बचे थे।पानी सीपेज के कारण स्कूल के दीवारों में करंट आ गए गए थे। जिससे बड़ी दुर्घटना हो सकती थी। प्राचार्य के सूझबूझ से सभी स्कूल के कमरे को बंद कराया गया था।ग्रामीणों स्कूल प्रबंध समिति का कहना है जर्जर भवन की शिकायत पिछले कई वर्षों से बरसात आते ही लगातार संबंधित अधिकारी को दी जाती थी जांच में आते थे अधिकारी गण लेकिन किसी प्रकार की कोई कार्यवाही नहीं मरम्मत की गई इस वर्ष भी जल्द ही स्कूल की जर्जर मरम्मत ठीक नहीं किया गया तो पूरे स्कूल भवन में 14 जुलाई 2025 सोमवार से तालाबंदी करने की चेतावनी दी है।

# जन्मदिवस पर वृक्षारोपण



**चारामा,**8 जुलाई (देशबन्धु)। अपने भांजे के जन्मदिवस के अवसर पर वृक्षारोपण कर जन्मदिवस मनाया गया नगर के पत्रकार राजेन्द्र ओझा ने अपने भांजे शशांक के जन्मदिवस दिवस अवसर पर नगर के स्वामी आत्मानंद विद्यालय परिसर में बादाम,नीम एवं गुलमोहर के पौधे का रोपण कर अपने भांजे का जन्मदिवस मनाया इस अवसर पर नगर के वरिष्ठ पत्रकार डॉक्टर विजय तिवारी, यूवा शक्ति समाज सेवी संस्था के अध्यक्ष एवं नगर के पार्षद उत्तम साहू, नगर के पत्रकार दीपक देवांगन शंशाक के पिता समीर विश्वास पुनम सिलाई प्रशिक्षण केंद्र की संचालिका एवं माताजी श्रीमति पूनम विश्वास, ,,माही टेकाड़े की उपस्थिति में संयुक्त रूप से पौधारोपण कर शशांक को जन्मदिवस की बधाई एवं अपना आशिर्वाद प्रदान कर पर्यावरण को बचाने प्रेरणास्वरुप अपने व्यक्तव मे डॉक्टर विजय तिवारी एवं उत्तम साहू ने कहा की हर मां बाप,को इससे प्रेरणा लेकर जन्मदिवस हो या अन्य कार्यकम के अवसर पर कम से कम एक पौधारोपण करना चाहिए जिससे हमारी आने वाली पीढ़ी पर्यावरण के प्रति सजग रहे।और इसी बहाने कम से कम एक पेड़ जरुर लगायें।

## प्रादेशिकी का शेष...

### बेटे की गवाही से पिता के हत्यारे...

एवं लात से बारंबार प्रहार किया था जिससे मेरे पिता की मृत्यु हुई थी। इस बात की पुष्टि डॉक्टर के द्वारा शव परीक्षण रिपोर्ट के माध्यम से भी हुई। मामले की सुनवाई कर रहे प्रधान सत्र न्यायाधीश गोविंद नारायण जांगड़े ने हत्या के आरोप में दोषी पाते हुये दशरू मुचाकी को आजीवन कारावास व 100 रुपए अर्थ दंड की सजा सुनाई एवं अर्थ दंड की राशि नहीं पटाने पर एक माह का अतिरिक्त कारावास की सजा सुनाई गई।

### समय-सीमा की बैठक ...

स्लेब व फिनिसिंग वाले निर्माण कार्य को इस माह तक पूर्ण करवाने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री अद्योसंरचना संधारण एवं उन्नयन प्राधिकरण योजना के विकास कार्यो की प्रगति, पाठयपुस्तकों का वितरण की स्थिति तथा जाति प्रमाण पत्र के निर्माण हेतु तहसील व एसडीएम द्वारा की गई कार्यवाही की समीक्षा किए। कलेक्टर ने सघन टीकाकरण कार्यक्रम की प्रगति, सघन मोतियाबिंद जांच एवं उपचार, टीबी मुक्त अभियान एवं मलेरिया मुक्त अभियान की प्रगति की समीक्षा किए और वय वंदना कार्ड निर्माण में आवश्यक प्रगति लाने हेतु घर-घर सर्वेकर कार्य करने पर जोर दिए। साथ ही उप स्वास्थ्य केन्द्र भवनों के विकास कार्य पर चर्चा किए। उन्होंने आंगनबाड़ी केन्द्र में पेयजल एवं शौचालय कार्य को जल्द पूर्ण करने के निर्देश दिए। बस्तर क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण मद अन्तर्गत स्वीकृत कार्यो की एजेंसीवार वर्ष 2021-22 से 2024-25 तक स्वीकृत देवगुड़ी निर्माण कार्यो की प्रगति की समीक्षा किए। वहीं नक्शा-बटांकन और नवीन सर्वेक्षण पूर्ण ग्रामों का अभिलेख तैयार करने के काम में तेजी लाने कहा। साथ ही जनदर्शन के लंबित पीजी पोर्टल जन शिकायत पोर्टल तथा समय-सीमा के प्रकरणों पर चर्चा की और सभी प्रकरणों का समय-सीमा के भीतर निराकरण करने के निर्देश दिए। बैठक में सीईओ जिला पंचायत प्रतीक जैन, वनमण्डलाधिकारी उत्तम गुप्ता, सहायक कलेक्टर विपिन दुबे, अपर कलेक्टर सीपी बघेल सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

# आईईडी ब्लास्ट करने की घटना में शामिल चार नक्सल सहयोगी को पकड़ने में कोहकामेटा पुलिस व डीआरजी नारायणपुर को मिली सफलता



**नारायणपुर।** ज्ञात हो कि थाना कोहकामेटा के अंतर्गत ग्राम कुतुल व बेड़माकोटी मार्ग के किनारे पर नक्सलियों द्वारा सुरक्षा बल को जान से मारने की नियत से आईईडी प्लांट किए थे जिसमें ग्राम सोनाबल जिला कोंडागांव निवासी संतोष पोयाम नामक ट्रक चालक की पैर पड़ने से गंभीर रूप से घायल हो गया था, आरोपियों की लगातार तलाश पुलिस के द्वारा किया जा रहा था कि डीआरजी के द्वारा पता तलाश करने हेतु ग्राम कोड़तामरका , फरसबेड़ा की ओर रवाना हुए थे । कोड़तामरका गांव में पता तलाश करने पर 4 संदिग्धों से पूछताछ किया गया जिन्होंने अपना नाम लच्छू , लाली, कोसा, मालू बताया जिनका पता तलाश किया जा रहा था जिसे अभिरक्षा में ले कर पूछताछ करने पर अपना जुर्म स्वीकार किया। आरोपियों को मनोवैज्ञानिक तरीके से पूछताछ करने पर 2020 से कुतुल आरपीसी मिलिशिया नक्सली संगठन सदस्य का काम करना, गांव वालो को नक्सलवादी विचारधारा से प्रेरित करना, पुलिस पार्टी को नुकसान पहुंचाना, रेकी करना, नक्सल सहयोगी के रूप मे आईईडी लगाने की घटना को अंजाम देना स्वीकार किया। साथ ही बताया गया कि थाना कोहकामेटा क्षेत्रान्तर्गत दिनांक 07.04.2025 को ग्राम कुतुल से बेड़माकोटी मार्ग पर पुलिस पार्टी को जान से मारने के लिए आईईडी बम लगाया था जिसमें एक ट्रक चालक गंभीर रूप घायल हो गया था । सभी आरोपी नक्सली संगठन के कमांडर रतन, वेशु अन्य नक्सल सहयोगियों के साथ बम लगाने व रेकी करने की घटना में शामिल रहते थे । अन्य आरोपियों की पता तलाश की जा रही है आरोपियों को विधिवत गिरफ्तार कर दिनांक 08/07/2025 को न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया।

**आपराधिक प्रकरण:-** थाना कोहकामेटा अपराध क्रमांक- 10/2025 धारा 109 भा.न्या.सं. 3, 5 वि.प.अधिनियम, 10,13(1),16,20,38(2),39 (2) वि.वि.क्रि.क.नि.अधि.।

### गिरफ्तार आरोपी

1 - लच्छूराम उर्फ भास्कर उम्र 44 वर्ष निवासी कोड़तामरका थाना कोहकामेटा जिला नारायणपुर (छ.ग.)
2 - लाली उर्फ मलेश उम्र 29 वर्ष निवासी कोड़तामरका थाना कोहकामेटा जिला नारायणपुर (छ.ग.)
3- कोसा उर्फ अनिल उम्र 40 वर्ष निवासी कोड़तामरका थाना कोहकामेटा जिला नारायणपुर (छ. ग.)
4- मालू उर्फ दिनेश उम्र 25 वर्ष निवासी कोड़तामरका थाना कोहकामेटा जिला नारायणपुर (छ. ग.)

# सीपीआई एवं अ.भा.आदि.महासभा ने समस्याओं के समाधान को लेकर सौंपा ज्ञापन



**कोण्डागांव** 8 जुलाई (देशबन्धु)। सीपीआई राज्य परिशद् के कंट्रोल कमिषन सदस्य तिलक के निर्देष पर सी.पी.आई. जिला परिशद् कोण्डागांव के जिला सचिव षैलेष के नेतृत्व में जिला सहायक सचिव द्वय जयप्रकाष, दिनेष, अखिल भारतीय आदिवासी महासभा जिला कोण्डागांव के जिला अध्यक्ष मुकेष एवं सोमारु, छबीलाल आदि के द्वारा 1. आदिवासी बाहुल्य बस्तर सम्भाग के कोण्डागांव जिले में आदिवासी वर्ग के साथ हो रहे भेदभावपूर्ण कार्यवाही एवं प्रताड़ना पर तत्काल रोक लगाने, 2. किसानों को लेम्प्स से उचित मूल्य पर आवष्यकता अनुसार उर्वरक नहीं मिलने से हो रही परेषानी को दूर करने, खुले बाजार में अधिक मूल्य पर विक्रय किए जा रहे उर्वरकों के मूल्यों पर नियंत्रण करने एवं जिले विक्रय हो रहे अमानक उर्वरकों पर रोक लगान, 3. वन क्षेत्र में हो रहे अवैध पेड़ कटाई की षिकायत करने वाले षिकायतकर्ता का नाम उजागर करके षिकायतकर्ता की जान को खतरे में डालने वाले वन विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों पर कार्यवाही करने विशयक तीन ज्वलंत समस्याओं से सम्बन्धित एक ज्ञापन को जिला कलेक्टर, जिला कोण्डागांव, के माध्यम से प्रेशित किया गया है।

उपरोक्त तीनों ज्वलंत समस्याओं के सम्बन्ध में लेख किया गया है कि अखिल भारतीय आदिवासी महासभा जिला षाखा कोण्डागांव एवं सी.पी.आई. जिला परिशद् कोण्डागांव, छत्तीसगढ़ से जिले में निवासरत आदिवासी वर्ग के कई आदिवासीजन, उनके साथ किए जा रहे भेदभावपूर्ण कार्यवाही एवं प्रताड़ना की षिकायत करके न्याय दिलाने में सहयोग करने की मांग की जा रही है। इसी तरह जिले के किसानों को सम्बन्धित लेम्प्स से आवष्यकता अनुसार उर्वरक नहीं मिलने, खुले बाजार में अधिक मूल्य पर उर्वरक विक्रय किए जा रहे होने की षिकायतें मिल रही है। वहीं समाचार पत्रों में छपी खबरों से जिले में अमानक उर्वरक भी किसानों को वितरित किए गए होने की जानकारी मिल रही है। वहीं जिले के वन क्षेत्र में पेड़ों की हो रहे अवैध कटाई की विधिवत् षिकायत करने वाले कुछ ग्रामीणजनों से षिकायत प्राप्त हुई है कि उनके द्वारा किए गए षिकायत पर वन विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों के द्वारा वन क्षेत्र में पेड़ों की हुई अवैध कटाई का भौतिक रुप से सत्यापन करने और पेड़ों की अवैध कटाई को रोकने का प्रयास करने के बजाए, वन क्षेत्र में पेड़ों की अवैध कटाई करने वालों के समक्ष ही षिकायतकर्ता का नाम को उजागर कर देते हैं। षिकायतकर्ता का नाम उजागर होने से पेड़ों की अवैध कटाई करने वाले तथा उनको समर्थन देने वालों के द्वारा षिकायतकर्ता को टार्गेट बनाकर षिकायतकर्ता के साथ मारपीट किया जाता है, जानलेवा हमला तक कर दिया जाता है। क्षेत्र के परेषान, पीड़ित आदिवासीजनों, किसानों एवं वन क्षेत्र में पेड़ों की अवैध कटाई किए जा रहे होने की सद्भावनापुर्वक विधिवत् लिखित षिकायत करने वालों के द्वारा न्याय दिलाने में सहयोग हेतु किए जा रहे आग्रह के मद्देनजर ही अखिल भारतीय आदिवासी महासभा जिला षाखा कोण्डागांव एवं सी.पी.आई. जिला परिशद् कोण्डागांव, छत्तीसगढ़ के द्वारा यह ज्ञापन सौंपकर विनम्रतापुर्वक आग्रह किया जा रहा है कि सौंपे जा रहे ज्ञापन में उल्लेखित तीनों गम्भीर विशयों को गम्भीरतापुर्वक संज्ञान में लेकर परेषान, पीड़ित आदिवासीजनों, किसानों एवं वन क्षेत्र में पेड़ों की अवैध कटाई किए जा रहे होने की सद्भावनापुर्वक विधिवत् लिखित षिकायत करने वाले षिकायतकर्ताओं की समस्या का समाधान करने के लिए उचित कार्यवाही करने का आग्रह करने के साथ ही लेख किया गया है कि ज्ञापन सौंपने के बाद समय सीमा में कार्यवाही नहीं होने पर अखिल भारतीय आदिवासी महासभा जिला षाखा कोण्डागांव एवं सी.पी.आई. जिला परिशद् कोण्डागांव, आंदोलन करने को बाध्य होगा। जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी षासन-प्रषासन की होगी।

# जल जनित रोगों पर नियंत्रण हेतु गोलावंड में चलाया जा रहा है जन जागरूकता अभियान



**कोण्डागांव** 8 जुलाई (देशबन्धु)। कोंडागांव जिले के ग्राम गोलावंड में डायरिया रोकथाम अभियान के तहत लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा की गई सक्रिय पहल से हालात नियंत्रण में है। पूर्व वर्षों की भांति इस वर्ष भी गोलावंड को डायरिया संभावित क्षेत्र के रूप में चिन्हित किया गया था। अब तक कुल 113 मामलों की पुष्टि हो चुकी है, हालांकि संतोषजनक बात यह रही कि किसी भी प्रकार की मृत्यु की सूचना नहीं मिली है।

विभाग द्वारा समय पर की गई निगरानी, उपचार और जन जागरूकता की गतिविधियों के कारण स्थिति नियंत्रित बनी हुई है। पीएचईडी कोंडागांव की टीम जिसमें मितलेश साहू परियोजना समन्वयक, अमन श्रीवास्तव परियोजना समन्वयक और सुहानी बक्शी परियोजना समन्वयक शामिल थे, जिन्होंने ग्रामवासियों और विद्यालय के बच्चों के बीच जागरूकता सभा के माध्यम से डायरिया और उसके रोकथाम के उपाय के बारे में बताए। इन सभाओं में बच्चों को हाथ धोने की सही विधि, स्वच्छ जल पीने की आदत, भोजन से पूर्व और शौच के बाद हाथ धोने का महत्व तथा खुले में शौच से होने वाले स्वास्थ्य जोखिमों के बारे में जानकारी दी गई। साफ-सफाई बनाए रखने और टॉयलेट उपयोग को लेकर भी जागरूक किया गया। अभियान के दौरान यह स्पष्ट किया गया कि डायरिया जैसी जलजनित बीमारियों से बचाव पूरी तरह संभव है, यदि लोग सतर्कता बरतें और स्वच्छ आदतों को अपनाएं। नियमित रूप से जल स्त्रोतों की सफाई, ढंके बर्तनों में पानी संग्रह करना, गंदे हाथों से भोजन न करना जैसे सामान्य उपायों को प्रभावी ढंग से अपनाने पर बल दिया गया। ग्राम में लिए गए जल के नमूनों की जांच की गई, जिसमें अब तक किसी भी प्रकार के बैक्टीरियल संक्रमण के संकेत नहीं पाए गए हैं। पीएचईडी टीम ने सरल भाषा और रोचक उदाहरणों के माध्यम से ग्रामीणों को यह समझाया कि डायरिया से बचाव केवल औषधियों पर निर्भर नहीं है, बल्कि स्वच्छ जीवनशैली के पालन से भी संभव है। ग्रामवासियों ने इस प्रयास को सकारात्मक रूप से अपनाया और सामूहिक रूप से स्वच्छ जल के उपयोग, व्यक्तिगत स्वच्छता और सामुदायिक सहयोग का संकल्प लिया। यह अभियान न केवल स्वास्थ्य सुरक्षा की दिशा में एक मजबूत कदम है, बल्कि जागरूक, स्वस्थ और सुरक्षित ग्राम निर्माण की दिशा में भी एक महत्वपूर्ण पहल साबित हुआ है।

# भगदेवा में राशन वितरण में गड़बड़ी, ग्रामीणों ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

**कोण्डागांव** 8 जुलाई (देशबन्धु)। ग्राम पंचायत भगदेवा में राशन वितरण को लेकर अनियमितताओं की शिकायत सामने आई है। ग्रामीणों ने इस संबंध में कलेक्टर जनदर्शन में पहुंचकर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर कार्रवाही की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि पात्र हितग्राहियों को निर्धारित मात्रा में राशन नहीं दिया जा रहा है। ज्ञापन में बताया गया कि शासन द्वारा प्रति कार्डधारी 35 किलो चावल वितरण का प्रावधान है, लेकिन राशन दुकान से सिर्फ 30 किलो चावल ही दिया जा रहा है। हर महीने 5 किलो चावल की कटौती कर दी जाती है।



ग्रामीणों का आरोप है कि एक ही बार में पूरे महीने का राशन नहीं बांटा जाता, बल्कि टुकड़ों में वितरण कर ग्रामीणों को गुमराह किया जा रहा है। साथ ही जब इस पर सवाल उठाए जाते हैं, तो जिम्मेदार राशन डीलर कोई स्पष्ट जवाब नहीं देता। इससे गांव के गरीब और जरूरतमंद लोग परेशान हैं।

**ग्रामीणों ने ज्ञापन के माध्यम से किया मांग –**

1. पूरे मामले की उच्च स्तरीय जांच कराई जाए, 2. वितरण प्रणाली में पारदर्शिता सुनिश्चित की जाए। 3. दोषी डीलर को हटाकर ईमानदार व्यक्ति की नियुक्ति की जाए। 4. काटे गए राशन की भरपाई की जाए। 5. मामले को गंभीरता से लेकर शीघ्र कार्रवाई की जाए।

# ईजी. एस.पी. विश्वकर्मा पेंशनर्स बस्तर संभाग के अध्यक्ष नियुक्त



**कोण्डागांव** 8 जुलाई (देशबन्धु)। छ.ग.पेंशनधारी कल्याण संघ पंजियन क्र.1881 मुख्य कार्यालय पेंशनर भवन डंगरापारा अकलतरा जिला जांजगीर चांपा छ.ग. के प्रांतीय कार्यालय द्वारा प्रांताध्यक्ष डॉ.डी.पी.मनहर, संरक्षक बालमुकुंद चतुर्वेदी, प्रांतीय प्रधान संरक्षक एन.के.पी.सिन्हा तथा प्रांतीय महासचिव रतनलाल केवर्थ्य तथा पेंशनर संघ संगठन के अन्य प्रांतीय पदाधिकारियों के साथ प्रांतीय कार्यालय अकलतरा में आयोजित बैठक 30 जून में पेंशनरों के कार्यों को सरलता से निराकृत करने के लिए प्रांतीय कार्यकारिणी के विस्तार हेतु उनके आदेश क्र.पीकेएस/प्रांताध्यक्ष/2025 को अकलतरा प्रांतीय कार्यालय द्वारा छग के विभिन्न संभागों एवं जिलों में संघ के कार्यों को सुचारू रूप से पूर्ण जवाबदारी जिम्मेदारी एवं सक्रियतापूर्वक निर्वहन करने के लिए प्रांतीय कार्यकारिणी समिति का गठन किया गया, जिसमें प्रांताध्यक्ष डॉ.डी.पी.मनहर ने प्रधान संरक्षक एक, संरक्षक दो, उप संरक्षक 3, प्रांतीय महामंत्री एवं महासचिव रतनलाल केवर्थ्य को उप प्रांताध्यक्ष पांच तथा प्रांत के कुल पांच संभागों से पांच संभागीय अध्यक्ष के अलावा जशपुर जिले के कांसाबेल क्षेत्र से भी जे.आर.यादव को संभाग अध्यक्ष नियुक्त करते हुए, प्रांतीय कोषाध्यक्ष-1, प्रांतीय संयोजक 14 पद, प्रांतीय प्रवक्ता 6, प्रांतीय संयुक्त सचिव 20, प्रांतीय कार्यकारिणी सदस्य 17, प्रांतीय प्रचार सचिव 16, प्रांतीय संगठन सचिव 26 नियुक्त कर पत्र की प्रतिलिपि सभी शासन-प्रशासन कार्यालयों को सूचनार्थ प्रेषित किया गया है। इसी कड़ी में बस्तर संभाग के सातों जिलों के पेंशनरों के कार्यों को व्यवस्थित सुचारू रूप से जवाबदारीपूर्वक निर्वहन करने के लिए कोंडागांव जिले के निष्ठावान, सक्रिय, अध्यक्ष प्रज्ञा पुत्र वैद्य कवि इंजीनियर सरजू प्रसाद विश्वकर्मा को बस्तर संभाग का संभाग अध्यक्ष नियुक्त कर बस्तर संभाग के सातों जिलों के पेंशनरों को गौरवान्वित किया है। नवनियुक्त सभी पदाधिकारियों ने प्रतांध्यक्ष एवं प्रांतीय समिति को धन्यवाद एवं आभार संदेश प्रेषित किया है। बस्तर संभाग के नवनियुक्त संभागीय अध्यक्ष प्रज्ञा पुत्र वैद्य कवि इंजीनियर एस.पी.विश्वकर्मा शीघ्र ही सातों जिलों के पेंशनरों से संपर्क एवं बैठक कर अपनी संभागीय कार्य समिति का गठन यथाशीघ्र करेंगे। प्रांत द्वारा नवगठित प्रांतीय कार्यकारिणी में बस्तर संभाग के सातों जिलों से कुल 17 पदाधिकारियों का चयन कर प्रांत में प्रतिनिधित्व की जवाबदारी सौंपी गई है। इससे बस्तर संभाग के सभी पेंशनर्स भाई-बहनों में प्रसन्नता है एवं प्रांतीय समिति को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए आभार व्यक्त किया है। प्रेस को यह जानकारी कोंडागांव जिले के अध्यक्ष एवं नवनियुक्त संभाग अध्यक्ष इंजीनियर सरजू प्रसाद विश्वकर्मा द्वारा दिया गया।

# कलेक्टर ने जनदर्शन में सुनी समस्याएं



**कोण्डागांव** 8 जुलाई (देशबन्धु)। कोण्डागांव कलेक्टर श्रीमती नुपूर राशि पन्ना ने 08 जुलाई को जिला कार्यालय के सभा कक्ष में साप्ताहिक जनदर्शन में आम नागरिकों की समस्याओं को गंभीरता के साथ सुनी और संबंधित अधिकारियों को उनके आवेदनों पर त्वरित निराकरण हेतु निर्देशित किया। जनदर्शन में आज ग्राम खलारी एवं ग्राम सोलभाट के ग्रामीणों ने स्कूल में लम्बे समय से अनुपस्थित शिक्षक की शिकायत एवं नया शिक्षक की मांग के लिए आवेदन प्रस्तुत किया, जिस पर कलेक्टर ने ग्रामीणों की मांग पर कार्यवाही हेतु जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया। इसी तरह ग्राम सालेभाट की अंजू नेताम ने आंगन बाड़ी केन्द्र हरवेल की मरम्मत कार्य की मांग की, वहीं ग्राम तितना के रामचन्द मरकाम ने देवगुड़ी की मांग, ग्राम काकड़ गांव के निवासी गणेश राम यादव ने वन अधिकार पत्र की मांग की। इसी प्रकार सड़क निर्माण, राशन कार्ड, अधिक बिजली बिल की शिकायत, सहित राजस्व प्रकरणों के साथ कई मांगों एवं समस्याओं को लेकर 20 आवेदन प्राप्त हुए।

# सुरक्षाकर्मियों का पीएफ जमा नहीं होने पर लगाया आरोप, कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

**कोण्डागांव** 8 जुलाई (देशबन्धु)। जिले के विभिन्न शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों (आईटीआई) में तैनात सुरक्षाकर्मियों ने पीएफ की राशि समय पर जमा नहीं होने को लेकर नाराजगी जताई है। सिक्योरिटी गार्डों ने कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर कलेक्टर जनदर्शन में एक लिखित शिकायत सौंपा और कार्रवाई की मांग किया। गौरतलब है कि रायपुर स्थित प्रवीण प्रोटेक्शन एंड इंटेलिजेंस प्रा.लि.नामक कंपनी के माध्यम से इन सुरक्षाकर्मियों की नियुक्ति वर्ष 2023 में की गई थी। सुरक्षाकर्मियों का कहना है कि कंपनी ने वेतन से पीएफ की राशि तो काटी, लेकिन उसे पीएफ पोर्टल में जमा नहीं किया गया। लगभग 1560 रुपए प्रतिमाह पीएफ की कटौती होती रही, लेकिन कई महीनों से खाते में यह जमा नहीं हुई है। ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया है कि पहले भी इस कंपनी द्वारा पीएफ जमा न करने की शिकायत की गई थी, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। श्रमिकों ने आरोप लगाया कि कंपनी द्वारा बार-बार झूठे आश्वासन दिए जाते हैं और ईपीएफ पोर्टल में फर्जी एंट्री दिखाकर उन्हें गुमराह किया जा रहा है।



सुरक्षाकर्मियों ने प्रशासन से मांग की है कि कंपनी पर सख्त कार्रवाई की जाए और अब तक की बकाया पीएफ राशि तत्काल उनके खाते में जमा करवाई जाए। साथ ही भविष्य में किसी अन्य संस्था में रोजगार देने से पहले कंपनियों की पारदर्शिता की जांच करने की भी मांग की गई है। ज्ञापन पर 17 से अधिक सुरक्षाकर्मियों के हस्ताक्षर मौजूद हैं। श्रमिकों ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई तो वे आंदोलन करने को बाध्य होंगे।

# शासकीय योजनाओं के ऋण प्रकरणों पर त्वरित कार्रवाई के निर्देश



**◆ जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति की बैठक संपन्न**

**कोण्डागांव** 8 जुलाई (देशबन्धु)। कोंडागांव कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना की अध्यक्षता में सोमवार को जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति की बैठक जिला कार्यालय के सभा कक्ष में भारतीय स्टेट बैंक के संयोजन में आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर ने सभी बैंक अधिकारियों को निर्देशित किया कि शासकीय योजनाओं के अंतर्गत ऋण स्वीकृति हेतु लंबित प्रकरणों का प्राथमिकता के साथ त्वरित निराकरण सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि शासन की योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन में बैंकों की सक्रिय सहभागिता अत्यंत आवश्यक है। बैठक के दौरान राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन, जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र द्वारा संचालित आदिवासी स्वरोजगार योजना तथा अंत्यवसायी सहकारी विकास समिति की योजनाओं में ऋण स्वीकृति एवं वितरण की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। इसके अतिरिक्त मत्स्य, पशुपालन तथा कृषि विभाग के अंतर्गत केसीसी योजनाओं से संबंधित लंबित प्रकरणों के शीघ्र निराकरण हेतु निर्देश दिए गए। साथ ही सुरक्षा बीमा योजनाओं के अधिक से अधिक पात्र हितग्राहियों तक लाभ पहुँचाने पर भी जोर दिया गया। कलेक्टर ने सभी बैंकों को निर्देशित किया कि ऋण स्वीकृति से संबंधित लंबित मामलों के शीघ्र समाधान के लिए विशेष शिविरों का आयोजन किया जाए।

इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ अविनाश भोई, भारतीय रिजर्व बैंक, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के अधिकारीगण, विभिन्न विभागों के प्रतिनिधि एवं अन्य बैंक अधिकारी उपस्थित थे।

# प्राथमिक शाला डोंगरीपारा करंजी में प्रवेशोत्सव धूमधाम से मनाया गया



**कोण्डागांव** 8 जुलाई (देशबन्धु)। कोंडागांव जिले के संकुल केंद्र करंजी अंतर्गत शासकीय प्राथमिक शाला डोंगरीपारा मे शालेय स्तर प्रवेशोत्सव मनाया गया। प्रवेशोत्सव कार्यक्रम ग्राम पंचायत के सरपंच विनोद नेताम मुख्य आतिथ्य तथा संकुल समन्वयक रमन ठाकुर की अध्यक्षता मे सम्पन्न हुआ। मुख्य अतिथि एवं विशेष अतिथियों द्वारा नवप्रवेशी सहित अन्य विद्यार्थियों का तिलक लगाकर स्वागत किया गया व मिष्ठान वितरण कर निःशुल्क शाला गणवेश एवं पाठ्य पुस्तक का वितरण किया गया। इस दौरान शिक्षक टी.ऐंकट राव द्वारा डिज़ाइन किया गया नवप्रवेशी विद्यार्थियों के माथे पर सजे खूबसूरत मुकुट व बच्चों की आकर्षक वेशभूषा आकर्षण का केंद्र रहा जिसे धारण कर नवप्रवेशी नन्हे छात्र छात्राएं बेहद आकर्षक लग रहे थे। मुख्य अतिथि ग्राम सरपंच, उप सरपंच एवं अन्य अतिथियों ने कार्यक्रम में उपस्थित छात्र-छात्राओं को उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना के साथ ही ग्रामवासियों से अपील किया कि अधिक से अधिक बच्चों को स्कूल मे लाकर उनका शाला में प्रवेश कराएं। शिक्षक टी.ऐंकट राव ने ग्रामवासियों को संबोधित करते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों के स्कूलों मे ग्रामवासियों के कृषि कार्य में व्यस्त होने की वजह से शालाओं में बच्चों की उपस्थिति उम्मीद से कम देखने को मिल रही थी, अतः शालाओं मे बच्चों की उपस्थिति को षत प्रतिशत करने के उद्देश्य से आओ स्कूल चलें अभियान की शुरुआत की गई, जिसका सकारात्मक परिणाम देखने को मिल रहा है और बच्चों की उपस्थिति दिन प्रतिदिन बढ़ रही है। शिक्षक श्री राव ने आगे कहा कि यह हम सब की जिम्मेदारी है कि प्रत्येक बच्चा आंगन बाड़ी केंद्र व स्कूल तक पहुंचे कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित ना हो। इस अवसर पर विनोद नेताम सरपंच करंजी, उप सरपंच रामचंद मरकोम, संकुल समन्वयक रमन ठाकुर, शिक्षिका सारिका वैष्णव छात्र छात्राएं एवं ग्रामवासी उपस्थित थे।

**बैठक** श्रमिकों का पंजीयन कर योजनाओं का दिलाएं लाभ

# साप्ताहिक समय-सीमा बैठक में कलेक्टर ने दिए निर्देश



**कोण्डागांव** 8 जुलाई (देशबन्धु)।कोण्डागांव कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना की अध्यक्षता में 08 जुलाई को जिला कार्यालय के सभा कक्ष में साप्ताहिक समय-सीमा बैठक संपन्न हुई। बैठक में लंबित आवेदनों की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में स्वास्थ्य, शिक्षा के सुदृढ़ीकरण एवं आधारभूत संरचना के विकास से संबंधित कार्यों की प्रगति की समीक्षा की गई। कलेक्टर ने श्रम अधिकारी को निर्देशित किया कि जिले के राईस मिलों एवं विभिन्न संस्थानों में कार्यरत श्रमिकों का पंजीयन कराएं, ताकि वे शासन की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्राप्त कर सकें।

कलेक्टर ने प्रधान मंत्री आवास योजना के अंतर्गत स्वीकृत आवासों के निर्माण की स्थिति की जानकारी ली और सभी जनपद सीईओ को अपने स्तर पर निर्माण कार्यों की नियमित समीक्षा के निर्देश दिए। उन्होंने सभी एसडीएम व तहसीलदारों को निर्देशित किया कि वे अपने क्षेत्रों के स्कूलों में शिक्षकों की उपस्थिति की जांच करें तथा यह सुनिश्चित करें कि सभी विद्यालयों में पुस्तकें वितरित हो। उन्होंने विद्यालय और आंगन बाड़ी परिसरों को स्वच्छ, सुव्यवस्थित व सुंदर बनाए रखने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।

जिले में स्वास्थ्य व्यवस्था को बेहतर बनाने कलेक्टर ने जिला अस्पताल सहित सभी स्वास्थ्य केंद्रों की सेवाओं की समीक्षा की और यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए कि कोई भी केंद्र निर्धारित समयावधि में बंद न रहे। स्वास्थ्य केन्द्रों के बंद पाए जाने पर कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए। नशा मुक्त भारत अभियान की गतिविधियों की जानकारी लेते हुए उन्होंने समाज कल्याण विभाग को दिव्यांगजनों के आधार कार्ड शीघ्र बनाने के निर्देश दिए।

बैठक में खाद्य विभाग द्वारा राशन वितरण, मक्का खरीदी, प्रधान मंत्री सूर्य घर योजना के तहत रूफटॉप सोलर संयंत्र स्थापना, केशकाल बायपास निर्माण, जल जीवन मिशन के कार्यों सहित विभिन्न विभागों के लंबित आवेदनों की समीक्षा की गई। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ अविनाश भोई, अपर कलेक्टर चित्रकांत चार्ली ठाकुर सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# जिले के सहकारी समितियों में किसानों के लिए पर्याप्त खाद उपलब्ध



**कोण्डागांव** 8 जुलाई (देशबन्धु)। कोंडागांव जिले के खरीफ सीजन के लिए खेती-किसानी जोर पकड़ चुकी है। किसानों की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए जिला प्रशासन और कृषि विभाग ने उर्वरक की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए पूरी तैयारी है। किसानों को अब खाद की कमी की कोई चिंता नहीं करनी पड़ेगी, क्योंकि जिले की सभी सहकारी समितियों में पर्याप्त मात्रा में उर्वरक उपलब्ध है। कृषि विभाग के उप संचालक डी.पी.टांडे से प्राप्त जानकारी के अनुसार खरीफ 2025 के लिए जिले में 18965.94 मीट्रिक टन उर्वरक का भंडारण उपलब्ध है। उन्होंने यह भी बताया कि किसानों द्वारा सहकारी समितियों से खाद का लगातार उठाव किया जा रहा है। अब तक उपलब्ध खाद का 10510 मीट्रिक टन उर्वरक का वितरण किया जा चुका है, जो दर्शाता है कि किसान समय पर खाद प्राप्त कर अपने खेतों में उसका उपयोग कर रहे हैं।

## संपादकीय

### सड़कों की दशा ठीक करे सरकार

*छत्तीसगढ़ के शहरी इलाके हों अथवा ग्रामीण, उनमें बनी सड़कों की पोल बारिशें खोल देती हैं। शहरों के भीतर सरकार या स्थानीय निकायों की सड़कें, बाहरी रास्ते और राजमार्ग- सभी की हालत एक सी जर्जर मिलती है। राज्य सरकार उन्हें लेकर चाहे जो दावे करे, बरसात में असलियत सामने आती है। इन दिनों कवर्धा बाईपास की हालत दर्शाते कुछ वीडियो देश भर में वायरल हो रहे हैं जो प्रदेश का सिर शर्म ६से झुकाने के लिये काफी है। उल्लेखनीय है कि कवर्धा उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा का निर्वाचन क्षेत्र है। लापरवाही, भ्रष्टाचार और गुणवत्ताहीन काम के ये वीडियो और उस सम्बन्ध में खबरें असलियत को उजागर करती हैं। सरकार सड़क निर्माण को लेकर गम्भीरतापूर्वक काम करे क्योंकि पहले भी कुछ मामले देश भर में सुर्खियां बटोर चुके हैं जिनका सम्बन्ध सड़क निर्माण में भ्रष्टाचार ही है। लोग तो यह भी कह रहे हैं कि जब एक हाई प्रोफाइल विधानसभा क्षेत्र में सड़क का यह हाल है तो कमजोर जनप्रतिनिधित्व वाले इलाकों का क्या हाल होगा- इसका सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है।*

*जिस कवर्धा बाईपास का जिक्र हो रहा है और जो चर्चा में है वह नेशनल हाईवे क्रमांक- 30 है। यह प्रदेश की राजधानी रायपुर को मध्यप्रदेश के एक बहुत महत्वपूर्ण शहर जबलपुर से जोड़ता है। जाहिर है कि इस पर आवागमन काफी होने से यह एक व्यस्त मार्ग है। इस पर छोटे, हल्के और बड़े वाहन सभी चलते हैं। मालवाहक ट्रकों के गुजरने से सड़कों की दुर्दशा तो स्वाभाविक है परन्तु उसकी देख-रेख और नियमित मरम्मत भी आवश्यक है। तिस पर यदि सड़क का निर्माण ही घटिया हुआ हो तो वह कितना भार सहन कर सकेगी, इसका भी अनुमान लगाना कठिन नहीं है।*

*बताया जाता है कि बरसातों के पहले ही इसकी स्थिति काफी खराब हो गयी थी। सुधार कार्य के नाम पर उस पर मुरुम बिछाकर खानापूरी की गयी थी। जैसे ही पानी बरसा, मुरुम बह गयी और ट्रकों, हाईवा आदि के कारण बाईपास के आसपास बड़े-बड़े गड्ढे बन गये। इन गड्ढों की विशालता और गहराई का अंदाजा इस बात से लगता है कि उसमें एकत्र पानी में घंटों खड़े होकर जब कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन किया तो जल स्तर कुछ में घुटनों तक तो कुछ में कमर की ऊंचाई तक था। ठेकेदारों को प्रदर्शनकारियों ने जमकर खरी-खोटी सुनाई जिनके पास जवाब ही नहीं था।*

*याद हो कि इस साल की शुरुआत में बस्तर की एक सड़क में हुए व्यापक भ्रष्टाचार को उजागर करने वाले निर्भीक पत्रकार मुकेश चंद्राकर की कथित रूप से ठेकेदार द्वारा हत्या कर दी गयी थी तब भी छग में रास्तों के निर्माण में भ्रष्टाचार के आरोप लगे थे। उस समय भी इस बात की ज़रूरत महसूस की गयी थी कि सड़कों की गुणवत्ता का ऑडिट होना चाहिये।*

**उल्टा पुल्टा**

एक आदमी को उसका ससुर जूते मार रहा था..!
राहगीर - क्यों मार रहे हो इसको...?
ससुर - मैंने इसको अस्पताल से व्हाट्सएप किया कि तुम बाप बन गए हो' और इसने उसको भी 50 लोगों को फॉरवर्ड कर दिया...!

# होलसेल कारीडोर को लेकर चेम्बर के प्रस्ताव से सरकार असहमत

## चेम्बर की सदस्यता शुल्क में वृद्धि पर नहीं बनी सहमति




**रायपुर**, 8 जुलाई (देशबन्धु)। चेम्बर ऑफ कॉमर्स कार्यकारिणी समिति की आज हुई बैठक में पूर्व अध्यक्ष जैन जीतेन्द्र बरलोटा ने चेम्बर की सदस्यता शुल्क में बढ़ोतरी कर 5100 करने का प्रस्ताव रखा। लेकिन इस प्रस्ताव पर पदाधिकारियों के बीच आम सहमति नहीं बन पाई।जिस पर वर्तमान अध्यक्ष ने कहा अभी केवल सदस्यों से राय ले रहे है।जिसके चलते इसे आगामी समय तक के लिए टाल दिया गया।इसके पूर्व श्री बरलोटा ने यह प्रस्ताव रखते हुए कहा वर्तमान में जिस प्रकार व्यापार बढ़ा है उस प्रकार से चेम्बर में भी परिवर्तन लाना होगा।उन्होंने सुझाव देते हुए कहा कि अभी सदस्यता शुल्क बहुत कम है, हमें सदस्यता शुल्क में बढ़ोतरी करनी चाहिये। इसी तरहवर्तमान के हिसाब से चेम्बर भवन बहुत छोटा है।पार्किंग की समस्या होती है।इसे अन्य जगह पर ले जाना चाहिए।

बैठक में होलसेल कारीडोर को लेकर अध्यक्ष ने कहा चेम्बर के प्रस्ताव से सरकार सहमत नहीं है। जमीन की दर को लेकर शासन से बातचीत चल रही है। विषय सूची के अनुसार बैठक की कार्यवाही प्रारंभ हुई जिसमें पिछली कार्यकारिणी की बैठक की कार्यवाही का पठन एवं अनुमोदन, लगभग 80 प्राप्त नये सदस्यता आवेदन पत्रों की सूक्ष्म जांच के पश्चात स्वीकृति प्रदान की गई। 12 सदस्यों से प्राप्त आवेदन फर्मों के नाम, स्थान, प्रतिनिधि के नाम परिवर्तन, रू. 2000 से अधिक के खर्च की स्वीकृति, हेतु विचार विमर्श एवं अन्य विषय- अध्यक्ष की अनुमति से आदि विषयों पर चर्चा हुई।

पिछली कार्यकारिणी बैठक की कार्यवाही का पठन चेम्बर कार्यकारी महामंत्री विकास आहूजा ने किया जिसका अनुमोदन उपस्थित सदस्यों द्वारा सर्वसम्मति से किया गया। रू. 2000 से अधिक के खर्चों एवं आय-व्यय की जानकारी चेम्बर प्रदेश कोषाध्यक्ष निकेश बरड़िया ने दी। चेम्बर प्रदेश अध्यक्ष सतीश थौरानी ने कार्यकारिणी समिति की बैठक में अपने उद्बोधन में विगत 75 दिनों के कार्यकाल में किये गये कार्यों एवं उपलब्धि की विस्तृत जानकारी सदस्यों को दी।उन्होंने कहा कि चेम्बर हमेशा व्यापारिक हित में कार्य कर रहा है।आज बाजार में टेक्नोलॉजी बहुत तेजी से बढ़ रही है, जिसकी जानकारियां हमें नहीं मिल पाती, चेम्बर द्वारा इस संबंध में संबंधित विभागों द्वारा कार्यशाला आयोजन करने जा रही है।

### मनोवैज्ञानिक चिकित्सक बनी महिला चेम्बर अध्यक्ष



मनोवैज्ञानिक चिकित्सक डॉ ईला गुप्ता को महिला चेम्बरअध्यक्ष बनाया गया है। चेम्बर के इतिहास में यह पहला अवसर है जब किसी चिकित्सक को महिला चेम्बर अध्यक्ष की जिम्मेदारी दी गई है। जानकारी के अनुसार चेम्बर में डॉक्टर और सी ए सदस्य नहीं होते है।

## न्यायालय में अभियुक्तों और साक्षियों की वीडियो कांफ्रेंसिंग से पेशी करे : मुख्य सचिव

**रायपुर**, 8 जुलाई (देशबन्धु)। मुख्य सचिव अमिताभ जैन ने न्यायालयों में लंबित मामलों की सुनवाई प्रक्रिया को अधिक प्रभावी, त्वरित और सुरक्षित बनाने के उद्देश्य से सभी जिलों के कलेक्टरों को पत्र जारी किया है। जिसमें उन्होंने अभियुक्तों एवं साक्षियों की अदालतों में यथासंभव श्रव्य-दृश्य इलेक्ट्रॉनिक साधनों के माध्यम से उपस्थिति एवं परीक्षा सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

**अमिताभ जैन ने कलेक्टरों को लिखा पत्र**

मुख्य सचिव अमिताभ जैन ने सभी जिलों के कलेक्टरों को पत्र जारी कर लिखा, आमतौर पर यह देखने में आ रहा है कि न्यायालयों में लंबित प्रकरणों में अभियुक्तों एवं साक्षियों के परीक्षण के लिए उन्हें व्यक्तिगत रूप से आहूत किया जाता है। जेल से अभियुक्तों और आरोपियों को न्यायालय में उपस्थित कराने की प्रक्रिया में अत्यधिक समय और बल की आवश्यकता होती है। कभी-कभी अभियुक्तों की सुरक्षा के लिए भी खतरा उत्पन्न हो जाता है। इसी प्रकार चिकित्सक, बैंककर्मी और अन्य लोक सेवकों के न्यायालय में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होने से न सिर्फ उनका लोक कृत्य प्रभावित होता है बल्कि शासन पर उनके आवागमन के व्यय का अतिरिक्त भार भी पड़ता है। भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 में विहित प्रावधानों के अनुपालन में छत्तीसगढ़ शासन द्वारा अभियुक्तों एवं साक्षियों की न्यायालय में श्रव्य दृश्य इलेक्ट्रॉनिक साधनों से उपस्थिति और परीक्षा सुनिश्चित किये जाने के संबंध में कार्यवाही किया जाना आवश्यक है। इसलिए अभियुक्तों और साक्षियों की न्यायालय में यथासंभव श्रव्य दृश्य इलेक्ट्रॉनिक साधनों से उपस्थिति और परीक्षा सुनिश्चित किये जाने के संबंध में जिला एवं सत्र न्यायालय की अध्यक्षता में होने वाली मॉनिटरिंग समिति की बैठक के एजेंडा में शामिल कर कार्यवाही सुनिश्चित करें।

## श्री रावतपुरा विवि में मान्यता बगैर चार कोर्स का संचालन

### कारवाई करने एनएसयूआई ने पेरामेडिकल काउंसिल में प्रदर्शन कर सौंपा ज्ञापन

**रायपुर**, 8 जुलाई (देशबन्धु)। श्री रावतपुरा सरकार विश्वविद्यालय में संचालित किए जा रहे फर्जी पाठ्यक्रम की मान्यता की मांग को लेकर जिला एनएसयूआई द्वारा छत्तीसगढ़ पैरामेडिकल काउंसिल रजिस्ट्रार को श्री फल भेंट कर ज्ञापन सौंपा गया।

जिला अध्यक्ष प्रशांत गोस्वामी ने बताया कि श्री रावतपुरा सरकार विश्वविद्यालय में विगत चार वर्षों से बीएमएलटी, डी एमएलटी सहित अन्य कोर्स का संचालन अवैध तरीके से बिना मान्यता के 2019 से 2025 तक चलाया जा रहा है। एक हज़ार छात्र/छात्राए अध्यनरत है। छात्रों को लुभावने वादे और मान्यता का झांसा देकर हजारों छात्रों नेचार पाठ्यक्रम में एडमिशन कराया गया। किन्तु आज भी छात्र छात्राएं अपने रजिस्ट्रेशन के लिए दरबदर भटक रहे है। विश्वविद्यालय में बात करने पर यह कहा जाता है कि छत्तीसगढ़ पैरामेडिकल काउंसिल से हमे एनओसी प्राप्त है। जबकि छत्तीसगढ़ पैरामेडिकल काउंसिल से उन्हें इन पाठ्यक्रम के संचालन हेतु किसी भी प्रकार की कोई भी मान्यता प्राप्त नहीं है।




प्रशांत गोस्वामी ने कहा कि अगर रजिस्ट्रार श्री रावतपुरा सरकार विश्वविद्यालय के ऊपर सख्त से सख्त कार्यवाही नहीं करते हुए छात्र- छात्राओ को उनका अधिकार दिलाने का कार्य नहीं करती है तो रायपुर जिला एनएसयूआई कलेक्ट्रेट घेराव कर विरोध प्रदर्शन एवं आंदोलन करने को बाध्य होगी। जिसकी जवाबदारी छत्तीसगढ़ पैरामेडिकल काउंसिल की होगी। जिला अध्यक्ष प्रशांत गोस्वामी के नेतृत्व के इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रदेश महासचिव निखिल वंजारी, जिला उपाध्यक्ष शिवांक सिंह, प्रशांत चंद्राकर, संयम सिंह, वैभव मुजेवार, महासचिव आशीष तिवारी, दिव्यांश श्रीवास्तव, भूपेन्द्र साहू, रिजवान खान, रजत ठाकुर, जोंटी गिल, जुबैर, वीरेंद्र आदि मौजूद थे।

## उपेक्षा से नाराज फार्मासिस्ट लामबंद भर्ती और शिक्षा में पारदर्शिता की मांग



**रायपुर**, 8 जुलाई (देशबन्धु)। प्रदेश में फार्मासिस्ट समुदाय अपनी उपेक्षा और अनदेखी के खिलाफ आवाज बुलंद कर रहा है। राज्य में 25 हजार से अधिक पंजीकृत फार्मासिस्ट होने के बावजूद, उनकी समस्याओं का समाधान नहीं हो रहा। हाल ही में छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा फार्मासिस्ट ग्रेड- दो के लिए घोषित 25 रिक्तियां इस असंतुलन को और उजागर करती हैं। ये रिक्तियां केवल 4-5 जिलों तक सीमित हैं, जिसे फार्मासिस्ट समुदाय ने अन्यायपूर्ण करार दिया है।भर्ती में असमानता, फार्मासिस्टों का कहना है कि भर्ती प्रक्रिया में पारदर्शिता का अभाव और सीमित अवसर उनकी सबसे बड़ी समस्या है। फार्मा एक्टिविस्ट योगेश साहू,, ने बताया, च्च्25 रिक्तियां पूरे राज्य की जरूरतों को पूरा नहीं कर सकतीं। सभी जिलों में समान वितरण होना चाहिए।ज्ज्इसके अलावा, फार्मेसी शिक्षा की स्थिति भी चिंताजनक है। रावतपुरा विश्वविद्यालय जैसे निजी संस्थानों में अत्यधिक फीस और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का अभाव छात्रों के लिए बाधा बन रहा है।फार्मासिस्टों की प्रमुख मांगें। सरकार और व्यापम को यह स्पष्ट करना चाहिए कि फार्मासिस्ट की पोस्ट में डिप्लोमा इन फार्मेसी को प्राथमिकता दी गई है, लेकिन इसने बैचलर ऑफ फार्मेसी को जोड़ा नहीं गया, ये रजिस्टर्ड उच्च शिक्षा ग्रहण करने वालों के साथ खिलवाड़ करने जैसा है।

फार्मासिस्ट समुदाय ने सरकार से निम्नलिखित मांगें रखी हैं। पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया- भर्ती में पारदर्शिता सुनिश्चित की जाए और सभी जिलों में पदों का समान वितरण हो। फीस नियंत्रण और शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार के लिए ठोस कदम उठाए जाएं।

फार्मासिस्ट समुदाय ने अब एकजुट होकर अपनी मांगों को मनवाने का संकल्प लिया है। योगेश साहू ने जोर देकर कहा, च्च्यह समय है कि हम अपनी आवाज को बुलंद करें। हमें सरकार को यह बताना होगा कि फार्मासिस्टों की उपेक्षा अब बर्दाश्त नहीं होगी।ज्ज् समुदाय ने सोशल मीडिया और सामूहिक प्रदर्शनों के माध्यम से अपनी मांगों को उठाने की योजना बनाई है।

## हड़ताल के समर्थन में श्रमिक संगठनों ने निकाली मशाल रैली




**रायपुर**, 8 जुलाई (देशबन्धु)। केंद्र सरकार की श्रमिक व किसान विरोधी नीतियों के खिलाफ 9 जलाई को आहूत श्रमिकों की देशव्यापी आम हड़ताल की पूर्व संध्या आज राजधानी में मशाल रैली निकाली गई।

ट्रेड यूनियनों के संयुक्त मंच के आव्हान पर आज संगठित व असंगठित क्षेत्र से जुड़े सैकड़ों लोगों ने कर्मचारी भवन बुढ़ापारा से रैली निकाली द्य रैली शहर के प्रमुख मार्गो का भ्रमण करती हुई वापस कर्मचारी भवन में पहुंचकर आमसभा में परिवर्तित हो गई। इसे संबोधित करते हुए मंच के संयोजक धर्मराज महापात्र ने कहा कि कल की हड़ताल में 20 करोड़ से अधिक मेहनतकश जनता शामिल होने जा रही है द्य बैंक, बीमा, पोस्टल, टेलीकॉम, रेलवे, स्टील, कोयला क्षेत्र सहित राज्य शासन व केंद्र सरकार कर्मियों तथा असंगठित क्षेत्र के श्रमिक इस हड़ताल में शामिल हो रहे है।

नई श्रम संहिताओं को थोपे जाने, निजीकरण, ठेकाकरण, आउट सोर्सिंग, ट्रेड यूनियन अधिकारों पर हमले, सांप्रदायिकता, संविधान पर हमलों, महंगाई, बेरोजगारी, किसानों को फसल का उचित मूल्य देने सहित केंद्र सरकार की जन विरोधी नीतियों के खिलाफ देश के इंटक, सीटू, एटक, एच एम एस, ऐक्टू सहित प्रमुख 10 केंद्रीय श्रम संगठनों व 100 से अधिक श्रमिक एवं जन संगठनों ने इस हड़ताल का आव्हान किया है द्य संयुक्त किसान मोर्चा ने भी इस हड़ताल का समर्थन किया है। उन्होंने जानकारी दी कि रायपुर के तमाम मेहनतकश अपने कार्य स्थलों में हड़ताल करने के पश्चात एल आई सी के पंडरी स्थित मंडल कार्यालय में आयोजित संयुक्त सभा में शिरकत करेंगे जहां हड़ताल से संबंधित मुद्दों पर नेता विस्तार से अपनी बात रखेंगे। कल दोपहर अम्बेडकर चौक मे इस हड़ताल के पक्ष में वामपंथी पार्टियों का प्रदर्शन भी होगा द्य पूरे प्रदेश में हड़ताल की व्यापक तैयारियां की गई है। आज की मशाल रैली में सीटू महासचिव एम के नंदी, सुरेन्द्र शर्मा, राजेश पराते, नवीन गुप्ता, संदीप सोनी, अनुसुइया ठाकुर, ज्योति पाटिल, धार्मिणी सोनवानी, शिरीष नलगुंडवार, जे एस नशकर, अतुल देशमुख, वी एस बघेल, गजेन्द्र पटेल, राजेश अवस्थी, ऋषि मिश्रा, डी सी पटेल, सुभाष साहू, ललित वर्मा, दुलाल मजूमदार, श्रीकांत पेंढारकर, पूनम साहू प्रमुख रूप से शामिल थे। बैंक, बीमा, पोस्टल, टेलीकॉम, बीमा पेंशनर्स, सीटू, एस एफ आई राज्य सरकार व केंद्र सरकार से जुड़े श्रम संगठनों के कार्यकर्ताओं ने बड़ी संख्या में भाग लिया।

## युक्तियुक्तकरण से प्रभावित शिक्षकों की आपत्तियों का निपटारा करने समितियों का गठन

**रायपुर**, 8 जुलाई (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ सरकार ने शिक्षकों के युक्तियुक्तकरण प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी और उत्तरदायी बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया है। शासन ने संभाग और संचालनालय स्तर पर लिए गए निर्णयों के विरुद्ध शिक्षकों की आपत्तियों पर सुनवाई के लिए दो स्तरीय समितियों का गठन किया है। ये समितियां संभाग और संचालनालय स्तर पर काम करेंगी।

शिक्षक अपनी आपत्तियों को पहले संभागीय स्तर पर और आवश्यक होने पर संचालनालय स्तर पर प्रस्तुत कर सकेंगे। इसके लिए 15 दिनों की समयसीमा निर्धारित की गई है।

राज्य सरकार द्वारा गठित संभागीय समिति की अध्यक्षता संबंधित संभागायुक्त करेंगे। समिति में संयुक्त संचालक और डीपीआई कार्यालय के सहायक संचालक को सदस्य नामित किया गया है। यह समिति जिला स्तरीय समिति के निर्णयों के विरुद्ध प्रस्तुत अभ्यावेदनों पर सुनवाई करेगी और स्वतंत्र निर्णय दे सकेगी।

**संचालनालय स्तर पर दूसरी समिति**

यदि कोई शिक्षक संभागीय समिति के निर्णय से असंतुष्ट रहता है, तो वह अंतिम अपील के रूप में संचालनालय स्तरीय समिति के समक्ष अपनी आपत्ति दर्ज कर सकेगा। इस समिति की अध्यक्षता संयुक्त सचिव, स्कूल शिक्षा विभाग करेंगे और इसमें अन्य वरिष्ठ अधिकारी सदस्य होंगे। यह समिति राज्य स्तर पर अभ्यावेदनों के अंतिम निपटारे हेतु कार्य करेगी।

सरकार के इस फैसले के बाद ऐसे शिक्षकों को राहत मिलने की उम्मीद है।जिन्हें जिला शिक्षा अधिकारियों एवं विकासखंड शिक्षा अधिकारियों द्वारा गलत तरीके से अतिशेष घोषित कर अन्य विद्यालयों में स्थानांतरित कर दिया गया था।

## जनसेवा भाजपा का मूलमंत्र, प्रधानमंत्री जनसेवा का सर्वोत्तम उदाहरण : तावड़े




**रायपुर**, 8 जुलाई (देशबन्धु)। सोमवार शाम भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय महामंत्री विनोद तावड़े प्रदेश भाजपा के 3 दिवसीय सांसद, विधायक प्रशिक्षण शिविर में शिरकत करने प्रदेश की राजधानी रायपुर पहुंचे जहां विवेकानन्द विमानतल पर भाजपा रायपुर शहर जिला पदाधिकारियों ने जिला भाजपा अध्यक्ष रमेश सिंह ठाकुर के साथ उनका गर्मजोशी से स्वागत किया उसके पश्चात राष्ट्रीय महामंत्री विनोद तावड़े भाजपा प्रदेश कार्यालय कुशाभाऊ ठाकरे परिसर पहुंचे एवं भाजपा रायपुर शहर जिला पदाधिकारियों, मंडल अध्यक्षों और पार्षदों के साथ भेंट मुलाकात कर चाय पर चर्चा की साथ ही उपस्थित सभी पदाधिकारियों और जनप्रतिनिधियों को पार्टी से जुड़े कार्यों और जनता के प्रति कार्यों के क्रियान्वयन एवं जिम्मेदारियों पर विस्तृत चर्चा कर दिशा निर्देश दिए।

भाजपा प्रदेश कार्यालय में आयोजित चाय पर चर्चा कार्यक्रम में उपस्थित पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए भाजपा राष्ट्रीय महामंत्री विनोद तावड़े ने कहा कि भाजपा संगठन और निर्वाचित भाजपा नेताओं का उत्तम समन्वय पार्टी की मजबूती का कार्य करता है आज भाजपा कार्यकर्ता देश के हर कोने में छोटे से छोटे क्षेत्र में भी उपलब्ध होते हैं और वे ही जनप्रतिनिधियों तक जनता की मूलभूत आवश्यकताओं को लेकर जाते हैं ऐसे में जनप्रतिनिधियों की नैतिक जिम्मेदारी है कि कार्यकर्ताओं द्वारा इंगित करवाई गई जन समस्याओं पर ध्यानाकर्षण कर शीघ्र ही उसका निदान करने का प्रयास करें और यही आपसी समन्वय भाजपा को और मजबूत बनाने का कार्य करता है जनता का भरोसा भाजपा के प्रति प्रगाढ़ होता जाता है।

जनसेवा भाजपा का मूलमंत्र है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जनसेवा का सर्वोत्तम उदाहरण है वे लगातार जनता से जुड़ी समस्याओं के निदान के लिए मुस्तैदी से कार्य करते हैं और उनका निराकरण करते हैं हमारे प्रधानमंत्री ने देश के चहुमुखी विकास की परिकल्पना को साकार करने रात दिन कार्य किया है एवं आज इसके सार्थक परिणाम धरातल पर दिखते हैं मैं आप सभी कार्यकर्ताओं से कहना चाहता हूं कि पार्टी द्वारा दिए गए कार्यक्रमों के पीछे के उद्देश्य को समझते हुए अपनी जिम्मेदारियों का पूर्णतः ईमानदारी से निर्वहन करने से आपके स्वयं के राजनीतिक जीवन में सकारात्मक परिवर्तन आएंगे और साथ ही साथ पार्टी को भी जड़ तक गहरी मजबूती प्रदान करेंगे।

**भाजपा रायपुर शहर जिला ने की राष्ट्रीय महामंत्री विनोद तावड़े के साथ चाय पर चर्चा**

उन्होंने उपस्थित कार्यकर्ताओं को बिंदुवार विभिन्न विषयों पर लगातार कार्य करने की नसीहत दी। उन्होंने कहा कि लगातार अपने पार्टी कार्यकर्ताओं से आत्मीय रूप से जुड़े रहने का कार्य कर सकते हैं इस अवसर पर प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव, दीपक म्हस्के, अशोक पाण्डे, अमरजीत छाबड़ा, अकबर अली, ललित जयसिंग, संजय तिवारी, सुभाष अग्रवाल, तुषार चोपड़ा, राजीव मिश्रा, हरीश सिंह ठाकुर, राजकुमार राठी, विशाल भूरा, जितेंद्र गांडेचा, दलविंदर बेदी, सचिन मेघानी, केदार धनगर, चैतन्य टावरी, मनीष नागौड़े, दिनेश तिवारी, भीमवंत निषाद, अनामिका जैन, कृतिका जैन गायत्री नौरंगी महेंद्र खोडियार आनंद अग्रवाल, रमेश मिरघानी, सहित सैकड़ों कार्यकर्तागण उपस्थित रहे।

प्रवेश प्रारंभ | पं. रविशंकर शुक्ल वि.वि. से सम्बद्ध | प्रवेश प्रारंभ

शांतिनिकेतन महाविद्यालय

M.Sc. — Micro Bio., Com. Science, I.T.,
B.Sc. — Micro Bio., Com. Science, I.T. & Plain
B.Com. — Plain & Computer Application

प्रवेश शुल्क में 50% की विशेष छूट

ST, SC, OBC विद्यार्थियों के लिए (100%) छात्रवृत्ति की सुविधा

BCA, DCA, PGDCA

-: प्रवेश हेतु संपर्क करें:-
बाजार चौक के पास, चंगोराभाठा, रायपुर
0771-2243085, 2242890, 9425526891, 7828168418

## प्रबंध समिति की बैठक में कलेक्टर ने लिए अहम निर्णय




रायपुर, 8 जुलाई (देशबन्धु)। 8 जुलाई 2025 को रेडक्रॉस सभाकक्ष में डॉ. गौरव कुमार सिंह, कलेक्टर एवं अध्यक्ष भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी जिला रायपुर की अध्यक्षता में एवं आयुक्त नगर निगम विश्वदीप, सी.ई.ओ. जिला पंचायत रायपुर कुमार बिश्वरंजन, मुख्य चिकित्सा स्वास्थ्य अधिकारी एवं सचिव डॉ. मिथिलेश चौधरी, जिला रेडक्रॉस के चेयरमेन राजू शर्मा, वाईस चेयरमेन डॉ. प्रीति नारायण एवं समस्त सदस्यों के उपस्थिति में जिला प्रबंध समिति की बैठक आयोजित की गई। जिसमें निम्न विषयों पर चर्चा की गई है जूनियर रेडक्रॉस सोसायटी का 10 प्रतिशत अंशदान राशि के संबंध में जिला कलेक्टर महोदय द्वारा जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिया गया कि जिले के समस्त हाई स्कूल एवं हायर सेकेण्डरी स्कूल से अंशदान राशि, जिला रेडक्रॉस सोसायटी में जमा किया जावे। वर्ष 2023-24 में मात्र 30 स्कूल एवं वर्ष 2024-25 में मात्र 25 स्कूल द्वारा ही जे.आर.सी. का अंशदान प्राप्त हुआ है। जो कि जिले के स्कूल की संख्या के अनुसार बहुत ही कम है।

कलेक्टर ने, जिले के प्रत्येक हाई स्कूल एंव हायर सेकेण्डरी स्कूल में रेडक्रॉस की जानकारी एवं प्राथमिक सहायता उपचार की प्रशिक्षण देने हेतु मास्टर ट्रेनर तैयार करने के निर्देश दिये गये। तथा मास्टर ट्रेनर्स के लिए 1 वाहन की व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा गया ताकि वे स्कूलों में भ्रमण कर सके एवं साथ ही स्कूल के शिक्षको को रेडक्रॉस की सदस्य बनाये जाने के लिए प्रेरित करें।

रेडक्रॉस सदस्यता के संबंध में चर्चा करते हुए कलेक्टर महोदय ने कहा कि प्रत्येक प्रबंध समिति के सदस्य अपने-अपने स्तर पर नये सदस्य बनाने के लिए लोगों को प्रेरित करें। एवं अधिक से अधिक सदस्यों की संख्या बढ़ाने के लिए प्रयासरत रहे। कलेक्टर महोदय ने निर्देश दिये कि जिले में अधिक से अधिक ब्लड डोनेशन कैम्प आयोजित करे। बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी डॉ व्ही.के. खण्डेलवाल, रेडक्रॉस संरक्षक सदस्य सीताराम अग्रवाल, राजेन्द्र कुमार कश्यप एवं उपसंरक्षक सदस्य डॉ. एस जोसेफ, सहायक प्रबंधक देवप्रकाश कुर्रे और प्रबंध समिति के सदस्य डॉ. सत्यनारायण पाण्डेय, डॉ. श्वेता सोनवानी, डॉ. पंकज किशोर, मनीष मेजरवार, डॉ. राखी चैहान, गजेन्द्र डोंगरे, अश्वनी पाण्डेय, अशोक कुमार सिंह, स्वतंत्र रहंगडाले, उपस्थित रहे।

# टीम प्रहरी ने अभियान चलाकर मालवीय मार्ग में 30 दुकानों के सड़क पर रखे टेबल को हटाया

रायपुर, 8 जुलाई (देशबन्धु)। रायपुर जिला कलेक्टर डॉक्टर गौरव कुमार सिंह के आदेशानुसार नगर निगम रायपुर के आयुक्त श्री विश्वदीप, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉक्टर लाल उम्मेद सिंह के निर्देशानुसार रायपुर नगर निगम के जोन क्रमांक 4 क्षेत्र अंतर्गत मालवीय मार्ग में जयस्तम्भ चौक से सिटी कोतवाली चौक (महावीर चौक) तक मार्ग के दोनों ओर मुख्य बाजार क्षेत्र में लगभग 30 दुकानों के सामने सड़क पर कब्जा कर टेबल






रखकर किये जा रहे व्यवसाय को लेकर कार्यवाही की और लगभग 30 टेबल को हटाकर सड़क यातायात की बाधा दूर करते हुए नागरिकों को बाजार मार्ग में सुगम यातायात उपलब्ध करवाया गया. वहीं मालवीय मार्ग में सड़क पर व्यवसाय हेतु लगाया गया एक अवैध ठेला भी हटा दिया गया और मुख्य सड़क मार्ग को कब्जामुक्त करवाते हुए टीम प्रहरी अभियान के अंतर्गत नागरिकों को सुव्यवस्थित यातायात दिलवाया गया.

## योद्धा खुद को युद्ध से पहले तैयार करता है वैसे ही खुद को चुनौतियों के लिए तैयार करें

- पटवा भवन में श्रावक विशेष प्रवचन
- कल से शुरू हो रहा है चातुर्मास



रायपुर, 8 जुलाई (देशबन्धु)। अच्छा योद्धा खुद को युद्ध से पहले तैयार कर लेता है। सिर्फ इसलिए ताकि कल जब परीक्षा की घड़ी आए, तो उसकी तैयारी पूरी रहे। इसी तरह हमें खुद को हमेशा चुनौतियों के लिए तैयार रखना चाहिए। क्या पता आज जो सुविधाएं मिल रहीं हैं, वो आगे चलकर न मिलें। बाद में दुख पाने से अच्छा है कि पहले ही खुद को तकलीफों में तपाकर तैयार कर लें। टैगोर नगर स्थित पटवा भवन में श्रावक जीवन के कर्तव्यों पर विशेष प्रवचन देते हुए उपाध्याय प्रवर मनीष सागर म.सा. ने ये बातें कही।

उन्होंने कहा, इस जीवन के पहले भी अंधेरा था। बाद में भी अंधेरा है। कर्म ग्रंथ कहते हैं कि मनुष्य मरकर दोबारा मनुष्य या देव बने, इसकी पॉसिबिलिटी कम है। हमारा पुण्य टेंप्ररी है। इसका सही उपयोग करें। ये जीवन जाने वाला है। आगे नहीं मिलेगा। अगर सुविधाओं में जीने की आसक्ति हो गई, तो आगे क्या करेंगे? बिना सुविधाओं के जीने का अभ्यास कर लीजिए। पुण्य रहते ऐसा अभ्यास करें कि जब पुण्य न हो, तो भी असुविधाओं के बीच आप मस्ती के साथ जी लें। देव, गुरु, धर्म की कृपा से आपको जिन शासन में जन्म मिला। आप श्रावक हैं। श्रावक से श्रमण और श्रमण से परमात्मा बनने का मार्ग प्रशस्त होता है। जब आपके पास परमात्मा बनने का विकल्प है, तो इस जीवन का सदुपयोग करिए। क्या पता कि आगे चलकर फिर मानव जन्म मिले या नहीं! मानव जन्म मिल गया तो जिन शासन मिले या नहीं! जिन शासन भी मिल गया, तो इसकी क्या गारंटी है कि जिन तरह आप अपने इस जीवन को बर्बाद कर रहे हैं, उसी तरह अगले भव की गति भी नहीं बिगाड़ेंगे। चातुर्मास शुरू होने से पहले अपने कर्तव्यों को समझें। उसी हिसाब से जीवन बिताने की कोशिश करें। आत्मा का कल्याण होगा। जीव जगत का उद्धार होगा।

मुनिश्री ने कहा कि कोई भी काम शुरू करने से पहले व्यक्ति को अपना कर्तव्य समझना चाहिए। उसे पता होना चाहिए कि मेरा पद क्या है, तभी वह अपने कर्तव्यों को सही तरीके से निभा पाएगा। वैसे ही आपको यह बात समझने की जरूरत है कि धर्म जगह में आपको श्रावक पद मिला है। दुनियाभर में 800 करोड़ की आबादी में महज 1 करोड़ लोगों को यह पद मिला है। यह कोई छोटा-मोटा पद नहीं है। दुर्लभ है। इस पद को पाने के लिए इंद्र भगवान भी तरसते हैं। आज तक जो श्रावक नहीं बन पाए हैं, एक बार उनके संस्कारों की स्थिति देख लीजिए। अगर आपको लगता है कि यह पद फ्री में मिल गया है और आप इसकी कद्र नहीं करते, तो जान लीजिए कि दोबारा यह पद कब मिलेगा, इसका कोई ठिकाना नहीं है। उन्होंने कहा कि एक अच्छे श्रावक के भीतर तीन क्वालिटी अनिवार्य रूप से होती है। पहला कि देव, गुरु, धर्म के प्रति अगाध श्रद्धा हो। उसके भीतर विवेक हो और उसका आचरण बेहतर हो। यही वो तीन क्वालिटी हैं जो आपको सामान्य जीवन जीने वाले मनुष्यों से अलग बनाती हैं। श्रावक का लक्ष्य होना चाहिए कि वह सुख, शांति और आनंद से जिए।

## प्रदेश में मानसून के साथ खेती किसानी का कार्य जोरों पर

- मुख्यमंत्री साय के निर्देश-किसानों को उनकी मांग के अनुरूप सुगमता से मिले खाद-बीज

**रायपुर,** 8 जुलाई (देशबन्धु)। प्रदेश में मानसून के साथ ही खेती-किसानी का काम जोरों पर है। प्रदेश में अब तक 24.07 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में बोनी हो चुकी है जो लक्ष्य का 49 प्रतिशत है। इस खरीफ सीजन में 48.85 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में बोनी का लक्ष्य रखा गया है।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने किसानों को खेती-किसानी में सहुलियतें प्रदान करने के लिए सभी आवश्यक सहयोग करने संबंधित अधिकारियों निर्देशित किए गए हैं। उन्होंने किसानों को उनकी मांग के अनुसार सुगमता के साथ प्रमाणित खाद-बीज का वितरण करने के निर्देश दिए हैं। कृषि विकास एवं किसान कल्याण मंत्री रामविचार नेताम के मार्गदर्शन में कृषि विभाग के अधिकारियों द्वारा इन पर निरंतर निगरानी रखी जा रही है। प्रदेश के किसानों को अब तक 8.35 लाख मीट्रिक टन खाद और 5.76 लाख चिंटल प्रमाणित बीज का वितरण किया जा चुका है।

कृषि विभाग के अधिकारियों ने बताया कि प्रदेश में मानसून की बौछारों के साथ शुरू हुए खेती-किसानी में बोनी का रकबा भी निरंतर बढ़ते जा रहा है। राज्य में अब तक 24.07 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में विभिन्न फसलों की बोनी हो चुकी है। राज्य सरकार द्वारा इस खरीफ सीजन में 48.85 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में विभिन्न फसलों की बोनी का लक्ष्य रखा गया है। अधिकारियों ने बताया कि 07 जुलाई 2025 की स्थिति में प्रदेश में अब तक 291.9 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गई है, जबकि प्रदेश की औसत वार्षिक वर्षा 1238.7 मिमी है। कृषि विभाग के अधिकारियों ने बताया कि इस वर्ष खरीफ 2025 के लिए प्रदेश में 4.95 लाख चिंटल प्रमाणित बीज वितरण का लक्ष्य रखा गया है, जिसमें समस्त स्त्रोतों से 7.22 लाख चिंटल बीज का भंडारण कर अब तक 5.76 लाख चिंटल बीज का वितरण किसानों को किया गया है, जो मांग का 116 प्रतिशत है।

## भ्रष्ट मंत्री व विधायकों पर कार्रवाई क्यों नहीं ? बैज

- नड्डा की मंत्री विधायकों को नसीहत जनता का ध्यान भटकाने की कोशिश

**रायपुर** 8 जुलाई। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने प्रशिक्षण कार्यक्रम में मंत्री और विधायकों को ठेकेदारों से दूर रहने की जो हिदायत दी है वह सिर्फ राजनीतिक नौटंकी है। भाजपा सरकार से त्रस्त जनता का ध्यान भटकाने की कोशिश है। जब नड्डा को पता है कि उनके मंत्री और विधायक ठेकेदारों को लाभ पहुंचाने के लिए काम कर रहे हैं, कमीशन और भ्रष्टाचार की काली कमाई में भाजपा के मंत्री विधायकों की हिस्सेदारी है। ऐसे में वह भ्रष्ट मंत्री और विधायकों के खिलाफ कार्यवाही क्यों नहीं करते हैं? भाजपा की सरकार बनने के बाद भ्रष्टाचार चरम सीमा पर है, कोई भी काम बिना लेनदेन के होता नहीं है। उप मुख्यमंत्री अरुण साव के विभाग में करोड़ों रुपए का दो पूल का निर्माण बिना टेंडर चाहते ठेकेदारों को दिया गया। मंत्री टँकराम वर्मा पर तहसीलदार के ट्रांसफर में करोड़ों रुपए लेनदेन का आरोप लगा। मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल पर भारी भ्रष्टाचार के आरोप हैं। मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े के विभाग में 40 करोड



रुपए की सामान खरीदी में गड़बड़ी हुई है। मंत्री ओपी चौधरी 6 अधिकारियों की भ्रष्टाचार की फाइल बनाने के बाद उन पर कार्यवाही नहीं करते हैं, बल्कि उन्हें संरक्षण देते हैं, इन्हें अब तक पद से क्यों नहीं हटाया गया? श्री बैज ने कहा कि भाजपा, चंद ठेकेदार और उद्योगपति मिलकर लूट के लिये संगठित गिरोह चला रहे है। देश देख रहा है किस प्रकार से केंद्र की भाजपा सरकार दो उद्योगपतियों को फायदा पहुंचाने के लिए काम कर रही है वही स्थिति राज्य में भी है। प्रदेश में अदानी को सरगुजा से लेकर बस्तर तक की जंगलों की कटाई की छूट दी गई है ।

## एक दर्जन से अधिक ट्रेनें रद्द

### कुछ परिवर्तितमार्ग से तो कुछ विलंब से चलेंगी

रायपुर, 8 जुलाई (देशबन्धु)। दक्षिण पूर्व मध्य रेलमे चक्रधरपुर मंडल में झारसुगुडा बाई के आधुनिकीकरण कार्य के कारण रेल यातायात प्रभावित रहेगा। इस दौरान हावड़ा और टाटा की ओर से बिलासपुर आने का मार्ग डायवर्ट किया जाएगा। रेलवे के अनुसार दक्षिण पूर्व रेलवे चक्रधरपुर मंडल के झारसुगुडा यार्ड में नान इंटरलाकिंग कर वार्ड के आधुनिकीकरण कार्य के लिए 24 दिनों तक प्री एनआई 16 अगस्त से 8 सितम्बर तक और 25 वें दिन 9 सितम्बर को 6 घंटे यानि 11 बजे से शाम 17 बजे तक किया जाएगा, जिसके कारण ट्रेनों का परिचालन ब्लॉक रहेगा। इसके अतिरिक्त एक दिन का पोस्ट एनलाई कार्य 10 सितम्बर को होगा। इस दौरान दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से संबंधित सभी गाड़ियों का परिचालन प्रभावित रहेगा,जिसमें 15 ट्रेनें रह रहेगीवहीं दी ट्रेनें 18477 पुरी-योगनगरी ऋषिकेश उत्कल एक्सप्रेस 23, 25, 27, 29, 31 अगस्त एवं 8 सितम्बर को परिवर्तित मार्ग कटक, संबलपुर सिटी, झारसुगुड़ा रोड, ईब होकर और 18478 योगनगरी-ऋषिकेश उत्कल एक्सप्रेस 26, 28, 30 अगस्त एवं 1.8.9 सितम्बर को व्हाया ईथ, झारसुगुडा रोड,संचालपुर सिटी एवं कटक होकर चलाई जाएगी।




## फाफाडीह एक्सचेंज में ट्रेड यूनियनों का प्रदर्शन आज

रायपुर, 8 जुलाई (देशबन्धु)। ऑल इंडिया ट्रेड यूनियन क्या वहां पर 23 सूत्रीय मांगों के लिए राष्ट्व्यापी आंदोलन प्रदर्शन मशाल रैली का आयोजन आज 9 जुलाई को पूरे देश में किया गया है?। इसी परिप्रेक्ष्य में रायपुर राजधानी के फाफाडीह चौक स्थित टेलीफोन एक्सचेंज में प्रात: 10-30 बजे जंगी नारेबाजी,प्रदर्शन कर केंद्र सरकार की कर्मचारी मजदूर विरोधी नीतियों का विरोध किया जावेगा। कर्मचारी नेता विजय कुमार झा ने बताया है कि रायपुर ट्रेड यूनियन काउंसिल के आह्वाहन पर बीमा, बैंक,राज्य सरकार के कर्मचारी,रेल्वे, पेंशनर्स आदि के नेता एवं सदस्य इस प्रदर्शन में शामिल होंगे। ट्रेड यूनियन के संयोजक एचपी साहू, सह संयोजक सुधाकर चीलमवार, बैंक यूनियन के अध्यक्ष शिरीश नलगुलवार,स्टेट प्रदेश शासकीय कर्मचारी संघ के पेंशनर्स यूनियन के संरक्षक विजय कुमार झा, कमलेश संगोड़े, पंकज नायक, उमेश मुदलियार, सी एल दुबे,संजय शर्मा आदि के नेतृत्व में कर्मचारी, पेंशनर, मजदूर, श्रमिक इस प्रदर्शन में बड़ी संख्या में भाग लेंगे। पेंशन बंद करने की साजिश, बेरोजगारी, संविधान से छेड़छाड़, श्रमिकों के लिए नया कानून बनाकर शोषण करने, 8 घंटा श्रम कानून के अंतर्गत कार्य करने, महिलाओं का उत्पीड़न, कर्मचारियों को प्रताड़ित करने, जैसे विभिन्न मांगों के लिए आज जंगी प्रदर्शन होगा।

## बारिश के मौसम को देखते हुए संबधित विभाग आवश्यक तैयारियां रखें :डॉ गौरव सिंह

**कलेक्टर ने ली समय सीमा की बैठक**

रायपुर, 8 जुलाई (देशबन्धु)। कलेक्टर डॉ गौरव सिंह ने आज समय सीमा की बैठक ली। उन्होंने कहा राजस्व प्रकरणों का जल्द निपटारा करें। आम जनता को शासकीय योजना का लाभ प्रदान करें। कार्यालय में आने वाले आमजनों की समस्या को सवेंदनशीलता से सुनें और समाधान करने का प्रयास करें। कलेक्टर ने कहा कि बारिश का मौसम की शुरूआत हो गई है। संबधित विभाग एलर्ट रहें रायपुर नगर निगम सहित अन्य नगरीय निकाय साफ-सफाई पर विशेष ध्यान रखें। यदि कहीं पर जल भराव की स्थिति हो तो उसे खाली करवाएं। स्वास्थ्य विभाग मौसमी बीमारियों की रोकथाम के लिए तैयारी रखें आवश्यक दवाईयों का स्टाक बनाए रखें। सिंचाई विभाग पानी छोड़ने की स्थिति में प्रशासन को पूर्व में सूचना प्रदान करें ताकि अन्य विभाग आवश्यक तैयारी कर सके ।कलेक्टर ने कहा कि पशुधन विकास विभाग पशुओं के लिए चारा इत्यादि का इंतजाम रखें। पीएचई विभाग स्वच्छ पेयजल आपूर्ति के लिए पेयजल स्त्रोतों का क्लोरीनेशन करते रहें, ताकि आमजनों को साफ पेयजल प्राप्त हो। इस अवसर डीएफओ श्री लोकनाथ पटेल, नगर निगम आयुक्त श्री विश्वदीप, जिला पचायत सीईओ श्री कुमार बिश्वरंजन सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

### निधन

**गायत्री बाई**



**भिलाईनगर।** तथागत समाज कल्याण समिति के सदस्य विजय मेश्राम निवासी क्वार्टर 18बी, सड़क एबेन्यू सी, सेक्टर 2 भिलाई की माताजी श्रीमती गायत्री बाई का 7 जुलाई को लगभग 2 बजे निधन हो गया है। उनका अंतिम संस्कार 8 जुलाई दिन मंगलवार को सुबह 12 बजे राम नगर मुक्ति धाम मे किया गया।

**उदेराम धीवर**



**पलारी** 8 जुलाई (देशबन्धु)। विकास खण्ड के ग्राम तेलासीपुरी धाम के पूर्व सरपंच और भारतीय जनता पार्टी मंडल संडी के मंडल मंत्री रामेश्वर धीवर के पिता उदेराम धीवर का आकस्मिक निधन आज हो गया जिसकी मिट्टी कार्यक्रम 11 बजें सिरपुर घाट (चिखली) महानदी में हुआ। श्री धीवर 77 वर्ष के थे। उनके अंतिम संस्कार में परिजनों के अलावा बढ़ी संख्या गणमान्य नागरिक शामिल होकर श्रद्धांजलि अर्पित किए।

## सरकार ने शुरू की 'कृषि उन्नति योजना'

**रायपुर,** 8 जुलाई (देशबन्धु)। राज्य सरकार ने प्रदेश के किसानों की चिंता करते हुए कृषि उन्नति योजना के बेहतर क्रियान्वयन के निर्देश दिए हैं। इस संबंध में मंत्रालय महानदी स्थित कृषि विकास एवं किसान कल्याण तथा जैव प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा प्रदेश के सभी कलेक्टरों, संभाग आयुक्तों, संचालकों, प्रबंध संचालकों एवं पंजीयक सहाकारी संस्थाएं रायपुर को पत्र लिखकर कृषि उन्नति योजना के क्रियान्वयन हेतु दिशा-निर्देश किए गए हैं। नवीन दिशा-निर्देशों के आधार पर योजना का क्रियान्वयन खरीफ 2025 से किया जाएगा। मंत्रालय द्वारा जारी पत्र में कहा गया है कि राज्य का अधिकांश क्षेत्र वर्षा आधारित होने से मौसमी प्रतिकूलता एवं कृषि आदान लागत में वृद्धि के कारण कृषि आय में अनिश्चितता बनी रहती है, फलस्वरुप कृषक फसल उत्पादन के लिए आवश्यक आदान जैसे उन्नत बीज, उर्वरक, कीटनाशक, यांत्रिकीकरण एवं नवीन कृषि तकनीकी में पर्याप्त निवेश नहीं कर पाते। राज्य सरकार द्वारा कृषि में पर्याप्त निवेश एवं कास्त लागत में राहत देने के लिये कृषक उन्नति योजना प्रारंभ की गई है। साथ ही फसल विविधिकरण को प्रोत्साहन देने, दलहन तिलहन फसलों के क्षेत्र विस्तार तथा इनके उत्पादन में आत्म निर्भरता के लक्ष्य के साथ इस योजना के तहत चिन्हित अन्य फसलों पर भी आदान सहायता राशि दिये जाने का निर्णय लिया गया है। कृषक उन्नति योजना का लाभ केवल उन्हीं कृषकों को मिलेगा जिन्होंने एकीकृत किसान पोर्टल में पंजीयन कराया हो। जिनके द्वारा खरीफ मौसम में जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक से संबद्ध प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों (लैम्पस सहित) अथवा छ.ग. राज्य बीज एवं कृषि धान अथवा धान बीज का विक्रय किया गया हो। विगत खरीफ मौसम में एकीकृत किसान पोर्टल में पंजीकृत ऐसे कृषक जिन्होंने धान फसल लगाये हो तथा प्रदेश की सहकारी समितियों में समर्थन मूल्य पर धान विक्रय किया हो तथा वर्तमान में धान के स्थान पर अन्य खरीफ फसल लेने हेतु पंजीयन कराया हो। जिनके द्वारा खरीफ मौसम में दलहन, तिलहन, मक्का लघु धान्य फसल (कोदो, कुटकी एवं रागी) एवं कपास फसल हेतु पंजीयन कराया गया हो। पत्र में कहा गया कि विधिक व्यक्तियों जैसे ट्रस्ट/मण्डल/प्राईवेट लिमि. समिति/केन्द्र एवं राज्य शासन के संस्थान / महाविद्यालय आदि संस्थाओं को योजना से लाभ लेने की पात्रता नहीं होगी। जो कृषक प्रमाणित धान बीज उत्पादन कार्यक्रम लेते हैं और सामान्य धान भी सहकारी समितियों में विक्रय करते हैं, उनके द्वारा कुल विक्रय की जाने वाली धान की मात्रा, उनके कुल धारित रकबे की सीमा से अधिक नहीं होना चाहिये, इसे छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी विपणन संघ मर्या. (मार्कफेड) एवं छत्तीसगढ़ राज्य बीज एवं कृषि विकास निगम लिमिटेड द्वारा आपसी समन्वय से सुनिश्चित किया जाएगा। कृषकों को आदान सहायता राशि का भुगतान कृषि भूमि सिलिंग कानून के प्रावधानों के अध्याधीन किया जाएगा।

पत्र में कहा गया कि कृषकों को भुगतान योजनांतर्गत आदान सहायता राशि कृषकों के बैंक खाते में प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण (डी.बी.टी.) के माध्यम से की जाएगी। प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति/छ.ग. राज्य बीज एवं कृषि निगम लिमि, (बीज निगम) को धान/धान बीज का विक्रय करने वाले कृषकों को आदान सहायता राशि का निर्धारण गिरदावरी में सत्यापित रकबे, उपरोक्त संस्थाओं को विक्रय धान/धान बीज की मात्रा तथा भारत सरकार द्वारा प्रतिवर्ष घोषित किए जाने वाले न्यूनतम समर्थन मूल्य के आधार पर प्रतिवर्ष पृथक से किया जाएगा।

## सभापति ने पाटे और चेम्बर तुड़वाकर कराई नाले की सफाई



रायपुर, 8 जुलाई (देशबन्धु)। रायपुर नगर पालिक निगम के सभापति सूर्यकान्त राठौड़ ने दैनिक सफाई व्यवस्था के निरीक्षण के दौरान तेलघानीनाका चौक के पास बारिश में सड़क पर जल भराव की समस्या देखी. सभापति ने वहाँ सफाई का स्थल निरीक्षण तत्काल स्थल पर नगर निगम जोन 2 के जोन स्वास्थ्य अधिकारी श्री रवि लवनिया को बुलाकर किया.

सभापति सूर्यकान्त राठौड़ ने निरीक्षण के दौरान अंडर ग्राउंड नाला को पॉलीथिन की भारी मात्रा के कारण जाम पाया और नाले के ऊपर बनाये गए लगभग बड़े आकार के 5 पाटे सफाई के बाधक मिले, वहीं छग राज्य विद्युत पावर कम्पनो द्वारा सड़क के बीच में किये गए अंडर ग्राउंड केबलिंग कार्य में समीप स्थित शराब भट्टी द्वारा फेंके गए भारी मात्रा में पानी पाउच और डिस्पोजल गिलास तेज बारिश के कारण सड़क से बहकर अंडर ग्राउंड केबल में फंस जाने से सफाई में आई बाधा का निरीक्षण किया. सभापति ने तत्काल जेसीबी मशीन को बुलवाकर नाले के ऊपर बनाये गए पाटों को तुड़वाकर और अंडर ग्राउंड केबल के चेम्बर को तुड़वाकर सफाई करवाई और गन्दे पानी का निकास करवाकर जल भराव की समस्या दूर करवाई.

# मूसलधार बारिश से बढ़ी किसानों की मुश्किलें

**रायपुर,** 8 जुलाई (देशबन्धु)। बीते एक.दो दिनों से लगातार हो रही रुक.रुक कर बारिश ने जहां आम जनजीवन को प्रभावित किया है वहीं किसानों की मुश्किलें भी काफी बढ़ा दी हैं। खासकर सोमवार से हो रही मूसलधार बारिश के चलते खेतों में पानी भर गया है जिससे पहले से बोये गए बीज सड़ने लगे हैं। इस कारण बहुत से किसानों की फसल की शुरुआती मेहनत बेकार हो गई है और अब उन्हें धान की नई पौध उगाने की चिंता सताने लगी है। गांवों में खेतों की स्थिति अत्यंत चिंताजनक बनी हुई है। कई खेतों में पानी जमा हो गया है जिससे बीजों का अंकुरण रुक गया है। कुछ क्षेत्रों में खेतों में पानी लगातार भरा रहने से बीज पूरी तरह सड़ चुके हैं।





**दिनभर रुक.रुक कर हो रही बारिश**

किसानों ने पहले ही सीमित संसाधनों के साथ बीज बोए थे लेकिन अब उन्हें दोबारा बीज जुटाना और समय पर रोपाई की तैयारी करना चुनौतीपूर्ण होता जा रहा है। किसानों का कहना है कि यदि बारिश इसी तरह अनियमित और अत्यधिक होती रही तो धान की मुय फसल के लिए पर्याप्त समय नहीं बचेगा। किसान धान की खेती पर पूरी तरह निर्भर हैं और बीजों के खराब हो जाने से आर्थिक नुकसान भी झेलना पड़ रहा है।

**बारिश का पानी घरों में घुसा**

रायपुर। मंगलवार को भी झमाझम बारिश का

## जनजीवन अस्त-व्यस्त

**बीते एक.दो दिनों से लगातार हो रही रुक.रुक कर बारिश ने जहां आम जनजीवन को प्रभावित किया है वहीं किसानों की मुश्किलें भी काफी बढ़ा दी हैं।**

सिलसिला जारी रहा जिसके चलते लोग अपने घरों में दुबक गए हैं। कल के हालात को देखकर आज सड़कों पर सन्नाटा पसरा हुआ है। शहरी ही नहीं बल्कि ग्रामीण इलाकों में भी नदी नालों के साथ खेत खलिहान सब लबालब हो गया है। कई जगहों पर घरों में पानी घुस गए हैं तो कहीं पर सड़कों पर घुटनों तक पानी भरा हुआ है। अमला बेबस नजर आ रहा है। मौसम विभाग ने आज भी प्रायरू हर जिलें में बारिश होने की संभावना व्यक्त कर दी है।

तीन दिन से तो यही हाल हैएअब लोग अंदाजा लगा रहे हैं कब खुलेगा मौसम। अभी 10 जुलाई से सावन शुरु हो रहा है फिर कहीं बरस गए तो मुश्किल और बढ़ जायेगी। कई शहरों में जल भराव की स्थिति से लोग निगम व पालिका की नाकामियों पर गुस्सा उतार रहे हैं। अधिकारिक आंकड़ों के अनुसार बीते 24 घंटों में अंबिकापुर में 172.8 मिमी बिलासपुर में 77.5 मिमी पेंड्रारोड में 27.6 मिमी और रायपुर के माना एयरोड्रम पर 15.8 मिमी वर्षा दर्ज की गई।

# संभव स्टील ट्यूब्स को ट्रक चालक ने लगाई 21 लाख की चपत

**रायपुर,** 8 जुलाई (देशबन्धु)। सरोरा स्थित संभव स्टील ट्यूब्स लिमिटेड के मैनेजर सुतनु गोस्वामी 43 वर्ष ने थाना तिल्दा नेवरा में शिकायत दर्ज की कि ट्रक ड्राइवर अब्दुल ए भदाला ने कंपनी से 21 लाख रुपये से अधिक कीमत का माल 35.3 टन एमएस पाइप लेकर संबंधित कंपनी तक नहीं पहुंचाया यह माल 27 जून 2025 को एमपी गुजरात रोड लाइंस के ट्रक क्रमांक जीजे12 6503 में अहमदाबाद की के मुकुंद एंड कंपनी के लिए भेजा गया था 7 जुलाई 2025 तक माल नहीं पहुंचा और ड्राइवर का मोबाइल बंद है ट्रांसपोर्ट कंपनी के मालिक विकास एशानी ने भी कोई जानकारी नहीं दी इस पूरे मामले में पुलिस ने अपराध धारा 316;3 बीएनएस के तहत पंजीबद्ध कर जांच शुरू कर दी ह

**खमतराई के ओम कारूगेटेड बॉक्सेस में 2.5 लाख के मशीन पार्ट्स चोरी**

भनपुरी औद्योगिक क्षेत्र में स्थित ओम कारूगेटेड बॉक्सेस के मैनेजर हेमंत तिवारी ;43 वर्ष ने खमतराई थाने में शिकायत दर्ज की कि 19.20 जून की रात अज्ञात नकाबपोश चोरों ने कंपनी से लगभग 2.5 लाख रुपये कीमत के मशीन पार्ट्स चुरा लिए शिकायत के आधार पर धारा 303;2 बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर जांच शुरू की गई है।

**अयोध्या नगर में घर में सेंधमारी 30,000 रुपये का सामान चोरी**

शिव मंदिर के पास अयोध्या नगर चंगोराभाठा निवासी एक व्यक्ति ने थाने में शिकायत दर्ज की कि 3 जुलाई को वह परिवार सहित गुजरात गया था 6 जुलाई को पड़ोसी योगन पटले ने सूचना दी कि उनके घर का ताला टूटा हुआ है 7 जुलाई को घर लौटने पर पाया कि चांदी की पायल करधन लोहे का पलंगए प्रेस कांसे की थालियां और नकदी समेत करीब 30,000 रुपये का सामान चोरी हो गया अज्ञात चोरों के खिलाफ पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की है

**गोबरा नवापारा सीएचसी में ऑक्सीजन प्लांट से चोरी**

गोबरा नवापारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सीएचसी के प्रभारी बीएमओ ने थाने में शिकायत दर्ज की कि 27 जून 2025 को ऑक्सीजन प्लांट के हॉल का ताला बंद था 5 जुलाई 2025 को सुबह 11 बजे जांच करने पर पाया गया कि 39 मीटर कॉपर पाइप 15 मिमी और 12 मिमीद्ध और एक सीलिंग फैन कुल कीमत करीब 80,000 रुपये चोरी हो गए हॉल का ताला टूटा था और ऊपरी दरवाजा खुला था अज्ञात चोरों के खिलाफ8 जुलाई 2025 को मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई है।

# युवा कांग्रेस नेता आशीष शिंदे गिरफ्तार

**रायपुर,** 8 जुलाई (देशबन्धु)। राजधानी की तेलीबांधा पुलिस ने युवा कांग्रेस नेता आशीष शिंदे को गिरफ्तार कर लिया है। यह गिरफ्तारी तांत्रिक केके श्रीवास्तव की गिरफ्तारी के बाद की गई है। बताया जा रहा है कि शिंदे ने केके को फरार कराने में मदद की थी। इसके अलावा आरोपी केके श्रीवास्तव को अपनी गाड़ी में लगातार घुमा रहा था।

अपना राजनीतिक वजूद बताकर भी कांग्रेस कार्यकाल में कुछ लोगों से पैसे लेने के आरोप लगे थे शिंदे को एक पूर्व विधायक का करीबी भी बताया जाता था। शिंदे काफी दिनों से फरार चल रहा था। एक जमीन के पुराने मामले में भी शिंदे के खिलाफपंडरी मोवा थाने में अपराध दर्ज है। पुलिस पूछताछ कर रही है।

# केंद्रीय मंत्री शिवराज ने पढ़ाया सांसद-विधायकों को एकात्म मानववाद का पाठ

**रायपुर,** 8 जुलाई (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ के सरगुजा जिले के मैनपाट में आयोजित भाजपा प्रशिक्षण शिविर के दूसरे दिन केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान शामिल हुए इस दौरान उन्होंने सांसद.विधायकों को एकात्म मानववाद का पाठ पढ़ाया उन्होंने बताया कि कैसे आपके आचरण में सदव्यवहार और शिष्टाचार होना चाहिए जो लोक व्यवहार के लिए सबसे जरूरी है आपका सदआचार एक जनप्रतिनिधि को लोगों के बीच सहज और सरल स्वभाव के साथ रहना चाहिएण् उन्हें इस बात का पूरा ख्याल रखना चाहिए कि वह जो कुछ भी हैं वह सिर्फ आम जनता की वजह से हैए आम जनता के बीच ये संदेश कतई नहीं जाना चाहिए कि उनके चुने हुए जनप्रतिनिधि चुनाव जीतने के बाद बदल गए हैंण् आपका व्यवहार ही आपको लोगों के बीच में लोकप्रिय बनाता है कोई भी इंसान पद पैसे और ताकत से बड़ा नहीं हो सकता है उसका बड़ा होना उसकी सहजता में ही शामिल है आम जनता को ये बिल्कुल नहीं लगना चाहिए की उन्होंने बिन जाने अपने प्रतिनिधि का चुनाव कर दिया जिसे उन्होंने चुना वह तो चुनाव

**कहा-आचरण में हो सदव्यवहार, शिष्टाचार**

जीतने के बाद अपने क्षेत्र और क्षेत्र की जनता को भूल गया आपका यह कर्तव्य होना चाहिए कि आपके लिए सबसे जरूरी वही लोग हैं जिन्होंने आप पर भरोसा जताया है जिन्होंने आपको बड़ी उम्मीद के साथ विधायक सांसद बनाया है आपका यह दायित्व है कि आप उनकी उम्मीदों पर खरा उतरे गरीब और जरूरतमंद लोगों की मदतके लिए हमेशा उपलब्ध रहे तत्पर रह सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास और सबका प्रयास का जो मूल मंत्र है वही एकात्मवाद है हर एक जनता के साथ आपका पारिवारिक जुड़ाव रहना चाहिए

**वैचारिक और व्यापारिक विषय**- शिवराज सिंह चौहान ने कहा न सिर्फ़ लोकव्यहार और समय प्रबंधन बल्कि वैचारिक और व्यापारिक विषय भी रखे गए प्रशिक्षण के दौरान सरकार की योजनाओं और प्रचार प्रसार पर भी कैसे काम करना है यह भी बताया गयाण् मैनपाट ने आयोजित तीन दिनों का यह प्रशिक्षण शिविर संसदों और विधायकों की दक्षता को मजबूती प्रदान करने वाला है समय समय पर पार्टी की तरफ न सिर्फ जनप्रतिनिधियों के लिए बल्कि कार्यकर्ताओ के लिए भी प्रशिक्षण आयोजित किए जाते है आज सांसदों और विधायकों के साथ प्रबोधनए उद्बोधन संबोधन या प्रशिक्षण कह लीजिएए बहुत ही अच्छा रहा है।

# फाफाडीह शराब भटठी के पास मारपीट, 2 आरोपी गिरफ्तार

**रायपुर,** 8 जुलाई (देशबन्धु)। राजधानी में पुलिस ने फाफाडीह शराब भटठी के पास हुई मारपीट के मामले में पुलिस ने आरोपी युवकों को हिरासत में ले लिया हैं बताया गया कि प्रार्थी दीपक सिंह चौहान ने थाना देवेन्द्र नगर में रिपोर्ट दर्ज कराया कि वह फोकटपारा शास्त्री नगर रायपुर में रहता है तथा फोकटपारा स्थित एस एस हार्डवेयर की दुकान में रोजी मजदूरी का कार्य करता है। प्रार्थी 6 जुलाई की दोपहर 12.30 से 01.00 बजे के करीब फाफाडीह शराब भठ्ठी के पास गया था जहां जनक बघेल एवं कुणाल दीप नामक व्यक्ति प्रार्थी से मिले तथा प्रार्थी का उनके साथ पुराना विवाद था जिसके कारण उक्त दोनो व्यक्तियों द्वारा प्रार्थी के साथ अश्लील गाली गलौज करने के साथ.साथ मारपीट करने लगे तथा अपने पास रखे बेस बॉल से प्रार्थी के शरीर पर वार कर गंभीर चोट पहुंचा कर फरार हो गये। जिस पर आरोपियों के विरूद्ध थाना देवेन्द्र नगर में धारा 118;1 296 351;2 3;5 बी एन एस का अपराध पंजीबद्ध किया गया। प्रकरण का 01 विडियों भी वायरल हुआ था। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट तथा थाना देवेन्द्र नगर पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए चंद घंटे के भीतर वायरल विडियों में दिख रहे आरोपियों को चिन्हांकित कर उनके छिपने के हर संभावित ठिकानों में लगातार रेड कार्यवाही करते हुए प्रकरण में संलिप्त आरोपी जनक बघेल एवं कुणाल दीप को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से घटना में प्रयुक्त बेस बॉल जप्त कर आरोपियों के विरूद्ध कार्यवाही किया गया है।



# मोबाइल फोन व नगदी की चोरी, आरोपी पकड़ाया

**रायपुर,** 8 जुलाई (देशबन्धु)। राजधानी में पुलिस ने ट्रक खड़ी तालाब में नहाने गए ट्रक चालकों के कपडे व नगदी चोरी के मामले में पुलिस ने आरोपी युवक को पकड़ लिया है बताया गया कि प्रार्थी छगन लाल साहू ने थाना आरंग में रिपोर्ट दर्ज कराया है कि वह ग्राम टेकारी कुंडा थाना मंदिर हसौद जिला रायपुर में रहता है तथा चालक का कार्य करता है। 14 जून को ट्रक क्रमांक सीजी 07 सी एम 4140 एवं उसका साथी ट्रक क्रमांक सीजी 07 सी एन 5240 में सीमेंट लेकर संबलपुर उडीसा गया था। जब प्रार्थी एवं उसका साथी अपने अपने ट्रक को लेकर हिरमी के लिए निकले तथा 19 जून की सुबह करीब 09.00 बजे आरंग के आगे कलई के तालाब के पास दोनों ट्रक को खडी कर नहा रहे थे जिसके बाद तलाब से निकल कर देखे तो पाये की प्रार्थी तथा उसके कपड़े रखे हुए स्थान पर नही थे तथा कपड़ों में रखे मोबाईल फोन एवं नगदी रकम चोरी हो गये थे। कोई अज्ञात चोर प्रार्थी तथा उसके साथी के कपड मोबाईल फोन तथा नगदी रकम चोरी कर फरार हो गया था। जिस पर अज्ञात आरोपी के विरूद्ध थाना आरंग में अपराध पंजीबद्ध किया गया है। जिस पर वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट तथा थाना आरंग पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा घटना के संबंध में प्रार्थी तथा उसके साथी से विस्तृत पूछताछ करते हुए घटना के संबंध में पतासाजी करना प्रारंभ किया गया। टीम के सदस्यों के द्वारा घटना स्थल का निरीक्षण करने के साथ.साथ घटना स्थल तथा उसके आस.पास लगे सी सी टी व्ही कैमरों के फुटेजों का अवलोकन करते हुए प्रकरण में मुखबीर लगाकर भी अज्ञात आरोपी की पतासाजी की जा रही थी। इसी दौरान टीम के सदस्यों को घटना में संलिप्त आरोपी हेमंत जाधव के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त हुई। जिस पर टीम के सदस्यों द्वारा विधानसभा निवासी हेमंत जाधव की पतासाजी कर पकड़ा गया घटना के संबंध में कड़ाई से पूछताछ करने पर उसके द्वारा चोरी की उक्त घटना को अंजाम देना स्वीकार किया गया। जिस पर आरोपी हेमंत जाधव को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी का मोबाईल फोन एवं घटना में प्रयुक्त 01 नग दोपहिया वाहन जप्त किया गया है। आरोपी हेमंत जाधव पूर्व में फर्जी क्राईम ब्रांच अधिकारी बनकर लाखों रूपये के ठगी के प्रकरण में जेल निरूद्ध रह चुका है।



# अब तीन महीने खारुन नदी से बुझेगी शहर की प्यास

## गंगरेल से 320 एमएलडी पानी की आपूर्ति बंद

**रायपुर,** 8 जुलाई (देशबन्धु)। रायपुर नगर निगम गंगरेल बांध से रोजाना 320 एमएलडी पानी लेता है लेकिन अब तेज बारिश होते ही गंगरेल बांध से पानी लेना बंद कर देगा और खारुन नदी के पानी से ही शहर की प्यास बुझेगी। तीन महीने तक निगम को 3 करोड़ रुपए से ज्यादा का बिल सिंचाई विभाग को नहीं देना पड़ेगा। अभी हर महीने 1 करोड़ 10 लाख रुपए देना पड़ता है। बारिश में फिल्टर प्लांट में आने से उसके शुद्धिकरण में फिटकरी की मात्रा भी बढ़ी है। इस समय रोज डेढ़ टन फिटकरी फिल्टर प्लांट में खपने लगी है।

**गंगरेल से पानी नहीं लेने पर बचेंगे 3 करोड़ 60 लाख रुपए**

फिल्टर प्लांट के अधिकारियों के अनुसार बरसात का पानी ज्यादा मटमैला होता हैए इसलिए उसके शुद्धिकरण में उतनी ज्यादा फिटकरी का उपयोग प्लांट में करना पड़ता है। अभी डेढ़ टन फिटकरी का उपयोग रोज हो रहा है परंतु जैसे ही गंगरेल बांध से पानी लेना बंद कर देंगे और खारुन नदी से पानी लेंगे तो उसके शुद्धिकरण में रोजाना 17 से 18 टन फिटकरी की खपत होगी। हर साल निगम बरसात के तीन महीने जुलाईए अगस्त और सितंबर में खारुन नदी से ही रोज 320 टन पानी लेता हैए इस वजह से हर महीने पानी का बिल 1 करोड़ 10 लाख रुपए नहीं देना पड़ता।

**झड़ी से इंटेकवेल के पास 5 इंच पानी बढ़ा**

नगर निगम के फिल्टर प्लांट में काठाडीह इंटेकवेल से पानी आता है। इस जगह पर पानी को रोकने के लिए नदी में एनीकट बनाया गया है। पिछले दो दिनों से लगी झड़ी की वजह से सोमवार को 5 इंच पानी का स्तर बढ़कर 10 इंच हो गया है। अभी गंगरेल बांध का पानी ही फिल्टर प्लांट में लिया जा रहा है। अधिकारियों का कहना है कि अभी दो.तीन और इंतजार करेंगे। क्योंकि यदि अभी से बांध का पानी लेना बंद कर देंगे और अचानक मौसम साफ हो गया तो दिक्कत होगी। अब तेज बारिश होने पर गंगरेल बांध से पानी लेना बंद कर देंगे। अभी इंतजार कर रहे हैं। जलस्तर बढ़ने के साथ ही अगले तीन महीने तक खारुन नदी के पानी से शहर की प्यास बुझती है।

**नरसिंग फरेंद्र कार्यपालन अभियंता फिल्टर प्लांट**

**पौने 4 करोड़ बिजली बिल**

फिल्टर प्लांट में हर दिन 320 एमएलडी रॉ वाटर आता हैए उस पानी की शुद्धिकरण प्रक्रिया में हर महीने पौने 4 करोड़ रुपए बिजली का बिल आता है।

**शहर के 70 वार्डों से ले रहे 150 से 200 सैम्पल**

बरसात में नलों में गंदा पानी आने की शिकायतें भी बढ़ जाती हैं। इसे देखते हुए फिल्टर प्लांट की वैन से टीम को शहर के 70 वार्डों से 150 से 200 जगहों से पानी का सैम्पल लेना शुरू कराया गया है। यह भी दावा किया जा रहा है कि जांच में अभी कहीं भी दूषित पानी की रिपोर्ट नहीं आई है।

# एडवर्टाइजिंग एजेंसी एसोसिएशन का ब्रांड मैनेजमेंट विषय पर सेमिनार

**रायपुर,** 8 जुलाई (देशबन्धु)। एडवरटाइजिंग एजेंसी एसोसिएशन ऑफ छत्तीसगढ़ द्वारा होटल सयाजी में ब्रांड मैनेजमेंट पर सेमिनार आयोजित किया गया। नागपुर के डॉ. संजय अरोरा ने ब्रांडिंग की गहराई समझाते हुए बताया कि ब्रांड सिर्फ उसकी विजुअल आइडेंटिटी तक सीमित नहीं, बल्कि उसकी असली ताकत उसके इंटैन्जिबल और परसीव्ड वैल्यू में होती है। उन्होंने कई उदाहरणों से समझाया कि कैसे बड़ी कंपनियां अपने ब्रांड के दम पर मार्केट में टिकती हैं— जैसे साधारण नमक टाटा के नाम से 25 रुपए में बिकता है, जबकि कैच कंपनी 100 ग्राम नमक 25 रुपए में बेचती है। डॉ. अरोरा कोका कोला का उदाहरण देते हुए बताया कि यह ब्रांड पिछले 130 साल से नंबर 1 है, फिर भी लगातार ब्रांडिंग और एडवरटाइजिंग पर फोकस करता है। उन्होंने ब्रांडिंग एक्टिविटीज़ प्लान करने के लिए एक छोटा सा फ्रेमवर्क भी प्रस्तुत किया, जिससे उपस्थित लोग अपने क्लाइंट्स के लिए ब्रांड की ताकत बना सकें। इस कार्यक्रम में प्रिंट मीडिया, होर्डिंग, डिजिटल, एफएम, मार्केटिंग, और एमबीए के छात्र शामिल हुए। एसोसिएशन के अध्यक्ष ओंकार सिंह ने पूरी टीम के योगदान के लिए धन्यवाद दिया। मंच संचालन दीपक जैन और मनीष राज्यवर्धन ने किया। कार्यक्रम में शिवाजी मथनी, अजय जैन, अफसर खान, अतुल जैन, पंकज टावरी, राजेश दुग्गड़, ऋषभ पारेख, पंकज गुप्ता, प्रबोध जैन सहित कई प्रमुख लोग उपस्थित रहे।




# रायपुर में होगी तीन दिवसीय लखपति महिला पहल कार्यशाला

## 11 राज्यों के अधिकारी और आजीविका विशेषज्ञ होंगे शामिल

**रायपुर,** 8 जुलाई (देशबन्धु)। भारत सरकार के ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा लखपति दीदी बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण राष्ट्रीय स्तर की क्षेत्रीय कार्यशाला का आयोजन 9 से 11 जुलाई 2025 तक राजधानी रायपुर में होने जा रहा है। यह कार्यशाला दीनदयाल अंत्योदय योजना राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत आयोजित की जा रही है। आयोजन में देश के 11 राज्यों के वरिष्ठ अधिकारीगण मिशन संचालक आजीविका विशेषज्ञ स्वयं सहायता समूहों के प्रतिनिधि तथा अन्य संबद्ध हितधारक सहभागी होंगे। कार्यशाला का उद्घाटन भारत सरकार ग्रामीण विकास मंत्रालय के अतिरिक्त सचिव टी के् अनिल छत्तीसगढ़ शासन की पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की प्रमुख सचिव निहारिका बारिक भारत सरकार की संयुक्त सचिव स्वाति शर्मा तथा छत्तीसगढ़ शासन के सचिव भीम सिंह की उपस्थिति में होगा। गौरतलब है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा देश में 3 करोड़ लखपति दीदी तैयार करने का लक्ष्य रखा गया है जिसके तहत ग्रामीण महिलाओं को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर और उद्यमशील बनाने के लिए विभिन्न प्रयास किए जा रहे हैं। इसी परिप्रेक्ष्य में यह कार्यशाला विविध पहलुओं जैसे ग्रामीण आजीविका के अवसर सामाजिक एवं वित्तीय समावेशन कौशल विकास बाजार उपलब्धता वेल्यू चेन निर्माण एवं आधुनिक तकनीकों पर आधारित रणनीतियों पर विस्तृत चर्चा एवं अनुभव साझा करने का एक सशक्त मंच प्रदान करेगी। यह कार्यशाला मध्यप्रदेश बिहार उत्तराखंड झारखंड पश्चिम बंगाल जम्मू.कश्मीर तेलंगाना ओडिशाए हरियाणाए राजस्थानए तमिलनाडु और आंध्रप्रदेश राज्यों के प्रतिभागियों की सहभागिता का गवाह बनेगी। विशेष रूप से भारत सरकार ग्रामीण विकास मंत्रालय के सचिव शैलेश कुमार सिंह तथा सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय के सचिव एस सी एल दास वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़कर प्रतिभागियों को मार्गदर्शन प्रदान करेंगे। कार्यशाला के दौरान विभिन्न सत्रों में स्थानीय संसाधनों के उपयोग महिला प्रशिक्षण वित्तीय समावेशन तथा व्यवसाय संवर्धन के विषयों पर गहन मंथन किया जाएगा। आयोजन में आजीविका मिशन अंतर्गत गठित स्व.सहायता समूहों द्वारा उत्पादित सामग्रियों की प्रदर्शनी भी लगाई जाएगीए जिससे उनके उत्पादों को बेहतर बाजार उपलब्ध हो सके। छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन की संचालक जयश्री जैन ने बताया कि कार्यशाला की सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। उन्होंने आशा व्यक्त की है कि यह आयोजन ग्रामीण विकास में महिला नेतृत्व को और अधिक प्रभावी भूमिका निभाने के लिए प्रेरित करेगा। यह कार्यशाला केवल विमर्श का अवसर न होकर भविष्य की ठोस रणनीतियों का आधार भी बनेगा जिससे लखपति दीदी के रूप में लाखों महिलाओं को सशक्त किया जा सकेगा।



**उल्टा पुल्टा**

एक आदमी को उसका ससुर जूते मार रहा था..!
राहगीर - क्यों मार रहे हो इसको...?
ससुर - मैंने इसको अस्पताल से व्हाट्सएप किया कि तुम बाप बन गए हो'
और इसने उसको भी 50 लोगों को फॉरवर्ड कर दिया...!

**संपादकीय**

## सड़कों की दशा ठीक करे सरकार

*छत्तीसगढ़ के शहरी इलाके हों अथवा ग्रामीण, उनमें बनी सड़कों की पोल बारिशें खोल देती हैं। शहरों के भीतर सरकार या स्थानीय निकायों की सड़कें, बाहरी रास्ते और राजमार्ग- सभी की हालत एक सी जर्जर मिलती है। राज्य सरकार उन्हें लेकर चाहे जो दावे करे, बरसात में असलियत सामने आती है। इन दिनों कवर्धा बाईपास की हालत दर्शाते कुछ वीडियो देश भर में वायरल हो रहे हैं जो प्रदेश का सिर शर्म ६से झुकाने के लिये काफी है। उल्लेखनीय है कि कवर्धा उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा का निर्वाचन क्षेत्र है। लापरवाही, भ्रष्टाचार और गुणवत्ताहीन काम के ये वीडियो और उस सम्बन्ध में खबरें असलियत को उजागर करती हैं। सरकार सड़क निर्माण को लेकर गम्भीरतापूर्वक काम करे क्योंकि पहले भी कुछ मामले देश भर में सुर्खियां बटोर चुके हैं जिनका सम्बन्ध सड़क निर्माण में भ्रष्टाचार ही है। लोग तो यह भी कह रहे हैं कि जब एक हाई प्रोफाइल विधानसभा क्षेत्र में सड़क का यह हाल है तो कमजोर जनप्रतिनिधित्व वाले इलाकों का क्या हाल होगा- इसका सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है।*

*जिस कवर्धा बाईपास का जिक्र हो रहा है और जो चर्चा में है वह नेशनल हाईवे क्रमांक- 30 है। यह प्रदेश की राजधानी रायपुर को मध्यप्रदेश के एक बहुत महत्वपूर्ण शहर जबलपुर से जोड़ता है। जाहिर है कि इस पर आवागमन काफी होने से यह एक व्यस्त मार्ग है। इस पर छोटे, हल्के और बड़े वाहन सभी चलते हैं। मालवाहक ट्रकों के गुजरने से सड़कों की दुर्दशा तो स्वाभाविक है परन्तु उसकी देख-रेख और नियमित मरम्मत भी आवश्यक है। तिस पर यदि सड़क का निर्माण ही घटिया हुआ हो तो वह कितना भार सहन कर सकेगी, इसका भी अनुमान लगाना कठिन नहीं है।*

*बताया जाता है कि बरसातों के पहले ही इसकी स्थिति काफी खराब हो गयी थी। सुधार कार्य के नाम पर उस पर मुरुम बिछाकर खानापूरी की गयी थी। जैसे ही पानी बरसा, मुरुम बह गयी और ट्रकों, हाईवा आदि के कारण बाईपास के आसपास बड़े-बड़े गड्ढे बन गये। इन गड्ढों की विशालता और गहराई का अंदाजा इस बात से लगता है कि उसमें एकत्र पानी में घंटों खड़े होकर जब कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन किया तो जल स्तर कुछ में घुटनों तक तो कुछ में कमर की ऊंचाई तक था। ठेकेदारों को प्रदर्शनकारियों ने जमकर खरी-खोटी सुनाई जिनके पास जवाब ही नहीं था।*

*याद हो कि इस साल की शुरुआत में बस्तर की एक सड़क में हुए व्यापक भ्रष्टाचार को उजागर करने वाले निर्भीक पत्रकार मुकेश चंद्राकर की कथित रूप से ठेकेदार द्वारा हत्या कर दी गयी थी तब भी छग में रास्तों के निर्माण में भ्रष्टाचार के आरोप लगे थे। उस समय भी इस बात की ज़रूरत महसूस की गयी थी कि सड़कों की गुणवत्ता का ऑडिट होना चाहिये।*

# तीन दिनों की अनवरत बारिश व मोंगरा जलाशय से 50 हजार क्यूसेक पानी छोड़ने से शिवनाथ उफान पर

- शिवनाथ नदी, महमरा एनीकेट, पुलगांव नाला के आसपास गांव व बस्तियों में बाढ़ की आशंका से अलर्ट
- एसडीआरएफ, डीडीआरएम की टीम तैनात
- बाढ़ नियंत्रण केन्द्रों की स्थापना







**दुर्ग**, 8 जुलाई (देशबन्धु)। विगत तीन दिनों से लगातार हो रही बारिश से पूरे दुर्ग जिले व आसपास के जिलों के जलाशय लबालब हो गये है। मोंगरा जलाशय से 6 व 7 जुलाई की रात तक छोड़े गये लगभग 50 हजार क्यूसेक पानी की वजह से शिवनाथ नदी उफान पर आ गई है। महमरा एनिकेट से लगभग ढाई फीट ऊपर पानी चल रहा है। शिवनाथ नदी का पुलगांव नाले का उलट पानी पुलगांव व गंजपारा में रिलायन्स पेट्रोल पंप तक पानी भर गया है। नगर निगम द्वारा नगर निगम परिसर में बाढ़ नियंत्रण रूम बना दिया गया है। इसी तरह तांदुला डिवीजन कार्यालय में भी बाढ़ से निपटने टीम तैयार कर दी गई है।

**शिवनाथ नदी के तट पर बसे गांवों में बाढ़ का खतरा :** उल्लेखनीय है कि रविवार से शुरू हुई बारिश रह रहकर लगातार जारी है। कल कुछ देर के लिये वर्षा रूकी थी किंतु गत रात्रि फिर मूसलाधार बारिश होती रही किंतु सुबह 7 बजे के बाद शावर वर्षा होने लगी जो फिर कुछ ही देर बाद जोर पकड़ ली और दोपहर 1 बजे तक चलती रही। उसके बाद मौसम साफ हुआ। इधर दुर्ग जिला ही नहीं राजनांदगांव बेमेतरा, बालोद, व अन्य जिलों में भी इसी तरह की वर्षा होती रही । जिसका असर जलाशयों पर पड़ा जलाशय लबालब हो गये। जिला प्रशासन द्वारा भी स्थिति को देखते हुए शिवनाथ नदी के किनारे के गांव में मुनादी करा दी गई है। ग्रामवासियों को सतर्क रहने कहा गया है। एसडीआरएफ के जवानों को भी एलर्ट मोड पर अलर्ट कर रखा गया है। साथ ही बाढ़ नियंत्रण के लिये कंट्रोल रूम बना दिया गया है।

इस संबंध में जिला सेनानी एवं एसडीआरएफ एवं डीडीआरएफ प्रभारी नागेन्द्र प्रताप सिंह ने बताया कि दुर्ग संभाग में पिछले 3 दिनों से लगातार बारिश हो रही है। निचली बस्तियों में पानी भरने की संभावना है। इस बारे में नगर निगम की महापौर अलका बाघमार ने बताया कि अभी तक दुर्ग नगर निगम क्षेत्र के 60 वार्डों में से किसी भी वार्ड में पानी भरने की नौबत नहीं आई है। हालांकि सभी वार्डों में नगर निगम की टीम को एलर्ट कर दिया गया। पिछली बस्ती वार्डों में विशेष एहतियात रखी गई है। यदि लोगों को एक जगह से दूसरी जगह में शिफ्ट करने की स्थिति बनती है तो उसकी भी तैयारी रखी गई है।

**नदी के आसपास के गांवों में मुनादी :** इधर एसडीआरएफ के प्रभारी नागेन्द्र सिंह ने बताया कि दुर्ग संभाग के निचले स्थानों में पानी भरने की संभावना को दृष्टिगत रखते हुए नदी के आसपास के निचले इलाकों को अलर्ट मोड पर रखा गया है।

श्री सिंह ने बताया कि सभी निचली बस्तियों में मुनादी कराने के साथ ही ईटा भट्टों बाड़ों के क्षेत्र में रहने वालों के साथ ही अन्य ग्रामीणों को नदी किनारे से दूर रहने की सलाह दी गई। ग्रामीण कोटवार, सचिव, सरपंच के माध्यम से लोगों को सूचना दी गई है कि बाढ़ जैसे हालात बनने पर या नदी का जलस्तर बढ़ने पर तत्काल सुरक्षित स्थानों पर चले जाएं। जहां शेल्टर होम बनाये गये है वहां जाकर पनाह ले लेवें। किसी भी खतरे की स्थिति में एसडीआरएफ टीम को सूचित करें।

जिला सेनानी ने बताया कि बाढ़ नियंत्रण के लिये कंट्रोल रूम स्थापित कर दिया गया है। एसडीआरएफ के 30 जवान एवं आर.के. 30 जवानों की तैनाती कर दी गई है। जो चौबीसों घंटे आपातकालीन स्थिति के लिये अलर्ट रहेगें।

**निगम मुख्यालय में भी कंट्रोल रूम :** नगर निगम द्वारा भी निगम मुख्यालय में बाढ़ नियंत्रण केन्द्र बना दिया गया। इसके प्रभारी कार्यपालन अभियंता दिनेश नेताम बनाये गये है। यहां पर चौबीसों घंटे के लिये कर्मचारियों को तैनात भी कर दिया गया है। महापौर श्रीमती बाघमार ने बताया कि अभी तक उन्हें शहर के किसी भी वार्ड की भी बस्ती में पानी भरने की सूचना नहीं मिली है। पानी गिरते समय कुछ देर के लिये भरता है मगर कुछ ही देर में निकल जाता है। उन्होंने बताया कि उनके सभी एमआईसी प्रभारी, सभी पार्षदगण तथा उनकी स्वयं की भी नजर इस दिशा में है। अधिकारियों को भी जरूरी निर्देश दे दिये गये है।

## जिले में अब तक 195.2 मिमी औसत वर्षा दर्ज

**दुर्ग,** 8 जुलाई (देशबन्धु)। जिले में 1 जून से 8 जुलाई तक 195.2 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गई है। कार्यालय कलेक्टर भू अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार 1 जून से अब तक सर्वाधिक वर्षा 325.7 मिमी पाटन तहसील में तथा न्यूनतम 133.1 मिमी तहसील धमधा में दर्ज की गई है। इसके अलावा तहसील बोरी में 149.0 मिमी, तहसील अहिवारा में 222.8 मिमी, तहसील भिलाई 3 में 150.0 मिमी और तहसील दुर्ग में 190.7 मिमी वर्षा दर्ज की गई है। 8 जुलाई को तहसील दुर्ग में 43.2 मिमी, तहसील धमधा में 48.4 मिमी, तहसील पाटन में 54.0 मिमी, तहसील बोरी में 45.0 मिमी, तहसील भिलाई 3 में 31.4 मिमी और तहसील अहिवारा में 81.3 मिमी वर्षा दर्ज की गई है।

## महमरा एनीकेट के इंटकवेल में जलकुंभी फंसने से जल आपूर्ति प्रभावित

**दुर्ग,** 8 जुलाई (देशबन्धु)। शिवनाथ नदी में आई बाढ़ की वजह से नदी नाले उफान पर है जिसकी वजह से पुलगांव नाले के पानी के साथ जलकुंभी, झिल्ली, पन्नी इत्यादि कचरा बहकर पुलगांव नाले के किनारे महमरा एनीकेट में स्थापित 24 व 42 एमएलडी इंटकवेल में फंस रहा है। इंटकवेल में कचरा फंसने से घरों में जल आपूर्ति प्रभावित हो रही है। महापौर अलका बाघमार ने आज पार्षदों व अधिकारियों के साथ नदी जाकर



मौका मुआइना किया और अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये।

उल्लेखनीय है कि शिवनाथ नदी व नाले में बाढ़ आने से प्रतिवर्ष संपवेल व इंटकवेल में कचरा फंसता है जिससे पानी को फिल्टर प्लांट तक पहुंचने में दिक्कत आती है। महापौर ने मौके पर पहुंचकर इस विषय पर अधिकारियों से चर्चा की तथा वैकल्पिक प्लान बनाने के निर्देश दिये ताकि नागरिकों तक जल आपूर्ति करने में किसी तरह का व्यवधान न आये। महापौर के साथ इस निरीक्षण में जल कार्य प्रभारी लीना देवांगन, एमआईसी प्रभारी नरेन्द्र बंजारे, शशि साहू, जल विभाग के अभियंता मोहित मरकाम, विनोद मांझी, एवं जल कार्य निरीक्षक नारायण ठाकुर मौजूद थे।

## पद्मनाभपुर पुलिस ने डॉ. बसंत वर्मा से क्रिफ्टो ट्रेडिंग के नाम पर 62 लाख की ठगी के दो आरोपियों को पंजाब से किया गिरफ्तार

**दुर्ग**, 8 जुलाई (देशबन्धु)। फर्जी वाट्सएप एवं टेलीग्राम ग्रुप के माध्यम से क्रिफ्टो ट्रेडिंग के नाम पर पद्मनाभपुर निवासी डॉ. बसंत वर्मा से 62 लाख 78 हजार रू. की ठगी करने के दो आरोपियों को पद्मनाभपुर पुलिस ने पंजाब से गिरफ्तार कर दुर्ग लाया गया।

पुलिस के अनुसार थाना पद्मनाभपुर निवासी डॉण् बसंत वर्मा उम्र 59 साल ने आरोपियो द्वारा वाट्सएप एवं टेलीग्राम के माध्यम से फरवरी 2024 से अप्रेल 2024 के मध्य क्रिप्टो करेंसी में लाभ देने के नाम पर अलग.अलग बैंक खातो में प्रार्थी से 62 लाख 78 हजार 187 रु. का धोखाधड़ी करने के संबंध में रिपोर्ट दर्ज करायी थी। रिपोर्ट पर थाना पद्मनाभपुर में मामला पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। जिला सायबर सेल एवं विभिन्न बैंको से प्राप्त डिटेल के माध्यम से जानकारी प्राप्त हुई कि आरोपी साहिल कुमार के भारतीय स्टेट बैंक खाता में कुल 1410000 रू. जाना पाया गया। जिस संबंध में आरोपी की गिरफ्तारी पतासाजी हेतु विशेष टीम गठित कर सायबर सेल थाना पद्मनाभपुर एवं थाना भिलाई.3 के कर्मचारियों को पंजाब रवाना किया गया। टीम द्वारा आरोपियों को कड़ी मेहनत कर सायबर सेल की मदद से



'पंजाब के जिला मंशा थाना शार्दुलगढ़ से दो आरोपी साहिल कुमार एवं राकेश कुमार को गिरफ्तार कर ट्रांजिट रिमाण्ड पर लाया गया है। प्रकरण के उक्त आरोपियो से पूछताछ करने पर उनके द्वारा बताया गया कि प्रकरण में संदीप यादव जो आलू का थोक व्यवसाय का कार्य करता है के द्वारा गिरफ्तार आरोपियों के साथ मिलकर योजनाबद्ध तरीके से किप्टो करेंसी में लाभ दिलाने का झांसा देकर ठगी किया गया है। आरोपी संदीप यादव दोनो पैरो से दिव्यांग होने से आरोपी को नोटिस देकर न्यायालय उपस्थित होने हिदायत दिया गया है।

आरोपियो द्वारा प्रार्थी से इंडसइंड बैंक आईसीआईसीआई बैंक, पंजाब एवं सिन्ध बैंक, डीबीएस, कोटक महिन्द्रा, भारतीय स्टेट बैंक, यश बैंक के अलग अलग खातो का ठगी मे इस्तेमाल किया गया है।

गिरफ्तार आरोपी साहिल कुमार पिता अशोक कुमार ने अपने भारतीय स्टेट बैंक के खाता में 14,10, 000 रू. लिया है।

गिरफ्तार आरोपी राकेश कुमार पिता अमरजीत लाल ने 14, 10,000 रू. मे से 5, 00, 000 रू. अपनी पत्नि के खाता में लिया है।

## निगम सभापति एवं अधिवक्ता के बीच विवाद के मामले को लेकर आज भी रही गहमागहमी

**दुर्ग,** 8 जुलाई (देशबन्धु)। नगर निगम सभापति श्याम शर्मा एवं अधिवक्ता नीरज चौबे के बीच गत दिवस ऋषभ ग्रीन सिटी में् हुए विवाद को लेकर आज भी नगर निगम, जिला कार्यालय एवं न्यायालय के गलियारें में गहमागहमी बनी रही। इसे लेकर आज सभापति श्याम शर्मा के समर्थन में भाजपा-कांग्रेस के साथ ही निर्दलीय पार्षदगण, नगर निगम के कर्मचारी नेता, व्यापारी संघ के प्रतिनिधिगण पुलगांव थाने के अलावा पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचे और प्रदर्शन किया। दूसरी तरफ श्री शर्मा की रिपोर्ट पर आरोपी नीरज चौबे के खिलाफ पुलगांव पुलिस ने 296, 115 (2), 351(2), 281, 125 (ए), 109 बीएनसी का अपराध दर्ज कर उन्हें न्यायालय में पेश किया जहां से उन्हें जमानत पर छोड़ दिया गया।

- अधिवक्ता को न्यायालय से मिल गई जमानत

आज इसे लेकर फिर माहौल गरमा गया। सभापति श्री शर्मा के साथ उनके समर्थक में नगर निगम के पार्षदगण नरेन्द्र बंजारे, ओमप्रकाश सेन, विनोद सेन, गोविंद देवांगन, संभव जैन, गुड्डू यादव, नेता प्रतिपक्ष संजय कोहले, दीपक साहू, बृजेन्द्र भारद्वाज सहित पक्ष विपक्ष के पार्षद, नगर निगम कर्मचारी संघ के संजय मिश्रा, ईश्वर वर्मा, थान सिंह यादव, एवं चेम्बर ऑफ कामर्स के अशोक राठी सहित अनेक व्यापारीगण, पुलागांव थाने तथा फिर पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचे। वहां उन्होंने लिखित आवेदन पत्र सौंपा और आरोपी श्री चौबे के विरूद्ध मामले की जांच का सख्त कार्रवाई की मांग की।

इधर पुलगांव थाना प्रभारी से संपर्क करने पर उन्होंने बताया कि सभापति के विरूद्ध अधिवक्ता ने जो शिकायत की उसकी अभी जांच जारी है। सभापति श्री शर्मा द्वारा दर्ज कराई गई एफआईआर श्री चौबे को न्यायालय में पेश किया गयां जहां से उन्हें जमानत पर छोड़ दिया गया।

## बाल संप्रेक्षण गृह में नाबालिग के साथ अप्राकृतिक सेक्स

**दुर्ग**, 8 जुलाई (देशबन्धु)। दुर्ग जिले के बाल संप्रेक्षण गृह में नाबालिग से अननेचुरल सेक्स का मामला सामने आया है। न्यायालय की परीक्षण टीम तीन दिन पहले बाल संप्रेषण गृह की व्यवस्थाओं का जायजा लेने पहुंची तो अपचारी बालक ने अपनी आपबीती सुनाई। इसके बाद कोर्ट की टीम ने जांच करवाई और जांच में आरोप सही पाए जाने के बाद एफआईआर का आदेश दिया गया। पुलगांव पुलिस ने इस मामले में अपराध दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

- अवलोकन के दौरान कोर्ट की टीम को बालक ने बताई आपबीती, आरोपी गिरफ्तार

मिली जानकारी के अनुसार पीड़ित बालक हत्या के मामले में पिछले 35 महीने से बाल संप्रेषण गृह में बंद है। वह दूसरे जिले का रहने वाला है। नियमित जांच के ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤

## रोजगार पंजीयन को आधार से लिंक कराना अनिवार्य

**दुर्ग,** 8 जुलाई (देशबन्धु)। जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र दुर्ग से प्राप्त जानकारी अनुसार अगस्त 2025 तक रोजगार पंजीयन को आधार कार्ड से लिंक कराना अनिवार्य कर दिया गया है। यह उन आवेदकों पर लागू होता है, जिन्होंने वर्ष 2024 से पूर्व रोजगार कार्यालय में पंजीयन कराया था। रोजगार पंजीयन कराने या अपने पुराने पंजीयन को आधार से लिंक कराने के लिए आवेदक वेबसाईट या प्ले स्टोर पर उपलब्ध माध्यम से ऑनलाइन प्रक्रिया पूरी कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त, इच्छुक अभ्यर्थी जिला रोजगार कार्यालय दुर्ग में समस्त शैक्षणिक दस्तावेजों एवं आधार कार्ड के साथ कार्यालयीन समय में स्वयं उपस्थित होकर रोजगार पंजीयन को आधार कार्ड से लिंक करा सकते हैं।

## हेमचंद यादव विवि की वेबसाइट हैक, हैकर्स ने दी धमकी

**दुर्ग,** 8 जुलाई (देशबन्धु)। दुर्ग के हेमचंद यादव विश्वविद्यालय (दुर्ग 'यूनिवर्सिटी) की आधिकारिक वेबसाइट को कल देर रात अज्ञात हैकर्स ने हैक कर लिया। इस साइबर हमले में वेबसाइट पर कुछ समय के लिए अंग्रेजी में अपशब्दों भरा एक मैसेज भी दिखाई दिया है। इस मैसेज में धमकी दी गई थी कि अगली बार तुमने हमारी सीमाओं या साइबर स्पेस पर हमला करने की कोशिश की तो ....(अपशब्द) लिखा था। संदेश में भारत-पाकिस्तान सीमा पर हमले का जिक्र होने के कारण संदेह जताया जा रहा है कि यह हैक पाकिस्तानी हैकर्स द्वारा किया गया हो सकता है। हालांकि कुछ ही देर में वेबसाइट सामान्य स्थिति में आ गई।



कुछ मिनटों में वेबसाईट सामान्य

हेमचंद यूनिवर्सिटी के रजिस्ट्रार भूपेंद्र कुलदीप ने बताया कि वेबसाइट हैंग हो गया था। हमने शटडाउन करके उसे तुरंत 15 मिनट के अंदर रिस्टोर कर लिया है।

## फेडरेशन ने कलेक्टर कबीरधाम पर अशिष्ट आचरण का आरोप लगाते हुए सौंपा ज्ञापन

**दुर्ग,** 8 जुलाई (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के आव्हान पर दुर्ग जिला में भी कलेक्टर कबीरधाम गोपाल वर्मा के द्वारा कर्मचारियों के स्वाभिमान पर आघात करने के विरुद्ध मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री (गृह मंत्री) राजस्व मंत्री तथा मुख्य सचिव के नाम ज्ञापन (विरोध पत्र) स्थानीय जिला प्रशासन को सौंपा गया है। साथ ही कबीरधाम कलेक्टर के द्वारा सिविल सेवा आचरण नियम के विरुद्ध कृत्य किये जाने के फलस्वरूप उनको पद दायित्व से हटाकर निष्पक्ष जांच की मांग की है। छण् गण् कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन दुर्ग संभाग प्रभारी राजेश चटर्जी, दुर्ग जिला



संयोजक विजय लहरे, प्रवक्ता अनुरूप साहू तथा भानुप्रताप यादव का कहना है कि कर्मचारियों को कान पकड़कर उठक.बैठक कराना घोर आपत्तिजनक कृत्य है। कलेक्टर कबीरधाम ने अपने पदीय कृत्यों के पालन में अशिष्टता की है। उनका कृत्य छत्तीसगढ़ सिविल सेवा आचरण ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤

## लायंस क्लब नई कार्यकारिणी आज ग्रहण करेगी शपथ

**दुर्ग,** 8 जुलाई (देशबन्धु)। विश्व स्तरीय सेवाभावी संस्था लायंस क्लब दुर्ग मिडटाउन के प्रहलाद रुंगटा दूसरी बार अध्यक्ष बनाए गए है। इसके अलावा सचिव नवीन जैन, कोषाध्यक्ष हरिंदर भाटिया एवं अन्य पदाधिकारी चुने गए है। लायंस क्लब दुर्ग मिडटाउन की नई कार्यकारिणी आज 9 जुलाई को संध्या 7 बजे पुलगांव शिवनाथ नदी रोड स्थित होटल वृंदावन में शपथ ग्रहण करेगी। उन्हें शपथ अधिकारी द्वितीय वॉइस डिस्ट्रिक्ट गवर्नर पवन मलिक द्वारा पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई जाएगी। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रथम वॉइस डिस्ट्रिक्ट गवर्नर एमजेएफ रिपुदमन सिंह पुसरी होंगे। ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤

## एक पेड़ मां के नाम अभियान को सभी सरकारी विभागों के सहयोग एवं जनभागीदारी से जनआंदोलन को रूप दें : कलेक्टर



**दुर्ग,** 8 जुलाई (देशबन्धु)। जिला कार्यालय के सभा कक्ष में आज जिला स्तरीय वृक्षारोपण समिति की बैठक आयोजित की गई। कलेक्टर अभिजीत सिंह की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में जिले में एक पेड़ मां के नाम 2.0 अभियान की गति में तेजी लाने पर जोर दिया गया। बैठक में एजेंडावार इको क्लब फॉर मिशन लाइफका गठन एवं गठन संबंधी नोटिफिकेशन को शाला के सूचना पटल पर प्रदर्शित करते हुए पोर्टल पर अपलोड करानेए जिले के सभी स्कूलों को इको क्लब ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤

### झाडूराम देवांगन विद्यालय परिसर में वृक्षा रोपण

दुर्ग जिला प्रशासन एवं शिक्षा विभाग के संयुक्त तत्वावधान में झाडूराम देवांगन शासकीय विद्यालय परिसर में आयोजित जिला स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव कार्यक्रम के अंतर्गत एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत वृक्षारोपण किया गया। कार्यक्रम में दुर्ग सांसद विजय बघेल, दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤



## सड़क पर खड़ी कार में लगी आग फायर ब्रिगेड ने पाया काबू

**दुर्ग**, 8 जुलाई (देशबन्धु)। कर्मचारी नगर वार्ड 16 में सड़क पर खड़ी कार में अचानक आग लग गई। देखते ही देखते आग पूरी तरह कार में फैल गई और आग की लपटे दूर तक नजर आने लगा। लोगों ने देखते ही अग्निशमन कार्यालय को सूचित किया।

कार में लगी आग को देखकर लोगों ने आग बुझाने में सहयोग किया, जिससे आग बढ़ न पाए । थोड़ी देर बाद अग्निशमन की टीम मौके पर पहुंची और कार मे लगी आग को बुझाई । इस घटना में किसी भी प्रकार की कोई जनहानि नहीं हुई है आग कैसे लगी है इसकी जानकारी नहीं मिल पाई। अग्निशमन अधिकारी नागेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि सतीश चन्द्र सतवानी के घर के सामने रखे कार सीजी 06 ई 3100 में आग लगने की अग्निशमन कार्यालय को दिया गया। जिसकी जाँच पड़ताल पुलिस द्वारा की जा रही है। मौके पर जिला सेनानी एवं जिला अग्निशमन अधिकारी नागेंद्र कुमार सिंह दल प्रभारी प्रवीण बारा फायर कमी शैलेंद्र देशमुख, दीपक यादव, केशव यादव उपस्थित रहे।

# पुलिस ने फरार आरोपी को किया गिरफ्तार



**भिलाईनगर,** 8 जुलाई (देशबन्धु)। भिलाई नगर पुलिस ने मोबाईल चोरी के आरोप में फरार आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार विगत 27 जून को भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा के दौरान भीड़ का फायदा उठाकर गिरोह के द्वारा काफी लोगों के मोबाईल चोरी की रिपोर्ट पर थाना भिलाई नगर में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है। बड़ी संख्या में हुई मोबाईल चोरी की घटना को देखते हुए आरोपियों की पतासाजी, गिरफ्तारी एवं मशरुका बरामदगी हेतु पुलिस टीम लगाया गया। चोरी गये मोबाईल एवं आरोपियों की पतासाजी की जा रही थी। जिस पर 4 जुलाई को 3 आरोपियों को पकड़कर उसके कब्जे से कुल 16 नग मोबाईल को बरामद कर आरोपीगणो को जेल भेजा जा चुका है। जिसके मेमोरेंडम कथन मे उनके फरार साथी एम. सागर भी संलिप्त होना बताया गया था। जिसकी पतासाजी की जा रही थी। मुखबीर से सूचना मिली कि एक व्यक्ति सेक्टर-6 जगन्नाथ मंदिर के पास भिलाई मे अपने पास मोबाईल रखकर बिक्री करने हेतु ग्राहक की तलाश कर रहा है। जिसकी सूचना पर थाना भिलाई नगर से स्टाफ रवाना हुआ संदेही व्यक्ति को हिरासत मे लेकर थाना लाकर पुछताछ करने पर संदेही व्यक्ति वही फरार आरोपी होना पाया गया जिसने अपना नाम एम. सागर निवासी प्रगति नगर छावनी भिलाई का होना बताया एव 27 जून को भगवान जगन्नाथ रथ यात्रा मे भीड़ का फायदा उठाकर अपने साथियों बिल्लु नौसाद एवं सुनील व अन्य साथियों के साथ मिलकर घटना को कारित करना बताया एवं चोरी किये गये मोबाईल मे से 10 मोबाईल अपने पास रखना बताया जिसे आरोपी के कब्जे से मुताबिक जब्ती पत्रक के जब्त कर कब्जा पुलिस लिया गया। आरोपीगणो के द्वारा संगठित होकर संयुक्त रुप से अपराध को कारित करना पाये जाने से नये कानून के प्रावधानो के तहत संगठित अपराध की धारा 112 बीएनएस जोड़ी जाकर आरोपी को न्यायिक रिमांड पर माननीय न्यायालय पेश किया जाकर जेल दाखिल किया गया है।

# महापौर नीरज ने किए जल भराव क्षेत्र का निरीक्षण

## निगम का दावा कही जल भराव की स्थिति नही



**भिलाईनगर** 8 जुलाई (देशबन्धु)। नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र में निरंतर बारिश के कारण जल भराव की स्थिति निर्मित न हो एवं सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए महापौर नीरज पाल, महापौर परिषद सदस्य लक्ष्मीपति राजू सुबह 8 बजे से विभिन्न क्षेत्रों का दौरा किए। जुनवानी रोड स्थित एम.ज. कालेज समीपस्थ बड़ा नाला, इंदु आई.टी. स्कूल के सामने नाला, वार्ड क्रमांक-14 शांति नगर एवं वार्ड क्रमांक-17 नेहरू भवन सुपेला के मोहल्लो में छोटे नालो का निरीक्षण किया गया। जहां बारिश पानी की निकासी निरंतर हो रही है, यदि किसी प्रकार की समस्या आती है तो सफाई कर्मी को तैनात करने स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली को निर्देशित किया गया। चंद्रा मौर्या अंडर ब्रिज का अवलोकन किया गया। अंडरब्रिज के बाजू सम्पवेल में 12.5 एच.पी. का मोटर पम्प लगातार संचालित है। जिसके माध्यम से पानी खाली कराया जा रहा है और सुरक्षा की दृष्टि से बैरिकेट लगाया गया है। आकाश गंगा स्थित व्यावसायिक परिसर एवं अंडरब्रिज का अवलोकन किया गया। जहां स्थिति सामान्य पाया गया। निगम भिलाई ने दावा किया है कि शहर के किसी भी स्थल पर जल भराव जैसी स्थिति निर्मित नहीं हुई है। नाला में कचरा एवं प्लास्टिक से अवरोध न हो, उसके लिए सुपरवाइजरों को निरंतर निगरानी हेतु निर्देशित किये। साथ ही कहीं भी जलभराव जैसी स्थिति निर्मित होती है तो तत्काल सफाई कर्मी तैनात करने एवं मशीनरी के माध्यम से स्थिति के नियंत्रण हेतु व्यवस्था बनाने स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देशित किये। निरीक्षण के दौरान जोन स्वास्थ्य अधिकारी अनिल मिश्रा, अंकित सक्सेना, बीरेन्द्र बंजारे, स्वच्छता निरीक्षक अंजनी सिंह, चुर्णामणी यादव, किस्टोफर पाल आदि उपस्थिति रहे।

पिछले 4 दिनों से हो रही लगातार बारिश के बाद जन जीवन पुरी तरह से प्रभावित हुआ है। फूटपाथ पर व्यवसाय करने वाला ने आज भी अपना व्यवसाय बंद रखा। निजली बस्तियों सहित कई प्रमुख सड़कों में पानी भरे होने के कारण लोगों को आने-जाने में मुश्किल हुई। सुपेला चौक से गदा चौक तक जाने वाले मार्ग में आज सुबह पानी भरे होने के कारण लोगों को कापी परेशानी हुई। इस जल भराव को कारण कई दोपहिए वाहन बंद हो गये। आज मंगलवार को दुकानों का सप्ताहिक आवकाश होने पर लोगों की आवाजाही बहुत कम रही। किन्तु जल भराव की स्थिति बनी रही। निगम प्रशासन को जब इसकी शिकायत की गई तो निगम ने सफाई कर्मीयों को भेज कर स्थिति को सामान्य किया गया।

# पुरातात्विक महत्व को लेकर बताई गई जानकारी



**भिलाईनगर,** 8 जुलाई (देशबन्धु)। पुरातात्विक महत्व की प्राचीन इमारतों में क्षरण के तीन कारण होते हैं भौतिक कारण, रासायनिक कारण और जैविक कारण। अगर हमने प्राचीन इमारतों को नहीं बचाया तो एक दिन यह सब प्राचीन धरोहर समाप्त हो जाएगी। ध्यान रखिए 100 साल से पुरानी जो भी इमारत है और जिसका पुरातात्विक महत्व है उसका संरक्षण होना चाहिए। पुरातात्विक महत्व की कौन सी इमारत होती है। इमारत की देखभाल कैसे की जाए, प्राचीन वस्तुओं की देखभाल कैसे की जाए, कैसे उन्हें नष्ट होने से बचाया जाए, किन रसायनों का उपयोग किया जाए किनका नहीं किया जाए। इस पर विस्तार से लखनऊ की आर्कियोलॉजिकल सर्वे आफ इंडिया की प्रयोगशाला में कार्यरत वैज्ञानिक डॉ संजय गुप्ता ने महत्वपूर्ण जानकारी दी। इंटेक द्वारा आज भिलाई में यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें प्रोफेसर डी एन शर्मा, डॉ हंसा शुक्ला, विनोद साव, परदेसी राम वर्मा, रवि श्रीवास्तव, शरद कोकास, विजय वर्तमान, विभाष व अनीता उपाध्याय, शरद शर्मा, रत्ना नारमदेव और भी इंटक के अनेक सदस्य उपस्थित हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता लोक अदालत की अध्यक्ष जज श्रीमती सुषमा लकड़ा ने की । उनके द्वारा प्राचीन इमारतें और संस्कृति के संरक्षण के संबंध में विभिन्न कानूनो की जानकारी दी गई । यह जानकारी शरद कोकास ने दी है।

## केरल समाजम की आमसभा बैठक 20 को

**भिलाईनगर,** 8 जुलाई (देशबन्धु)। केरल समाजम् की दुर्ग भिलाई की आम सभा सेक्टर 5 के कार्यालय में 20 जुलाई संध्या 4 बजे से शुरू होगी। वर्ष 25-27 के चुनाव में समाज की वार्षिक आए-व्यय के अलावा समाज की अन्य गतिविधियों की जानकारी भी दी जाएगी। चुनाव में भाग लेने हेतु संबंधित फार्म का वितरण भी किया जाएगा। चुनाव अधिकारी एम.एस. रघु कुमार से चुनाव संबंधित जानकारी प्राप्त की जा सकती है। समाज के वर्तमान अध्यक्ष बी.के. मोहम्मद ने सभी सदस्यों से इस चुनाव में अधिक से अधिक सदस्य अपनी उपस्थिति दर्ज करा कर इस चुनाव को सफलता पूर्वक सम्पन्न कराने की आग्रह किया है। चुनाव संबंधित प्रक्रिया आज 8 जुलाई से प्रारंभ की गई। उपरोक्त जानकारी समाजम के मीडिया प्रभारी वरिष्ठ पत्रकार पी. मोहन ने दी है। उन्होनें बताया कि इसमें समाजम के पदाधिकारियों का चुनाव किया जायेगा।

# चाकु मारने वाला आरोपी गिरफ्तार



भिलाईनगर, 8 जुलाई (देशबन्धु)। प्रार्थी राजकुमार जैन 57 वर्ष निवासी न्यू खुर्सीपार ने 7 जुलाई को थाना पुरानी भिलाई में रिपोर्ट दर्ज कराई की उनके साथ मारपीट की गी। घटना पर पुलिस ने धारा 296, 118(1), 119 (1), 126(2), 309(6) 3(5) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया। बताया जा रहा हैकि प्रार्थी साइकिल से भिलाई 3 एकता नगर जा रहा था कि डबरा पारा चौक के आगे सर्विस रोड में डबरा पारा के अक्षय कुमार व उसके दोस्त दुर्गेश इसे रोक कर शराब पीने के लिए पैसा मांगने लगा नहीं कहने पर गाली गुप्तार करते हुए 2500 रुपये लूटकर मोबाइल मांगने लगा जिसे नहीं कहने पर अक्षय कुमार भारती अपने पास रखे कटर निकालकर इसके दाहिने जांघ में वार कर दिया प्रार्थी के चिल्लाने पर दोनों भाग गए। जिसके बाद प्रार्थी आने जाने वाले से मोबाइल मांग कर लड़का निशांत को फोन कर सूचना देने पर तुरंत आकर आई एम आई अस्पताल खुर्सीपार में भर्ती होकर ईलाज कराया है। आरोपी अक्षय कुमार के डबरा पारा में मिलने पर अभीरक्षा में लेकर मेमोरण्डम कथन लिया गया जिनके द्वारा अपने दोस्त दुर्गेश निवासी रानीतरई खर्रा के साथ डबरा पारा चौक के आगे सर्विस रोड में साइकिल से जा रहे व्यक्ति को रोक कर शराब पीने के लिए पैसा मांगने पर नहीं देने से उससे 2500 रुपये तथा मोबाइल मांगने पर नहीं देने से उसको कटर मार कर भाग जाना बताये। आरोपी दुर्गेश निवासी रानीतराई खर्रा का पता तलाश किया जा रहा है, आरोपी अक्षय कुमार के व्दारा अपराध धारा का कृत्य घटित करना पाए जाने से 8 जुलाई को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया। उक्त कार्यवाही में निरीक्षक अंबर सिंह भारद्वाज, उनि. योगेश्वर वर्मा, आर. ईश्वर भारद्वाज, संजय मनहरे, बंटी सिंह, राजकुमार सिंह की उल्लेखनीय भूमिका रही।

# विधायक की मांग पर भिलाई निगम को मिलेगी 5 जेसीबी



**भिलाईनगर,** 8 जुलाई (देशबन्धु)। वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन के प्रस्ताव और प्रयासों से निगम भिलाई को 5 नई जेसीबी बैकहो लोडर के लिए राज्य सरकार के नगरीय प्रशासन एवं विकास ने 1 करोड़ 88 लाख की स्वीकृति दे दी है। यही नहीं क्षेत्र में सड़क निर्माण, डामरीकरण, पाथवे सहित सिवरेज लाईन नवीनीकरण के लिए 2 करोड़ 58 लाख 18 हजार रूपये भी स्वीकृत हुए हैं। विधायक रिकेश सेन ने कहा कि निगम क्षेत्र के अलग.अलग वार्डों में सड़क, पाथवे, डामरीकरण कार्य के लिए मंत्रीजी ने 2 करोड़ 58 लाख 18 हजार रूपये स्वीकृत किए हैं। सड़क डामरीकरण, सड़क किनारों पर पेवर ब्लाक, सिवरेज लाईन नवीनीकरण का कार्य होगा। विधायक श्री सेन ने बताया कि भिलाई निगम अंतर्गत वार्ड-27 शास्त्री नगर में बीएम शाह अस्पताल से साक्षरता चौक तक सड़क एवं नाली निर्माण कार्य के लिए 44 लाख 96 हजार, गौतम नगर, श्रीराम वाटिका, गणेश मंच के आस.पास पाथवे निर्माण कार्य के लिए 49 लाख 8 हजारए लक्ष्मी नारायण नगर पटेल टाईल्स से लेकर तेज कोक कंपनी एवं पूजा दवाखाना से लेकर कादर अली के घर तक पेवर ब्लॉक कार्य के लिए 37 लाख 24 हजार रूपये, वार्ड-27 शास्त्री नगर साक्षरता चौक से तीन दर्शन मंदिर होते हुए 18 नंबर रोड तक मानिक होटल से होते हुए नेहरू चौक तक मार्ग का डामरीकरण कार्य के लिए 76 लाख 91 हजार, वार्ड-27 शास्त्री नगर अंतर्गत 19 नं. रोड से फगुंवा निवास होते हुये कबीर कुटीर तक हाईस्कुल रोड से साई नगर सुलभ तक, साई नगर सुलभ से कबीर कुटी तक एवं कबीर कुटीर से होते हुये कब्रिस्तान तक सीवरेज लाईन नवीनीकरण कार्य के लिए 49 लाख 99 हजार रूपये की स्वीकृति दी है।

# यातायात व्यवस्था सुगम बनाने में लगी पुलिस



**भिलाईनगर,** 8 जुलाई (देशबन्धु) यातायात पुलिस अपने कर्तव्यों के साथ-साथ सड़क में फैली अव्यवस्था को ठीक करने का काम कर रहे है। सड़क में वाहन खराब होने पर वाहन के पीछे स्टापर लगाने, ट्रक में लोड सामान सडक में गिर जाने से होने वाले जाम को क्लीयर कराने की कार्य किया जा रहा है। नेशनल हाईवे में वाहन खडी पाये जाने पर एवं सडक में मवेशी बैठने पर हटाने का कार्य हाईवे पेट्रोलिंग द्वारा लगातार किया जा रहा है। यातायात पुलिस दुर्ग द्वारा लगातार गर्मी हो बरसात किसी भी मौसम में जिले की यातायात व्यवस्था को सुगम एवं सुरक्षित बनाने नेशनल हाईवे एव अन्य मार्ग तथा मार्केट क्षेत्र में लगातार पेट्रोलिंग कर सडक में बाधा उत्पन्न ना हो इस हेतु बाधा उत्पन्न करने वाले को हटाने की कार्यवाही की जा रही है। यातायात पुलिस दुर्ग द्वारा पिछले 48 घंटे से हो रही लगातार बारिस के दौरान भी सडक पर वाहनो का आवागमन सुरक्षित एवं सुगम बना रहे, इस हेतु लगातार पेट्रोलिंग किया जा रहा है। सडक में किसी प्रकार का वाहन खराब हो जाने पर उसके पीछे स्टॉपर लगाकर वाहन को क्रेन की सहायता से किनारे लगाने का कार्य, बारिश एवं हवा तूफान से पेड़ गिरने पर गिरे हुए पेड़ को हटाने का कार्य, अण्डर ब्रिज में भारी बारिश गिरने के कारण भर जाने पर स्टॉपर लगाकर मार्ग बंद करने का कार्य और उसे चेक करने की कार्यवाही, नेशनल हाईवे में किसी प्रकार के वाहन खडा ना हो एवं खडे वाहनों को हटाने की कार्यवाही कर मार्ग कर सुरक्षित एवं सुगम बनाने का कार्य यातायात पुलिस दुर्ग द्वारा किया जा रहा है। यातायात पुलिस दुर्ग वाहन चालको से अपील करती है बरसात के मौसम में वाहन धीमा एवं संभल कर चलाय। वर्षा के दौरान वाहन चालको को सामने से आने वाले वाहन क्लीयर दिखाई नहीं देते है ऐसे स्थान जहां पानी रूका हो वहा वाहन संभल कर चलाये एवं वाहन चलाते समय यातायता नियमों का पालन कर वाहन चलाये।

# संयंत्र के बार एवं रॉड मिल ने रचा नया मासिक कीर्तिमान

**भिलाइनगर,** 8 जुलाई (देशबन्धु) संयंत्र की बार एवं रॉड मिल ने जून 2025 में अभूतपूर्व तकनीकी दक्षता एवं उत्पादन क्षमता का प्रदर्शन करते हुए कई उल्लेखनीय उपलब्धियाँ दर्ज की हैं। मिल ने जून माह में 92,110 टन का उत्पादन कर अपने इतिहास का सर्वश्रेष्ठ जून माह का मासिक उत्पादन हासिल कियाए जो 30 दिवस के किसी भी माह में यह अब तक का सर्वश्रेष्ठ मासिक उत्पादन रिकॉर्ड भी रहा। उल्लेखनीय है कि इसी माह बीआरएम ने 85.89 प्रतिशत मिल यूटिलाइजेशन प्राप्त कर सर्वोच्च मासिक मिल यूटिलाइजेशन का नया कीर्तिमान भी स्थापित किया। इसके साथ ही वित्तीय वर्ष 2025-26 की पहली तिमाही (अप्रैल-जून) में 2,64,157 टन उत्पादन कर प्रथम तिमाही के उत्पादन में अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन दर्ज किया गया है। इस अवसर पर कार्यपालक निदेशक संकार्य राकेश कुमार ने बीआरएम टीम को इस उपलब्धि हेतु बधाई देते हुए कर्मठता, टीम भावना और तकनीकी उत्कृष्टता की सराहना की। उन्होंने कार्यस्थल पर सुरक्षा के सर्वोच्च मानकों को निरंतर बनाए रखने पर विशेष बल दिया। बीआरएम विभागाध्यक्ष एवं मुख्य महाप्रबंधक योगेश शास्त्री ने इस सफलता को विभागीय समन्वय, समयबद्ध अनुरक्षण और टीम भावना का प्रतिफल बताते हुए पूरी बीआरएम बिरादरी को हार्दिक बधाई दी। उन्होंने कहा कि बीआरएम टीम आने वाले समय में भी इसी समर्पण से कार्य कर संयंत्र के विकास में अग्रणी भूमिका निभाती रहेगी। इस अवसर पर बीआरएम विभाग के महाप्रबंधक एस. एन. त्रिपाठी, आशीष, शाश्वत मोहंती, समीर पाण्डेय एव शिखर तिवारी ने भी बीआरएम सामूहिक को इस ऐतिहासिक उपलब्धि के लिए बधाई एवं शुभकामनाएँ दी है।

# विद्यार्थियों की शैक्षिक दक्षता को बढ़ाने पर चर्चा

**भिलाईनगर,** 8 जुलाई (देशबन्धु)। इंडियन इंस्टिट्यूशन ऑफ इंडस्ट्रियल इंजीनियरिंग भिलाई चैप्टर की मासिक बैठक वर्चुअल माध्यम से जूम मिटिंग के जरिए संपन्न हुई। अध्यक्षता भिलाई इस्पात संयंत्र के पूर्व अधिकारी एवं चैप्टर के वाइस चेयरमैन घनश्याम कुमार देवांगन ने की। बैठक में छात्रों की शैक्षणिक और व्यावहारिक दक्षताओं को बढ़ाने के लिए इंडस्ट्रियल इंजीनियरिंग तकनीकों को उनके गतिविधियों में समाहित करने पर विशेष जोर दिया गया। बैठक में वाइस चेयरमैन घनश्याम देवांगन ने बताया कि स्कूल कालेजों में इंडस्ट्रियल इंजीनियरिंग तकनीक पर आधारित विशेष सत्रों एवं गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। जिससे विद्यार्थियों में वैज्ञानिक सोच, रचनात्मकता, दक्षता एवं कार्य क्षमता का विकास होगा। इसके तहत जुलाई माह से ही स्कूल एवं कालेजों में इंडस्ट्रियल इंजीनियरिंग तकनीक के उपयोग से विद्यार्थियों के शैक्षिक उन्नयन हेतु समय.समय पर विशेष सेमीनारों के आयोजन का सिलसिला आरंभ किया जाएगा। बैठक का प्रमुख आकर्षण भिलाई स्टील प्लांट के उपमहाप्रबंधक एवं चैप्टर सचिव अवनीश दुबे तथा नागेश्वर राव द्वारा संयुक्त रूप से प्रस्तुत एक विस्तृत केस स्टडी रही। मल्टीलेयर शिक्षण उपकरण के रूप में विकसित इस केस स्टडी का उद्देश्य छात्रों के बीच औद्योगिक अभियांत्रिकी की अवधारणाओं के व्यावहारिक अनुप्रयोग को बढ़ावा देना है। तकनीकी चर्चाओं के अतिरिक्त, चैप्टर द्वारा अपने लेखा परीक्षित वित्तीय विवरण की समीक्षा की गई तथा आगामी कार्य योजना बनाई गई, जो छात्र सहभागिता और विकास पर केंद्रित रहेगी। बैठक में उपस्थित इंजीनियरों ने अनेक महत्वपूर्ण सुझाव दिए।

बैठक में प्रमुख रूप से भिलाई इस्पात संयंत्र के महाप्रबंधक डी.एम. नायक, पूर्व अध्यक्ष एच.के. देसाई, सचिव अवनीश दुबे, कोषाध्यक्ष विवेक गुप्ता, वरिष्ठ इंडस्ट्रियल इंजीनियर गण एस.के. डोगरा, कमलेश गुप्ता, वी.के. सिंह, मोहम्मद आरिफ खान, नागेश्वर राव की उपस्थिति रही। भिलाई चैप्टर ने शैक्षणिक संस्थानों में औद्योगिक अभियांत्रिकी सिद्धांतों को बढ़ावा देने और उद्योगों के लिए अगली पीढ़ी के पेशेवरों को तैयार करने के अपने संकल्प को दोहराया। बैठक का संचालन एवं आभार प्रदर्शन सचिव अवनीश दुबे ने किया। यह जानकारी वाइस चेयरमैन धनश्याम देवांगन ने दी है।

# सम्मानित किए गए डॉक्टर, पत्रकार और समाजसेवी



**भिलाईनगर,** 8 जुलाई (देशबन्धु)। अंजुमन हुसैनिया खुर्सीपार की ओर से 8 मुहर्रम पर रात किछौछा शरीफ यूपी से अल्लामा मौलाना सैयद आलमगीर अशरफ अशरफी उल जिलानी की तकरीर हुई। मौलाना अशरफी ने इस दौरान समाजसेवा के उल्लेखनीय योगदान देने वाले प्रमुख लोगों का सम्मान किया। अंजुमन हुसैनिया के प्रमुख हुसैन अली अशरफी ने बताया कि तकरीर और दुआओं के बाद सम्मान समारोह रखा गया था। जिसमें चिकित्सा सेवा क्षेत्र से डॉ.शादाब सिद्दीकी, डॉ. आफताब रजा और डॉ.अमीन बेग, पत्रकारिता से फारुक खान और मोहम्मद फैजान खान, समाजसेवा के क्षेत्र में बीएसपी के चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं विभाग में पदस्थ जनरल मैनेजर एसएम शाहिद अहमद, हजरत बिलाल मस्जिद हुडको के सदर शाहिद अहमद रज्जन और सूफी लाइट के सैयद अशफाक अली का इस्तकबाल अल्लामा मौलाना सैयद आलमगीर अशरफ अशरफी उल जिलानी के हाथों हुआ।

# आज की हड़ताल में इंटक ने ली तैयारी बैठक



**भिलाईनगर,** 8 जुलआई (देशबन्धु)। यूनियन इंटक के कार्यकारिणी की बैठक में अध्यक्ष संजय साहू ने कार्यकारिणी को बताया केंद्र सरकार द्वारा जो नया श्रम कानून लाया जा रहा है जिसमें यूनियन और श्रमिकों के के मूलभूत अधिकारों से वंचित किया जा रहा है एवं संयंत्र के उत्पादन एवं रखरखाव और लाभार्जन में ठेका श्रमिकों का विशेष योगदान है। भिलाई इस्पात संयंत्र प्रबंधन ठेका श्रमिकों के मांगों को नजर अंदाज कर रहा है। जिससे संयंत्र के ठेका श्रमिकों में आक्रोश है हड़ताल से संबंधित मुख्य मांगे केंद्र सरकार द्वारा लागू नया श्रम कानून को रद्द किया जाए। श्रमिकों के कार्य करने का समय 8 घंटा ही रखा जाए। ठेका श्रमिकों को बीएसपी के एस.1 का वेतन दिया जाए या 26000 रुपया वेतन प्रतिमाह निर्धारण किया जाए। एवं केंद्र सरकार द्वारा निर्धारित न्यूनतम वेतन को भिलाई इस्पात संयंत्र में लागू किया जाए। ठेकाश्रमिकों को 5 प्रतिशत आवास भत्ता दिया जाए या बीएसपी के खाली आवास को आवंटित किया जाए। ठेका श्रमिकों को संयंत्र के अंदर आने जाने के लिए दो गेटों से अनुमति दी जाए एवं संयंत्र के अंदर मोटर साइकिल जाने की अनुमति प्रदान की जाए। बीएसपी के सभी ठेका श्रमिकों का 10 लाख का दुर्घटना बीमा किया जाए। ठेका श्रमिकों का सही उपस्थिति दर्ज होने एवं सही सीपीएफ डालने के लिए बायोमेट्रिक से उपस्थित दर्ज किया जाए एवं ठेका प्रारंभ के एक माह पूर्व मेडिकल किया जाए। ठेके में आईटीआई एवं 12वीं सर्टिफिकेट की अनिवार्यता को समाप्त किया जाए अनुभव के आधार पर श्रमिकों को रखा जाए। ठेका कंपनी बदले लेकिन उस ठेका में पहले से कार्य कर रहे ठेका श्रमिकों ही रखा जाए। ठेका श्रमिकों को रात्रि भत्ता प्रदान किया जाए एवं साइकिल भत्ता, कैंटीन भत्ता एवं हिट एवं डस्ट अलाउंस दिया जाए। ठेका श्रमिकों को वेतन पर्ची, लीव कार्ड एवं अंतिम भुगतान और छुट्टी की राशि दी जाए। स्थाई प्रकृति के कार्य एवं उत्पादन में पूर्ण रूप से योगदान को देखते हुए मंथली इंसेंटिव एवं नान फाइनेंशियल मोटिवेशन स्कीम के तहत गिफ्ट दिया जाए। बी एस पी स्कूलों में ठेका श्रमिकों के बच्चों के लिए 50 प्रतिशत सीट आरक्षित किया जाए। इन मांगों को लेकर इंटक एवं केंद्रीय ट्रेड यूनियन द्वारा 9 जुलाई को एक दिवसीय हड़ताल करने का निर्णय लिया गया है। बैठक में सीपी वर्मा दीनानाथ सिंह सार्वा आर दिनेश, मनोहर लाल, सुरेश श्याम, कुंवर गुरुदेव साहू, जसबीर सिंह, रिखी राम साहू, संतोष ठाकुर, सुरेश दास, टंडन कान्हा, देवेंद्र कुमार दामन, लाल दौऊलाल, यशवंत यादव, मनहरण नारायण, नरेंद्र उपस्थित थे।

# गायत्री मंदिरों में मनाया जायेगा कल गुरु पूर्णिमा पर्व

**भिलाईनगर,** 8 जुलाई (देशबन्धु)। अखिल विश्व गायत्री परिवार के शांतिकुंज हरिद्वार के निर्देशानुसार गायत्री शक्तिपीठ सेक्टर-6, गायत्री साधना केन्द्र रिसाली बस्ती, शिव गायत्री मंदिर रिसाली सेक्टर, प्रज्ञापीठ रामनगर मुक्तिधाम, शारदा पारा केम्प-2 पॉवर हाउस भिलाइ, उम्दारोड भिलाई-3, शांतिनगर सुपेला, कोहका, कुरूद, छावनी बस्ती, गायत्री शक्तिपीठ स्टेशन रोड दुर्ग, प्रज्ञापीठ कादम्बरी नगर दुर्ग, गायत्री मंदिर कसारीडीह दुर्ग, बघेरा ण्उतई सहित अंचल के सभी गायत्री मंदिरों में गुरुपूर्णिमा का पावन पर्व 10 जुलाई गुरुवार को श्रद्धा पूर्वक मनाएं जायेंगें। इन सभी स्थानों में प्रातः कालीन दैनिक आरती अभिषेक, अखण्ड जप, ध्यान साधना के बाद सुबह 9 बजे से गायत्री यज्ञ आयोजित कर गायत्री परिवार के कार्यकर्त्ता अपने आराध्य रूपेण गुरु गायत्री परिवार के संथापक वेदमूर्ति पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य एवं गुरुमाता भगवती देवी शर्मा को सूक्ष्म रूप में विराजमान मानते हुए गुरुपूजन का क्रम संपन्न करेंगे। कार्यक्रम की तैयारी हेतु कार्यकर्ताओं द्वारा गोष्ठी की गई जिसमें वासुदेव शर्मा, एस.पी. सिंह, मोहन उमरे, रामस्वरूप साहू, डॉक्टर एस. कुमार, मूलचंद वर्मा, समय लाल साहू, श्रीमती शारदा गोयल, सुश्री सांता साहू, पृथ्वीपाल साहू, श्याम विश्वकर्मा, प्राणेश विस्वास, श्रीमती मीनाक्षी विस्वास, लक्ष्मण देवांगन, आनंदी सिन्हा, जगन्नाथ सोरी, पंडित राजेन्द्र शर्मा, बी.आर. श्रीवास, रामधार महिलांग, डॉक्टर कामता प्रसाद सह, हरिद्वारका साहू, अनिल वर्मा, बुधनतीन साहू, रामाधार महिलांग, गिरधारी लाल साहू, धीरेन्द्र साहू, धीरज लाल टांक, विनीता तिवारी, डॉ.पी.एल. साव, युवारज साहू, लोकनाथ साहू, नेमराज वर्मा, राजमणि दुबे, श्रीमती देवकी मढ़रिया सहित अन्य कार्यकर्त्ता उपस्थित रहे।

## आजीवन सदस्यता सूची में नाम विलोप, महिला ने की नाम को पुनः जुड़वाने की रखी मांग

डोंगरगढ़ ,8 जुलाई (देशबन्धु)। बम्लेश्वरी मंदिर ट्रस्ट समिति की आजीवन सदस्यता सूची में नाम न जुड़ने पर एक महिला ने अध्यक्ष को आवेदन देकर न्याय की मांग की है। वार्ड नं. 21 साईं नगर निवासी श्रीमती के. गहरवार, धर्मपत्नी स्व. सनद कुमार गहरवार ने आवेदन में बताया कि उनका नाम 2022 के अंतिम प्रकाशन और 2025 के प्रारंभिक प्रकाशन में सदस्य क्रमांक 418 पर दर्ज था।



# सायबर सेल एवं सिटी कोतवाली बेमेतरा पुलिस की संयुक्त कार्रवाई

- वासुदेव मोबाइल शॉप एवं रिपेयरिंग सेंटर, बस स्टैंड बेमेतरा से मोबाईल चोरी गये मामले में फरार आरोपी को पकड़ने में पुलिस को मिली सफलता
- घटना के बाद से फरार आरोपी गिरफ्तार

**बेमेतरा,**8 जुलाई (देशबन्धु)। जिले में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री रामकृष्ण साहू के निर्देशन में अपराध एवं अवैध गतिविधियों पर लगातार प्रभावी कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में सिटी कोतवाली बेमेतरा व सायबर सेल की संयुक्त टीम ने एक चोरी के मामले में फरार आरोपी को गिरफ्तार किया है। दिनांक 23-24 मई 2025 कीमध्यरात्रि को प्रार्थी संजय साहू उम्र 24 साल निवासी वार्ड नं. 20 बेमेतरा की दुकान वासुदेव मोबाइल शॉप एवं रिपेयरिंग सेंटर, बस स्टैंड बेमेतरा से अज्ञात चोरों द्वारा 58 नग मोबाइल (एंड्रॉयड व कीपैड), मोबाइल एसेसरीज़ व अन्य सामग्री जिसकी अनुमानित कीमत 4,00,000/- है, चोरी कर ली गई थी। इस संबंध में थाना सिटी कोतवाली बेमेतरा में अज्ञात आरोपियों के विरूद्ध धारा 331(4), 305(ⅰ) ब्रहस् के तहत मामला पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई। घटना की जानकारी वरिष्ठ अधिकारियों को दी गई, जिस पर मामले की गंभीरता को देखते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री रामकृष्ण साहू (भा.पु.से.) के निर्देशानुसार, अति. पुलिस अधीक्षक श्रीमती ज्योति सिंह एवं एसडीओपी बेमेतरा श्री मनोज तिर्की, एसडीओपी बेरला विनय कुमार के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी सिटी कोतवाली बेमेतरा एवं सायबर सेल प्रभारी उप निरीक्षक मयंक मिश्रा, थाना व सायबर सेल टीम को अज्ञात आरोपियों की पतात लास हेतु त्वरित टीम गठित कर माल, मुल्जिम पता साजी में लगाया गया। वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में पुलिस टीम ने त्वरित कार्यवाही करते हुए मुखबिर सूचना के आधार पर 30 मई 2025 को कबीरधाम बस स्टैंड से आरोपियों को पकड लिया गया। नसीम अहमद, सलमान खान, एवं एक विधि से संघर्षरत बालक को उक्त घटना के संबंध में पूछताछ करने पर पता चला कि दिनांक 23-24 मई 2025 की मध्यरात्रि को आरोपी सलमान खान, नसीम अहमद एवं विधि से संघर्षरत बालक व एक अन्य साथी के साथ सलमान खान के इनोवा वाहन क्रमांक सीजी 04 ड्ड डीजी ड्ड 0349 से रायपुर जाने के दौरान रास्ते में पैसे की आवश्यकता होने से बस स्टैण्ड बेमेतरा स्थित मोबाईल दुकान का ताला तोडकर दुकान में रखें मोबाईल व मोबाईल ऐसेसिरिज को चोरी करना बताये थे।

आरोपियों के कब्जे से 11 नग टच स्क्रीन व 06 कीपैड मोबाईल, 09 नग चार्जर, 08 नग केबल, यूएसबी पोर्ट कीमती करीबन 140,000/- रूपये व चोरी की घटना में प्रयुक्त वाहन - इनोवा (छ्त्र 04-छ्त्र-0349) कीमती लगभग 5,00,000/- रूपये को भी जब्त कर लिया गया था। कुल जुमला 6,40,000/- रूपये को जप्त कर बरामद किया गया था।

आरोपी 01. नसीम अहमद उम्र 25 साल 2. सलमान खान उम्र 29 साल दोनो निवासी कवर्धा थाना कोतवाली जिला कबीरधाम को विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय में न्यायिक रिमांड पर प्रस्तुत किया गया था तथा एक विधि से संघर्षरत बालक को किशोर न्याय बोर्ड न्यायालय में प्रस्तुत किया गया था। *प्रकरण में फरार आरोपी की तलाश की जा रही थी। वहीं, घटना के बाद से ही फरार आरोपी रफीक खान पिता नफीस खान ऊर्फ मुल्ला उम्र 22 वर्ष, निवासी वार्ड नंबर 05 आदर्श नगर कबीरधाम थाना सिटी कोतवाली कबीरधाम जिला कबीरधाम को आज दिनांक 07.07.2025 को विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय में न्यायिक

# राजहरा से बस्तर रेल मार्ग विस्तार किया जा रहा,लेकिन यात्री ट्रेन सुविधा विहिन

- दल्ली से बिलासपुर तक यात्री ट्रेन चलाने की मांग :कांग्रेस पदाधिकारी
- ट्रेन में यात्री अपनी यात्रा करते कष्टपूर्वक,रेल्वे को कोई लेना देना नहीं



**दल्लीराजहरा,**8 जुलाई (देशबन्धु)। दल्ली राजहरा से बिलासपुर तक यात्री ट्रेन चलाई जाने की मांग फिर से उठाई जा रही है। हालांकि या मांग काफी पुरानी है इस पर उच्चअधिकारियों द्वारा आश्वासन तो दिया जा रहा था लेकिन अमल नहीं हो पा रहा है। दल्ली राजहरा से बस्तर की ओर रेल मार्ग का विस्तार तो किया जा रहा है लेकिन उसके हिसाब से यात्री ट्रेन की सुविधा बढ़ाई नहीं जा रही है। अभी वर्तमान में जो डेमू ट्रेन चल रही है उसमें बोगी बढ़ाने की मांग विभिन्न संगठन एवं संस्थाओं द्वारा की जा चुकी है,इसके बावजूद इसमें बोगी बढ़ाई नहीं जा रही है । यही हाल अंतागढ़ - रायपुर - अंतागढ चल रही मेमू ट्रेन का है उसमें भी बोगी बढ़ाने की मांग है,लेकिन रेल विभाग द्वारा इस पर भी ध्यान नहीं दिया जा रहा है ।वर्तमान में चल रही ट्रेनों में यात्रियों की भीड़ बढ़ती जा रही है स्थिति यह हो जाती है कि अधिकांश यात्री अपनी यात्रा खड़े-खड़े पूरी करते हैं उन्हें बैठने को जगह नहीं मिल पाती। इसके लिए रायपुर रेल मंडल एवं बिलासपुर जोन के अधिकारियों को कई बार कहा जा चुका है की यात्री ट्रेनों में बोगियों की संख्या बढ़ाई जाए लेकिन अधिकारी इस पर गंभीरता से ध्यान नहीं दे रहे हैं। जिसकी वजह से यात्रीगण अपनी यात्रा कष्टपूर्वक पूरी कर रहे हैं। दल्ली राजहरा से जोन मुख्यालय बिलासपुर के लिए एक ट्रेन चलाई जानी चाहिए जो सुबह दल्ली राजहरा से बिलासपुर तक जाए और शाम को बिलासपुर से दल्ली राजहरा वापस आए। इसका एक फेरा चलना भी अभी पर्याप्त माना जा रहा है । अभी रेल मंडल प्रबंधक दल्लीराजहरा दौरे पर आए थे जहां कुछ संगठनों के साथ नगर कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी ने भी ज्ञापन सौंप कर दल्ली- बिलासपुर ट्रेन चलाए जाने की मांग की तथा वर्तमान में चल रही जितनी भी ट्रेन है उसमें सुविधा बढ़ाई जाए साथ ही इसका टाइमिंग दुरुस्त किया जाए। वर्तमान में डेमू ट्रेन एक से डेढ़ घंटे विलंब से चलती है जिस पर कई बार यात्रियों ने अधिकारियों का ध्यान आकर्षित कराया है इसके बावजूद टाइमिंग में कोई परिवर्तन नहीं हो पा रहा है विलंब से चलना इस डेमू ट्रेन की फितरत में आ गया है। रेल्वे अपना मुनाफा पहले देखती है यात्री के लेट लतीफ़ से उन्हें कोई लेना देना नहीं है।

## तेज बारिश ने खोली नगर पंचायत की पोल, नवीन स्कूल और गंगई मंदिर बना स्विमिंग पूल



**गंडई पंडरिया,**8 जुलाई (देशबन्धु)। आज सुबह हुए बरसात ने नगर पंचायत की तैयारियों की पूरी पोल खोल कर रख दी है। एक दिन की तेज बारिश ने नगर के कई जगहों को जलमग्न कर दिया। सड़कों पर पानी भर गया, स्कूल और सार्वजनिक जगहों में पानी भर गया। जिससे स्कूल के बच्चों और लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। गौर तलब है कि नगर में बारिश के पूर्व ही सभी नालियों की सफाई हो जानी थी। लेकिन आज भी नालियां चोक है जिसका नजारा मां गंगई मंदिर के सामने देखा जा सकता है। मंदिर परिसर के सामने की नालियां जाम है जिसके चलते पानी की निकासी नहीं हो रही है फलस्वरूप मंदिर परिसर स्विमिंग पूल में तब्दील हो गया है। उसी तरह का नजारा नगर के नवीन स्कूल में देखने को मिला जहां बच्चे घुटनो तक पानी पार कर स्कूल जाते नजर आए हैं।

# छात्र को तमाचा जड़ने वाली दोषी टीचर पर कार्यवाही नहीं होने पर होगा आंदोलन

डोंगरगढ़ ,8 जुलाई (देशबन्धु)। खालसा पब्लिक सीबीएसई स्कूल के स्टूडेंट सार्थक सहारे के गाल पर तमाचा जड़ने वाली दोषी टीचर प्रियंका सिंह पर कार्यवाही नहीं होने से बौद्ध समाज में जबरदस्त आक्रोश है ।शिक्षक को हटाने की मांग को लेकर को लेकर आज बौद्ध समाज स्कूल प्रबंधक से मिलेंगे । डोंगरगढ़, राजनांदगांव के बाद रायपुर में इलाज चल रहा है । चिकित्सकों ने स्पष्ट कर दिया है कि तमाचें की मार से उसके कान का पर्दा फट गया है इसी वजह से सुननें की क्षमता वापस आने की संभावना कम बताई है। सोमवार को छात्र की माता, परिजन व अन्य पालक स्कूल पहुंचें थे। जहां पर उन्होंनें प्रबंधन से मुलाक़ात कर दोषी टीचर को स्कूल से हटानें की मांग की थी। लेकिन प्रबंधन से टीचर की तरफदारी करतें हुए उसे हटानें की बजाय कारण बताओं नोटिस जारी कर महज खानापूर्ति कर दी थी । इससे नाराज पालक विकासखंड शिक्षा अधिकारी के



कार्यालय पहुंचे और लिखित में टीचर के खिलाफ शिकायत की। वहीं मामला अब सामाजिक स्तर पर भी गरमा गया है। बौद्ध समाज ने भी घटना की निंदा करतें हुए दोषी टीचर व स्कूल प्रबंधन के खिलाफ एकजुट होकर थानें में शिकायत दर्ज करानें की तैयारी कर रहे है। मामलें को लेकर सामाजिक स्तर पर बैठक हो चुकी है। छात्र सार्थक सहारे को न्याय दिलानें के विषय पर मंगलवार की शाम बौद्ध समाज के द्वारा बैठक बौद्ध विहार में बैठक रख कर तीन विषयों पर चर्चा कर निर्णय लिया गया। बुधवार को बौद्ध समाज के लोग खालसा स्कूल प्रबंधन से मुलाक़ात करेंगे। जिसमें दोषी टीचर के खिलाफ बर्खास्तगी की कार्रवाई करनें, पीड़ित छात्र का पूरा इलाज स्कूल प्रबंधन द्वारा करानें व इलाज के बाद भी ठीक नहीं होनें पर उचित मुआवजा दिलानें की मांग की जाएगी। मांग पूरी नहीं होने पर बौद्ध समाज के द्वारा आंदोलन करने के लिए बाध्य होने की बात कही गई है।

## महाविद्यालय में एक पेड़ मां के नाम रोपित

**परपोडी,**8 जुलाई (देशबन्धु)। मंगलवार को रानी अवंती बाई लोधी शासकीय महाविद्यालय परपोडी में महाविद्यालय परिसर अंतर्गत जनभागीदारी अध्यक्ष शासकीय महाविद्यालय परपोड़ी तथा जनभागीदारी अध्यक्ष शासकीय नवीन महाविद्यालय बोरतरा के द्वारा प्राचार्य महोदय डॉ0 माया शेदपुरे के साथ मिलकर च्एक पेड़ माँ के नामज्ञ अंतर्गत पौधा रोपित कर उसके फलने-फुलने तक सिंचित करने प्रण लिये। उक्त वृक्षारोपण कार्यक्रम में जनभागीदारी समिति के सदस्यों सहित महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक / सहायक प्राध्यापक एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहें।



# कलेक्टर ने तरेगांव जंगल में आयोजित राजस्व शिविर का औचक निरीक्षण किया

- कबीरधाम जिले में राजस्व संबंधी समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए राजस्व शिविरों का होगा आयोजन




**कवर्धा,**8 जुलाई (देशबन्धु)। कलेक्टर गोपाल वर्मा ने आज बोड़ला विकासखंड के ग्राम तरेगांव जंगल में आयोजित राजस्व शिविर में पहुंचे और निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने हितग्राहियों से मुलाकात कर शिविर की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। तरेगांव निवासी शत्रुहन ने आय प्रमाण पत्र के लिए आवेदन दिया। कलेक्टर ने तत्काल 15 मिनट में आय प्रमाण पत्र बनवाकर दिया। शिविर में आय प्रमाण पत्र पाकर शत्रुहन के चेहरे पर मुस्कान आ गई। राज्य शासन एवं उपमुख्यमंत्री के निर्देश पर कबीरधाम जिले में विशेष राजस्व शिविर का आयोजन किया जा रहा है। कलेक्टर ने बताया कि जिले में राजस्व संबंधी समस्याओं के त्वरित एवं समयबद्ध निराकरण के उद्देश्य से विशेष राजस्व शिविरों का आयोजन किया जाएगा। जिले के सभी राजस्व निरीक्षक सर्किल मुख्यालय में यह शिविर आयोजित किए जाएंगे। 08 जुलाई से 09 जुलाई 2025 तक जिले के हल्का स्तर पर, संबंधित ग्राम पंचायत भवनों में आवेदन लिए जा रहे हैं। प्राप्त आवेदनों की छंटनी कर उनका निराकरण 10 जुलाई से 11 जुलाई तक आयोजित राजस्व शिविरों के माध्यम से किया जाएगा। इन शिविरों का संचालन संबंधित राजस्व निरीक्षक मंडल के अंतर्गत किया जा रहा है।

## बजट में बरनारा खुर्द कोहकट्टा टोला रोड को शामिल नहीं, होगा चक्काजाम - सुरेश

डोगरगढ़ ,8 जुलाई (देशबन्धु)। ब्लॉक ग्राम कोहकट्टा टोला,बरनारा खुर्द ग्राम पंचायत घोटिया से महज चार-चार किलोमीटर की दूरी पर स्थित है लेकिन वनवासियों को रोड की सुविधा नहीं मिल पाया ग्रामीण ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सुरेश सिन्हा भारी बरसात में दोनों गांव पैदल जाकर उनकी समस्या को जाना और बरनारा खुर्द के पास आमनेर नाला पार करते हुए फोटो शेयर की है उन ग्रामीण के बच्चों को हर दिन घोटिया स्कूल पैदल आना जाना करते है बरसात में कीचड़ होने के कारण साइकिल ,मोटरसाइकिल नहीं चल पाता अस्पताल लाने बैलगाड़ी एवं उन मरीज को उठाकर लाने को मजबूर है इस रोड को बनवाने के लिए मांग पत्र सुशासन त्योहार ,पीडब्ल्यूडी विभाग एवं पी डब्लू डी विभाग राजनांदगांव ई साहब ज्ञापन के माध्यम से दे चुके हैं फिर भी इसका निराकरण नहीं हो पा रहा है इस समस्या को विधायक हर्षिता स्वामी बघेल को भी बताया गया है उन्होंने मानसून सत्र में पीडब्ल्यूडी मंत्री से मिलकर बजट में जुड़ाने का प्रयास करने की बात कही है और अगर मांग पूरी नहीं हुई तो प्रदर्शन करके चक्का जाम करेंगे ।

# चुनावी रंजिश में सगे भाई के बीच हुए खूनी संघर्ष, आरोपी गिरफ्तार



**कवर्धा** ,8 जुलाई (देशबन्धु)। थाना कुण्डा की टीम द्वारा एक पारिवारिक विवाद में गंभीर हमला करने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। पग्राम नरौली निवासी अंतु मेहर पिता श्याम लाल मेहर, उम्र 49 वर्ष, दिनांक 04 फरवरी 2025 की रात लगभग 08ः30 बजे अपने घर में था, तभी उसका छोटा भाई संतोष मेहर पिता श्याम लाल मेहर, उम्र 39 वर्ष शराब के नशे में पहुंचा और पंचायत चुनाव से जुड़ी बात को लेकर गाली-गलौच करते हुए हाथ मुक्के व ईंट से हमला कर दिया। आरोपी ने प्रार्थी के बाएं हाथ की तर्जनी अंगुली को दांत से काट लिया और जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित को तत्काल प्राथमिक उपचार दिलाया गया तथा डॉक्टरी परीक्षण के बाद चोट की गंभीरता को देखते हुए प्रकरण में धारा 118(2) बीएनएस की बढ़ोतरी की गई। थाना प्रभारी निरीक्षक महेश प्रधान के नेतृत्व में पुलिस द्वारा लगातार की जा रही पतासाजी के बाद 08 जुलाई 2025 को आरोपी संतोष मेहर जो फरार चल रहा था को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया।

# विद्यालय और विद्यार्थियों की उन्नति में शिक्षकों का समर्पण आवश्यक - प्राचार्य डॉ. रमेश

**कवर्धा,**8 जुलाई (देशबन्धु)। शा. हाई स्कूल छिरहा के प्राचार्य डॉ. रमेश चन्द्रवंशी ने इस बात पर जोर दिया है कि किसी भी विद्यालय और उसके विद्यार्थियों की प्रगति के लिए शिक्षकों का समर्पित कार्य अत्यंत आवश्यक है। उनका यह वक्तव्य युक्तियुक्तकरण के तहत संकुल से अन्यत्र स्थानांतरित शिक्षकों के विदाई समारोह के अवसर पर आया। उन्होंने स्पष्ट किया कि केवल संसाधन ही नहीं, बल्कि शिक्षकों का अपनत्व भाव से किया गया कार्य ही किसी भी शिक्षण संस्थान को उन्नति की ओर ले जा सकता है। डॉ. चन्द्रवंशी ने स्थानांतरित हुई शिक्षिकाओं संगीता बघेल, सुलोचना राजपूत, सत्यभामा चन्द्रवंशी और प्रीति मंडावी के योगदान की सराहना करते हुए



विश्वास व्यक्त किया कि वे अपने नए कार्यस्थलों पर भी इसी समर्पण से कार्य करेंगी। कार्यक्रम का आरंभ माँ सरस्वती और छत्तीसगढ़ महतारी की पूजा-अर्चना के साथ हुआ, जिसके बाद अतिथि शिक्षिकाओं का स्वागत किया गया। संकुल समन्वयक मुरीत खरे ने शिक्षिकाओं को शुभकामनाएँ दिया। संगीता बघेल और सुलोचना राजपूत ने संकुल में बिताए यादगार पलों को साझा किया। संकुल परिवार की ओर से स्थानांतरित शिक्षकों को स्मृति चिन्ह भेंट किए गए। शिक्षक देवदास धृतलहरे ने कार्यक्रम का सफल संचालन किया। इस अवसर पर छिरहा, जुनवानी, लिमो, बिरुटोला और नवागांव (तिवारी) स्कूल में कार्यरत शिक्षक-शिक्षिकाएँ उपस्थित रहे।

# बांध किनारे युवक की खून से लथपथ लाश मिलने से फैली सनसनी, जांच में जुटी पुलिस

**बालोद,**8 जुलाई (देशबन्धु)। जिले के आमाडुला बांध क्षेत्र में उस समय सनसनी फैल गई जब वहां एक 22 वर्षीय युवक का खून से सना शव बरामद हुआ। मृतक की पहचान चिहरो निवासी प्रीत राम गोटा पिता हीरा राम गोटा के रूप में हुई है। युवक के चेहरे और शरीर पर धारदार हथियार से कई बार वार के निशान मिले है। घटना के बाद मौके पर पहुंची डौंडी पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। मृतक प्रीत राम के परिजनों के अनुसार वह सोमवार दोपहर करीब 3 बजे घर पर मोबाइल छोड़कर दोस्तों के साथ मछली पकड़ने की बात कहकर निकला था। जब वह देर रात तक नहीं लौटा तो परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की। काफी खोजबीन के बाद शनिवार सुबह आमाडुला बांध किनारे मंशा राम मंडावी के खेत में उसका शव मिला। घटना स्थल पर तीन जोड़ी चप्पलें भी पड़ी मिली हैं जिससे यह संदेह गहराया है कि घटना में एक से अधिक लोग शामिल हो सकते हैं। गौरतलब है कि घटना की सूचना मिलते ही डौंडी पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी है। डॉग स्चायड को भी बुलाया गया है ताकि सुराग जुटाए जा सकें। प्रारंभिक जांच में किसी विवाद के बाद हत्या की आशंका जताई जा रही है। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है और मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है।

## निधन

### गायत्री बाई



**भिलाईनगर।** तथागत समाज कल्याण समिति के सदस्य विजय मेश्राम निवासी क्वार्टर 18बी, सड़क एबेन्यू सी, सेक्टर 2 भिलाई की माताजी श्रीमती गायत्री बाई का 7 जुलाई को लगभग 2 बजे निधन हो गया है। उनका अंतिम संस्कार 8 जुलाई दिन मंगलवार को सुबह 12 बजे राम नगर मुक्ति धाम मे किया गया।

### उदेराम धीवर

**पलारी** 8 जुलाई (देशबन्धु)। विकास खण्ड के ग्राम तेलासीपुरी धाम के पूर्व सरपंच और भारतीय जनता पार्टी मंडल संडी के मंडल मंत्री रामेश्वर धीवर के पिता उदेराम धीवर का आकस्मिक निधन आज हो गया जिसकी मिट्टी कार्यक्रम 11 बजें सिरपुर घाट (चिखली) महानदी में हुआ। श्री धीवर 77 वर्ष के थे। उनके अंतिम संस्कार में परिजनों के अलावा बढ़ी संख्या गणमान्य नागरिक शामिल होकर श्रद्धांजलि अर्पित किए।



## प्रादेशिकी का शेष...

### बाल संप्रेक्षण गृह में ...

दौरान जब न्यायालय की टीम जांच के लिए पहुंची तो अपचारी बालक ने बताया कि बाल संप्रेक्षण गृह के परिवीक्षा अधिकारी रामकुमार सूर्यवंशी ने उससे अप्राकृतिक सेक्स किया है। अधिकारी ने कहा था कि वह उसके भाई से मिलवाएगा । इसी के बहाने आरोपी अधिकारी ने उससे अप्राकृतिक संबंध बनाए। इस मामले में जांच में आरोप सही पाया गया । पुलगांव पुलिस ने इस मामले अपराध दर्ज कर आरोपी अधिकारी रामकुमार सूर्यवंशी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी के खिलाफ पॉक्सो एक्ट के तहत अपराध दर्ज किया गया । सोमवार को उसे कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया है।

### फेडरेशन ने कलेक्टर कबीरधाम...

नियम 1965 के विरुद्ध है। कर्मचारियों का सार्वजनिक अपमान किया जाना बेहद गंभीर मामला है ।सोशल मीडिया में अपमानजनक कृत्य का वीडियो प्रसारित होने से कर्मचारियों की विभागीय, पारिवारिक एवं सामाजिक प्रतिष्ठा धूमिल हुई है। प्रतिनिधिमंडल में छत्तीसगढ़ प्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ प्रांतीय उपाध्यक्ष प्रदीप चौहान, संभागाध्यक्ष मनीष तिवारी, शिवदयाल घृतलहरे, छत्तीसगढ़ प्रदेश शिक्षक फेडरेशन से राकेश साहू, चंचल द्विवेदी, चतुर्थ वर्ग संघ अध्यक्ष मोतीराम खिलाडी, वामेन्द्र अमृत, निर्मला रात्रे सहित विभिन्न विभागों के कर्मचारी उपस्थित रहे ।

### लायंस क्लब ...

विशिष्ट अतिथि के रुप में रीजन चेयरपर्सन एमजेएफ राजकुमार शर्मा, जोन चेयरपर्सन सुमन पांडेय मौजूद रहेंगे। शपथ ग्रहण समारोह के कार्यक्रम प्रभारी अरविंद खंडेलवाल की देखरेख में भव्य आयोजन की तैयारी की गई है।

### एक पेड़ मां के नाम ...

फॉर मिशन लाइफ पोर्टल में लिंक के माध्यम से पंजीयन करान, पोर्टल पर विद्यालय का पंजीयन पश्चात् फ़ोटो अपलोड कराने तथा शाला परिसार में स्थान की कमी होने की स्थिति में समुदाय एवं पंचायत के साथ मिलकर सड़क के दोनों किनारों पर छायादार पौधे लगान, पंचायत द्वारा इस अभियान के लिए तय की गयी भूमि, बाग.बगीचे, तालाब के किनारे, नगर वन क्षेत्र, स्मार्ट सिटी योजना, ग्रीनबेल्ट, जल संधारण हेतु निर्धारित क्षेत्र, अमृत सरोवर, नहर के किनारों पर वृक्षारोपण एवं पर्यटन की दृष्टि से महत्वपूर्ण स्थल, तीर्थ स्थल आदि में वृक्षारोपण पर चर्चा की गई।

अभियान हेतु सभी विभागों से सामूहिक जिम्मेदारी के साथ आवश्यक सहयोग करने की अपेक्षा की गई हैए ताकि यह अभियान जनआंदोलन का रूप ले सकें। विभागों से अपेक्षित सहयोग क्रमशः पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग . विद्यालयों के समीप खाली शासकीय भूमि का चिन्हांकन, ग्राम पंचायतों के माध्यम से गड्ढा खुदाईए पौधे की सुरक्षा व देखरेख, श्रमदान, जन जागरूकता और ग्राम स्तरीय वृक्षारोपण कार्यक्रमों में सहयोग। लोक निर्माण विभाग. विद्यालय परिसरों की भूमि समतलीकरण हेतु तकनीक सहयोग, सड़क किनारे वृक्षारोपण की योजना बनाना, ट्री गार्ड लगाने व भूमि सुधार कार्य हेतु मशीनरी या संसाधनों की उपलब्धता। खनिज संसाधन विभाग . वृक्षारोपण हेतु पौध, ट्री गार्ड, पानी की टंकिया, पाईप लाईन आदि के लिए आर्थिक सहायता, मिशन लाइफ पोर्टल पर पंजीकृत स्कूलों को अनुदान प्रदान करने में प्राथमिकता में शामिल करना। नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग. नगर निकाय क्षेत्र के स्कूलों में वृक्षारोपण हेतु पौधे की उपलब्धता, सफाई, सिंचाई और पौधे के परिवहन में सहयोग। जल संसाधन विभाग. पौधों के लिए जल स्त्रोतों की उपलब्धता सुनिश्चित करना, सिंचाई की व्यवस्था हेतु तकनीकी मार्गदर्शन, वाटर हार्वेस्टिंग हेतु सहयोग। आवास एवं पर्यावरण विभाग. स्थानीय जलवायु के अनुकूल पौधों की सूची प्रदान करना। वाणिज्य एवं उद्योग विभाग . औद्योगिक संस्थानों के माध्यम से वृक्षारोपण हेतु वित्तीय सामग्री प्रदान करने में सहयोग, उद्योगों को विद्यालयों के वृक्षारोपण कार्यक्रम से जोड़ना, पौधे गोद लेने की पहल को बढावा देना। संस्कृति विभाग . वृक्षारोपण से जुड़े गीत, नुक्कड़ नाटक, लोककला आदि से जनजागरूकता अभियान चलाना, विद्यालयों मे वृक्षों की महत्ता पर आधारित सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन। महिला एवं बाल विकास विभाग. महिला समूहों आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को वृक्षारोपण में सक्रिय भागीदारी हेतु प्रेरित करना एक पेड़ मां के नाम वृक्षारोपण को मातृ शक्ति से जोड़ना, पोषण वाटिका की स्थापना एवं बच्चों को पौधे के संरक्षण हेतु प्रेरित करना है।

बैठक में सहायक कलेक्टर अभिजीत बबन पठारे, वनमण्डलाधिकारी दीपेश कपिल, एडीएम वीरेंद्र सिंह, जिला पंचायत के सीईओ बी.के.दुब, नगरीय निकाय, पीडब्ल्यूडी, खनिज, जल संसाधन, पर्यावरण, उद्योग, महिला एवं बाल विकास और शिक्षा विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

### झाड़ूराम देवांगन ...

जिला कलेक्टर अभिजीत सिंह, जिला पंचायत सीईओ बजरंग दुबे जिला उपाध्याय पवन शर्मा, जिला भाजपा अध्यक्ष सुरेन्द्र कौशिक, सभापति श्याम शर्मा, पार्षद गुलाब वर्मा, जिला शिक्षा अधिकारी अरविन्द मिश्रा सहित अनेक जनप्रतिनिधि, अधिकारी एवं विद्यार्थीगण सम्मिलित होकर एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत वृक्षा रोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

# बाढ़ संभावित क्षेत्रों में राहत एवं बचाव की पूरी तैयारी रखें: कलेक्टर

■ आपदा प्रबंधन की बैठक संपन्न, सतर्कता और तैयारी के निर्देश



**बेमेतरा,** 8 जुलाई (देशबन्धु)। कलेक्टर श्री रणबीर शर्मा की अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट स्थित दिशा सभाकक्ष में आपदा प्रबंधन की बैठक हुई । बैठक में बाढ़ संभावित क्षेत्रों में राहत और बचाव कार्यों की तैयारी की विस्तृत समीक्षा की गई।

कलेक्टर श्री शर्मा ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि पूर्व अनुभवों के आधार पर बाढ़ संभावित इलाकों में सभी आवश्यक तैयारियाँ सुनिश्चित की जाएं। उन्होंने विशेष रूप से सभी अनुविभागीय अधिकारियों (एसडीएम) को निर्देश दिए कि वे बिना अनुमति के मुख्यालय न छोड़ें और उनके शासकीय वाहनों में रस्सी, टॉर्च, आवश्यक दवाइयाँ और फर्स्ट एड किट अनिवार्य रूप से उपलब्ध होनी चाहिए ताकि आपातकालीन स्थिति में तत्काल उपयोग हो सके।

उन्होंने राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि बाढ़ या जल भराव की सूचना मिलते ही त्वरित राहत एवं बचाव कार्य प्रारंभ करें। अस्थायी राहत शिविरों की तैयारी, स्वास्थ्य विभाग, पुलिस प्रशासन, होमगार्ड और नगर सेना की रेस्क्यू टीम को अलर्ट मोड में रखा जाए। उन्होंने कहा कि स्कूल, आंगनबाड़ी और पंचायत भवनों में अस्थायी शिविर स्थापित कर प्रभावितों को सुरक्षित आश्रय दिया जाए।

बैठक में पुलिस अधीक्षक श्री रामकृष्ण साहू, अपर कलेक्टर श्री अनिल बाजपेयी, जिले के सभी एसडीएम, डीएसपी श्री राजेश कुमार झा, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, लोक निर्माण विभाग, जल संसाधन विभाग, वन विभाग, सभी एसडीएम, मुख्य नगर पालिका अधिकारी, तथा आपदा प्रबंधन से जुड़े अधिकारी उपस्थित रहे।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री साहू ने कहा कि समय पर पूर्व तैयारी हो तो जन-धन की हानि को काफी हद तक रोका जा सकता है। उन्होंने कहा कि सूचना तंत्र सुदृढ़ हो, ताकि फायर ब्रिगेड, एम्बुलेंस और गोताखोर समय पर घटना स्थल पर पहुँच सकें।

कलेक्टर श्री शर्मा ने जिला और तहसील स्तर पर नियंत्रण कक्ष (कंट्रोल रूम) स्थापित करने तथा बाढ़ नियंत्रण अधिकारी नामांकित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिन क्षेत्रों में हर वर्ष बाढ़ की स्थिति उत्पन्न होती है, वहाँ विशेष सतर्कता बरती जाए और पहले से राहत शिविर की योजना बनाकर खाद्यान्न, केरोसिन और जीवन रक्षक दवाओं का भंडारण सुनिश्चित किया जाए। साथ ही ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव कर पेयजल की शुद्धता सुनिश्चित की जाए।

उन्होंने निर्देश दिए कि बचाव उपकरणों की जांच कर उन्हें कार्यशील स्थिति में रखा जाए। मोटरबोट की उपलब्धता की जानकारी राहत आयुक्त को भेजी जाए। सभी वर्षा मापक केंद्रों पर यंत्रों का समुचित संधारण किया जाए।

श्री शर्मा ने कहा कि नदियों के जल स्तर की लगातार निगरानी होनी चाहिए और जल स्तर खतरे के निशान के पास पहुँचने पर तुरंत राज्य स्तर के कंट्रोल रूम और संबंधित निचले जिलों को सूचित किया जाए। साथ ही, आस-पास के जिलों से जलाशयों के जल छोड़ने की स्थिति में विशेष सतर्कता बरती जाए और संभावित प्रभावित गांवों को कम से कम 12 घंटे पहले सूचित किया जाए।उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि कहीं भी बाढ़ से क्षति होती है तो उसकी जानकारी समय पर जिला प्रशासन को दी जाए ताकि आवश्यक राहत कार्य प्रारंभ किए जा सकें।

# सभी शासकीय कार्यालयों में ई.ऑफिस प्रणाली का क्रियान्वयन प्रारंभ कर कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने विधिवत किया शुभारंभ

**बालोद,** 8 जुलाई (देशबन्धु)। राज्य शासन के निर्देशानुसार बालोद जिले में भी सभी शासकीय कार्यालयों में ई.ऑफिस प्रणाली का क्रियान्वयन प्रारंभ कर दिया गया है। कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने संयुक्त जिला कार्यालय स्थित अपने कक्ष से इसका विधिवत शुभारंभ किया। कलेक्टर श्रीमती मिश्रा ने कहा कि ई.ऑफिस से न केवल कार्यों में पारदर्शिता आएगी बल्कि समयबद्धता और दक्षता भी सुनिश्चित होगी। उन्होंने बताया कि शासन की मंशानुरूप समस्त विभागों में कार्यप्रणाली को डिजिटल और सुगम बनाने की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण कदम है। इसका उद्देश्य ई.ऑफिस प्लेटफॉर्म पर दस्तावेजों की डिजिटल ट्रैकिंग एवं प्रसंस्करण कार्यों में पारदर्शिता और कुशलता समय की बचत एवं प्रक्रिया की गति में सुधार कर्मचारियों के बीच बेहतर संवाद और सहयोग स्थापित करना है। एक ओर जहां ई ऑफिस प्रणाली जिले मे लागू की गई है तो दूसरी ओर अधिकारी कर्मचारियों की ऑफिस आने की समय की पाबंदी को भी सख्त किया गया है ताकी शासन के योजनाओं के क्रियान्वयन में किसी तरह की चूक कोई न करें और जिले का प्रशासन उत्कृष्ट बना रहे इसके तहत कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने आदेश जारी कर जिले के सभी शासकीय सेवक को कार्यालयीन समय सुबह 10 बजे से शाम 5:30 बजे तक अनिवार्य रूप से अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। जारी आदेश में श्रीमती मिश्रा ने सभी अधिकारी.कर्मचारियों को 10 बजे तक बायोमेट्रिक के माध्यम से अनिवार्य रूप से उपस्थिति दर्ज कराने को कहा है। कलेक्टर श्रीमती मिश्रा ने जारी आदेश में सभी कार्यालय प्रमुखों को अपने अधीनस्थ कर्मचारियों तथा नये कर्मचारियों का बायोमेट्रिक सुनिश्चित कराने को कहा है। इसके साथ ही सभी कार्यालय प्रमुख मंगलवार 08 जुलाई को समय.सीमा बैठक में प्रमाण.पत्र प्रस्तुत करने के अलावा आगामी माह का वेतन बायोमैट्रिक उपस्थिति के आधार पर वेतन भुगतान करने को कहा है।



# राधा कृष्ण जमात मंदिर में गुरु पूर्णिमा उत्सव का आयोजन

**थानेखम्हरिया,** 8 जुलाई (देशबन्धु)। श्री राम सेवा सत्संग मानस समिति के तत्वाधान में 10 जुलाई को नगर के राधा कृष्ण जमात मंदिर में महंत वसंत बिहारी दास के सानिध्य में गुरु पूर्णिमा उत्सव का आयोजन रखा गया है। समय दोपहर 3ः00 से 6ः00 बजे कार्यक्रम में मां दंतेश्वरी मानस महिला मंडली, महिला स्वसहायता समूह की मातृ शक्तियों के द्वारा भजन मानस गान के माध्यम से अपनी प्रस्तुति दी जाएगी। इस अवसर पर चित्रकूट कामदगिरि पीठाधीश्वर श्री जगतगुरु, श्री रामानंद आचार्य स्वामी, श्री रामस्वरूप आचार्य जी की कृपा पात्र शिष्या सुश्री विद्या दुबे जी का भी आगमन होगा। इनका आशीर्वचन भी श्रद्धालुओं को प्राप्त होगा। उपरोक्त कार्यक्रम में ग्रामीण अंचल से श्रद्धालु पहुंचेंगे। भेंट वार्ता के दौरान महंत वसंत बिहारी दास ने गुरु के महत्व बताते हुए, कहा गुरु पूर्णिमा हिंदू, बौद्ध और जैन में मनाया जाने वाला एक पर्व है। जो गुरुओं को समर्पित होता है। यह दिन उन गुरुओं के प्रति श्रद्धा प्रकट करने का है, जो हमारे जीवन का ज्ञान सत्य मार्गदर्शन से आलोकित करते हैं। इस प्रकार गुरु पूर्णिमा का दिन इस दिव्य सम्मान देने का होता है। जो शिष्य गुरु के बीच होता है।



# मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जे. एल उइके ने बैठक लेकर स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के राष्ट्रीय कार्यक्रमों का किया समीक्षा

**बालोद,** 8 जुलाई (देशबन्धु)। कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला बालोद के सभा गृह में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉण् जेण्एलण् उइके जिला बालोद की अध्यक्षता में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग बालोद के राष्ट्रीय कार्यक्रमों की समीक्षा किया गया। जिला नोडल अधिकारी ;एनण्टीण्ईण्पीण्ध् एनण्सीण्डीण्ध्आयुष्मान भारतद्ध जिला कार्यक्रम प्रबंधक ;एनण्एचण्एमण्द्ध अखिलेश शर्मा की उपस्थिति में समस्त सेक्टर सुपरवाइजर की समीक्षा बैठक लिया गया। बैठक में राष्ट्रीय कार्यक्रम जैसे मातृत्व स्वास्थ्य, शिशु स्वास्थ्य, परिवार नियोजन कार्यक्रम, टीण्बी, एनण्सीण्डीण् एनण्वीण्बीण्डीण्सीण्पीण, अधत्व निवारण कार्यक्रम, राष्ट्रीय कुष्ट उन्मूलन कार्यक्रम, आयुष्मान भारत योजना, महामारी नियंत्रण कार्यक्रम की समीक्षा की गयी। बैठक में आयुष्मान भारत योजना अंतर्गत वयवंदना योजना जिसमें 70 वर्ष से अधिक समस्त हितग्राहियों का शत् प्रतिशत कार्ड बनाये जाने हेतु कड़ी चेतावनी देते हुये माह जुलाई के अंत तक कार्ड बनाने के निर्देश दिये गये। उल्टी दस्त की शिकायत वाले ग्रामों में सतर्क रहने तथा सूचना तंत्र मजबुत बनाने के निर्देश दिये गये। मलेरिया के प्रति समस्त मैदानी अमलो को सतर्क रहने तथा समय पर उपचार के निर्देश दिये गये। आधार आधारित उपस्थिति, ग्राम स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं पोषण दिवस एप द्वारा मॉनीटरिंग, प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान द्वारा उच्च जोखिम वाली महिलाओं की समीक्षा, गर्भवती पंजीयन प्रथम तिमाही में किये जाने हेतु कार्ययोजना बनाकर कार्य करने, सेक्टर बैठक में लक्ष्य दम्पत्तिवार समीक्षा, मानसिक स्वास्थ्य, मुख स्वास्थ्य कार्यक्रम में प्रगति तथा उक्त कार्यक्रमो की समयावधि में मासिक रिपोर्ट की प्रविष्टि कराये जाने उच्च जोखिम वाले गर्भवती महिलाओं की पहचान एवं फॉलोअप सभी गर्भवती महिलाओं का 4 जाँच अनिवार्य रूप से पूर्ण कराये जाने एवं जाँच हेतु छुटे गर्भवती महिलाओं की पहचान कर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने एनीमिक गर्भवती महिलाओं का विशेष देखभाल एवं खान.पान में सुधार कराने संस्थागत प्रसव में वृध्दि करने, समस्त बच्चों का पूर्णटीकाकरण, पोषण पुनर्वास केन्द्र में बेहतर सुविधा उपलब्ध कराने, सिकल सेल एनीमिया शतप्रतिशत जाँच, समस्त स्वास्थ्य संस्थाओं में वृक्षारोपण तथा शासन द्वारा जारी कार्य विभाजन के आधार पर समस्त कार्यक्रमों की ऑनलाईन एण्ट्री करने के निर्देश दिये गये।



# नगर के श्रद्धालु दंडी स्वामी को संकल्प राशि भेंट की



**थानखम्हरिया,** 8 जुलाई (देशबन्धु)। मां शीतला समिति भाटापारा द्वारा आयोजित भागवत कथा के दौरान में दंडी स्वामी ज्योतिर्मयानंद से संकल्प लिया गया था। संकल्प राशि व राधा कृष्ण की तेल चित्र भेट कर महाराज जी से आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर स्वामी जी ने बताया, हजारों श्रद्धालु हर साल 12 ज्योतिर्लिंग की यात्रा करते हैं। जो आत्मिक शांति और शिव कृपा पाने का एक पवित्र मार्ग माना जाता है। 12 ज्योतिर्लिंग हिंदू धर्म में भगवान शिव के सबसे पवित्र धाम माने जाते हैं। इस भावना को लेकर सलधा धाम में स्वामी स्वरूपानंद शंकराचार्य जी, स्वामी मुक्तेश्वरानंद जी के आशीर्वाद से सवा लाख ज्योतिर्लिंग का स्थापना की जा रही है। स्वामी जी ने बताया जो भी व्यक्ति यहां दर्शन के लिए आता है। उसे हजारों यज्ञ करने का पुण्य प्राप्त होता है। इस मौके पर पं. अक्षय नारायण दुबे, घसिया निषाद, रामसनेही नामदेव, हरिश्चंद्र साहू, सोमनाथ साहू, गणेश साहू उपस्थित थे।

# ट्राली चोरी करने वाले एक नाबालिग सहित 3 आरोपी को पुलिस ने पकड़ा

**बालोद,** 8 जुलाई (देशबन्धु)। प्रार्थी खिलेश्वर साहू पिता यशवंत साहू उम्र 38 साल पता कुलिया थाना गुरूर जिला बालोद ने थाना गुरूर में रिपोर्ट दर्ज कराया कि 05-06 जुलाई के दरम्यानी रात में अज्ञात चोर द्वारा प्रार्थी के ट्रेक्टर की ट्राली को अज्ञात चोरी कर ले गया कि रिपोर्ट पर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण को गंभीरता को देखते हुए टीम बनाकर चोरी हुए ट्राली एवं अज्ञात चोर की पता तलाश हेतू टीम गठित किया गया। पता तलाश दौरान मुखबीर सूचना एवं तकनीकी साक्ष्य, सीसीटीवी फुटेज से प्राप्त साक्ष्य के आधार पर दो व्यक्ति ईशांत साहू एवं अपचारी बालक को ग्राम भरदा में संदेह के आधार पर थाना गुरूर लाकर पुछताछ किया गया जिनके द्वारा ग्राम अरकार में चोरी के ट्राली को बेचने के लिए ग्राहक की तलाश करना बताये तथा पुछताछ के दौरान बताये कि 06 जुलाई के रात्रि में अपचारी बालक के घर के ट्रेक्टर से आकर ग्राम कुलिया में तालाब किनारे खड़े किये ट्राली को टोचन करके पुरूर के रास्ते धमतरी बाय पास होते हुए ग्राम सांकरा के पास आरोपी राजेश बांधे से मिलकर चोरी किये ट्राली को ग्राम भोथली थाना अर्जुनी जिला धमतरी के गौठान पर ले जाकर राकेश बांधे के कहे अनुसार खड़ी किया था जिसे आरोपी राजेश बांधे द्वारा अपने साथी पवन कुमार ध्रुव के साथ मिलकर ट्राली का कांटकर कबाड़ में बेचने के नियत से ट्राली डाला को कांट लिया था जिसे आरोपी ईशांत साहू के निशानदेही पर जप्त किया गया तथा आरोपी राजेश बांधे एवं पवन कुमार ध्रुव के द्वारा घटना में प्रयुक्त 01 नग गैस कटर 01 गैस सिलेन्डर एवं 02 आक्सीजन सिलेन्डर को जप्त किया गया। आरोपी के मेमोरण्डम कथन अनुसार ग्राम अरकार थाना सनौद से चोरी किये नीले रंग के ट्राली को ग्राम हथौद से जप्त किया गया तथा घटना में उपयोग किये पीकप एवं ट्रेक्टर को ग्राम परसोदा एवं ग्राम अंगारी से बरामद कर जप्त किया गया। आरोपीगण इंशात साहू पिता ध्रुव कुमार साहू उम्र 20 साल पता अंगारी थाना व जिला बालोद, राजेश बांधे पिता विष्णु प्रसाद बांधे उम्र 38 साल पता वार्ड क्रण् 09 मकेश्वकर वार्ड थाना सिटी कोतवाली जिला धमतरी, पवन ध्रुव पिता जेठूराम ध्रुव उम्र 37 साल पता जालमपुर गौरा चौक धमतरी थाना सिटी कोतवाली धमतरी जिला धमतरी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया।

उक्त कार्यवाही में उप पुलिस अधीक्षक बोनीफास एक्का, थाना प्रभारी गुरूर सुनील तिर्की, सउनि0 हरखराम बघेल, प्रधान आरक्षक राकेश साहू, आरक्षक दिनेश नेताम, आरक्षक पितांबर निषाद, आरक्षक संजय साहू, आरक्षक गिवेन्द्र नेताम, आर0 पुलेश कटेन्द्र एवं समस्त थाना गुरूर स्टाप एवं सायबर टीम सउनि0 धरम भुआर्य, प्रधान आरक्षक भुनेश्वर मरकाम, आरक्षक भोपसिंह साहू, आर0 राहुल मनहरे, आर0 आकाश सोनी आर0 विपिन गुप्ता, आर0 संदीप यादव का सराहनीय योगदान रहा।



# गौ माता का वैज्ञानिक महत्व गौ की महिमा बताई गई आचार्य भरत भाई ने

**थानखम्हरिया,** 8 जुलाई (देशबन्धु)। समीपस्थ ग्राम डगनिया में राजस्थान से पधारे संत श्री भरत भाई गो प्रेमी के द्वारा छत्तीसगढ़ प्रवास के दौरान श्री राम सेवा संघ के प्रमुख गोपाल वर्मा के आग्रह पर डगनिया पहुंचे। पश्चात शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के सभा हाल में ग्रामवासी व विद्यालय परिवार छात्र, छात्राओं द्वारा आत्मीय स्वागत किया गया। इस मौके पर सरपंच मदन लाल वर्मा, मानसिंह वर्मा, अनिल सिंघानिया, वैभव शर्मा, तोषू वर्मा, रामस्वरूप वर्मा, भारत साहू, सत्यव्रत राय के द्वारा सरस्वती माता की छायाचित्र पर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। कार्यक्रम का सफल संचालन शिक्षक गिरधर साहू ने किया संत भरत भाई ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए, गो महिमा का व वैज्ञानिक महत्व का वर्णन किया। गाय की महिमा बताकर धन संग्रह करना हमारा उद्देश्य नहीं है। हमारा उद्देश्य गाय के स्वरूप गाय की महिमा को जन-जन तक पहुंचाना। आगे आपने बताया लोगों में गौ माता की करुणा को लोगों के हृदय तक पहुंचाना हमारा उद्देश्य है। लोगों को जगाना, लोगों को जागृत करना हमारा उद्देश्य है। मनुष्य की मृत्यु के बाद उसकी अस्थि का विसर्जन किया जाता है। लेकिन गौ माता की मृत्यु के बाद भी उपयोगी होती है। जो लाभदायक होती है। मानव के लिए आगे महाराज जी ने गाय को भारतीय संस्कृति में पवित्र और देवीय माना जाता हैं पूजनीय बताया।और उन्हें देवी देवता का वास स्थल माना जाता है। गाय माता साक्षात भगवान का अवतार है। इसलिए इन्हें हिंदू धर्म में सबसे पवित्र माना जाता है। पुराण में इसका उल्लेख मिलता है, कि गाय के मुख में चारों वेदों का वास है। भगवान विष्णु और भगवान शंकर सदा ही उसके सिंग में विराजमान बताए गए हैं। गाय के उदर में भगवान शिव पुत्र कार्तिकेय का वास है। लोक दृष्टि से भी यह लोकहीत कारणी, मंगल कारणी है। आयुर्वेद में गोमूत्र, गोबर का रस, दूध, दही, घी के मेल से बने पंचगव्य को अमृत रसायन कहा गया है। कार्यक्रम के पश्चात एक पेड़ मां के नाम वृक्षारोपण किया गया।



# सिद्ध पीठ सुतियापाट सेवा समिति के पदाधिकारियों को दंडी स्वामी ज्योतिर्मयानंद सरस्वती ने दिलाई शपथ

**सहसपुर लोहारा,** 8 जुलाई (देशबन्धु)। सिद्ध पीठ सुतियापाट सेवा समिति के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह एक भव्य और पवित्र आयोजन के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर दंडी स्वामी ज्योतिर्मयानंद सरस्वती महाराज ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को शपथ दिलाई। समारोह में समिति के सदस्यों, स्थानीय भक्तों और गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति ने इस अवसर को और भी गरिमामय बना दिया। शपथ ग्रहण समारोह सिद्ध पीठ सुतियापाट मंदिर परिसर में आयोजित किया गया। जहां वैदिक मंत्रोच्चार और धार्मिक अनुष्ठानों के बीच नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने सेवा, समर्पण और समाज कल्याण के लिए अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने की शपथ ली। दंडी स्वामी ज्योतिर्मयानंद सरस्वती ने अपने आशीर्वचन में कहा की सिद्ध पीठ सुतियापाट सेवा समिति का उद्देश्य माता के भक्तों की सेवा और समाज के उत्थान के लिए कार्य करना है। नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को इस पवित्र दायित्व को पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ निभाना होगा। इस अवसर पर नवनिर्वाचित पदाधिकारियों में अध्यक्ष पूष लाल साहू, उपाध्यक्ष अघन लाल साहू, तोपसिंह साहू, नरोत्तम जघेल, हगरू राम साहू , कोषाध्यक्ष गोविंद साहू, सचिव आनंद कुमार साहू, सहसचिव राजूलाल साहू, मेखलाल साहू, मंत्री शिवराम साहू, नारायण सिंह धुर्वे, परस साहू, दीपक साहू, संतोष मानिकपुरी, सभापति भागवत साहू , मीडिया प्रभारी दिनेश वर्मा, सलाहकार धनेश यादव, टेकम खुशरो, प्रताप साहू, लखन साहू, करण साहू संरक्षकगण डाकवर सिंह मेरावी, किशोर शर्मा, गोपाल खुसरो, पुरुषोत्तम पटेल, देवनाथ साहू,रामधीन वर्मा, छबिलाल साहू, बालू राम जाघेल, धनुक वर्मा को शपथ दिलाई गई । जिन्होंने इस पवित्र शक्तिपीठ की सेवा और इसके प्रबंधन को और सशक्त बनाने का संकल्प लिया। समिति के अध्यक्ष ने अपने संबोधन में कहा कि उनकी प्राथमिकता मंदिर के विकास, भक्तों की सुविधाओं में वृद्धि और सामाजिक कार्यों को बढ़ावा देना होगा। यह आयोजन सिद्ध पीठ सुतियापाट के महत्व को रेखांकित करता है, जहां भक्तों की आस्था और भक्ति का विशेष स्थान है। समारोह के अंत में सभी उपस्थित भक्तों ने माता के दर्शन किए और प्रसाद ग्रहण किया।



# जिला पंचायत के नवनिर्वाचित सदस्यों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण की शुरुआत

**खैरागढ़,** 8 जुलाई (देशबन्धु)। नवगठित जिला पंचायत खैरागढ़ छुईखदान गण्डई के नवनिर्वाचित जिला पंचायत सदस्यों के प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरुआत जिला पंचायत के सभाकक्ष में दोपहर 12 बजे से शुरू हुई। इसके पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष, जिला पंचायत सभापति, जिला पंचायत सदस्य एवं अन्य प्रतिनिधियों के करकमलों से जिला पंचायत कार्यालय में तैयार सभा कक्ष मैकाल सदन का फीता काटकर शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत के अधिकारी एवं कर्मचारी भी उपस्थित थे।सर्वप्रथम प्रशिक्षण में उपस्थित जिला पंचायत के नवनिर्वाचित सदस्यों का स्वागत किया गया उसके पश्चात् जिला पंचायत अध्यक्ष प्रियंका खम्हन ताम्रकार के द्वारा सभी सदस्यों को संबोधित करते हुए शुभकामनाएँ दी गई और नए जिले के जरूरत के अनुरूप बेहतर कार्य करने सदस्यों से आग्रह किया गया। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण उपरांत सदस्यगण अपने क्षेत्र के विकास में बेहतर कार्य करेंगे एवं विकसित छत्तीसगढ़ की संकल्पना को साकार करने में अपना महती योगदान देंगे। प्रशिक्षण सत्र की शुरुआत में जिला पंचायत सीइओ के द्वारा सदस्यों को जिले की प्रशासनिक और भौगोलिक जानकारी से अवगत से कराते हुए जिले के विकास की संभावनाओं पर प्रकाश डाला गया तत्पश्चात् पंचायत राज अधिनियम में उल्लेखित जिला पंचायत के कार्यों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। प्रशिक्षण के दूसरे सत्र में उप संचालक पंचायत के द्वारा पंचायत राज अधिनियम के अध्याय एवं धाराओं के बारे में संक्षेप में जानकारी दी गई साथ ही जिला पंचायत सम्मेलन के प्रमुख प्रावधानों के बारे में सदस्यों को अवगत कराया गया। जिला पंचायत सदस्यों के प्रशिक्षण को विभिन्न सत्रों में विभक्त कर तीन दिवसीय प्रशिक्षण को सैद्धांतिक ज्ञान के साथ-साथ व्यावहारिक पहलू को जोड़ते हुए अधिक सार्थक बनाने का प्रयास किया गया।



# नाबालिग का अपरहण कर शारीरिक शोषण करने वाला आरोपी गिरफ्तार, न्यायिक रिमांड पर भेजा गया

**कवर्धा,** 8 जुलाई (देशबन्धु)। ऑपरेशन मुस्कानज्ज के तहत अपहृत बच्चों की शीघ्र पतासाजी एवं सकुशल वापसी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से कार्यवाही की जा रही है। इसी कड़ी में थाना कुण्डा पुलिस को एक महत्वपूर्ण सफलता हाथ लगी।

थाना प्रभारी महेश प्रधान के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम को सायबर सेल कबीरधाम की सहायता से यह सूचना प्राप्त हुई कि अपहृत नाबालिग बालिका को आरोपी युवक विकास साहू पिता छेदीराम साहू, उम्र 19 वर्ष, निवासी खपरी, थाना चिल्फी, जिला मुंगेली द्वारा लखनऊ (उत्तर प्रदेश) ले जाया गया है। सूचना की तस्दीक उपरांत पुलिस टीम तत्काल रवाना की गई और कंचन बिहार कॉलोनी, लखनऊ से पीड़िता को सकुशल बरामद किया गया।

पीड़िता के बयान अनुसार, आरोपी ने उसे विवाह का झांसा देकर बहलाया-फुसलाया और उसके साथ शारीरिक शोषण किया। मामले में थाना कुण्डा में धारा 137(2), 87, 64(2) ठछै एवं पॉक्सो एक्ट की धाराएं जोड़ी गईं। आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जहाँ से उसे न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया।



■ अपहृत बालिका को लखनऊ, उत्तर प्रदेश से सकुशल किया गया बरामद

# कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक ने कानून व्यवस्था की समीक्षा की

- बाढ़ एवं जल भराव वाले क्षेत्रों की सतत निगरानी करने के दिए निर्देश
- अवैध शराब के भंडारण, परिवहन एवं विक्रय पर कड़ी कार्रवाई करने कहा
- चाकू बाजी करने वाले अपराधियों एवं संदिग्धों पर की जाएगी कड़ी कार्रवाई




**राजनांदगांव,** 8 जुलाई (देशबन्धु)। कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे एवं पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग ने आज कलेक्टारेट सभाकक्ष में अनुविभागीय अधिकारियों राजस्व एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस सहित अन्य अधिकारियों की बैठक लेकर जिले में कानून व्यवस्था की स्थिति की समीक्षा की और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि जिले में कानून व्यवस्था का कड़ाई से पालन कराना सुनिश्चित करें, इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने सभी अधिकारियों को पूरे जिले में सर्तकता एवं सजगता के साथ कार्य करने के निर्देश दिए। कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने कहा कि वर्तमान में पूरे जिले में तेज बारिश हो रही है, इसके चलते नदी-नालों के तटवर्ती क्षेत्रों के अलावा निचले भागों में पानी भरने की संभावना बनी है, इसे ध्यान में रखते हुए सभी अनुविभागीय अधिकारी विशेष रूप से सर्तक रहें और सतत निगरानी करते रहें। किसी भी प्रकार से जल भराव या बाढ़ की आशंका होने पर तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित करें। साथ ही बाढ़ से निपटने के लिए उपलब्ध संसाधनों का जांच-परीक्षण कर लें। कलेक्टर ने कहा कि जिले में अवैध शराब के भंडारण, परिवहन एवं विक्रय की सतत निगरानी करते हुए उन पर कड़ी कार्रवाई करें। इसके लिए गठित टीमों को सतत सक्रिय रखें। उन्होंने कहा कि गत वर्ष के स्थानों जहां जल भराव हुए थे, उन्हें चिन्हांकित करने के साथ ही अन्य संभावित स्थानों की भी निगरानी करें। उन्होंने जिले में अग्निवीरों के प्रशिक्षण के लिए स्थान, पुस्तक एवं अन्य संसाधनों के व्यवस्था के संबंध में जानकारी ली।

पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग ने कहा कि जल भराव एवं बाढ़ से निपटने के लिए मूलभूत आवश्यकताओं के परीक्षण के साथ-साथ उनकी उपलब्धता बनाएं रखें। उन्होंने कहा कि जिले में कानून व्यवस्था से निपटने के लिए अधिकारीगण सतत कार्रवाई एवं मानिटरिंग करते रहें। ढाबों सहित अन्य स्थानों पर अवैध रूप से विक्रय होने वाले मदिरा एवं अन्य नशा के पदार्थों की उपलब्धता पर कड़ी कार्रवाई करें। देर रात तक अनावश्यक रूप से ढाबें नहीं खुलने चाहिए। चाकू बाजी करने वाले अपराधियों एवं संदिग्धों पर कड़ी कार्रवाई करें। इसके अलावा शांति व्यवस्था एवं कानूनों के उल्लंघन पर कठोर धाराओं के तहत कार्रवाई किया जाना सुनिश्चित करें, ताकि इससे होने वाले अपराध कम हो सकें। उन्होंने यह भी कहा कि ट्रैफिक पुलिस यातायात के नियमों का पालन सुनिश्चित कराएं, ताकि दुर्घटनाएं कम हों और लोगों के जीवन को बचाया जा सकें। नशापान कर वाहन चलाने वालों पर चालानी कार्रवाई करें। उन्होंने दुर्घटनाजन्य स्थानों पर सूचना बोर्ड लगाने के संबंध में की गई कार्रवाई के संबंध में जानकारी ली। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि शहरी क्षेत्र के ओव्हर ब्रिज के नीचे अवैध रूप से अतिक्रमण पर कार्रवाई कर उसे खाली कराने और आवश्यक उपयोग के पार्किंग के लिए स्थान सुनिश्चित कराएं।

बैठक में अधिकारियों ने अब तक की गई कार्रवाई से कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक को अवगत कराया। बैठक में यह भी बताया गया कि संभावित बाढ़ एवं जल भराव की स्थिति से निपटने के लिए पर्याप्त व्यवस्था की गई है। संसाधनों के रूप में जिले में 3 बोट, 6 आसता लाईट, 3 ऊट कटर एवं पर्याप्त संख्या में लाईफ जैकेट उपलब्ध है। इसके अलावा आवश्यकता पडने़ पर 21 गोताखोर भी उपलब्ध है, जिनकी सेवाएं ली जा सकती हैं। इस अवसर पर अपर कलेक्टर सीएल मारकण्डेय, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा, नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा, एसडीएम राजनांदगांव खेमलाल वर्मा, एसडीएम डोंगरगांव श्रीकांत कोराम, एसडीएम डोंगरगढ़ अभिषेक तिवारी सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

# कृषकों में इस वर्ष अच्छी खेती की उम्मीद

**राजनांदगांव,** 8 जुलाई (देशबन्धु)। जिले में वर्तमान खरीफ फसल की बुआई निरंतर जारी है। इस वर्ष मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुरूप मानसून अपने तय समय से पहले दस्तक दे चुका था। इसी कारण कृषकों में इस वर्ष अच्छी खेती की आस जगी है। कृषि विभाग द्वारा भी इस वर्ष बेहतर मानसून को देखते हुए खरीफ फसल हेतु 1 लाख 84 हजार 440 हेक्टेयर का बुआई लक्ष्य निर्धारित किया गया है। जो गत वर्ष में 1 लाख 83 हजार 689 से 7.50 हेक्टेयर अधिक है। साथ ही कृषि फसल क्षेत्राच्छादन में वृद्धि हेतु आवश्यक आदान सामग्री जैसे उन्नत बीज वितरण हेतु 14803 का लक्ष्य निर्धारित कर 13047 क्विंटल बीज भंडारण कराया गया है। जिसमें से 12268 क्विंटल बीज का उठाव कृषकों द्वारा किया जा चुका है। जो भंडारण की तुलना में 94 प्रतिशत है। विगत दो दिनों में जिले में अच्छी वर्षा हो रही है, जिससे जिले में अब 212.7 एमएम वर्षा हो चुकी है, जो इसी अवधि में होने वाली वर्षा का 95.40 प्रतिशत है।



जिले में इस वर्ष सोयाबीन फसल हेतु 3160 हेक्टेयर रकबा का लक्ष्य तय किया गया है। जिसके विरूद्ध अब तक 1158 हेक्टेयर क्षेत्र में सोयाबीन की खेती संपन्न हो चुका है। सोयाबीन उत्पादक कृषकों को वर्तमान खरीफ अनुशंसित उर्वकों की वैज्ञानिक अनुशंसानुसार एनपीके तथा सल्फर के 25:60:40:20 किलोग्राम प्रति हेक्टेयर पोषक तत्व आपूर्ति की सिफारिश की जा रही है, जिसकी पूर्ति हेतु एक यूरिया 56 किलोग्राम के साथ 375 से 400 किलोग्राम सिंगल सुपर फास्फेट व 67 किलोग्राम म्यूरोट ऑफ पोटाश पोटास डीएपी 125 ग्राम के साथ 68 किलोग्राम म्यूरोट ऑफ पोटाश तथा 25 किलोग्राम प्रति हेक्टेयर बेनटोनेस सल्फर का उपयोग किया जा सकता है। आवश्यकतानुसार 25 किलोग्राम जिंक सल्फेट तथा 50 किलोग्राम आयरन सल्फेट प्रति हेक्टेयर का उपयोग करने से सोयाबीन फसलों के जड़ विकास व वनस्पति विकास में वृद्धि होती है। सोयाबीन की प्रारंभिक अवस्था में बोनी करते समय खरपतवार एक बड़ी समस्या रहती है। जिसके लिए बोनी के तुरंत बाद डाईक्लोसुलम प्लस पेंडीमेथालीन (22.5 + 875 सक्रिय तत्व) अथवा क्लोमोझोन 50 ईसी अथवा सल्फेन्ट्राझोन 39.6 एससी पाईरोक्सा सल्फोन 85 डब्ल्यूजी खरपतवार नाशक का उपयोग नेमसेक स्पेयर में प्रति हेक्टेयर 450 लीटर पानी तथा पावर स्पेयर में 120 लीटर पानी प्रति हेक्टेयर का उपयोग करना चाहिए। बोनी के 10 से 12 दिन बाद क्लोरिनम्यूरान इथाईल 25 डब्ल्यूपी के साथ सर्फेक्टेंन्ट का उपयोग करने से सोयाबीन में उगने वाले हानिकारक खरपतवारों को नियंत्रित किया जा सकता है।

# झाड़ू पोंछा का काम देने के बहाने नाबालिग से दुष्कर्म, आरोपी गिरफ्तार

राजनांदगांव, 8 जुलाई (देशबन्धु)। संस्कार धानी को बदनाम करने वाले लोगों की कमी नहीं है, हवस आदमी को अंधा बना देता है फिर उसे न लोक लाज का डर होता है और न ही अपने पारिवारिक प्रतिष्ठा का जब हवस शांत होती है तो फिर जेल की कोठरी में पश्चाताप के आंसू। संस्कारधानी के सना सिटी पाश क्षेत्र कोरिनभांठा में एक नाबालिग लड़की के साथ हुए दुष्कर्म का मामला सामने आया है, जानकारी के अनुसार बेरोजगारी की हालत के चलते नाबालिग लड़की झाड़ू पोंछा का काम ढूंढ रही थी जिसकी जानकारी आरोपी को लगी तो उसने झाड़ू पोछा का काम देने के बहाने अपने घर पर बुलाया और अपने ही घर में उस नाबालिग से दुष्कर्म किया। घटना की जानकारी पुलिस को मिलने के बाद मेडीकल लीगल कैस की समस्त औपचारिकता पूर्ण कर पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए आरोपी गगन गुप्ता पिता छेदीलाल गुप्ता उम्र 42 वर्ष निवासी सना सिटी कोरिनभांठा को गिरफ्तार कर लिया गया जिसमें धारा 64 (2), 65 (1), बी.एन.एस 49 पॉक्सो एक्ट की धारा 4,18 के तहत अपराध दर्ज कर न्यायालय में पेश करने के पश्चात जेल भेज दिया गया है।



# भाजपा का दोहरा चरित्र,अमीरों को संरक्षण छोटों पर चला रहे बुलडोजर: पूर्व पार्षद

**राजनांदगांव,** 8 जुलाई (देशबन्धु)। नगर पालिक निगम के पूर्व पार्षद एवं युवा कांग्रेस उपाध्यक्ष ऋषि शास्त्री ने कहा कि प्रशासन के द्वारा अतिक्रमण के नाम पर बुलडोजर कार्यवाही गुड़ाखू लाइन सहित शहर के विभिन्न स्थानों पर की जा रही है जबकि शहर में स्थित निजी अस्पताल,मॉल,कालोनी और ऐसे कई बड़े संस्थान है जहां अवैध निर्माण और अतिक्रमण हुआ है कई जगह कुआं को पाट कर निर्माण हुआ है पर कार्यवाही आजतक नहीं हो पाई है ऐसे में एक तरफा कार्यवाही से जनता के बीच रोष उत्पन्न हो रहा है और भाजपा का दोहरा चरित्र उजागर होता दिख रहा है।



शास्त्री ने बताया कि मौजूदा ट्रिपल इंजन की सरकार की रीति नीति ऊपर से लेकर नीचे तक एक समान है भाजपा ने हमेश से ही पूंजीपति को संरक्षण देने का काम किया है जबकि छोटे लोगों पर बुलडोजर कार्यवाही की जा रही है, वहीं कांग्रेस ने हमेशा छोटे और गरीब को बढ़ाने का काम किया है कांग्रेस ने किसी भी प्रकार का मोल भाव नहीं किया हर वर्ग के लोगों का साथ परस्पर दिया है आने वाले समय में भाजपा के इस तानाशाह का आम जनता मुंह तोड़ जवाब देने को तैयार है।

# अतिरिक्त सचिव ग्रामीण विकास मंत्रालय भारत सरकार टीके अनिल कुमार ने ग्रामीण क्षेत्रों में शासन की विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन एवं गतिविधियों का किया निरीक्षण

**राजनांदगांव,** 8 जुलाई (देशबन्धु)। अतिरिक्त सचिव ग्रामीण विकास मंत्रालय भारत सरकार टीके अनिल कुमार ने आज ग्रामीण क्षेत्रों में शासन की विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन एवं गतिविधियों का निरीक्षण किया। उन्होंने राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान, मिशन जल रक्षा, स्टार्टअप विलेज एन्टरप्रेन्योरशिप प्रोग्राम व वन स्टॉप फैसलिटी, चना प्रोसेसिंग यूनिट अंतर्गत विभिन्न विकास कार्यों का जायजा लिया। इस दौरान कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह उपस्थित रहे।




अतिरिक्त सचिव ग्रामीण विकास मंत्रालय भारत सरकार टीके अनिल कुमार ने राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम अंजोरा में मल्टीयूटिलीटी सेंटर में महिलाओं द्वारा बनाए जा रहे हर्बल गुलाल, गोपीगुरू चंदन, सिंदूर, रोली, कुमकुम निर्माण एवं पैकेजिंग के कार्य का अवलोकन किया। गणेशा हर्बल गुलाल प्राईवेट लिमिटेड के साथ अनुबंध के आधार पर 16 समूह एवं 75 महिलाएं कार्य कर रही है। उन्होंने समूह की महिलाओं से बातचीत की। समूह की महिलाओं ने बताया कि इस पैकेजिंग सेंटर उन्हें बहुत फायदा हो रहा है। अब तक 181 मीट्रिक टन उत्पादन किया गया है एवं लगभग इससे 1 करोड़ 5 लाख 70 हजार रूपए की आमदनी हुई है। उन्होंने बताया कि आजीविका गतिविधियों से जुड़कर उनके जीवन स्तर का उन्नयन हुआ है। जिला पंचायत सीईओ सुश्री सुरूचि सिंह ने बताया कि यह हर्बल गुलाल यूनिट समूह की महिलाओं द्वारा संचालित किया जा रहा है और उन्हें स्वामित्व भी प्राप्त है तथा वे यहां कार्य भी कर रही हैं। इस पैकेजिंग यूनिट के लगने से उन्हें फायदा हो रहा है। उन्होंने बताया कि छोटे पैमाने पर दोना-पत्तल यूनिट संचालित है। 15 महिला स्वसहायता समूह की सदस्यों द्वारा बफर प्लेट का निर्माण किया जा रहा है। जिससे लगभग 7 लाख 20 हजार रूपए तक का रोजगार सृजन किया गया है। अतिरिक्त सचिव ग्रामीण विकास मंत्रालय भारत सरकार ने यूटिलिटी सेंटर के स्थायित्व के लिए विभिन्न आयामों पर चर्चा की।

अतिरिक्त सचिव ग्रामीण विकास मंत्रालय भारत सरकार टीके अनिल कुमार ग्राम टेड़ेसरा में रिचार्ज साफ्ट एण्ड इंजेक्शन वेल का अवलोकन किया। इस विशेष तकनीक के माध्यम से नेशनल हाईवे के क्रास ड्रेनेज से आने वाले वर्षा का जल संग्रहित कर परकोलेशन टैंक तक लाया जाता है। यह जल फिल्टर होकर इंजेक्शन वेल के माध्यम से भू-जल स्तर को पुनः रिचार्ज करता है। जिससे वर्षा के जल का संरक्षण किया जा रहा है। उन्होंने जिले में जल संरक्षण के लिए किए जा रहे कार्यों की सराहना की। उन्होंने ग्राम टेड़ेसरा में स्टार्टअप विलेज एन्टरप्रेन्योरशिप प्रोग्राम अंतर्गत मनीष साहू की दुकान का अवलोकन किया। उन्होंने बताया कि स्टार्टअप विलेज एन्टरप्रेन्योरशिप प्रोग्राम के तहत उन्होंने लगभग 2 लाख रूपए का ऋण लेकर इलेक्ट्रिकल, पेंट एवं हार्डवेयर की दुकान प्रारंभ किया। जिससे उनको फायदा मिला है।

अतिरिक्त सचिव ग्रामीण विकास मंत्रालय भारत सरकार टीके अनिल कुमार ग्राम पदुमतरा में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान के आंचल संकुल संगठन कार्यालय का अवलोकन किया तथा आजीविका प्रशिक्षण केन्द्र के संबंध में जानकारी ली। समूह की महिलाओं ने बताया कि बिहान से जुडने़ के बाद सक्षम एवं आत्मनिर्भर होने के कारण आत्मविश्वास बढ़ा है। आजीविका मिलने के कारण वे लखपति दीदी बन रही है। उनके घर के समीप प्रशिक्षण केन्द्र होने से सुविधा मिल रही है। समूह की महिलाओं ने उनसे अपने व्यवसाय के संबंध में अनुभव साझा किए। श्रीमती तेजेश्वरी ने बताया कि वे खेती-किसानी के साथ ही आचार-पापड़ बनाने का कार्य कर रही है और स्थानीय स्तर पर शादी के सीजन में इसकी बड़ी डिमांड होती है। स्वरधारा महिला स्वसहायता समूह की महिलाओं ने बताया कि वे किसान उत्पादक संगठन से जुड़कर चना, गेहूं, लाखड़ी एवं अन्य दाल की प्रोसेसिंग तथा बिक्री करते है तथा साथ ही मसाले की बिक्री भी कर रहे है। स्कूल, छात्रावास, हास्पिटल, आंगनबाड़ी केन्द्रों में आपूर्ति की जाती है। उन्होंने बताया कि प्रोसेसिंग एवं पैकेजिंग के लिए मशीन स्थापित किया गया है और 65 लाख रूपए की बिक्री कर चुके है। अतिरिक्त सचिव कहा कि अपने उत्पादों की गुणवत्ता, मार्केटिंग एवं ब्रांडिंग पर विशेष तौर पर कार्य करने के लिए कहा।

# अवैध शराब की परिवहन करने वाले कोचियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार



**खैरागढ़,** 8 जुलाई (देशबन्धु)। मुखबिर की सूचना पर जालबाँधा पुलिस ने ग्राम पवनतरा आकांक्षा पेट्रोल पम्प के पास में रेड कार्यवाही कर आरोपी नीलकंठ पिता स्व तिरिथ बंजारे उम्र 30 वर्ष व शुभम पिता लत्तू यादव के कब्जे से 29 नग शोले देशी प्लेन शराब व 21 सवा शेरा देशी प्लेन शराब कीमत 4000 व मो.सा सीजी 08 एन 7536 कीमत 30000 रुपए कुल कीमत 34000 रुपए के साथ पकड़ा गया है। आरोपियों के खिलाफ पुलिस चौकी जालबाँधा थाना खैरागढ़ में धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत मामला पंजीबद्ध कर आरोपियों को 8 जुलाई को गिरफ्तार किया गया है जिसे न्यायालय में पेश कर ज्युडिशियल रिमांड पर भेजा गया।

# डॉ रमन सिंह के प्रयासों से आरके नगर से मेडिकल कॉलेज तक सर्विस रोड की स्वीकृति मिली





- 25.8 करोड़ रुपए की लागत से होगा निर्माण कार्य
- नितिन गडकरी जी का डॉ रमन सिंह एवं संतोष पांडे ने आभार जताया

**राजनांदगांव,** 8 जुलाई (देशबन्धु)। भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण द्वारा आज आरके नगर चौक से रेवाड़ीह चौक तक दोनों तरफ सर्विस रोड बनाने की अनुमति प्रदान की गई। विदित हो कि अटल बिहारी वाजपई मेमोरियल मेडिकल कॉलेज जाने हेतु परिवहन को सुगम बनाने हेतु डॉ रमन सिंह ने 12 जून को केंद्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी को पत्र लिखा था, जिसमें ह॥ 56 जी ई रोड में मेडिकल कॉलेज, स्कूल,बड़े व्यावसायिक स्थल, होटल, आरटीओ कार्यालय इत्यादि होने के कारण यातायात का दबाव बढ़ने से लगातार दुर्घटनाएं हो रही थी, जिसमें हाल में ही एक डॉक्टर की भी दुर्घटना में मृत्यु हुई थी।

इस संबंध में सांसद संतोष पांडे ने भी परियोजना अधिकारी रायपुर को पत्र लिखा था और दूरभाष पर चर्चा की थी। विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह एवं सांसद संतोष पांडे के पत्र के प्रतिउत्तर में आज भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के प्रदीप कुमार लाल ने इस विषय में आदेश जारी करते हुए एक तरह 3.5 किलोमीटर एवं दूसरी तरफ 3.5 किलोमीटर कुल 7 किलोमीटर तक सर्विस रोड हेतु 25.8 करोड़ रुपए की स्वीकृति प्रदान की।

रेवाडीह चौक होते हुए आरके नगर तक दोनों तरफ सर्विस रोड के निर्माण से जहां लोगों को सुविधा मिलेगी, वहीं लगातार हो रही दुर्घटनाओं में कमी भी आएगी। विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह एवं सांसद संतोष पांडे ने इस महत्वपूर्ण कार्य की स्वीकृति पर केंद्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी का आभार व्यक्त किया है।

# छींदारी बाँध के पास इनोवा कार पलटने से 12 लोग हुए गंभीर

## घायलों का अस्पताल में चल रहा इलाज

**खैरागढ़,** 8 जुलाई (देशबन्धु)। छुईखदान के छींदारी बाँध देवरच्चा के पास इनोवा कार पलटने से 12 लोग घायल हो गए। इस भीषण सड़क हादसे ने वहां मौजूद लोगों की रूह कंपा दी। घटना सोमवार शाम करीब 6 बजे की है जब तेज रफ्तार जा रही इनोवा कार अचानक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे बिजली के खंभे से जा टकराई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार के परखच्चे उड़ गए और वह सड़क से नीचे पलट गई। हादसे में कार सवार 12 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। बताया जा रहा है कि दुर्घटनाग्रस्त कार का मालिक कुटेली कला का रहने वाला है। हादसे की सही वजह का खुलासा पुलिस जांच के बाद ही हो पाएगा लेकिन फिलहाल तेज रफ्तार को इसका कारण बताया जा रहा है। थाना प्रभारी जितेन्द्र बंजारे मौके पर पहुंचे और घायलों को फौरन छुईखदान सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया जहां डॉक्टरों के द्वारा उनका इलाज किया गया। मामले में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना शुरू कर दी है।



# भगवती देवी सिंघानिया का निधन

**थानखम्हरिया,** 8 जुलाई (देशबन्धु)। नगर की प्रतिष्ठित श्रीमती भगवती देवी सिंघानिया, धर्मपत्नी स्वर्गीय हुकुमचंद सिंघानिया, का 92 वर्ष की आयु में दिनांक 8 जुलाई को प्रातः 7:00 बजे निधन हो गया।



गत कुछ समय से अस्वस्थ चल रहीं भगवती देवी ने जीवन के अंतिम क्षणों तक संयम, सादगी और सेवा की मिसाल प्रस्तुत की। उनका अंतिम संस्कार नगर के मारवाड़ी मुक्तिधाम में सनातन रीति-रिवाजों के साथ संपन्न हुआ।

उनके निधन का समाचार मिलते ही नगर सहित बेमेतरा, गंडई, रायपुर, दुर्ग, भिलाई, दाढ़ी से बड़ी संख्या में सामाजिक संगठन के प्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक एवं स्वजन अंतिम यात्रा में सम्मिलित हुए और भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

भगवती देवी जी अपने मधुर व्यवहार, सामाजिक योगदान और करुणामयी व्यक्तित्व के लिए समाज में विशेष आदर की दृष्टि से देखी जाती थीं।

वे स्व. सागरमल सिंघानिया, श्री कचरूलाल सिंघानिया, रामा सिंघानिया एवं श्याम सिंघानिया की पूज्य माता थीं तथा पवन सिंघानिया, राधेश्याम सिंघानिया, कमल, नटवर, बिहारी, कपिल, शिशिर, गौरव, नारायण सिंघानिया की श्रद्धेय दादी थीं।

# वृहद वृक्षारोपण राज्यपुरस्कार प्रमाण पत्र वितरण कार्यक्रम डौंडी में आयोजित

**डौण्डी,**8 जुलाई(देशबन्धु)। भारत स्काउट्स एवं गाइड्स, छत्तीसगढ के राज्य मुख्य आयुक्त डॉ सोमनाथ यादव ,राज्य सचिव कैलाश सोनी एवं जिला मुख्य आयुक्त राकेश यादव के एवं जिला सचिव केएल गजेन्द्र, संयुक्त सचिव मधुमाला कौशल, डीओसी , नेमसिंह साहू, प्रेमलता चंद्राकर के दिशा निर्देशन में एवम् विकास खंड शिक्षा अधिकारी रोहित कुमार सिंहा, सच्चिदानंद शर्मा बीआरसीसी ,के मार्गदर्शन में 7 जुलाई को जिला बालोद डौंडी में सत्र 2023-24 एवं 2024-25 के सफल स्काउट गाइड रोवर रेंजर को राज्यपुरस्कार प्रमाण पत्र वितरण किया गया।प्रमाण पत्र राकेश यादव जिला पदाधिकारी मनीष झा डौंडी जनपद पंचायत अध्यक्ष मुकेश कौड़ो जनपद उपाध्यक्ष भोला राम नेताम ,नगर पंचायत अध्यक्ष मोहंतिन चौरका, महामंत्री हिंसा राम साहू समस्त जनपद सदस्य एवम् नगर पंचायत के पार्षद गण, ग्राम पंचायत साल्हाइटोला सरपंच माहेश्वरी गावरे,उपसरपंच श्री करचाम, जनपद पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री डी.डी. मंडले , आदि के द्वारा प्रमाण पत्र का वितरण किया गया एवम् वृहद वृक्षा रोपण कार्यक्रम गौठान साल्हाइटोला में फलदार छायादार पौधा रोपण किया गया इस कार्यक्रम में लगभग 200 से अधिक संख्या में जिला बालोद के स्काउट गाईड एवं स्काउटर गाइडर एवं गणमान्य नागरिक शामिल हुए। कार्यक्रम को सफल बनाने में विकास खंड सचिव सेवाराम प्रेमन,संयुक्त सचिव तनुजा बंजारे,डौंडी के सभी स्काउटर गाइडर एवम् जिला संघ बालोद का सहयोग रहा ।



उल्टा पुल्टा

भगवान ने आदमी से पूछा-तुम्हारी इच्छा क्या है?
आदमी शादी के बाद- कृपया करके मेरे बैचलर वाले दिन वापस लौटा दें।
भगवान हंसे और बोले- बेटा, मन्नत मांगने कहा था जन्नत नहीं।

संपादकीय

## सड़कों की दशा ठीक करे सरकार

छत्तीसगढ़ के शहरी इलाके हों अथवा ग्रामीण, उनमें बनी सड़कों की पोल बारिशें खोल देती हैं। शहरों के भीतर सरकार या स्थानीय निकायों की सड़कें, बाहरी रास्ते और राजमार्ग– सभी की हालत एक सी जर्जर मिलती है। राज्य सरकार उन्हें लेकर चाहे जो दावे करे, बरसात में असलियत सामने आती है। इन दिनों कवर्धा बाईपास की हालत दर्शाते कुछ वीडियो देश भर में वायरल हो रहे हैं जो प्रदेश का सिर शर्म ६से झुकाने के लिये काफी है। उल्लेखनीय है कि कवर्धा उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा का निर्वाचन क्षेत्र है। लापरवाही, भ्रष्टाचार और गुणवत्ताहीन काम के ये वीडियो और उस सम्बन्ध में खबरें असलियत को उजागर करती हैं। सरकार सड़क निर्माण को लेकर गम्भीरतापूर्वक काम करे क्योंकि पहले भी कुछ मामले देश भर में सुर्खियां बटोर चुके हैं जिनका सम्बन्ध सड़क निर्माण में भ्रष्टाचार ही है। लोग तो यह भी कह रहे हैं कि जब एक हाई प्रोफाइल विधानसभा क्षेत्र में सड़क का यह हाल है तो कमजोर जनप्रतिनिधित्व वाले इलाकों का क्या हाल होगा– इसका सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है।

जिस कवर्धा बाईपास का जिक्र हो रहा है और जो चर्चा में है वह नेशनल हाईवे क्रमांक– 30 है। यह प्रदेश की राजधानी रायपुर को मध्यप्रदेश के एक बहुत महत्वपूर्ण शहर जबलपुर से जोड़ता है। जाहिर है कि इस पर आवागमन काफी होने से यह एक व्यस्त मार्ग है। इस पर छोटे, हल्के और बड़े वाहन सभी चलते हैं। मालवाहक ट्रकों के गुजरने से सड़कों की दुर्दशा तो स्वाभाविक है परन्तु उसकी देख-रेख और नियमित मरम्मत भी आवश्यक है। तिस पर यदि सड़क का निर्माण ही घटिया हुआ हो तो वह कितना भार सहन कर सकेगी, इसका भी अनुमान लगाना कठिन नहीं है।

बताया जाता है कि बरसातों के पहले ही इसकी स्थिति काफी खराब हो गयी थी। सुधार कार्य के नाम पर उस पर मुरुम बिछाकर खानापूरी की गयी थी। जैसे ही पानी बरसा, मुरुम बह गयी और ट्रकों, हाईवा आदि के कारण बाईपास के आसपास बड़े-बड़े गड्ढे बन गये। इन गड्ढों की विशालता और गहराई का अंदाजा इस बात से लगता है कि उसमें एकत्र पानी में घंटों खड़े होकर जब कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन किया तो जल स्तर कुछ में घुटनों तक तो कुछ में कमर की ऊंचाई तक था। ठेकेदारों को प्रदर्शनकारियों ने जमकर खरी-खोटी सुनाई जिनके पास जवाब ही नहीं था।

याद हो कि इस साल की शुरुआत में बस्तर की एक सड़क में हुए व्यापक भ्रष्टाचार को उजागर करने वाले निर्भीक पत्रकार मुकेश चंद्राकर की कथित रूप से ठेकेदार द्वारा हत्या कर दी गयी थी तब भी छग में रास्तों के निर्माण में भ्रष्टाचार के आरोप लगे थे। उस समय भी इस बात की ज़रूरत महसूस की गयी थी कि सड़कों की गुणवत्ता का ऑडिट होना चाहिये।

# नपा अध्यक्ष अशोक जैन ने किया महिला समूह को चेक प्रदान




**बलौदाबाजार,** 8 जुलाई (देशबन्धु)। राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के अंतर्गत महिलाओं के स्वावलंबी जीवन के लिए छत्तीसगढ़ शासन की महत्वपूर्ण योजना के अंतर्गत नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन के द्वारा 5.0 लाख रुपये का चेक बंधन महिला स्व सहायता समूह को प्रदाय किया गया।

महिला समूह एस.एच.जी. को प्रदाय राशि से आपसी लेनदेन करने एवं प्राप्त राशि से अपने स्वयं का रोजगार संचालित करने व आपस में ऋण का अदान-प्रदान करना है। छत्तीसगढ़ शासन के द्वारा रास्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन योजना अंतर्गत प्राप्त राशि से समूह की महिलाओं के द्वारा छोटे मोटे व्यापार जैसे-ब्यूटी पार्लर, सिलाई कार्य, मुर्गी पालन, मशरूम उत्पादन, बागवानी, जनरल किराना जैसे कार्यों में उपयोग करती है। नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन ने समूह की महिलाओं से राशि के उपयोग एवं प्राप्त ब्याज दर की जानकारी सहित आपसी लेनदेन की प्रक्रिया की जानकारी ली गई व महिला समूह को प्राप्त राशि का सही ढंग से उपयोग किये जाने व स्वयं को बेहतर ढंग से महिला समूह आगे आकर स्वावलंबी जीवन जिए यही शासन की इस योजना का उद्देश्य है। महिला स्वयं सहायता समूह के प्रकरण को बैंक तक पहुंचाने एवं ऋण दिलाने में दीपिका बंजारे का योगदान रहा है, इस समुह को चेक

### बंधन महिला स्व. सहायता समूह को 5 लाख का समूह ऋण प्रदाय किया

वितरण के अवसर पर पार्षद प्रिया शशिभूषण शुक्ला, हरजीत सिंह सलूजा, अमितेष नेताम, गौतम चौहान, लोकेश कुमार चेलक, मनोजकांत पुरेना, सलमान शेख, शशिभूषण शुक्ला सहित महिला स्व-सहायता समूह की अध्यक्ष शीमती शशि साहू, सचिव अनिता पटेल व सदस्यगण मीना वर्मा, अंजू साहू, रामेश्वरी वर्मा, रश्मि रजक, अंजू निषाद, लछवन्तीन वर्मा, सावित्री यादव, जयंती साहू, अनीता द्विवेदी सहित अन्य महिलाएं उपस्थित थी।

# नपा उपाध्यक्ष ने कराया नि:शुल्क नेत्र शिविर का आयोजन



**नवापारा राजिम** 08 जुलाई (देशबंधु)। नगरपालिका गोबरा नवापारा के उपाध्यक्ष भूपेंद्र सोनी के प्रयास से वार्ड 20 शीतला पारा में एमजीएम हॉस्पिटल रायपुर के सहयोग से नि:शुल्क नेत्र शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में लगभग 60 लोगो का नेत्र जांच किया गया। जिसमें 8 लोगो को मोतियाबिंद से पीड़ित पाया गया। जिसमे से 2 लोगो तत्काल इलाज हेतु रायपुर भेजा गया। वही 32 लोगो को नि:शुल्क चश्मा प्रदान किया गया। आयोजन में एमर के स्टाफ़ तथा वार्ड 21 के पार्षद अजय साहू, मुकेश निषाद,वीरेंद्र साहू सहित वार्डवासियों ने सहयोग किया।

# पेंशनर्स सभागार तहसील शाखा राजिम का हुआ लोकार्पण

### पेंशनर्स का अनुभव व ज्ञान किसी से कम नहीं होता-महेश यादव




**राजिम** 08 जुलाई (देशबंधु)। पेंशनर्स समाज तहसील शाखा राजिम द्वारा लोकार्पण कार्यक्रम एवं मासिक बैठक आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अमितेश शुक्ल , अध्यक्षता बैशाखू राम साहू अध्यक्ष पेंशनर्स समाज तहसील शाखा राजिम, प्रमुख अतिथि चेतन भारती छत्तीसगढ़ पेंशनर्स समाज, विशिष्ठ अतिथि महेश यादव अध्यक्ष नगर पंचायत राजिम,नंदकुमार वर्मा, अध्यक्ष जिला पेंशनर्स समाज गरियाबंद के आतिथ्य में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में नए सदस्यों पदम कुमार तिवारी, भंवर लाल ध्रुव जी का स्वागत मुख्य अतिथि के द्वारा किया गया। साथ ही साथ माह मई, जून एवं जुलाई माह में जिन पेंशनरों का जन्म दिन था उसका भी सम्मान किया गया। नगर पंचायत राजिम के अध्यक्ष महेश यादव ने अपने उदबोधन में बताया कि शासकीय सेवा के पश्चात जनहित में, समाज सेवा में पेंशनर्स लगे रहते है उनका अनुभव व ज्ञान किसी से कम नही होता है। पेंशनर्स शाखा जिला गरियाबंद के अध्यक्ष नंद कुमार वर्मा जी ने आस्वस्त किया कि पेंशनर्स साथियों का जो भी समस्या होगा उसे हल करने का हर संभव प्रयास करेंगे।




दिवंगत साथी शिवकुमार कुमार यदु,उर्मिला ताम्रकार, पचकौड राम पठारी को मौन रखकर श्रद्धांजली दिया गया तत्पश्चात राष्ट्रीय गान के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम में विशेष रूप से पार्षद बलराम यादव,कुलेश्वर साहू,जग्गू ठाकुर,नंदकुमार वर्मा, भरत यादव,रामकुमार गोस्वामी,प्रहलाद गंधर्व सम्मिलित हुए।कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए व्यास नारायण चतुर्वेदी जी, विक्रम मेघवानी जी , मंशा राम जी,गोस्वामी जी सहित सभी पेंशनरो ने तन मन धन से सहयोग किया, कार्यक्रम का संचालन रामविशाल वर्मा ने किया।

# स्वच्छ सर्वेक्षण ग्रामींण 2025 के तहत नागरिकों के

### फीडबैक से तय होगी जिले की राष्ट्रीय रैंकिंग,महिलाएं, स्वच्छता समूह व नागरिक निभा रहे अहम भूमिका



**बलौदाबाजार,** 8 जुलाई (देशबन्धु)। जिले में 25 जून से स्वच्छ सर्वेक्षण ग्रामीण 2025 की शुरुआत हो चुकी है जो आगामी 14 अगस्त 2025 तक चलेगा। इस राष्ट्रीय स्तर के सर्वेक्षण में जिले के सभी गांवों को शामिल किया गया है जिसमें महिलाएं, स्वच्छता समूह और स्थानीय नागरिक मिलकर गांव की स्वच्छता व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने में अहम भूमिका निभा रहे हैं।

स्वच्छता को जनांदोलन बनाने के उद्देश्य से ग्रामीण क्षेत्र में सक्रिय महिला स्व सहायता समूह, ग्राम पंचायतें और स्वच्छता दूत घर-घर जाकर लोगों को जागरूक कर रहे हैं और मोबाइल एप के माध्यम से नागरिकों से स्वच्छता फीडबैक भी एकत्र कर रहे हैं। यह फीडबैक भारत सरकार द्वारा निर्मित एसएसजी 2025 मोबाइल एप पर दिया जा सकता है, जिसे गुगल प्ले स्टोर से डाउनलोड कर नागरिक अपनी राय दे सकते हैं। स्वच्छता फीडबैक के माध्यम से ही जिले को राष्ट्रीय स्तर पर रैंकिंग प्रदान की जाएगी। नागरिकों से आग्रह किया गया है कि वे अपने गांव, गलियों, प्रमुख सड़कों एवं सार्वजनिक स्थलों को स्वच्छ बनाए रखें और इस अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाएं। यह सर्वेक्षण न केवल स्वच्छता की वर्तमान स्थिति को दर्शाएगा, बल्कि ग्रामीण भारत में स्वच्छता कार्यों को मजबूत करने एवं स्थायित्व प्रदान करने का भी माध्यम बनेगा। भारत सरकार द्वारा नियुक्त स्वतंत्र एजेंसी के माध्यम से जिले की जमीनी हकीकत का आकलन किया जा रहा है। जिले के प्रशासनिक अमले ने नागरिकों से अपील की है कि वे एसएसजी 2025 एप के माध्यम से अधिक से अधिक संख्या में अपना फीडबैक दें, ताकि बलौदाबाजार-भाटापारा जिला राष्ट्रीय स्तर पर स्वच्छता में अग्रणी बन सके और स्वच्छ भारत की दिशा में योगदान दे सके।

# जन चौपाल में मिले 26 आवेदन, अधिकारियों को शीघ्र निराकरण के दिए निर्देश



**महासमुंद** 08 जुलाई (देशबंधु)। कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के निर्देशानुसार जिला पंचायत सीईओ एस आलोक ने मंगलवार को जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित जन चौपाल में जिले के विभिन्न स्थानों से आए नागरिकों की समस्याएं एवं शिकायतें सुनी। उन्होंने संबंधित विभाग को आवेदनों का अवलोकन कर नियमानुसार पात्र हितग्राहियों को शासकीय योजनाओं से लाभान्वित करने के लिए कहा। ग्रामीण और शहरी क्षेत्र के 26 आवेदकों ने आवेदन प्रस्तुत किए। सीईओ ने सभी आवेदकों की समस्याएं बारी.बारी सुनी। इस अवसर पर अपर कलेक्टर रवि कुमार साहू एवं रविराज ठाकुर, एसडीएम सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद थे। जन चौपाल में सरायपाली के हितग्राही तिलक राम ने पीएम आवास की राशि जारी करने हेतु सचिव द्वारा पैसे लिए जाने के संबंध में शिकायत प्रस्तुत किया, इसी क्रम में दीनबंधु सोना ने भी शिकायत किया जिस पर सीईओ ने उक्त मामलों में प्राथमिकता से जाँच करने हेतु निर्देशित किया। इसके अलावा सेवक राम साहू पोटापारा पिथौरा द्वारा त्रुटि सुधार हेतु आवेदन, ग्राम पंचायत छांदनपुर के शिव मंदिर में अतिक्रमण वेणुधर थानापति द्वारा आवेदन, झलप में शासकीय भूमि अतिक्रमण संबंधी आवेदन, परमेश्वर यादव साराडीह महासमुंद द्वारा बैंक की गलत एंट्री के संबंध में आवेदन, राजकुमार भोई झगरेनडीह पिथौरा द्वारा सीमांकन हेतु आवेदन किया गया। जन चौपाल में इसके अलावा पीएम आवास योजना, अवैध अतिक्रमण, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, धान खरीदी मुआवजा राशि, साथ ही अन्य माँग एवं शिकायत संबंधी आवेदन प्राप्त हुए जिस पर शीघ्र निराकरण हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया।

# अधीक्षक कन्हैया लाल पवार को दी गई विदाई



बलौदाबाजार, 8 जुलाई (देशबन्धु)। जिला कार्यालय बलौदाबाजार-भाटापारा में पदस्थ कार्यालय अधीक्षक कन्हैया लाल पवार का स्थानांतरण कांकेर जिले के लिए होने पर मंगलवार को संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में उनके सम्मान में विदाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिले के वरिष्ठ अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने श्री पवार को शॉल-श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया। सभी ने श्री पवार के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उनके योगदान की सराहना की। अधीक्षक श्री पवार ने सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को उनके सहयोग के लिए धन्यवाद देते हुए भरे मन से विदा ली।

कार्यालय अधीक्षक श्री कन्हैया लाल पवार वर्ष 2021 में बलौदाबाजार में सहायक अधीक्षक के रूप में पदस्थ हुए थे। उनकी कार्यकुशलता एवं समर्पण को देखते हुए वर्ष 2023 में उन्हें अधीक्षक के पद पर पदोन्नत किया गया। उनके कार्यकाल में कार्यालयीन व्यवस्थाओं में अनुशासन, पारदर्शिता एवं समन्वय स्थापित हुआ। विदाई समारोह में अपर कलेक्टर मिथलेश डोंडे, संयुक्त कलेक्टर सीमा ठाकुर, डिप्टी कलेक्टर अरुण सोनकर, श्यामा पटेल, रजनी छड़ीमली सहित अजय त्रिवेदी, शिव सोनी व अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# मोर गांव मा पानी अभियान से बड़ा जनजागरण



### जिले में 4 हजार से अधिक सोखता गड्ढा एवं सौ से अधिक इंजेक्शन वेल का निर्माण

**महासमुंद** 08 जुलाई (देशबंधु)। कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के नेतृत्व में महासमुंद जिले में जल संरक्षण को लेकर मोर गांव मा पानी अभियान अंतर्गत एक महत्वपूर्ण पहल के रूप में सामने आ रही है। कलेक्टर के निर्देशों के अनुरूप जिले में जन भागीदारी और विभागीय समन्वय से जल संचय के लिए विशेष अभियान प्रारंभ किया गया है, जो अब मूर्त रूप ले रहा है। इस अभियान के तहत ग्राम पंचायत, नगर पंचायत, शिक्षा विभाग तथा महिला एवं बाल विकास विभाग के समन्वित प्रयासों से स्कूलों, आंगनवाड़ियों, पंचायत भवनों एवं अन्य सार्वजनिक स्थलों में जन सहयोग से सोखता गड्ढों का निर्माण किया जा रहा है। मोर गांव मा पानी अभियान का उद्देश्य सिर्फ जल संचय नहीं, बल्कि जन.जागरूकता और सामुदायिक सहभागिता को बढ़ाना भी है। सोखता गड्ढे न सिर्फ जल संरक्षण में सहायक हैं, बल्कि वे मिट्टी की नमी बनाए रखने, जल प्रवाह को नियंत्रित करने और आसपास के पर्यावरण को भी संतुलित बनाए रखने में सहायक होते हैं। अब तक जनभागीदारी से कुल 04 हजार से अधिक सोखता गड्ढों का निर्माण पूर्ण किया जा चुका है और तेजी से इस दिशा में कार्य किया जा रहा है। साथ ही 104 इंजेक्शन वेल के माध्यम से भूमिगत जल का पुनर्भरण किया जा रहा है। सोखता गड्ढों के निर्माण से स्थानीय स्तर पर जल संचयन संभव हो पाया है। सोखता गड्ढे वर्षा जल को जमीन में समाहित करने में मदद करते हैं, जिससे जल स्तर को बनाए रखने और भूजल संसाधनों को पुनर्जीवित करने में सहयोग मिलेगा। यह एक स्थायी समाधान की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।




# घटारानी और झरझरा जलप्रपात का मनोरम दृश्य बेहद खूबसूरत और मनमोहक हो गया है



**राजिम** 08 जुलाई (देशबंधु)। लगातार हो रही रुक रुक कर बारिश के कारण गरियाबंद जिले के जलप्रपातों की खूबसूरती भी बढ़ गई है। घटारानी, झरझरा और जटामाई जलप्रपात का मनोरम दृश्य बेहद खूबसूरत और मनमोहक हो गया है। इस बारिश के मौसम में यहां के प्राकृतिक जलप्रपात लोगों को अपनी ओर आकर्षित करते हैं।



इस जलप्रपात में नहाने और कूदने का अपना अलग ही मजा है। यहां पहाड़ के बीच जंगल की हरियाली काफी शांति प्रदान करती है। यहां पहुंचने वाले पर्यटक और श्रद्धालु माता के दर्शन करने के बाद जलप्रपात का आनंद लेते हैं। शनिवार और रविवार को छुट्टी होने के कारण यहां अच्छी भीड़ देखी गई।

# पेंशनधारी कल्याण संघ की बैठक में नए सदस्यों का सम्मान

**महासमुंद,** 8 जुलाई (देशबंधु)। छत्तीसगढ़ पेंशनधारी कल्याण संघ की मासिक बैठक विगत दिनों हुई। बैठक में नवीन सदस्यों का जिसमे चिंतामणी चंद्राकर प्रधान पाठक, एवम प्रदीप कुमार अग्रवाल स्टेट बैंक ऑफ़इंडिया का अंग वस्त्र, श्रीफल, सदस्यता सम्मान पत्र एवं पुष्प माला से स्वागत किया गया। इसी तरह प्रांतीय पेंशनर दिवस 2026 में महासमुंद जिले में आयोजित करने के लिए बी के चंद्राकर के प्रस्ताव पर सभी सदस्यों ने सहमति से आयोजन करने का निर्णय लिया गया है। जिसके लिए पूर्व में आयोजन समिति का गठन किया गया जा चुका है। समिति के संयोजक बंसीलाल चंद्राकर सहसंयोजक डॉ राम कुमार चंद्राकर एवं कोष प्रभारी बलराम ध्रुव द्वारा प्रति माह प्रति सदस्य 200 रू राशि संग्रहण की जानकारी दी गई। इस अवसर पर डा अशोक गिरि गोस्वामी जिलाध्यक्ष, के अलावा रघुनाथ सिन्हा, श्रीमती प्रभा पडा, के के हनुमंता, रामलाल साहू, के आर चंद्राकर, चिंतामणि चंद्राकर ,अशोक कुमार यादव ने भी विचार रखे। प्रत्येक वर्ष माह जून जुलाई में आयकर रिटर्न भरा जाता है, इस संबंध में स्टेट बैंक इंडिया मुख्य शाखा के प्रबंधक प्रवीण जैन द्वारा विस्तार से जानकारी देते हुए कहा कि धोखा गाड़ी से बचने के लिए किसी प्रकार से ओटीपी आने पर न बताये एवं लिंक को टच न करें। प्रत्येक खाताधारक को अपने खाते में उत्तराधिकारी का नाम अवश्य प्रविष्ट करना है की जानकारी दिया गया। सभी सदस्य रिटर्न अनिवार्य से जमा करें ताकि उनकी पेंशन में किसी प्रकार का प्रभाव न पड़े। पेंशनर भवन में सदस्यों की सहमति से गुप्त दानदाता के द्वारा शौचालय का निर्माण किया जा रहा है इसके संबंध में संघ के सचिव बी आर देवांगन द्वारा जानकारी दी गई। ब्यय अधिक होने के स्थिति मे सभी सदस्यों से आर्थिक सहयोग की अपील किया गया। पेंशनर भवन में विद्युत आपूर्ति को देखते हुए नए विद्युत मीटर लगाने का काम चालू है, पेंशन भवन में शीघ्र ही नए विद्युत मीटर लग जाएंगे। बैठक के अंत में दिवंगत पेंशनरों के लिए श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया जिसमें चंद्रलाल साहू सेवानिवृत्ति व्याख्याता को 2 मिनट का मौन रख करके श्रद्धांजलि दी गई, तथा पेंशनर संघ मे उनकी सेवाओं को याद किया गया। बैठक के अंत में जिला सचिव बैसाखू राम देवांगन ने उपस्थित सदस्यों को आभार व्यक्त किया। बैठक में रूपेश कुमार तिवारी मनराखन ध्रुव, बसंत कुमार चंद्राकर, एच आर साहू, डी आर देवांगन, मन्नू लाल साहू , दिनेश कुमार द्विवेदी, चमन लाल चंद्राकार, बैसाखूराम निर्मलकर, एस दीवान,भोजराम पटेल, डीसी राव भोसले, कांतिलाल यादव, भाव सिंह नेताम, बसंत साहू, राम कुमार साहू, भानु सूर्यवंशीए, दिनेश कुमार द्विवेदी, श्रीमती प्रभा पंडा, सनमान सिंह दीवान, अरुण कुमार बँसोर आदि उपस्थित थे।



# एक पेड़ मां के तहत जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने रोपे पौधे

**महासमुंद,** 8 जुलाई (देशबंधु)। भारत स्काउट गाइड संघ द्वारा प्रदेशव्यापी पौधरोपण अभियान के अंतर्गत सोमवार को महासमुंद जिले के स्काउट गाइड जिला प्रशिक्षण परिसर डीईओ कार्यालय में पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में एक पेड़ मां के नाम की भावना के साथ सभी उपस्थित जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों एवं स्काउट गाइड के सदस्यों ने बेल, नीम, कदंब के पौधे लगाए। इस अवसर पर छग राज्य बीज एवं कृषि विकास निगम के अध्यक्ष चंद्रहास चंद्राकर, भारत स्काउट गाइड संघ के जिला अध्यक्ष येतराम साहू, जिला हैंडबॉल संघ के अध्यक्ष प्रदीप चंद्राकर, नगरपालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी, कलेक्टर विनय लंगेह, जिला पंचायत सीईओ एस आलोक, राकेश चंद्राकर, आनंद साहू, जिला शिक्षा अधिकारी विजय लहरे, पूर्व डीईओ श्रीमती चंद्रसेन सहित स्काउट गाइड स्टाफ छात्र-छात्राएं एवं अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ बीज निगम के अध्यक्ष चंद्रहास चंद्राकर ने कहा कि वृक्षारोपण से न केवल पर्यावरण की सुरक्षा होती है, बल्कि यह हमारी अगली पीढ़ी को एक स्वच्छ और हरित वातावरण देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। प्रधानमंत्री का यह बहुत बड़ा अभियान है, जिसमें हर नागरिक की भागीदारी जरूरी है। हमें इसे जन आंदोलन का रूप देना है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए स्काउट गाइड संघ के जिला अध्यक्ष येतराम साहू ने कहा कि पेड़ लगाना ही पर्याप्त नहीं है, हमें पेड़ को संरक्षित करना और उसका पालन.पोषण भी करना चाहिए। जब पेड़ सुरक्षित रहेंगे तभी हमारा पर्यावरण संतुलित रहेगा। उन्होंने प्रधानमंत्री के पर्यावरण संरक्षण अभियान की सराहना करते हुए सभी से अधिक से अधिक वृक्षारोपण करने एवं उन्हें संरक्षित रखने का आह्वान किया। कलेक्टर विनय लंगेह ने भी वृक्षों के महत्व पर विचार रखते हुए कहा कि हमें विकास के साथ पर्यावरण की भी चिंता करनी चाहिए। अधिक से अधिक पौधे लगाकर उनके संरक्षण की जिम्मेदारी स्वयं लेनी होगी। साथ ही जल संरक्षण के लिए रेन वाटर रिचार्जिंग और घरों में सोखता गड्ढा बनाना आवश्यक है। पानी बचाकर ही हम आने वाले समय को सुरक्षित रख सकते हैं। कार्यक्रम के माध्यम से वृक्षारोपण एवं जल संरक्षण के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने का संदेश दिया गया। सभी प्रतिभागियों ने एक पेड़ मां के नाम से पौधे लगाकर उन्हें सुरक्षित रखने का संकल्प लिया।



# एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत सढ़ौली में कलेक्टर उइके ने किया पौधारोपण

**गरियाबंद,** 8 जुलाई (देशबन्धु)। जिले में पर्यावरण संरक्षण एवं प्रकृति की सुरक्षा की दिशा में प्रशासन की एक सकारात्मक पहल सामने आई है। सोमवार को एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत समूचे जिले में ब्लॉक स्तरीय वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस अभियान की शुरुआत गरियाबंद विकासखंड के ग्राम सढ़ौली से हुई, जहां कलेक्टर बी.एस. उइके सहित प्रशासनिक अमले ने सहभागिता की। 7 एकड़ भूमि में 2500 से अधिक फलदार और इमारती पौधे रोपे गए, जो आने वाले वर्षों में पर्यावरण संतुलन के साथ-साथ पोषण सुरक्षा में भी सहायक बनेंगे। अभियान में स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारी-कर्मचारियों ने भी बढ़चढ़कर हिस्सा लिया।



इस दौरान कलेक्टर बी.एस उइके ने उन्नत किस्म के आम का पौधरोपण किया। उन्होंने कहा कि यह वृक्ष केवल छांव या लकड़ी के स्रोत नहीं, बल्कि जीवनदायिनी शक्ति हैं। पौधे बड़े होकर कुपोषण से लड़ने में सहायक फलों का उत्पादन करेंगे। वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम में कलेक्टर बी.एस. उइके ने लोगों को पौधों का महत्व बताते हुए कहा कि अपने घरों में भी वृक्षारोपण करें और ग्रामीणों से यह भी कहा कि ब्लाक प्लान्टेशन को सहजने की जवाबदारी ग्रामीणों की होगी। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ जी.आर. मरकाम, अपर कलेक्टर नवीन भगत, एसडीएम श्रीमती ऋिषा ठाकुर, डीपीओ अशोक पाण्डेय, उप संचालक समाज कल्याण डीपी ठाकुर, उप संचालक ओपी. देशमुख, महाप्रबंधक उद्योग दीनबंधु ध्रुव, एलडीएम मो. मोफिज, मुख्य कार्यपालन अधिकारी अंत्यावसायी सुश्री रश्मि गुप्ता एवं अन्य अधिकारी-कर्मचारी सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

# मंदिर महासंघ के अध्यक्ष बने दाऊलाल

■ सनातन और धार्मिक चेतना को विस्तार की संकल्पना में मंदिर महासंघ का गठन



**महासमुंद,** 8 जुलाई (देशबंधु)। जिले के धार्मिक और सांस्कृतिक जीवन में रविवार का दिन एक मील का पत्थर बन गया। जिले के विभिन्न मंदिर ट्रस्टों और प्रबंधन समितियों के पदाधिकारियों की ऐतिहासिक बैठक श्री चंडी माता मंदिर घुचापाली के पवित्र प्रांगण में संपन्न हुई। बैठक में मंदिर महासंघ की स्थापना कर जिले के समस्त मंदिरों के ट्रस्ट और समितियों को एक साझा मंच पर लाने का संकल्प लिया गया। बैठक की शुरुआत मां चंडी की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन और वैदिक मंत्रोच्चार से हुई। इस अवसर पर श्री चंडी माता मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष लालचंद जैन ने अतिथियों का स्वागत करते हुए चंडी धाम के इतिहास और सेवाभाव की परंपरा का परिचय कराया। बैठक के सूत्रधार और विचार प्रस्तावक डॉ नीरज गजेंद्र ने मंदिरों के बदलते स्वरूप और सामाजिक जिम्मेदारियों पर सारगर्भित उद्बोधन दिया। उन्होंने कहा कि मंदिर केवल पूजा स्थल नहीं हैं, वे सांस्कृतिक चेतना, सेवा और सामूहिक ऊर्जा के केंद्र हैं। हमें इन्हें परंपरा के साथ आधुनिकता से भी जोड़ना होगा उन्होंने हाल ही में तिरुपति में आयोजित अंतरराष्ट्रीय मंदिर सम्मेलन में प्राप्त अनुभव साझा करते हुए कहा कि हमें मंदिरों को आधुनिक तकनीकए पारदर्शी प्रबंधन और सामाजिक सहभागिता के केंद्र में लाना होगा, जिससे अगली पीढ़ी को भी मंदिरों से भावनात्मक और सांस्कृतिक जुड़ाव प्राप्त हो। सिरपुर के प्राचीन गंधेश्वर मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष दाऊलाल चंद्राकर ;जिन्हें मंदिर महासंघ संयोजक मंडल का अध्यक्ष चुना गया ने कहा कि यह मंच किसी हस्तक्षेप के लिए नहीं है। यह मंच किसी एक संगठन का नहीं है। यह मंच हम सबका है। हर ट्रस्ट, हर समिति, हर सेवक और हर श्रद्धालु का है। यह एक अवसर है, जहां हम विचार करें कि कैसे हमारे मंदिर बेहतर संचालित हों, कैसे श्रद्धालुओं को सुविधा, सुरक्षा और शांति मिले और कैसे हम अपनी अगली पीढ़ी को मंदिरों से जोड़ें सकें। बैठक का संचालन दानवीर शर्मा ने किया। जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए मंदिर प्रतिनिधियों आनंद गोयल, सुवर्धन प्रधान, सेवा शंकर अग्रवाल, ईश्वर सिन्हा, राहुल श्रीवास, विजय शर्मा, हरीश देवांगन, विनोद दीवान आदि ने खुलकर अपने विचार और सुझाव रखे। सभी ने सहमति जताई कि अब समय है कि मंदिरों के संरक्षण, सुविधा विस्तार, सांस्कृतिक आयोजन, और सेवा कार्यों को समन्वय के साथ आगे बढ़ाया जाए। समारोह के अंत में आभार प्रदर्शन करते हुए श्री चंडी माता मंदिर ट्रस्ट के कार्यकारी अध्यक्ष नंदकिशोर चंद्राकर ने आयोजन संस्था की ओर से सभी प्रतिनिधियों को श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया। तय किया गया कि महासंघ की अगली बैठक सराईपाली में आयोजित होगी, जिसमें पूर्ण कार्यकारिणी का गठन किया जाएगा।बैठक में चंद्रकांत भोई, संदीप सिन्हा, अनुभा सिंह, ज्ञानचंद, दीपक चंद्राकर, सुखीराम हिरवानी, मोहन वर्मा, अजय अग्रवाल, विष्णु सिन्हा, इंद्रजीत सलूजा, खोम सिन्हा, रोशन पटेल, पीयुष अग्रवाल, थनवार यादव, पोखराज साहू, पुरुषोत्तम ओझा, मोहित साहू, रामजी तिवारी, रमेश चंद्राकर, ऋषिकेश शुक्ला, सुरेश चंद्राकर, चोवाराम साहू, लक्ष्मी चंद्राकर, सोनू चंद्राकर, घनश्याम पटेल, मूलचंद कोचर, लोकेश दीवान और खोरबाहरा साहू समेत अनेक पदाधिकारी विशेष रूप से मौजूद रहे। बैठक में मंदिर महासंघ की जिला स्तरीय संचालन समिति का गठन किया गया, जिसमें गंधेश्वर मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष दाऊलाल चंद्राकर को सर्वसम्मति से अध्यक्ष चुना गया। समिति में डॉ नीरज गजेंद्र, लालचंद जैन, दानवीर शर्मा, ईश्वर सिन्हा, आनंद गोयल, सेवा शंकर अग्रवाल, टेकलाल डड़सेना, सुरेंद्र सलूजा, गोपाल शर्मा, सुरेश चंद्राकर, तोषराम साहू, विजय शर्मा निरंजन अग्रवाल, थानसिंग, रमेश भोई सहित कई पदाधिकारी संस्थापक सदस्य बनाए गए।

# ओमेश्ववरी साहू के नेतृत्व में सोनपुर का हो रहा सर्वांगींण विकास,सीसी रोड का किया भूमिपूजन

**बिलाईगढ** 8 जुलाई (देशबंधु)। विधानसभा बिलाईगढ अंतर्गत वनाँचल ग्राम सोनपुर में जब से ओमेश्वरी साहू निर्वाचित होकर आई है ग्राम के विकास में अपना भरपूर सहयोग प्रदान कर रही है।

ग्रामीण छन्नू साहू ने बताया कि ग्राम सरपंच ओमेश्वरी साहू प्रचंड मतों से विजयी होकर सरपंच के पद पर निर्वाचित हुई है तबसे लगातार ग्राम विकास में लगातार सक्रियता के साथ कार्य कर रही है।

ग्रामीण मन्नू साहू ने बताया कि सरपंच जी ने निर्वाचित होने उपरांत सर्वप्रथम प्रत्येक गरीब व्यक्तियों का राशन कार्ड बनाते हुए उन्हें निशुल्क राशन वितरण दिलाने में अपनी महती भूमिका निभाई। साथ ही वृद्ध जनों का सैकड़ों कि संख्या में पेंशन बनवाकर उन्हें शाशन कि योजनाओं का लाभ दिलाया।

ग्रामीण लोकेन्द्र साहू ने बताया कि गाँव में चहुँ ओर घनघोर अंधेरा था सरपंच ने गाँव में प्रत्येक बिजली खम्बों पर स्ट्रीट लाईट लगाते हुए रात्रि में प्रकाशमय ग्राम बनाने कि दिशा में महत्वपूर्ण कार्य किया।



साथ ही गर्मियों में पेयजल कि भीषण व विराट समस्याओं को देखते गाँव में लगातार बोर खनन कर शुद्ध पेयजल कि तत्काल व्यवस्था करते हुए गाँव में पेयजल कि समस्या का समाधान किया।

अब भारी बरसात में भी किचड़ से सराबोर गलियों को सीसी रोड में तब्दील करने उन्होंने गाँव के चार मुख्य सड़को को सीसी रोड करने भूमिपूजन किया।

भूमिपूजन के अवसर पर सरपंच ओमेश्वरी साहू ने मिडिया को बताया कि सरपंच के रुप जबसे निर्वाचित होकर आई हूँ जनता के अपेक्षाओं कि. पूर्ति करने सदैव तत्परता के साथ खड़े रहने का प्रयास करती हुँ। शाशकीय योजनाओं का लाभ दिलाने जैसे राशन, पेंशन कार्ड बनवाने मै पूरी तरह से तन्मयता के साथ खदे रहने का प्रयास करती हुँ। मेरे विचार से ये जनता का अधिकार है जिसे मैं एक माध्यम बनकर उन तक पहुंचाने का कार्य करती हुँ।

मिडिया प्रभारी सोनाखान प्रमोद कुमार साहू ने बताया सरपंच ओमेश्वरी साहू काफ़ी सक्रिय, समझदार व पढ़ी लिखी शिक्षित महिला है वह सरपंच के दायित्व को अच्छी तरह से समझती है और ग्राम विकास के क्षेत्र में जनता के मुलभुत समस्याओं जैसे पानी, बिजली, सड़क निर्माण में अपना शत् प्रतिशत देने का प्रयास करती है।

उक्त अवसर पर सरपंच ओमेश्वरी साहू,, क्षेत्र के जनपद सदस्य व सभापति देव सिँह यादव,उपसरपंच रेखा हरिचंद पटेल,जेठूराम निषाद, मोहन लाल साहू, छन्नू साहू, मन्नू साहू, लोकेन्द्र साहू, खेमनाथ साहू सहित ग्राम सोनपुर के पंच गण एवं ग्रामीण जन उपस्थित रहें..।

# कलेक्टर ने किया दफ्तरों का औचक निरीक्षण, कई गैरहाजिर मिले

**गरियाबंद,** 8 जुलाई (देशबन्धु)। कलेक्टर बी.एस. उइके ने सोमवार को संयुक्त जिला कार्यालय परिसर में स्थित कई विभागों का अचानक निरीक्षण किया। उन्होंने भूतल और प्रथम तल पर मौजूद सहायक आयुक्त कार्यालय, खाद्य शाखा, खनिज, रेशम, सांख्यिकी, उद्यानिकी, महिला एवं बाल विकास, आबकारी, शिक्षा, निर्वाचन, समग्र शिक्षा, श्रम, व्यापार एवं उद्योग, समाज कल्याण, स्थापना, नाजिर शाखा, जनसंपर्क, खेल, राजस्व, आवक-जावक, जिला कोषालय और भू-अभिलेख शाखा का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने कर्मचारियों की उपस्थिति, रिकॉर्ड संधारण और कार्यालय की व्यवस्थाओं की जानकारी ली। उन्होंने साफ-सफाई की स्थिति भी देखी।



मौके पर मौजूद अधिकारियों और कर्मचारियों को समय पर कार्यालय पहुंचने और सरकारी जिम्मेदारियों को निभाने के निर्देश दिए। परिसर को स्वच्छ रखने को भी कहा। निरीक्षण में कुछ अधिकारी और कर्मचारी बिना सूचना के अनुपस्थित मिले। इस पर कलेक्टर ने नाराजगी जताई। इस दौरान अपर कलेक्टर अरविंद पाण्डेय, नवीन भगत, पंकज डाहिरे और जिला शिक्षा अधिकारी ए.के. सारस्वत सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# माध्यमिक शाला अमाली में प्रवेशोत्सव स्कूल तिहार मनाया



**नगरी,** 8 जुलाई (देशबन्धु)। माध्यमिक शाला अमाली में शॉला प्रवेश उत्सव एवं एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसके मुख्य अतिथि धन सिंह साहू ग्राम व्यवस्था समिति थे, अध्यक्षता रेखा कोसरे अध्यक्ष शाला विकास समिति ने की, जबकि विशिष्ट अतिथि हीरोंदी बाई सरपंच, जीत बाई सेन उपसरपंच, बिसाहू राम साहू, कन्हैया लाल देवांगन, रोहिणी सेन, मुकेश साहू उपस्थित थे जिन्होंने ने बच्चों को टीका लगाकर, मीठा खिलाया।स्वागत पश्चात बच्चों को शाला की ओर से पेन, कापी, पानी बाटल वितरण किया गया। अतिथियों ने बच्चों को शिक्षा के महत्व को बताते हुए प्रति दिन शाला आने एवं लगन से मेहनत करने की बात कही।प्रधान पाठक हर्ष लता साहू ने विगत वर्ष विभिन्न परीक्षाओं में सफलता प्राप्त किए बच्चों को बधाई दी, सभी बच्चोंस मन लगाकर पढ़ाई करने की अपील की ताकि प्रतियोगी परीक्षाओं में बच्चे सफल हो सकें। इस अवसर पर संकुल केंद्र अमाली समन्वयक सुरेंद्र लोनहारे, शिक्षक लक्ष्मी साहू, सतरूपा नाग, श्वेता गौर, प्रधान पाठक प्राथमिक गंगा नवरंग एवं आस बाई उपस्थित रहे। अतिथियों सहित पलकों ने शाला परिसर में एक पेड़ मां के नाम योजना के तहत पौधा रोपण किया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक चंद्रकुमारी ने किया ।

# मानस संघ के वार्षिक सम्मेलन में आरंग शक्ति केन्द्र का सम्मान

**आरंग,** 8 जुलाई (देशबन्धु)। मां कौशल्या जिला मानस संघ रायपुर का 19वां वार्षिक सम्मेलन खिलोरा मानस शक्ति केंद्र के अंतर्गत ग्राम भटगांव में मनाया गया जिसमें सभी पदाधिकारियों के द्वारा प्रथम भगवान श्री राम के छायाचित्र पर पुष्प बंदन चंदन पूजा पाठ मन्त्रोचार कर मंच प्रारंभ किया जिसमें राजा मोरध्वज मानस शक्ति केंद्र आरंग के पदाधिकारी एवं सदस्य गण सीताराम यादव मानस लोधी अशोक साहू हीरालाल साहू संतोषलाला लोधी भुवन साहू अवध विश्वकर्मा देवशरण साहू लक्ष्मीनाथ साहू उदय राम साहू ओंकार विश्वकर्मा लोकेश मिर्धा का भटगांव के मानस मंच पर जिला मानस संघ के पदाधिकारी द्वारा श्रीफल एवं राम नाम गमछा फूल माला चंदन बन्दन लगाकर सम्मान किया मंच पर शक्ति केंद्र आरंग के सदस्यों ने आह्वान किया कि श्री राम चरित्र मानस हम सबको जीवन जीने की कला सिखाती है रामायण समाज का दर्पण है सत्संग से सदैव जीवन सुधरता और संवरता है यह संदेश श्री राम चरित मानस से मिलता है तथा एकता के सूत्र में हम सबको रहकर श्रीराम के आदर्शों का पालन करेंगे, यह संकल्प शक्ति केन्द्र के पदाधिकारियों द्वारा लिया गया।



# भारत स्काउट्स एवं गाइड्स जिला संघ ने किया वृक्षारोपण

**धमतरी,** 8 जुलाई (देशबन्धु)। भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ के राज्य मुख्य आयुक्त डॉ. सोमनाथ यादव व राज्य सचिव के निर्देशन, टी.आर. जगदल्ले जिला शिक्षा अधिकारी एवं पदेन जिला आयुक्त धमतरी के आदेशानुसार, चेतन हिन्दूजा के मार्गदर्शन व डी.के. साहू जिला सचिव के नेतृत्व में जिला स्तरीय वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन स्थान रुद्री नहर के पास किया गया। कार्यक्रम का थीम एक पेड़ मां के नाम पर रखा गया। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में जिला के विभिन्न विद्यालयों के स्काउट्स-गाइड्स, रोवर-रेंजर्स, स्काउटर-गाइडर शामिल हुए।

चेतन हिंदुजा जिला मुख्य आयुक्त ने बताया कि एक स्काउट आजीवन स्काउट होता है। स्काउट विश्वसनीय वफादार एवं प्रकृति प्रेमी होता है तथा स्काउट मन, वचन व कर्म से शुद्ध होता है। आज हम वृक्षारोपण कर न केवल प्रकृति की रक्षा कर रहे हैं बल्कि हम अपने आने वाले नई परियों को बेहतर वातावरण उपलब्ध कराने का एक प्रयास कर रहे हैं। डोलेश्वरी साहू उपाध्यक्ष ने बच्चों को जलवायु परिवर्तन, भीषण गर्मी से बचने वृक्षारोपण कर संरक्षण करने प्रेरित किया।




विनोद पांडे पूर्व जिला अध्यक्ष ने अपने संदेश में कहा कि एक ओर जहां संपूर्ण समाज विकास की दौड़ में अग्रसर होते जा रहे हैं तो वही दूसरी ओर प्रकृति प्रेम से विमुख होते जा रहे हैं। आज स्काउटिंग के माध्यम से बच्चों को सेवाभाव एवं प्रकृति से जोड़ना समाज के लिए सबसे बड़ा योगदान है।

इस अवसर पर विनोद पांडे, उपाध्यक्ष डोलेश्वरी साहू, जिला संगठन आयुक्त स्काउट नेम लाल गंगेले, जिला संगठन आयुक्त गाइड हीना भेंसले, रेंजर लीडर योगिता कंवर, गाइडर ललिता साहू, स्काउटर दीनानाथ पांडे, रोवर कुणाल ठाकुर, सर्वोदय इंग्लिश स्कूल से गाइड वर्षा देवांगन, महिमा साहू, दिव्यांका सोनकर आदि उपस्थित रही।

# एक पेड़ मां के नाम तो लाखों टूंट किसके नाम, शासन की मंशा समझ से परे

**सिमगा** , 8 जुलाई (देशबन्धु)बताते चलें कि एक ओर शासन पर्यावरण संरक्षण हेतु एक पेड़ मां के नाम से पूरे प्रदेश में अभियान चला रही है । परंतु वहीं दूसरी ओर संयंत्र स्थापना हेतु लाखों वृक्षों की बली चढ़ाई जा रही है । जिस ओर शासन न देख रही है न कुछ बोल रही है और न ही कुछ सुन रहीं हैं । ग्रामीणों ने कहा कि शासन पर्यावरण संरक्षण हेतु करोड़ों रुपए खर्च करती है लेकिन पर्यावरण को नुकसान पहुंचाने वाले संयंत्रो की स्थापना लगातार हो रही है । इस संबंध मे शासन का दोहरा चरित्र उजागर हो गया है । शासन कहती कुछ और है और करती कुछ और है । इसका यह जीता जागता प्रमाण है । ग्राम केसदा में स्थापित होने वाले संयंत्र संभव प्राईवेट लिमिटेड कंपनी के स्थापना हेतु पर्यावरणीय जनसुनवाई के पूर्व लाखों वृक्षों की बली चढ़ाई गई । अब लाखों वृक्षों के टूंट ही दिखाई दे रहे हैं। लेकिन पर्यावरण जनसुनवाई में पहुंचे अधिकारियों को वृक्षों के टूंट दिखाई नहीं दिए । उल्लेखनीय है कि सिमगा ब्लॉक के अंतर्गत कई ग्रामों में संयंत्रो के जनसुनवाई में ग्रामीणों ने अपना खड़ा विरोध जताया था । उसके बावजूद भी उन संयंत्रो को पर्यावरण विभाग से आसानी से संयंत्र स्थापना हेतु एन ओ सी मिलना और संयंत्र स्थापना के कार्य लगातार होना संयंत्र संचालकों से पर्यावरण एवं जनसुनवाई अधिकारी की मिलीभगत को साफ साफ दर्शाता है कि लाखों रूपए घूस लेकर कैसे उन्हें आसानी से एनओसी प्रदान किया गया ।



अधिकारियों को ग्रामीणों की समस्याओं से कोई सरोकार नहीं है । उन्हें क्या पता कि ग्रामीणों के लिए खेती क्या महत्व है खेती उनके जीविकोपार्जन का मुख्य साधन है । परंतु लगातार हो रहे संयंत्र स्थापना से किसानो के जीविकोपार्जन मुख्य साधन खतरें में पड़ता जा रहा है । एक के बाद एक संयंत्र प्रारंभ होते जायेंगे वैसे वैसे इसका दुष्प्रभाव खेती के साथ ही आम जनमानस पर भी पड़ेगा । नौकरशाहों एवं कुछ दलालों लोगों के कारण आगे आने वाले समय में सिमगा क्षेत्र के लोगों को काले धुएं के साए में जीवन व्यतीत करना होगा ।

## भारतीय सेना कैरियर मार्गदर्शन कार्यक्रम का आयोजन आज

बलौदाबाजार, 8 जुलाई (देशबन्धु)। सेना भर्ती कार्यालय रायपुर द्वारा 9 जुलाई 2025 को डी. के. महाविद्यालय बलौदाबाजार में कैरियर मार्गदर्शन का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम अपरान्ह 12:30 से 1:30 बजे तक होगा जिसमें सेना भर्ती कार्यालय के अधिकारियों के द्वारा कैरियर मार्गदर्शन दिया जाएगा।



# 34 लाख कार्डधारी राशन पात्रता से वंचित, ई-केवाईसी की समय सीमा बढ़ाये सरकार -विनोद सचदेव

◆ नियमों की जटिलता में उलझाकर,गरीबों का राशन बंद,ई-केवाईसी की समय सीमा बढ़ाये सरकार

**कुरुद** 8 जुलाई (देशबन्धु)। आम आदमी पार्टी के धमतरी जिलाध्यक्ष विनोद सचदेव ने कहा है कि राज्य शासन द्वारा राशन कार्ड धारी को ईकेवाईसी करवाने की समुचित सुविधा उपलब्ध नहीं कराई गई जिस कारण राज्य के लगभग 34 लाख राशन कार्डधारियों को अब राशन नहीं मिल पाएगा। प्रदेश के 34 लाख से ज्यादा लोगों का राशन कार्ड अब ऑनलाइन सिस्टम में ऑटोमेटिक ब्लॉक हो गया है, क्योंकि केंद्र सरकार ने उचित मूल्य की दुकानों के कार्ड सदस्यों को ऑनलाइन ई-केवाईसी कराने के लिए 30 जून तक अंतिम समय दिया था। अब तक इसको आगे बढ़ाने संबंधित कोई नया आदेश जारी नहीं किया गया है जिससे लाखों सदस्यों को परेशानी का सामना करना पड़ा। ई-केवाईसी की समय सीमा सरकार को बढ़ानी चाहिए ताकि जिन्हें अपात्र किया गया है वे अपना सत्यापन करवा सकें। प्रदेश में 81 लाख 63 हजार 666 राशन कार्ड जारी किए गए हैं। इनमें पंजीकृत सदस्यों की संख्या 2 करोड़ 73 लाख 61 हजार 287 है। अब केवाईसी नहीं कराने वाले लोगों को अपात्र मान लिया जाएगा। इस तरह उनका नाम भी ऑनलाइन सिस्टम में ब्लॉक कर दिया जाएगा। डिजिटल सत्यापन के लिए आधार से जुड़े मोबाइल नंबर के माध्यम से डिजिटल सत्यापन किया जाना था। इस प्रणाली के माध्यम से यह तय किया जाता है कि लाभार्थी वास्तविक, जीवित है या फिर पात्र है कि नहीं। इसके जरिए फर्जी, मृत और दोहरे राशन कार्ड धारकों की पहचान कर उन्हें सूची से बाहर किया जा सकता है।

34 लाख लोगों का जो सत्यापन नहीं हो पाया उसके लिए यह सरकार जिम्मेदार है मोर दुआर-साय सरकार महाभियान का ढ़ोल पीटने वाली राज्य सरकार ने एकवसी के लिए घर पहुँच सेवा क्यों उपलब्ध नहीं कराई जबकि सरकार को पता है कि आम ग्राम वासी अपने रोजगार के कार्यों में व्यस्त रहतें हैं और ज्यादातर ग्रामीण इलाकों में आज भी ऑनलाइन केवाइसी कि सुविधा नहीं है और ना ही आम जान इतना जानकर है कि वो अपने मोबाइल से स्वयं सत्यापन कर ले। इसमे पूरी तरह सरकार की उदासीनता है जिसका परिणाम आज प्रदेश की आम जनता भुगत रही है।

### राजधानी रायपुर से लगे अनेक जगहों पर

नान गोदामों से राशन दुकानों तक चावल की सप्लाई नहीं होने की वजह से कुछ दिनों से सैकड़ों से ज्यादा राशन दुकानों में ताला लगा हुआ है। रायपुर में ही कुल 4 एजेंसियों को गोदामों से राशन पहुंचाने का काम मिला हुआ है। पर्याप्त गाड़ियां नहीं होने की वजह से लगातार शिकायतें आ रहीं हैं। शासकीय उचित मूल्य दुकान गोदामों में अनाज, दुकानों तक नहीं पहुंचा पा रहे। नान गोदामों में अगर पहले से ही पर्याप्त भंडार था तो जब तीन माह का चावल एक साथ देने का आदेश हुआ तब चावल पहुँचाने तैयारियां क्यों नहीं की गयीं। क्योंकि गोदामों से राशन दुकानों तक चावल की सप्लाई नहीं होना दुकानें बंद होने की मुख्य वजह बताई जा रही है। इसके बावजूद एजेंसियों पर कार्रवाई नहीं की जा रही है। सरकार ने चावल सप्लाई का काम एक ही एजेंसी को वर्षों से दिया हुआ है। निश्चित ही इसमें अधिकारियों की मिलीभगत लग रही है, शासन को ऐसे अधिकारियों पर कार्यवाही करना चाहिए। सरकार ने -POS उपकरणों, मोबाइल एप्प आदि माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में e-KYC अभियान क्यों नहीं चलाया, आम जनता तक समय पर जानकारी नहीं पहुंचाई गयी, ना-पहुँच वाले क्षेत्रों में विशेष अभियान क्यों नहीं आयोजित किया गया, समय रहते सर्वे, ऑन-साइट व मोबाइल सहायता क्यों नहीं दी गयी 7 स्पष्ट है कि राज्य सरकार ने इन कदमों को पर्याप्त रूप से नहीं उठाया जिस कारण लाखों लोग अपात्र रह गए और जिन्हें सरकारी राशन जैसी मूलभूत सुविधा से वंचित होना पड़ा।

# बरसाती सीजन में रहना है फिट तो इस मौसमी सब्जी को जरूर खा लें

◆ कई बीमारियों से करेगी बचत : धीरेंद्र कुमार वर्मा



**खरोरा** 8 जुलाई (देशबन्धु)। बदलते मौसम में कई तरह के फल और सब्जियां मार्केट में आने लगती हैं। इनका सेवन करना हमारे स्वास्थ्य के लिए बहुत ही फायदेमंद होता है। ऐसे ही पोषक तत्वों से भरपूर कंटोला खेखसी नामक एक सब्जी है जिसे खेखसी के नाम से भी जाना जाता है।यह एक मौसमी सब्जी है। ये अक्सर मानसून के मौसम में मिलती है। ये मूल रूप से दक्षिण एशियाई देशों में खाई जाने वाली सब्जी है। भारत में मुख्य रूप से छत्तीसगढ़,कर्नाटक, पश्चिम बंगाल और अन्य कई जगहों पर इसकी उपज होती है। कंटोला से कई तरह की सब्जियां बनाई जाती है। छत्तीसगढ़ में खेखसी के नाम से जाना जाता है। वैसे तो कंटोला (खेखसी) बहुत फेमस सब्जी नहीं है, लेकिन इसे खाने से कई तरह से स्वास्थ्य लाभ मिलते हैं, जिन्हें जानकर आप भी इसे अपनी डाइट प्लान का हिस्सा जरूर बनाएंगे। बाजारों 200-250 रुपये किलो में बिकता है खेखसी सब्जी से मिलने वाले स्वास्थ्य लाभ के बारे में धीरेंद्र कुमार वर्मा बताते है कि कंटोला (खेखसी) में फ्लेवोनॉयड और फेनोलिक मिनरल के साथ एंटी ऑक्सीडेंट भी पाया जाता है। यह हमारे शरीर की कोशिकाओं को ऑक्सीडेटिव तनाव से मुक्ति दिलाता है और फ्री रेडिकल्स से होने वाले नुकसान से बचाता है खेखसी में मौजूद पोषक तत्व हमारे शरीर में ब्लड शुगर लेवल को मेंटेन बनाए रखने में मदद करतें हैंद्य खेखसी विटामिन ए, विटामिन सी, फाइबर, कैल्शियम, आयरन, पोटेशियम जैसे खनिज पोषक तत्वों से भरपूर होता है। ये पोषक तत्व इम्यून सिस्टम को मजबूत बनाकर हमारे स्वास्थ्य को लाभ पहुंचाने का काम करते हैं।विटामिन सी से भरपूर खेखसी सब्जी हमारे शरीर में रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाने वाली होती है। इसका कारण है कि विटामिन सी किसी भी इंफेक्शन और बीमारियों से लड़ने में सहायक होता है।

## विद्या मंदिर शिक्षण समिति के अध्यक्ष धन्नू साहू शाला प्रवेश उत्सव मै शामिल हुआ



**पलारी** 8 जुलाई (देशबन्धु) विद्या मंदिर प्राथमिक शाला ग्राम रेंगाडीह में प्रवेश उत्सव हर्षो उल्लास के साथ मनाया गया, कार्यक्रम की शुरुआत माता सरस्वती की पूजा अर्चना कर किया गया बच्चो के द्वारा कविता गीत प्रस्तुत किये गए तथा कुर्सी दौड़ बच्चो को खेल खेलाए गए फिर सभी बच्चो का गुलाल चंदन के साथ स्वागत कर गणवेश वितरण किया गया बच्चो को पढ़ाई, स्वस्थ एवं साफ सफाई के बारे में बताया गया फिर भोजन के पहले सभी बच्चो का साबुन से हाँथ धुलवाकर फिर अंतिम रूप में बच्चों को कतार में बिठा कर मीठी भोजन खीर पूरी चावल दाल सब्जी वितरण किया गया भोजन मंत्र उपरांत बच्चो ने भोजन प्राप्त किया। इस कार्यक्रम में सरपंच तिरिथ रात्रे, पंचायत सचिव मुकेश कुमार निर्मलकर, विद्या मंदिर शिक्षण समिति के सदस्य भागवत प्रसाद साहू खोमेश्वर साहू अशोक साहू मालिक राम साहू धर्मेंद्र साहू सुरेश साहू हेमनाथ साहू चंद राम साहू प्रजापति साहू कपिल साहू एवं विद्यामंदिर प्राथमिक शाला के शिक्षक जालंधर साहू रेशम साहू भूपेंद्र साहू लोकनाथ रात्रे आदि उपस्थित थे।

# डोंगरीपाली के गरीब मजदूरों ने एसडीएम से मुलाकात कर बेदखली की कार्रवाई नहीं करने की मांग की



**बागबाहरा**, 8 जुलाई (देशबन्धु)। बागबाहरा विकासखंड के अंतर्गत ग्राम पंचायत मोंगरापाली-रेवा के आश्रित ग्राम डोंगरीपाली के 12 गरीब मजदूर परिवारों ने घाँस जमीन में बने मकानों को नहीं तोड़े जाने की मांग आज मंगलवार को अनुविभागीय दंडाधिकारी उमेश कुमार साहू से मुलाक़ात कर किया है। ताकि हम गरीब मजदूर परिवार इस मकान में निवासरत बना रहे।

कोमाखान तहसील के राजस्व निरीक्षक मंडल मुनगासेर के पटवारी हलका नंबर 05 के ग्राम डोंगरीपाली-मोंगरापाली गरीब मजदूर ताराचंद, कुमारी बाई, युवराज दीवान, हेमबाई, मनोज कुमार, तेजराम जोगी, नेतराम, श्यामलाल, भीगराम, गजानंद सेवई, देवराज जोगी, दिनेश कुमार, उदेराम, राकेश कुमार, खान सिंग, धरमराज एवं बृजलाल आदि ने बताया कि हम 12 परिवार के लोग गांव के शासकीय भूमि पर गत 5 सालों से रोजी मजदूरी कर छोटे-छोटे घर बनाकर परिवार समेत रह रहे हैं। घर बनाते समय गांव वाले एवं पंचायत वालों को किसी प्रकार की कोई आपत्ति नहीं हुई। परन्तु 2 वर्ष के बाद कुछ लोगों के द्वारा हम लोगों को हमारे घर से बेदखल कराने के लिए कोमाखान तहसील कार्यालय में शिकायत की गई है। जहाँ हम लोगों से राजस्व विभाग ने 4-5 हजार रुपए की जुर्माना सभी लोगों से की गई है। जिसका रसीद हम लोगों के पास उपलब्ध है। ग्राम पंचायत के जिम्मेदार लोगों द्वारा बेदखली करने हमें डराया धमकाया जा रहा है। पहले सरपंच द्वारा हमें अन्य जगह पर व्यवस्थापन करने की बात कर रहे थे। परन्तु अब वे हम लोगों की समस्या से पीछे हट रहे हैं। जिससे भरी बरसात के समय हम गरीब मजदूर परिवार दर दर की ठोकरें खाने को मजबूर हो जाएंगे। जबकि गांव के अंदर हम लोगों को आवास के लिए पर्याप्त जगह नहीं होने के कारण निस्तारी करने में परेशानी हो रही थी। जिसके चलते गांव के शासकीय घास भूमि पर मकान बनाकर अपना जीवन यापन कर रहे हैं। यहां पर वर्तमान में कोई बड़े पेड़ पौधा युक्त जंगल नहीं है। और न ही हम लोगों के द्वारा किसी प्रकार की पेड़ पौधों की कटाई की गई है। डोंगरीपाली-मोंगरापाली के 12 गरीब मजदूर परिवारों ने आज मंगलवार को बागबाहरा के अनुविभागीय दंडाधिकारी उमेश कुमार साहू को लिखित में आवेदन पत्र देकर उनसे मुलाक़ात कर बेदखली की कार्रवाई नहीं किए जाने की मांग की है। ताकि उस मकान मे हम लोग निवासरत बना रहे। एसडीएम से मुलाक़ात के दौरान बहुजन समाज पार्टी एवं सतनामी समाज के कद्दावर नेता चिंताराम साय एवं ग्राम पंचायत हरनादादर के सरपंच प्रतिनिधि हीरा दास टंडन मौजूद थे।

# चंगोरी पुरी धाम कबीर आश्रम सत्संग सेड निर्माण भूमि पूजन कार्यक्रम मे शामिल हुए विधायक संदीप साहू



**लवन** 8 जुलाई (देशबन्धु)। क्षेत्र अंतर्गत स्थित चंगोरी पुरी धाम कबीर आश्रम में प्रस्तावित सत्संग सेट निर्माण कार्य हेतु मंगलवार को भूमि पूजन समारोह का आयोजन भव्य रूप से किया गया। इस शुभ अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्रीय विधायक संदीप साहू विशेष रूप से उपस्थित रहे और विधिवत पूजा-अर्चना कर भूमि पूजन संपन्न कराया।इस कार्यक्रम में समाज के सैकड़ों श्रद्धालु, ग्रामीणजन और कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित हुए। भूमि पूजन कार्यक्रम के दौरान आध्यात्मिक वातावरण के बीच सत्संग, भजन-कीर्तन एवं कबीरवाणी का पाठ भी किया गया। विधायक संदीप साहू ने अपने संबोधन में कहा कि कबीर दर्शन आज के समाज के लिए अत्यंत प्रासंगिक है और इस प्रकार के आश्रम समाज को एकता भाईचारा और सत्य के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देते हैं। उन्होंने आश्वासन दिया कि इस धार्मिक स्थल के विकास के लिए हर संभव सहयोग दिया जाएगा।

इस अवसर पर ग्रामवासियों में विशेष उत्साह देखने को मिला आयोजन समिति ने सभी आगंतुकों का आभार व्यक्त करते हुए इसे कबीर परंपरा के प्रचार-प्रसार की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया कार्यक्रम में ब्लॉक अध्यक्ष गुरु दयाल यादव, सतीश पाण्डेय, अजय ताम्रकार, कोमल वर्मा, अजय बार्वे सहित अनेक गणमान्यजन एवं सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर आश्रम के सत्संग सेट निर्माण की प्रक्रिया में सहयोग का संकल्प लिया।

## अवैध शराब पहुचाने के कारोबार कानून की अवहेलना



**सिमगा** 8 जुलाई (देशबन्धु)। देशी एवं विदेशी शराब दुकान से खुलेआम कोचियों बड़ी मात्रा में अवैध रूप से शराब कराया जा रहा है उपलब्ध आबकारी विभाग कमीशन लेने में मस्त।मिली जानकारी के अनुसार नगर के देशी एवं विदेशी शराब दुकान से एक दो बड़े शराब तस्कर गांव गांव में दो पहिया चार पहिया वाहनों से अवैध रूप से शराब पहुंचाने का कारोबार नियम कानून की धज्जियां उड़ाते हुए बेधड़क संचालित हो रहा है । बताते चलें कि एक लंबे समय से यह कार्य बड़े आसानी से संचालित हो रहा है ।आबकारी विभाग के संरक्षण में शराब तस्कर चांदी काट रहे हैं ।और बिना किसी डर एवं भय के गांव गांव में कोचियों को अवैध रूप से शराब पहुंचाया जा रहा है ।जिसके चलते ग्रामीण नशे की लत में फंसते चले जा रहे हैं। गांव गांव में मारपीट चोरी लूटपाट हत्या जैसे गंभीर अपराध घटित हो रहा है ।लेकिन आबकारी विभाग के नौकरशाहों को इन सब बातों से क्या लेना देना उन्हें तो बस अपने कमीशन से मतलब रहता है ।बकायदा हर माह लंबा कमीशन लेकर शराब दुकान के संचालक को खुली छूट दे रखे है । जिसके बलबूते शराब दुकान के संचालक तस्करों के माध्यम गांव गांव में अवैध रूप से शराब पहुंचाने का कार्य कर रहे हैं ।बताते चलें कि इस कार्य में कुछ सफेद पोश लोग भी शामिल हैं ।जिनके चलते अवैध रूप से नशीलें पदार्थों के बिक्री करने वालों के हौंसले बुलंद हैं ।

## गगन साहू का कोल इंडिया कंपनी में चयन



गरियाबंद। गरियाबंद निवासी गगन साहू ने अपनी मेहनत और प्रतिभा के दम पर राष्ट्रीय स्तर पर जिले का नाम रोशन किया है। गगन का चयन देश की प्रतिष्ठित महारत्न कंपनी कोल इंडिया लिमिटेड (सेल) में मैनेजर पद पर हुआ है। गगन साहू वर्तमान में गुजरात मिनरल डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन में मैनेजर के रूप में कार्यरत हैं। उन्होंने अपनी प्रारंभिक शिक्षा के बाद राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान राउरकेला से बीटेक और एमटेक, दोनों डिग्री माइनिंग इंजीनियरिंग में प्राप्त की है। उनकी इस उपलब्धि पर पूरे क्षेत्र में हर्ष का माहौल है। गगन के पिता रुपनारायण साहू अभी अन्ट्राटेक सीमेंट बैकुंठ में मैनेजर पद पर कार्यरत हैं, जबकि माता श्रीमती सुमति साहू जलसो (तिल्दा) में शिक्षिका हैं। गगन की इस सफलता पर उनके माता-पिता, चाचा, दीनानाथ साहू, मौसी सरिता साहू, चाचा हितेश सिन्हा, भाई गौरव साहू सहित पूरे परिवार ने उन्हें शुभकामनाएं दी हैं। क्षेत्रवासियों ने भी इस उपलब्धि पर प्रसन्नता जताते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

### सलिहा पुलिस की बड़ी कार्रवाई

## अवैध रूप से मादक पदार्थ गांजा परिवहन करने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा गया जेल



**बिलाईगढ़** 8 जुलाई(देशबंधु)। पुलिस अधीक्षक अंजनेय वार्ष्णेय के निर्देशन पर तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक निमिषा पांडे अनुभागीय अधिकारी पुलिस विजय ठाकुर के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी अमृत भार्गव के नेतृत्व में बसना तरफ से सलिहा होते हुए अकलतरा जिला जांजगीर चांपा की ओर जा रहे एक नीला काला रंग का होंण्डा साइन मोटरसाइकल बिना नंबर प्लेट के अवैध मादक पदार्थ की परिवहन की सूचना पर घेराबंदी कर रेड कार्यवाही किया गया रेड कार्यवाही दौरान आरोपी बृजमोहन केशकर पिता स्वर्गीय लक्ष्मण उम्र 43 साल साकिन पचरी थाना अकलतरा जिला जांजगीर चांपा छ0ग0 से 04.844 किलोग्राम मादक पदार्थ गांजा कीमती 48000 रुपया गांजा परिवहन में प्रयुक्त एक नीला काला रंग की होण्डा एसपी साइन मोटरसाइकल पुरानी इस्तेमाली कीमती 60000 रुपया कुल जुमला 108000 को बरामद किया गया जिसे विधिवत कार्यवाही कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया। संपूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी अमृत भार्गव सउनि देवनारायण साहू प्रधान आरक्षक 109 नरेंद्र साव 98 संतोष राजपुत 11 मनोहर सिंह पालेश्वर आरक्षक 148 सुरेश कुमार बर्मन 271 बलराम लहरे 289 रमेश चंद्रा 336 भागीरथी दीदी एवं समस्त स्टाफ का

# जिला पंचायत सदस्य वतन चंद्राकर स्वास्थ्य और पीएचई विभाग की बैठक में हुए शामिल

◆ जिला पंचायत सदस्य ने ली रायपुर रेडक्रास सोसाइटी की आजीवन सदस्यता



**आरंग** 8 जुलाई (देशबन्धु)। जिला पंचायत सदस्य वतन चंद्राकर ने ज़िला पंचायत रायपुर स्वास्थ्य एवं स्वच्छता(क्क॥श्व) विभाग की मीटिंग में भाग लिया।उन्होंने ज़िले में दोनों विभाग के समस्याओं के तुरंत निराकरण हेतु अपनी बातो को प्रमुखता से रखा।जिसमें से मुख्य रूप से विकासखंडों में चल रहे नियम विरूद्ध हॉस्पिटल पर कार्यवाही करने के लिए कहा तथा शासकीय स्वास्थ्य केंद्रों में दवाइयों तथा मशीनों के उपलब्धता के बारे में जानकारी लिया व जर्जर हो चुके भवनों के मरम्मत के लिए फण्ड उपलब्ध करवाने के लिए बात रखा।वतन चंद्राकर ने पूरे ज़िले के जिन जिन प्राइवेट हॉस्पिटलो के द्वारा आयुष्मान भारत के कार्ड से इलाज नहीं करने पर तथा पैकेज की जानकारी डिस्प्ले नहीं करने वाले हॉस्पिटलो पर कार्यवाही करने के लिए निर्देश दिए व पी एच ई विभाग के द्वारा अपूर्ण पड़े सभी पानी टंकियों को तत्काल पूर्ण करने,बरसात को देखते हुए सभी टंकियों में दवाईया डालने व ख़राब पड़े हैंडपंपों को सुधारने व दवाई डालने व अपने क्षेत्र के गाँव रीवा में चपरीद डैम,निसदा डैम या नया रायपुर के झाँज जलाशय से ग्राम रीवा तक पाइप लाइन विस्तार कर पानी की समस्या को दूर करने हेतु प्रस्ताव बना कर शासन तक भेजने के लिए कहा या पानी की समस्या दूर करने के लिए रीवा में 70 एकड़ के तालाब में फ़िल्टर प्लांट लगाने हेतु प्रोजेक्ट तैयार करने के लिए अपना पक्ष रखा।वतन चंद्राकर ने सीएमएचओ रायपुर के द्वारा रेडक्रॉस सोसायटी रायपुर की आजीवन सदस्यता भी ग्रहण किया, मीटिंग में सभापति सरोज चन्द्रवंशी, शैल महेंद्र साहू सदस्य ज़िला पंचायत रायपुर,ज़िला चिकित्सा अधिकारी(सीएमएचओ)रायपुर डॉक्टर मिथलेश चौधरी,अधीक्षण अभियंता पीएचई अनिल बच्चन,डॉक्टर प्रीति नरैन, समित अग्रवाल आयुष्मान भारत हेड रायपुर सहित विभाग के अन्य कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

# "कुरूद महाविद्यालय में जनभागीदारी समिति की बैठक"



**कुरूद**, 8 जुलाई (देशबन्धु)। संत गुरू घासीदास शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कुरूद, जिला- धमतरी (छ.ग.) में जनभागीदारी की सामान्य सभा (बैठक) आहूत की गई, जिसमें नवनियुक्त अध्यक्ष श्री टिकेश साहू का पुष्पगुच्छ से स्वागत किया गया। बैठक में गत बैठक के प्रस्तावों का अनुमोदन किया गया तथा महाविद्यालय के विकास कार्यों हेतु अनेक प्रस्तावों पर चर्चा की गई सदस्यों के द्वारा महाविद्यालय के वर्ष 2024-25 के आमद खर्च का अवलोकन महाविद्यालय की साफ-सफाई, सायकल स्टैण्ड, जनभागीदारी शिक्षकों की नियुक्ति, स्टेशनरी एवं प्रायोगिक सामग्री हेतु राशि स्वीकृत की गई साथ ही वृक्षारोपण सप्ताह पर महाविद्यालय में वृक्षारोपण कराने एवं छात्रों के लिए गार्डन विकसित करने पर चर्चा की गई बैठक में उपस्थित सदस्यों के द्वारा महाविद्यालय का भ्रमण किया गया एवं महाविद्यालय की स्थिति से अवगत हुए तथा महाविद्यालय में असामाजिक तत्वों एवं सुरक्षा की दृष्टि से बाऊण्ड्रीवाल बनाने पर चर्चा की गई। बैठक में अध्यक्ष टिकेश साहू सहित सूरज देवांगन, सांसद प्रतिनिधि, भोजराज चन्द्राकर, विधायक प्रतिनिधि, अनुराधा साहू, महेश केला, सुरेश वर्धयानी, मनीष सारथी, खेमराज सिन्हा, शशांक कृदश्र, लोमश यादव, टीकम कटारिया, टिकेश कुमार, भारत भुषण पंचायत, वर्षा निर्मलकर, प्राचार्य डॉ. अरूण कुमार मिश्रा, विशेष आमंत्रित सदस्य डॉ.आर.के.पाण्डेय, प्राध्यापक, संयोजक एम.एस.साहू, सहा.प्राध्या.-भूगोल, सदस्य डॉ. हित नारायण टण्डन विभागाध्यक्ष-प्राणीशास्त्र, पवन कुमार ताम्रकार विभागाध्यक्ष- वाणिज्य उपस्थित रहें।

## गड़बेड़ा हाई स्कूल की जर्जर भवन में मरम्मत जल्द नहीं तो तालाबंदी की चेतावनी



**पिथौरा** 8 जुलाई (देशबन्धु)। विकासखंड के शासकीय हायर सेकंडरी विद्यालय ग्राम गड़बेड़ा के सरकारी स्कूल जहां कक्षा नवमी से 12वीं तक अध्यनरत भवन में मरम्मत के अभाव में विद्यालय के लगभग सभी कमरे खस्ताहाल में हैं। हालत यह है कि स्कूल के लगभग सभी कमरों पर छत से पानी टपक रहा है तो किसी की दीवार और छत से प्लास्टर टूटकर नीचे गिर रहा है। दीवारों पर करंट भी आ रहा है पिछले दिनों तेज बारिश में पानी कमरों में आ जाने से बच्चों का वहां पढ़ाई करना मुश्किल हो गया है। ऐसे भवनों में बच्चे जान जोखिम में डालकर पढ़ाई करने को मजबूर हैं। इस विद्यालय के जर्जर भवनों में स्कूल संचालित करना वहां के स्टाफ के लिए अब मुश्किल भरा हो गया है। पिछले कई वर्षों से संबंधित वरिष्ठ अधिकारियों को मामले की जानकारी देने के बाद भी इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया गया। पूर्व में घटना पानी टपकने के कारण स्कूल के पंखा एक शिक्षक के ऊपर गिरने से शिक्षक और छात्र बाल बाल बचे थे ।पानी सीपेज के कारण स्कूल के दीवारों में करंट आ गए गए थे। जिससे बड़ी दुर्घटना हो सकती थी। प्राचार्य के सूझबूझ से सभी स्कूल के कमरे को बंद कराया गया था ।ग्रामीणों स्कूल प्रबंध समिति का कहना है जर्जर भवन की शिकायत पिछले कई वर्षों से बरसात आते ही लगातार संबंधित अधिकारी को दी जाती थी जांच में आते थे अधिकारी गण लेकिन किसी प्रकार की कोई कार्यवाही नहीं मरम्मत की गई इस वर्ष भी जल्द ही स्कूल की जर्जर मरम्मत ठीक नहीं किया गया तो पूरे स्कूल भवन में 14 जुलाई 2025 सोमवार से तालाबंदी करने की चेतावनी दी है।

# पिरदा में विकासखण्ड स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव और साइकिल वितरण



**पिथौरा** 8 जुलाई (देशबन्धु)। स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय पिरदा में विकास खण्ड स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव 2025-26 का आयोजन किया गया। विकासखण्ड पिथौरा के बीआरसी श्री नरेश पटेल द्वारा दिए गए जानकारी के अनुसार कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में जनपद अध्यक्ष पिथौरा श्रीमती उषा धृतलहरे, अध्यक्षता जनपद पंचायत उपाध्यक्ष ब्रम्हानंद पटेल ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में क्षेत्रीय जिला पंचायत सदस्य श्रीमती सीमा लोकेश नायक, जनपद सदस्य श्रीमती सुशीला अम्बु पटेल, विधायक प्रतिनिधि हरप्रसाद पटेल, भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य श्री स्वप्निल तिवारी, विधायक निज सचिव नरेन्द्र बोरे, जनपद सदस्य पुरूषोत्तम धृतलहरे, दिनेश अग्रवाल, भाजपा मंडल अध्यक्ष अभिमन्यु प्रधान, शाला विकास एवं प्रबंधन समिति अध्यक्ष इंदल बरिहा, सरपंच ग्राम पंचायत पिरदा रंजन भोई, उपसरपंच मनोज पटेल, मिडिया प्रभारी हरिकेश भोई, पूर्व जिला पंचायत सदस्य श्री त्रिलोचन नायक, पूर्व बीआरसी एफ.ए.नन्द, प्राचार्य सेजेस पिरदा तरूण पटेल, पथरला सरपंच भरतलाल पटेल मंचासीन रहे। सभी अतिथियों का कर्मा दल के द्वारा स्वागत किया गया। इस अवसर पर नवप्रवेशी बच्चों का तिलक लगाकर स्वागत किया गया और नवप्रवेशी छात्र-छात्राओं को पुस्तक दिया गया। वहीं कक्षा नौवीं की 62 छात्राओं निःशुल्क सरस्वती साईकिल योजना के तहत साइकिल प्रदान किया गया। अतिथियों ने मेरिट छात्र-छात्राओं को मेडल और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इसमें हिन्दी माध्यम से बारहवीं में प्रथम कु.रिनिता बरिहा, कु. सलीना प्रधान एवं कु.विशाखा बरिहा दसवीं में अंजलि निर्मलकर, रिग्मा यादव, मिनाक्षी सोम, आठवीं में कविता साहू, दामिनी बरिहा, लेलिमा पटेल, इंग्लिश माध्यम से बारहवीं में आहना ग्वाल, अस्मी कलेत, दसवीं में संगीता प्रधान, नूतन पटेल, देवेश कुमार पटेल, आठवीं में आदर्श भोई, महेश पटेल, कुणाल ठाकुर, पांचवीं में सुनैना भोई, ईशा पटेल, लक्ष्य राज साहू को सम्मानित किया गया। वहीं क्रीड़ा प्रतियोगिता में राज्य स्तरीय एवं संभागीय प्रतियोगिताओं में स्थान पाने वाले अमीश लारेंस, अनी कलेत, विशाल पटेल, अस्मी कलेत, अतुल्य नन्द, रॉबिन जॉयस, हर्ष राजचरण और अबशालोम बॉबी कुमार, कु. मनीषा राणा, कु.पल्लवी कैवर्त्य को भी सम्मानित किया गया, कार्यक्रम के सफल आयोजन में संकुल समन्वयक श्री राजाराम पटेल, बालाराम दीवान, टेकराम निषाद, राजेंद्र मारकंडे, लाभोराम ठाकुर, मनोज बरिहा, धनीराम सिदार, जेठूराम पांडे, खेमराज पटेल, विक्रम वर्मा, अशोक पटेल, साहेबलाल नायक, अंजय कश्यप, सोमनाथ चौहान, हेमसागर बगर्ती, शेषनारायण साहू, पदमन चौधरी, किशोर पटेल, शिशुपाल प्रधान, मुकेश पटेल, लम्बोदर मलिक, मनोहर साहू, प्रेमनारायण श्रीवास, मिलूराम बरिहा, खीरेश्वर प्रधान, परिमल प्रधान, तेजराम यादव की महती भूमिका रही, इस अवसर पर जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती उषा पुरूषोत्तम धृतलहरे ने विद्यालय के विकास के लिए 05 लाख एवं जिला पंचायत सदस्य श्रीमती सीमा लोकेश नायक ने रंगमंच निर्माण के लिए 02 लाख रुपए की घोषणा किये, कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ शिक्षक श्री लोरीश कुमार ने किया और आभार प्रदर्शन संस्था प्राचार्य श्री तरुण पटेल ने किया। इस अवसर पर कार्यक्रम को सफल बनाने में सेजेस पिरदा के सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं का विशेष सहयोग रहा..*

## निधन

### गायत्री बाई



**भिलाईनगर।** तथागत समाज कल्याण समिति के सदस्य विजय मेश्राम निवासी क्वार्टर 18बी, सड़क एबेन्यू सी, सेक्टर 2 भिलाई की माताजी श्रीमती गायत्री बाई का 7 जुलाई को लगभग 2 बजे निधन हो गया है। उनका अंतिम संस्कार 8 जुलाई दिन मंगलवार को सुबह 12 बजे राम नगर मुक्ति धाम मे किया गया।

### उदेराम धीवर



**पलारी** 8 जुलाई (देशबन्धु)। विकास खण्ड के ग्राम तेलासीपुरी धाम के पूर्व सरपंच और भारतीय जनता पार्टी मंडल संडी के मंडल मंत्री रामेश्वर धीवर के पिता उदेराम धीवर का आकस्मिक निधन आज हो गया जिसकी मिट्टी कार्यक्रम 11 बजें सिरपुर घाट (चिखली) महानदी में हुआ। श्री धीवर 77 वर्ष के थे। उनके अंतिम संस्कार में परिजनों के अलावा बढ़ी संख्या गणमान्य नागरिक शामिल होकर श्रद्धांजलि अर्पित किए।

# कुरूद की बेटी झरना शर्मा ने हासिल की चार्टर्ड अकाउटेंसी में सफलता

**कुरूद,** 8 जुलाई (देशबन्धु)। कुरूद नगर की प्रतिभाशाली बेटी झरना शर्मा ने चार्टर्ड अकाउंटेंसी जैसी कठिन और प्रतिष्ठित परीक्षा में सफलता अर्जित कर न केवल अपने परिवार, बल्कि पूरे क्षेत्र को गौरवान्वित किया है। वर्ष 2025 में भारतीय चार्टर्ड अकाउंटेंट संस्थान , रायपुर से परीक्षा उत्तीर्ण कर झरना ने अपने नाम की नई पहचान गढ़ दी है।

गांधी चौक कुरूद निवासी झरना प्रारंभ से ही शिक्षा के क्षेत्र में मेधावी रही हैं। उन्होंने स्कूली शिक्षा से लेकर सीए की तैयारी तक अनुशासन, परिश्रम और दृढ़ निश्चय का परिचय दिया। वे स्वर्गीय हीरालाल श्रीधर व श्रीमती कमला शर्मा की पौत्री तथा श्री रतन श्रीधर और श्रीमती उमा श्रीधर की सुपुत्री हैं।



झरना शर्मा की इस उपलब्धि पर न केवल उनका परिवार गौरवान्वित है, बल्कि पूरा कुरूद नगर गर्व का अनुभव कर रहा है। उनके चाचा-चाची प्रकाश शर्मा एवं उर्मिला शर्मा सहित पूरे परिवार को लगातार बधाइयों का तांता लगा हुआ है।

नगर व क्षेत्र से बधाई देने वालों में प्रमुख रूप से शामिल हैं- नगर पंचायत अध्यक्ष ज्योति भानु चंद्राकर, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष रविकांत चंद्राकर, डॉ. सत्येंद्र श्रीवास्तव, भूपेंद्र चंद्राकर, जितेंद्र अग्रवाल, राजेश पवार, पंकज नायडू, प्रमोद शर्मा, दीपक शर्मा, कृष्णकांत साहू, किशोर यादव, व्यापारी संघ अध्यक्ष योगेन्द्र सिन्हा, खिलेंद्र चंद्राकर, भोजराज चंद्राकर, कमलेश चंद्राकर, सत्य प्रकाश सिन्हा , सीतेश सिन्हा, रवि प्रकाश मानिकपुरी, मिथलेश बैंस, महेंद्र गायकवाड, कमल शर्मा, केवल चंद्राकर, राइस मिल एसोसिएशन अध्यक्ष हितेंद्र केला, विजय केला, अजय केला, दीपक अग्रवाल, योगेश चंद्राकर, अनिल चंद्राकर, विकास चंद्राकर,शशांक क्रिडत, धनेश्वर निर्मलकर, जितेंद्र चंद्राकर, नेमीचंद बैंस गणेश शर्मा, आशीष शर्मा, प्रांजल शर्मा, सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिकों एवं युवाओं ने झरना को बधाई दी है। पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं विधायक अजय चंद्राकर ने दी शुभकामनाएं- इस उपलब्धि पर पूर्व मंत्री एवं विधायक श्री अजय चंद्राकर ने झरना शर्मा को व्यक्तिगत रूप से बधाई देते हुए कहा कि कुरूद की बेटियों में अपार प्रतिभा है। झरना शर्मा ने जिस तरह कड़ी मेहनत और लगन से यह उपलब्धि हासिल की है, वह क्षेत्र की युवा पीढ़ी के लिए प्रेरणादायक है। मैं उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करता हूँ।

# खड़गे के सभा में हजारों कार्यकर्ता हुए शामिल

## किसान, जवान, संविधान जनसभा में बलौदाबाजार,भाटापारा जिले से हस्द्ध कार्यकर्ताओं की भारी बारिश में रही जोशीली भागीदारी

**भाटापारा,** 8 जुलाई (देशबन्धु)। रायपुर स्थित साइंस कॉलेज मैदान में आयोजित कांग्रेस पार्टी की ऐतिहासिक किसान, जवान, संविधान जनसभा में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे जी की गरिमामयी उपस्थिति में छत्तीसगढ़ की जनभावनाओं का विराट संगम देखने को मिला।

भारी बारिश और प्रतिकूल मौसम के बावजूद बलौदाबाजार, भाटापारा जिले से जिलाध्यक्ष विवेक यदु के नेतृत्व में राष्ट्रीय छात्र संगठन के सैकड़ों कार्यकर्ता जोश और उत्साह के साथ इस जनसभा में शामिल हुए और लोकतंत्र व संविधान की रक्षा के संकल्प के साथ अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज कराई।

जिलाध्यक्ष विवेक यदु ने बताया कि यह जनसभा किसानों, युवाओं और संविधान के संरक्षण के लिए कांग्रेस पार्टी की संघर्ष की भावना को दर्शाती है, प्रदेश समेत देशभर में किसान परेशान हैं ,युवाओं के पास रोजगार नहीं है. संविधान की धज्जियां उड़ाई जा रही है इसे बचाने के लिए मल्लिकार्जुन खड़गे का मार्गदर्शन लेने हम पहुंचे, यह जनसभा हमारे लिए प्रेरणा का स्रोत है, जिसमें हम राष्ट्रीय नेतृत्व के मार्गदर्शन में नई ऊर्जा के साथ आगे बढ़ने को संकल्पबद्ध हैं।

श्री यदु ने आगे बताया कि इस जनसभा में नेताओं ने भाजपा की डबल इंजन सरकार द्वारा किसानों, जवानों और संविधान के ऊपर किये जा रहे प्रहार , बिगड़ती कानून व्यवस्था महिलाओं के प्रति बढ़ते अपराध, महिला सुरक्षा पर सरकार की उदासीनता ,किसानों के प्रदेश में डीएपी एवं खाद बीज की कमी ,नक्सलवाद उन्मूलन के नाम पर निर्दोष आदिवासियों पर हो रहे अत्याचार , बिजली कटौती, छत्तीसगढ़ की खनिज संपदा का लूटकर लौह अयस्क की खदानों को निजी कंपनियों को देने और नगरनार के विनिवेशीकरण ,कोल उत्खनन के नाम पर हसदेव एवं तमनार के जंगल की कटाई ,युक्तियुक्तकरण ,अवैध शराब की बिक्री और स्कूल बंद करने और शराब दुकान बढ़ाने जैसे गंभीर मुद्दों को लेकर आवाज उठाइ। इस विशाल जनसभा में विवेक यदु के साथ बलौदाबाजार विधानसभा अध्यक्ष सूर्यकांत वर्मा,भाटापारा विधानसभा अध्यक्ष हरीश लहरे, अमित मारकंडे,राजा साहू,जय नायक, ईश्वर साहू,जय सिंह ठाकुर, जय बघमार, राहुल नेगी, सूरज वर्मा,हितेश नवरंगे,हेमंत वर्मा, शैलेंद्र ध्रुव,राजा वर्मा,खिलेश्वर,आकाश,करण,दिनेश, लोकेश, सोनू, धनी,अर्जुन, शुभम,किशन वर्मा, राहुल पाण्डेय, शुभम वर्मा, साहिल वर्मा, प्रियांशु घृतलहरे, लोकेश ध्रुव, ओमप्रकाश वर्मा,सागर साहू, रोशन वर्मा सहित सैकड़ो की संख्या में कार्यकर्ता शामिल हुए।

# नपा में विद्युत अधिकारियों की बैठक

**भाटापारा,** 8 जुलाई (देशबन्धु)। नगर पालिका परिषद भाटापारा में आज विद्युत विभाग के अधिकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें शहर में बिजली से संबंधित समस्याओं की विस्तृत समीक्षा की गई।



बैठक की अध्यक्षता नगर पालिका अध्यक्ष श्री अश्वनी शर्मा द्वारा की गई। बैठक के दौरान नागरिकों द्वारा लगातार प्राप्त हो रही विद्युत आपूर्ति में व्यवधान, ट्रिपिंग, लो-वोल्टेज, अनियमित बिजली वितरण तथा मेंटेनेंस की समस्याओं पर गंभीरता से चर्चा की गई।

अध्यक्ष श्री अश्वनी शर्मा ने विद्युत विभाग के अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि शहरवासियों को निर्बाध और सुचारू विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने हेतु तत्काल प्रभाव से कार्यवाही की जाए। उन्होंने कहा कि यह नगर प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है कि आमजन को मूलभूत सुविधाएँ गुणवत्तापूर्वक और बिना किसी बाधा के प्राप्त हों। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि नियमित निरीक्षण के साथ-साथ विभागीय समन्वय को मजबूत किया जाए ताकि समस्याओं का स्थायी समाधान संभव हो सके। नागरिकों की सुविधाओं में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# संतों का सान्निध्य और श्रीमद्भागवत कथा श्रवण वास्तव में जीवन को धन्य बना देता है : शिवरतन शर्मा

**भाटापारा,** 8 जुलाई (देशबन्धु)। क्षेत्र के ग्राम पाटन में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा कार्यक्रम के समापन अवसर पर उपाध्यक्ष भाजपा छत्तीसगढ़ शिवरतन शर्मा ने श्रद्धा और भक्ति के साथ सहभागिता कि.. जिसमें प्रवचन कर्ता आचार्य पुरुषोत्तम शास्त्री द्वारा भगवान की महिमा और महत्त्व के बारे में बताया गया।



शिवरतन शर्मा ने श्रीमद् भागवत में श्रीफल भेंट कर व्यास पीठ से आशीर्वाद लेकर श्रद्धालुओं के बीच बैठ कथा का आनंद लिया।

शिवरतन शर्मा ने कहा कि ﾕसंतों का सान्निध्य और श्रीमद्भागवत कथा का श्रवण वास्तव में जीवन को धन्य बना देता है। भगवान श्रीकृष्ण की लीला, भक्ति और ज्ञान से ओतप्रोत यह कथा न केवल आत्मा को दिव्य शांति प्रदान करती है, बल्कि जीवन को धर्म, कर्म और मोक्ष के मार्ग पर अग्रसर करती है।

शिवरतन शर्मा ने आगे कहा कि ऐसी कथाओं का आयोजन समाज में अध्यात्म का संचार करता है और मनुष्य को सत्कर्म की ओर प्रेरित करता है। कार्यक्रम के दौरान श्रद्धालुओं की भीड़ उपस्थित रही और संगीतमय भगवत कथा के रसपान में डूबी रही। कथावाचक ने भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं, रास पंचाध्यायी, उद्धव संवाद और श्रीमद्भागवत महात्म्य पर विस्तार से प्रकाश डाला। भाजपा उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा ने आयोजक परिवार को धन्यवाद देते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से समाज में सद्भाव, संस्कार और आध्यात्मिक चेतना का विकास होता है। उन्होंने सभी से आग्रह किया कि वे अपने जीवन में धर्म और भक्ति को स्थान दें तथा नियमित रूप से ऐसे आयोजनों में भाग लेकर आत्मिक उन्नति करें।

# सालासर समिति ने किया डॉक्टरों का सम्मान



**राजिम,** 08 जुलाई (देशबंधु) । भारत रत्न डॉक्टर विधान चंद्र राय के ,याद में 1 जुलाई को डॉक्टर्स डे मनाया जाता है । इसी तत्वाधान में नवापारा नगर के सेवाभावी संस्था श्री सालासर सुंदर कांड हनुमान जनकल्याण समिति द्वारा नगर के सेवाभावी डॉक्टरों का, सम्मान किया गया जिसमें नगर के अंचल के भगवान तुल्य डॉक्टर बलजीत सिंह एवं डॉ प्रकाश गुप्ता डॉक्टर वीरेंद्र हिरोंदिया डॉ दिलीप शाह डॉक्टर टी एन रमेश डॉक्टर राजेंद्र गदिया, डॉक्टर,तेजेन्द्र साहू,पुनीत गोस्वामी डॉक्टर सौरभ भांडगे डॉक्टर नितिन शेवानी डॉक्टर राजेश्वर पटेल, डॉक्टर प्रतिक शाह डॉक्टर उजाला शाह डॉ उमेश भोई डॉ रमेश कुमार सोनसायटी, डॉक्टर मोहनलाल सोनकर डॉक्टर लीलाराम साहू डॉक्टर जीवनजोत सिंह डॉ अनुज जैन डॉक्टर,युक्ति कोचर अदिति बंगानी का सम्मान किया गया

# देश की पहचान हमारे गाँव से है, इसलिए ग्रामीण क्षेत्रों का निरन्तर विकास और जनता की मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता हमारी प्राथमिकता- शिवरतन शर्मा

**भाटापारा,** 8 जुलाई (देशबन्धु)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल मार्गदर्शन एवं मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ निरंतर सर्वांगीण विकास की ओर बढ़ रहा है। सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के संकल्प को साकार करते हुए हमारा प्रदेश सबका साथ, सबका विकास की भावना से नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है।



उक्त बाते रविवार को विधानसभा के ग्राम सेम्हराडीह में रंगमंच निर्माण कार्य के भूमिपूजन कार्यक्रम में सम्मिलित होकर उपाध्यक्ष भाजपा छत्तीसगढ़ शिवरतन शर्मा ने ग्रामवासियों को सम्बोधित कर कही...

शिवरतन शर्मा ने कहा कि हमारे देश की पहचान हमारे गाँव से है, इसलिए हमारे ग्रामीण क्षेत्रों का निरन्तर विकास और जनता की मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करना हमारी प्राथमिकता है।

शिवरतन शर्मा ने आगे कहा की जब से छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार बनी है तब से छत्तीसगढ़ में अधोसंरचना विकास से लेकर कल्याणकारी योजनाओं के सफल क्रियान्वयन से जन-जन के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन आ रहा है। भाटापारा विधानसभा में विकास कार्य प्रगति पर हैं, जनता को योजनाओं का सीधा लाभ मिल रहा है, महिलाओं का सशक्तिकरण, किसानों को सम्मान और युवाओं को रोजगार के साथ हमारे वृद्धजनों को आयुष्मान योजना के माध्यम से बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ मिल रहा है।

शर्मा ने कहा की ग्राम में बन रहा यह रंगमंच न केवल सांस्कृतिक कार्यक्रमों का केंद्र बनेगा, बल्कि ग्रामवासियों के लिए सामाजिक और रचनात्मक गतिविधियों का सशक्त मंच भी प्रदान करेगा।

इस अवसर पर जिला पंचायत सभापति राजा जायसवाल,मंडल अध्यक्ष मथुरा यदु, जिलाध्यक्ष भाजयुमो सुनील यदु, भाजयुमो मंडल अध्यक्ष आशीष टोडर, संदीप वर्मा, कमल निर्मलकर, जोरावन, अमरनाथ वर्मा, लक्ष्मण ध्रुव, खूबचंद सेन, दुकल्हा यादव, बबलू वर्मा, मोतीलाल ध्रुव, अभिषेक शर्मा, रामकुमार वर्मा, संजय वर्मा,

# पवित्र श्रावण मास में हिंदू समाज की कांवड़ यात्रा की व्यवस्था मांग

**राजिम,** 08 जुलाई (देशबंधु) । इस वर्ष हिंदू धर्म का पवित्र श्रावण मास 11 जुलाई से प्रारंभ होने जा रहा है। छत्तीसगढ़ के प्रयागराज माने जाने वाले राजिम धाम के पावन त्रिवेणी संगम से जल ले कर कांवड़ यात्री गरियाबंद भूतेश्वर नाथ, रायपुर महादेव घाट, महासमुंद सिरपुर के साथ साथ विभिन्न शिव मंदिरों की ओर पदयात्रा करते हैं। यह धार्मिक सामाजिक सांस्कृतिक दृष्टि से एक अत्यंत महत्वपूर्ण यात्रा है, जिसका प्रारम्भ राजिम नगर से होता है। इस यात्रा के श्रद्धालु यात्रियों की सुविधा के लिए राजिम के नदी घाटों में प्रकाश, स्वच्छता एवं सुरक्षा की विशेष व्यवस्था की मांग की । यात्रा के मार्गों में मांसाहार की दुकानें है उन्हें इस पावन माह में अन्यत्र स्थान में संचालित करवाया जाये ।



राष्ट्र के विभिन्न स्थानों में हो रही गतिविधियों को ध्यान में रखते हुए यात्रा मार्ग में विधर्मियों द्वारा मांसाहार की दुकानें होने से कांवड़ यात्रियों से विवाद होने की भी संभावना बनी रहेगी। यात्रा की पवित्रता बनाये रखने एवं जिले में एक अच्छा वातावरण बनाये रखने के लिए उपरोक्त कार्यवाही करने की मांग की। श्रद्धालुओं ने मांग की प्रतिलिपि रोहित साहू विधायक राजिम , अनुविभागीय दंडाधिकारी राजिम, मुख्य कार्यपालन अधिकारी न.प. राजिम एंव महेश यादव अध्यक्ष नगर पंचायत राजिम को सोंपा । इस अवसर पर पार्षद तुषार कदम के साथ वीएचपी के यनेंद्र सिन्हा, पुरुषोत्तम दुबे,ऋषि तिवारी,सागर देवनानी,नन्हा धीवर एवं अन्य हिंदुवादी कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# नवनिर्वाचित जिला पंचायत सदस्यों का तीन दिवसीय अभिमुखीकरण प्रशिक्षण प्रारम्भ

**बलौदाबाजार,** 8 जुलाई (देशबन्धु)। राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान योजनांतर्गत जिले के नवनिर्वाचित जिला पंचायत सदस्यों का तीन दिवसीय अभिमुखीकरण प्रशिक्षण 8 जुलाई 2025 को जिला पंचायत संसाधन केन्द्र, बलौदाबाजार (डीपीआरसी) में प्रारम्भ हुआ। 3 दिवसीय आवासीय आधारभूत, अभिमुखीकरण प्रशिक्षण कार्यक्रम में नवनिर्वाचित जिला पंचायत सदस्यों को ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज अधिनियम की जानकारी दी जाएगी।



प्रशिक्षण के प्रथम दिवस सीईओ जिला पंचायत सुश्री दिव्या अग्रवाल ने पंचायतीराज संरचना के आधारभूत जानकारी प्रदान की। उन्होंने तीन दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण को पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग एवं योजनाओं का लाभ अंतिम पंक्ति तक पहुंचाने के दिशा में सार्थक कदम बताया। उन्होंने कहा कि पंचायतीराज व्यवस्था के सशक्तिकरण में जिला पंचायत सदस्यों की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने पंचायतीराज व्यवस्था एवं ग्रामींण विकास के सशक्तिकरण में सहभागिता हेतु अपील की। इस तीन दिवसीय प्रशिक्षण में 73 वां संविधान संशोधन, जिला पंचायत सदस्यों के कर्तव्य एवं अधिकार तथा कामकाज एवं संचालन प्रक्रिया सहित सभी विभागीय योजनाओं की महत्वपूर्ण जानकारी दी जाएगी।

# 80 वर्ष पूर्ण होने पर पेंशनर पाध्ये का संगठन द्वारा किया गया सम्मान

**बलौदाबाजार,** 8 जुलाई (देशबन्धु)। पेंशनर्स एसोसिएशन की तहसील इकाई ने जिलाध्यक्ष एस एम पाध्ये का 80 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में शाल व श्रीफल से सम्मान किया। गत रविवार को स्थानीय सर्किट हाउस में पेंशनर्स एसोसिएशन तहसील बलौदाबाजार इकाई की बैठक हुई। 80 वर्ष पूर्ण करने वाले पेंशनर्स का सम्मान करने की परम्परा का निर्वाह करते हुए प्रांतीय महामंत्री डी पी जैन, कार्यकारी जिलाध्यक्ष के एल महिलांगे व तहसील अध्यक्ष एस डी पड़वार ने एस एम पाध्ये का पुष्प गुच्छ से स्वागत करते हुए शाल व श्री फल से अभिनन्दन किया व उनके स्वस्थ व दीर्घायु रहने की कामना की। अध्यक्ष एस डी पड़वार ने बताया की संघ की बैठक प्रत्येक माह की दस तारीख को रखने का निर्णय लिया गया। उन्होंने सदस्यों को बताया की शासन की तीर्थयात्रा योजना का लाभ लेने के इच्छुक आवेदन जमा कर सकते हैं। आगामी दिनों में तीर्थयात्रा अयोध्या के लिए जाने वाली है। आवेदन विधायक कार्यालय में जमा किये जा रहे हैं। अन्य विषयों पर चर्चा के उपरांत कार्यकारी अध्यक्ष के एल महिलांगे ने आभार प्रदर्शन किया। बैठक में जी पी वर्मा, के के वर्मा, ए के ध्रुव, एल एल वर्मा, एल के ठाकुर, पी आर धीवर, एस पी पाण्डेय, के आर साहू, डी के वैष्णव, आर पी मिश्रा, वाई के दुबे, चैतराम साहू, इतवारी राम ध्रुव, रमेश कुमार वर्मा, श्रीमती डी शर्मा, व श्रीमती सरोज गुप्ता विशेष रूप से उपस्थित थे।



# कमरौद विद्यालय में नि:शुल्क सायकल वितरण

**बागबाहरा**, 8 जुलाई (देशबन्धु)। शासकीय अहिल्या बाई त्रेतनाथ उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कमरौद में नि:शुल्क सरस्वती सायकल वितरण सत्र 2025-26 के कार्यक्रम का आयोजन किया गया



उक्त अवसर पर कार्यक्रम का मुख्य अतिथि श्री ऐत राम साहू जिला अध्यक्ष भाजपा महासमुंद, अध्यक्षता श्रीमती तारिणी दीवान प्राचार्य एवं विशिष्ट अतिथि श्री भीखम सिंह ठाकुर उपाध्यक्ष जिला पंचायत महासमुंद, श्रीमती अल्का नरेश चंद्राकर महिला प्रदेश उपाध्यक्ष भाजपा, श्री थान सिंह दीवान जिला कोषाध्यक्ष भाजपा, श्रीमती भारती साहू सरपंच रहे। अतिथियों ने अपने उद्बोधन में छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा बालिक शिक्षा को प्रोत्साहन देने के लिए ऐसे महती योजना लागू कर शिक्षा प्राप्त करना सुगम बना दिया है। विद्यार्थियों को अपने लक्ष्य निर्धारित कर शिक्षा प्राप्त करने को कहा। इस दौरान संस्था में सत्र 2024द्द25 में कक्षा 9वीं से 12वीं तक सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को कापी पेन दे कर उनका सम्मान किया गया।

तत्पश्चात 'एक पेड़ माँ के नाम' के तहत शाला प्रांगण में वृक्षारोपण किया गया।

इस अवसर पर श्री भूषण नामदेव अध्यक्ष शाला प्रबंधन एवं विकास समिति, श्री भुवन लाल साहू,श्री मोहन लाल कुलदीप, श्री चमन लाल साहू, श्री लोकेश पुनरिया, सुजीत साहू, पंकज चंद्राकर, श्रीमती लता सहिस, श्रीमती प्रेमिन ध्रुव, श्रीमती मीना साहू, श्री सुरेश सहीस, श्री मनी राम यादव, श्री तातु राम ध्रुव, श्री कृष्ण कुमार सेन, श्री वेणु साहू, श्री दामोदर पटेल, एवं शिक्षक स्टॉफ श्री शिव कुमार धीवर, श्री संदीप कंसारी, श्रीमती सीमा शाहीद, श्रीमती टिकेश्वरी दीवान, श्रीमती पूर्णिमा साहू, सुश्री ममता साहू, श्रीमती सावित्री धीवर, श्री चिंता राम ठाकुर, श्री बाबूलाल साहू, श्री चंचल चंद्राकर,श्री हेमलाल , श्री जागेश्वर दीवान, श्री हिरामन साहू तथा संस्था सभी छात्र /छात्रा उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन श्री मोहन लाल साहू व्याख्याता ने किया एवं श्री भूषण नामदेव ने आभार प्रदर्शन किया।

# ग्रामीण क्षेत्रों में शौचालय का उपयोग अब आदत में शुमार

बलौदाबाजार, 8 जुलाई (देशबन्धु)। स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण अंतर्गत खुले में शौचमुक्त अभियान जे तहत घर घर शौचालय निर्माण एवं व्यवहार परिवर्तन से अब ग्रामीणों के द्वारा शौचालय का उपयोग आदत बन गया है। लोग स्वच्छता व स्वास्थ्य का महत्व समझने लगे है। प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत ऐसे हितग्राही जिन्होने पूर्व में किसी भी मद से शौचालय निर्माण हेतु राशि स्वीकृत नहीं कराया है उन्हें स्वच्छ भारत मिशन के तहत शौचालय निर्माण हेतु राशि 12000 रुपये उनके खाते में डीबीटी किया जाता है।

स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के जिला मिशन समन्वयक मुरलीकांत यदु ने बताया कि स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण अंतर्गत जिले के ग्रामीण क्षेत्रों के घरों में शौचालय का निर्माण किया गया है जिसका सतत उपयोग ग्रामीणों द्वारा किया जा रहा है। स्वच्छ भारत मिशन के कार्यो को सामुदायिक जनभागीदारी के साथ जन आंदोलन के रूप में समस्त ग्रामीण जन अपना आंदोलन समझते हुए बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिए। ग्रामीण स्वच्छता को लेकर समय समय पर स्वच्छता ही सेवा, स्वच्छ सर्वेक्षण जैसे विभिन्न कार्यक्रम के माध्यम से




शौचालय उपयोग के लिए प्रेरित किया गया। गांव में सार्वजनिक शौचालय का भी निर्माण किया गया है जिसका गांव मे किसी प्रकार का कार्यक्रम होने पर उपयोग किया जा रहा है।स्वच्छाग्रही समूहों द्वारा बिना किसी सहयोग के ग्राम पंचायत के साथ मिलकर गांव की साफ सफाई, जल स्रोतों की सफाई, कचरा कलेक्शन,जिसमें सिंगल यूज प्लास्टिक संग्रहण कार्य में अपना सहयोग देते हुए अपनी भागीदारी निभा रहे हैं। स्वच्छ भारत मिशन के तहत लोगों को जोड़ने एवं लोगों के व्यवहार परिवर्तन हेतु कार्य किया जा रहा है जिसमें लोग स्वयं अपना योगदान दे रहे हैं।